STUDY IQ IAS

Civils IQ

मासिक करेंट अफेयर्स

अप्रैल 2025

हमारी विशेषताएँ

- प्रारंभिक + मुख्य परीक्षा का व्यापक कवरेज
- यूपीएससी पाठ्यक्रम और पीवाईक्यू द्वारा निर्देशित टॉपिक
- सभी टॉपिक के लिए सिलेबस मैपिंग
- कंटेट का रिविजन और याद रखने योग्य प्रस्तुति

India's Biggest Educational Youtube Channel

Visit us at

नई दिल्ली | गुरुग्राम | प्रयागराज | इंदौर | पटना

Visit studyiq.com or Download the App Google play App Store 076-4000-3000

विषय सूची

भूगोल, पर्यावरण और आपदा प्रबंधन

मुख्य परीक्षा के लिए विषय **1**

- भारत में बढ़ता ग्रीष्म लहर/ऊष्ण लहर (हीटवेव) संकट: कारण, प्रभाव और तात्कालिक समाधान 1
- भारत में बादल फटने की आपदा 4
- भारत का मौसम निगरानी: महत्व, चुनौतियाँ और आगे की राह 7
- शहरी वनों पर दबाव: भारतीय शहरों में मुद्दे और हस्तक्षेप 11
- अर्थव्यवस्था का हरितीकरण: हरित वर्गीकरण (GREEN TAXONOMY) की रूपरेखा 15

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (भूगोल) **18**

- सुनामी क्षेत्र 18
- भारतीय महाद्वीपीय प्लेट 18
- म्याँमार में भूकंप 19
- डेविस जलडमरूमध्य प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट 19
- मध्यवर्ती-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल (IMBHS) 20
- वायुमंडलीय नदियाँ 20
- दुर्लभ मृदा चुम्बक 20
- गोलकोंडा ब्लू 21

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (पर्यावरण) **22**

- समुद्री शैवाल 22
- CPCB द्वारा उद्योगों का वर्गीकरण 22
- साल्ट पैन (लवण क्यारी) भूमि 23
- बायोल्यूमिनसेंट (जैव-संदीप्तिशील) पुलिन-कावरू 24
- वैश्विक जियोपार्क 24
- फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन 25
- ब्लू फ्लैग प्रमाणन 25
- अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस 26
- उत्सर्जन व्यापार योजना 27
- फ्लोराइड 28
- वनाग्नि से कार्बन उत्सर्जन 28
- डी-एक्सटिंक्शन (विलुप्त प्रजातियों को पुनर्जीवित करना) 29
- बाघ अभयारण्यों में बफर जोन 30
- एंटीबायोटिक (प्रतिजैविक) प्रदूषण 30
- संक्षिप्त समाचार 31
- समाचार में प्रजातियाँ 33
- समाचार में स्थान 36
- समाचार में संरक्षित क्षेत्र 41

अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं आंतरिक सुरक्षा

मुख्य परीक्षा के लिए विषय **43**

- आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ता तनाव 43
- बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (BIMSTEC) और भारत 47
- भारत-चिली संबंध 49
- बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों में कमी 51
- अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ (RECIPROCAL TARIFFS) और इसके निहितार्थ 52
- अमेरिकी रेसिप्रोकल शुल्कों के प्रति देशों की विभिन्न प्रतिक्रियाएँ 55
- अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता 56
- WTO में संरचनात्मक सुधार की आवश्यकता 58
- गृह मंत्रालय में क्रमिक रूप से किए गए सुधार 61
- पहलगाम (J&K) में आतंकी हमला 63

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) **67**

- बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल 67
- जैविक हथियार सम्मेलन 67
- नाटो देशों द्वारा ओटावा संधि से हटने की योजना 68
- भारत और इटली आईएमईईसी पहल को आगे बढ़ाने पर सहमत 68
- वैश्विक महामारी संधि 69
- भारत- श्रीलंका संबंध 70
- भारत-बांग्लादेश ट्रांसशिपमेंट सुविधा 70
- आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (AITIGA) 70
- भारत-सऊदी अरब संबंध 71
- सार्क वीजा छूट योजना (SVES) 71
- शिमला समझौता 1972 72

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (रक्षा एवं सुरक्षा) **75**

- राफेल-एम जेट 75
- एलआरजीबी गौरव 75
- लेजर हथियार प्रणाली 76

राजव्यवस्था एवं शासन

मुख्य परीक्षा के लिए विषय **80**

- न्यायपालिका में जनता का विश्वास 80
- पुलिस यातना और जेल सुधार 82
- विधेयकों पर राज्यपाल की स्वीकृति 86
- प्रवासी भारतीयों के लिए दोहरी नागरिकता 88
- DPDP अधिनियम, 2023 के माध्यम से RTI अधिनियम में संशोधन 91
- मतदाता पहचान पत्र से आधार को जोड़ना: मताधिकार के लिए एक संकट 93
- राज्य महिला आयोग (SCW) 95
- सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठें 96

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (राजव्यवस्था) **98**

- बाल दत्तक ग्रहण में सुधार (2024-25) 98
- एयरलाइन-पट्टा विवाद विधेयक राज्यसभा में पारित 98
- अंतर-संसदीय संघ का 150वां शिखर सम्मेलन 99
- राज्यपाल द्वारा विधेयकों को स्वीकृति देने के विषय में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय 99
- राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय सीमा निर्धारित 100
- ऑपरेशन चक्र-V 101
- भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश 101
- वक्फ अधिनियम, 2025 की चुनौतियों से संबंधित प्रमुख मुद्दे 102
- अनुच्छेद - 142 102
- उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का स्थानांतरण 103
- विदेशी निधियों पर नए FCRA नियम 103
- प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF) 104

अर्थव्यवस्था एवं कृषि

मुख्य परीक्षा के लिए विषय **107**

- भारत में बढ़ता रोजगार अंतर (RISING JOBS DEFICIT IN INDIA) 107
- भारत के कार्यबल की स्थिति 108
- गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा 110
- भारत: एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र 112
- रचनात्मक अर्थव्यवस्था (CREATIVE ECONOMY) 113
- भारत की विमानन क्रांति 115

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (अर्थव्यवस्था) **118**

- कमजोर शहरी सहकारी बैंकों का SAF से PCA फ्रेमवर्क में परिवर्तन 118
- धन प्रेषण प्रवृत्तियों में महत्वपूर्ण बदलाव 119
- रेपो दर 119
- विझिंजम बंदरगाह 120
- स्वर्ण ऋण एनपीए में वृद्धि 120
- सीएसआर खर्च में वृद्धि 121
- रेलवे सुरक्षा आयुक्त 122
- संयुक्त राज्य अमेरिका फेडरल रिजर्व 122
- तरलता कवरेज अनुपात 123
- भारत में स्वर्ण की कीमत में ऐतिहासिक उछाल 123
- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल 124
- भारत द्वारा गूगल टैक्स खत्म करने का प्रस्ताव 125
- स्वर्ण मुद्रीकरण योजना 125
- अमेरिकी डॉलर पर गिरता भरोसा 126
- सरकार द्वारा एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए संशोधित मानदंड 127
- राजकोषीय गिरावट / विचलन (FISCAL SLIPPAGE) 128
- संक्षिप्त समाचार 128

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (कृषि) **134**

- भारत के कपास उत्पादन में संकट 134
- तम्बाकू किसानों को राहत 135
- संक्षिप्त समाचार 135

समाज, सामाजिक न्याय एवं योजनाएँ

मुख्य परीक्षा के लिए विषय **137**

- LGBTQ+ के अधिकारों की स्थिति 137
- वृद्ध जनसंख्या 139
- संघर्ष के बाद के भारत में जनजातियाँ 142
- भारत के उच्च शिक्षण संस्थान (HEIS) 145
- हाथ से मैला ढोने (मैनुअल स्कैवेंजिंग) संबंधी कार्यों का उन्मूलन 147
- गरीबी उन्मूलन में भारत की जीत 149
- जलवायु अधिकार 151
- भारत का अनुसंधान बुनियादी ढांचा 154

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

मुख्य परीक्षा के लिए विषय 156

- दूसरी अंतरिक्ष दौड़ - उपग्रह इन्टरनेट का भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य 156
- भारत में जीनोम अध्ययन 157

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय 160

- रेडियोधर्मी पदार्थों का पता लगाना 160
- सिलिकॉन-कार्बन (SI-C) बैटरियाँ 160
- अंत:समुद्री केबल 161
- 3D प्रिंटेड रेलवे स्टेशन 161
- बायोमास उपग्रह 162
- सिलिकॉन फोटोनिक्स 162
- वाहन से ग्रिड (V2G) प्रौद्योगिकी 162
- एनीमिया के खिलाफ भारत की लड़ाई 163
- पेरोव्स्काइट सौर सेल 164
- घातक कृषि वायरस के लिए एँटीवायरल 164
- टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट 165
- शनि के चंद्रमाओं की संख्या 274 तक पहुँची 165
- पार्कर सोलर प्रोब 166
- मंगल ग्रह की धूल 167
- डार्क एनर्जी 167
- दुनिया का सबसे बड़ा टेलीस्कोप 168
- ब्लैक होल बम 168
- गैलेक्सी जू 169
- परमाणु ऊर्जा संचालित रॉकेट 169
- आल्प्स में अगली पीढ़ी का कोलाइडर 170
- AMR से निपटने में भारत की भूमिका 170
- S8 तनाव/टेंशन: ब्रह्मांडीय संरचना को लेकर विसंगति 171
- K2-18B पर जीवन के संभावित संकेत 171
- पार्किंसंस रोग के लिए स्टेम सेल थेरेपी की सुरक्षा 171
- संक्षिप्त समाचार (न्यूज इन शॉर्ट्स) 172

इतिहास, कला एवं संस्कृति

मुख्य परीक्षा के लिए विषय 182

- अशोक के शिलालेख और स्तम्भ अभिलेख: संदेश जिन्होंने सभ्यता को आकार दिया 182

प्रारंभिक परीक्षा के विषय 186

- यूनेस्को का विश्व स्मृति रजिस्टर 186
- रामकियेन भित्ति चित्र 186
- कन्नडिप्पया 186
- तिपिटक 187
- चित्तौड़गढ़ किला 187
- पलमायरा/पलमीरा शहर, सीरिया 189
- महाबोधि मंदिर परिसर 189
- महात्मा ज्योतिबा फुले 190
- सर शंकरन नायर 190
- संक्षिप्त समाचार 191

भूगोल, पर्यावरण और आपदा प्रबंधन

मुख्य परीक्षा के लिए विषय

भारत में बढ़ता ग्रीष्म लहर/ऊष्ण लहर (हीटवेव) संकट: कारण, प्रभाव और तात्कालिक समाधान

सिलेबस मैपिंग: GS-I- भूगोल, GS-3- आपदा प्रबंधन

सन्दर्भ

पिछले दशक में, भीषण गर्मी वाले दिनों की संख्या और हीट वेव की गंभीरता/तीव्रता में वृद्धि हुई है।

हीटवेव के बारे में

- हीट वेव एक दीर्घकालिक अत्यधिक गर्म मौसम की स्थिति होती है, जो कई दिनों या सप्ताह तक जारी रह सकती है।
- भारत में, हीटवेव को आमतौर पर उस अवधि के रूप में परिभाषित किया जाता है जब किसी विशेष क्षेत्र में अधिकतम तापमान मैदानी क्षेत्रों के लिए 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है या उससे अधिक हो जाता है, तथा पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस हो जाता है।



हीट वेव के कारण

- **गर्म एवं शुष्क वायुराशियाँ:** विस्तृत गर्म और शुष्क वायु क्षेत्र ऊष्मा के भंडार के रूप में कार्य करते हैं। जब ऐसी वायु प्रचलित पवनों के माध्यम से अन्य क्षेत्रों में पहुंचती है, तो वहाँ का स्थानीय तापमान भी तीव्र रूप से बढ़ जाता है।
- **वायुमंडलीय आर्द्रता की कमी:** आर्द्र वायु ऊष्मा को अवशोषित कर तापमान वृद्धि को नियंत्रित करती है, जबकि शुष्क वायु अधिक सौर विकिरण को सतह तक पहुंचने और रात में तीव्रता से बाहर निकलने देती है, जिससे दिन का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है।
- **स्वच्छ आकाश और बढ़ा हुआ सौर ऊष्मन:** बादलों की अनुपस्थिति में सूर्य का विकिरण सीधे पृथ्वी की सतह तक पहुंचता है, जिससे तापमान में तीव्र वृद्धि होती है क्योंकि परावर्तन की कोई परत नहीं होती।

- **उच्च-दाब प्रतिचक्रवाती प्रणालियाँ:** प्रतिचक्रवातीय स्थितियों में वायु नीचे की ओर अवतलित होती है और संपीड़न के कारण गर्म होती है (रुद्धोष्म ऊष्मन), जिससे सतही तापमान में वृद्धि होती है और हीट वेव की स्थिति बनी रहती है।
- **भौगोलिक और जलवायविक कारक:** भारत के शुष्क क्षेत्र, विशेषत: उत्तर-पश्चिम भारत में, हीट वेव की घटनाएँ अधिक सामान्य हैं। ग्रीष्मकाल में पछुआ पवनें इस गर्मी को मध्य और पूर्वी भारत तक फैला देती हैं।
- **अल-नीनो:** अल-नीनो व्यापारिक पवनों को कमजोर करता है, जिससे नमी और गर्मी की उपलब्धता कम हो जाती है, जिससे वर्षा पैटर्न बाधित होता है और भारत में हीट वेव की स्थिति पैदा होती है।
- **नगरीकरण:** तीव्र नगरीकरण और शहरों में कंक्रीट संरचनाओं की वृद्धि ''नगरीय ऊष्मा द्वीप प्रभाव'' (Urban Heat Island Effect) उत्पन्न करती है, जिससे स्थानीय तापमान और अधिक बढ़ जाता है।
- **जलवायु परिवर्तन:** जलवायु परिवर्तन पर आईपीसीसी की छठी मूल्याँकन रिपोर्ट (6th Assessment Report) के अनुसार, यदि वैश्विक तापमान में 1.5°C की वृद्धि होती है, तो हीट वेव की संख्या में वृद्धि, ग्रीष्म ऋतु की अवधि में विस्तार और शीत ऋतु की अवधि में कमी होगी।

हीट वेव का प्रभाव

- **मानव स्वास्थ्य:** हीट वेव के कारण ऊष्मा-संबंधी बीमारियाँ, निर्जलीकरण, और श्वसन एवं हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।
  - ''हीट वॉच 2024'' रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में, मार्च से जून के बीच, भारत के 17 राज्यों में हीटस्ट्रोक (ऊष्मा-घात) के कारण 733 मौतें हुई।
- **कृषि उत्पादकता:** अत्यधिक गर्मी से फसल की पैदावार कम हो जाती है, पशुधन को नुकसान पहुँचता है, तथा पौधों की वृद्धि बाधित होती है।
  - वर्ष 2022 में पंजाब और हरियाणा में प्रारंभिक और तीव्र हीट वेव के कारण गेहूँ की बालियों के भरने के चरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जिससे 20-30% तक उपज हानि हुई।
- **जल संसाधन:** हीट वेव से वाष्पीकरण और पानी की मांग बढ़ जाती है, जिससे आपूर्ति पर दबाव पड़ता है।
  - ग्लोबल वाटर गैप्स अंडर फ्यूचर वार्मिंग लेवल्स नामक लेख के अनुसार, भविष्य में जल खपत की दर उसकी पुन: उपलब्धता से अधिक होगी, जिससे जल असंतुलन बढ़ेगा।
- **ऊर्जा मांग एवं विद्युत आपूर्ति पर प्रभाव:** बढ़ते तापमान के कारण विद्युत मांग में तीव्र वृद्धि होती है, जिससे विद्युत ग्रिड पर भारी दबाव पड़ता है।
  - मई 2023 की हीट वेव के दौरान भारत की बिजली की मांग रिकॉर्ड 239 गीगावॉट तक पहुंच गई।
- **आर्थिक प्रभाव:** ऊष्मा जनित तनाव के कारण श्रम-घंटों की हानि और फसल क्षति होती है, जिससे भारत को हर वर्ष अरबों की आर्थिक क्षति होती है, खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ती है और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।
  - विश्व बैंक (2022) के अनुसार, 2030 तक उत्पादकता में गिरावट के कारण गर्मी जनित तनाव से होने वाली अनुमानित 80 मिलियन वैश्विक नौकरियों में से 34 मिलियन नौकरियाँ भारत में खत्म हो सकती हैं।

भारत में उठाए गए कदम

- **हीटवेव चेतावनी के लिए IMD के रंग कूट**

रंग कूट	चेतावनी	विवरण
हरा (कोई कार्रवाई की आवश्यकता नहीं)	सामान्य दिवस	तापमान आरामदायक और सामान्य। किसी सावधानी या विशेष कार्रवाई की आवश्यकता नहीं।
पीला (सतर्क रहें)	हीटवेव की चेतावनी	मध्यम तापमान। गर्मी आम लोगों के लिए सहनीय है, लेकिन कमजोर लोगों जैसे कि शिशुओं, बुजुर्गों, पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए मध्यम स्वास्थ्य चिंता का विषय है।
नारंगी (तैयार रहें)	गंभीर हीटवेव की चेतावनी	उच्च तापमान। लंबे समय तक धूप में रहने या भारी शारीरिक कार्य करने वाले लोगों में तापजन्य रोगों के लक्षणों की संभावना बढ़ जाती है। संवेदनशील लोगों जैसे कि शिशु, बुजुर्ग, पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए उच्च स्वास्थ्य चिंता।
रेड अलर्ट (कार्रवाई की आवश्यकता)	अत्यंत गंभीर हीटवेव की चेतावनी	सभी आयु वर्गों में गर्मी से होने वाली बीमारियों और हीट स्ट्रोक (ऊष्मा-घात) की संभावना बहुत अधिक होती है

- **एनडीएमए द्वारा हीट वेव की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु कार्ययोजना की रूपरेखा संबंधी दिशानिर्देश:** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा वर्ष 2019 में तैयार किए गए इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य भारत की हीट वेवों के प्रति तत्परता एवं प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़

करना है, जिससे अल्पकाल में प्रभावी प्रबंधन संभव हो तथा दीर्घकाल में इसके प्रतिकूल प्रभावों को न्यून किया जा सके। इन दिशानिर्देशों में निम्नलिखित प्रमुख रणनीतियाँ प्रस्तावित की गई हैं:

- एक त्वरित हीट वेव चेतावनी प्रणाली (Rapid Heat Alert System) की स्थापना
- सूचना के प्रचार-प्रसार का दायित्व नोडल एजेंसी और राहत एजेंसियों के मध्य साझा रूप से विभाजित होना चाहिए
- चिकित्सीय संस्थानों में ऊष्मा जनित बीमारियों के उपचार इकाइयों सहित चिकित्सा सुविधाओं का उन्नयन
- जनसामान्य को व्यापक परामर्श प्रदान करना
- मीडिया के विभिन्न माध्यमों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियानों का संचालन
- आश्रयों हेतु स्वयंसेवी संगठनों (NGOs) के साथ समन्वय
- सार्वजनिक स्थलों पर जलापूर्ति प्रणाली का सुदृढ़ीकरण

- **हीट वेव कार्य योजना:** इन कार्ययोजनाओं में प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, पूर्व-सज्जता उपायों तथा त्वरित प्रतिक्रिया रणनीतियों का समावेश होता है, जिनका उद्देश्य ताप-जनित रोगों एवं मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाना है।
  - भारत के कई राज्य एवं नगरपालिकाएँ हीट वेव से संबंधित खतरों के निवारण हेतु अपनी-अपनी कार्ययोजनाएँ विकसित कर चुके हैं। उदाहरणस्वरूप, अहमदाबाद तथा दिल्ली द्वारा कार्यान्वित योजनाएँ उल्लेखनीय हैं।

भारत में हीटवेव प्रबंधन की चुनौतियाँ

- **हीट वेव को आपदा के रूप में अधिसूचित करना:** वर्तमान आपदा राहत नीतियों के अंतर्गत हीट वेव को राष्ट्रीय स्तर पर आपदा के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है।
- **शीतल छत कार्यक्रम (Cool Roofing) का अभाव:** भवन संहिता में शीतल छत कार्यक्रम का समावेश न होने के कारण इसके कार्यान्वयन में व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं; साथ ही इसके स्वास्थ्य व ऊर्जा उपयोग पर प्रभावों को लेकर अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं।
- **ताप-संबंधी कार्य के लिए कोई मानक नहीं:** अमेरिका में ACGIH (अमेरिकन कॉन्फ्रेंस ऑफ गवर्नमेंटल इंडस्ट्रियल हाइजिनिस्ट्स) के मानकों के विपरीत, भारत में ताप-संबंधी कार्य के लिए कोई स्थापित मानक नहीं हैं।
- **हीटवेव कार्ययोजना से संबंधित मुद्दे:**
  - **स्थानीय परिप्रेक्ष्य की अनुपस्थिति:** अधिकांश कार्ययोजनाएँ स्थानीय भौगोलिक एवं सामाजिक संदर्भों को ध्यान में रखे बिना बनाई गई हैं, जिससे हीट वेव संबंधी खतरे की जटिलताओं का सरलीकृत आकलन किया गया है।
  - **संवेदनशील वर्गों की उपेक्षा:** **Centre for Policy Research** द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार 37 में से मात्र 2 योजनाओं में ही संवेदनशीलता का आकलन शामिल है, जिससे सीमित संसाधनों का प्रभावी वितरण बाधित होता है।
  - **अपर्याप्त वित्त पोषण:** केवल 37 में से 11 योजनाओं में ही वित्तीय स्रोतों का उल्लेख है। इनमें से 8 ने कार्यान्वयन विभागों से स्ववित्त पोषण का आग्रह किया, जो गंभीर वित्तीय संकट को दर्शाता है।
  - **कानूनी आधार का अभाव:** योजनाओं में वैधानिक अधिकार का अभाव होने से प्रशासनिक अनुपालन में शिथिलता देखी जाती है।
  - **पारदर्शिता में कमी:** राष्ट्रीय स्तर पर हीट वेव कार्ययोजनाओं का कोई केंद्रीकृत भंडार नहीं है; बहुत कम योजनाएँ ऑनलाइन उपलब्ध हैं और यह अस्पष्ट है कि उन्हें नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है अथवा नहीं।

भारत में हीटवेव प्रबंधन को मजबूत करने के लिए अनुशंसित उपाय

अल्पकालिक उपाय	दीर्घकालिक उपाय
समय पर निवारक कार्रवाई और जनता के बीच बेहतर तैयारी को सक्षम करने के लिए हीटवेव के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना।	**एक व्यापक, राष्ट्रव्यापी ताप संवेदनशीलता मूल्याँकन का संचालन करना** तथा अनुकूली, अति-स्थानीय ताप कार्य योजनाएँ विकसित करना।
सामान्य **''घर के अंदर रहें'' संदेशों के स्थान पर** अतिस्थानीय चेतावनियाँ सन्देश प्रसारित करना जो पड़ोस-विशिष्ट ताप जोखिम और आवास परिस्थितियों पर विचार करती हों।	**हरित बुनियादी ढाँचे में सरकारी निवेश बढ़ाना,** विशेष रूप से गर्मी से प्रभावित शहरी क्षेत्रों में।
लोगों को हीटवेव जोखिमों के बारे में शिक्षित करने के लिए **जागरूकता अभियान चलाना** तथा लचीलेपन में सुधार के लिए जीवनशैली में बदलाव को बढ़ावा देना।	**तापीय सुविधा प्रदान करने के लिए परावर्तक और ऊष्मा-निरोधक छत** सामग्री के बड़े पैमाने पर उपयोग को बढ़ावा देना, विशेष रूप से कम आय वाले परिवारों के लिए। उदाहरण के लिए, तेलंगाना की कूल रूफ नीति

अल्पकालिक उपाय	दीर्घकालिक उपाय
हीटवेव के दौरान पेयजल स्टेशन स्थापित करना और ओआरएस/इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे **आधारभूत सुविधाओं का वितरण** सुनिश्चित करना।	**तापीय सुविधा के लिए पूर्वानुमानित मॉडलिंग** के साथ-साथ दोहरे दिन-रात तापमान ट्रैकिंग को लागू करना। उदाहरण के लिए, यूके की हीट हेल्थ अलर्ट प्रणाली
विशेष रूप से बाहरी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए **ठंडे समय में या लचीले कार्य घंटों को प्रोत्साहित** करना।	**जलवायु-संवेदनशील वास्तुकला** जैसे दीर्घकालिक शहरी और आवास लचीलेपन में निवेश करना।
विशेष रूप से शहरी गरीबों और बेघर लोगों के लिए **ग्रीष्मकालीन आश्रय स्थल** बनाना।	एकीकृत प्रयासों के माध्यम से **कमजोर आबादी के लिए समर्थन को प्राथमिकता** देकर हीटवेव को सामाजिक समानता के मुद्दे के रूप में पहचानना।
स्थानीयकृत HAPs का विकास या अद्यतन करना जिसमें आर्द्रता डेटा और भेद्यता आकलन शामिल हों।	स्वास्थ्य देखभाल पर पड़ने वाले दबाव और **आर्थिक व्यवधानों को न्यूनतम करने वाले किफायती हस्तक्षेपों पर ध्यान** केंद्रित करना, जिसमें ताप-प्रभावित कार्य अवरोधों के लिए बीमा को एकीकृत करना भी शामिल है।
लक्षित सहायता के लिए कमजोर समूहों और स्थानों की पहचान करने हेतु **डेटा-संचालित मृत्यु दर विश्लेषण।**	

भारत में बादल फटने की आपदा

सिलेबस मैपिंग: GS-I- भूगोल, GS-3- आपदा प्रबंधन

सन्दर्भ

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक विनाशकारी बादल फटने की घटना घटित हुई।

बादल फटने के बारे में

- यह एक छोटे से क्षेत्र में अचानक होने वाली स्थानीयकृत, भारी वर्षा है।
- भारतीय मौसम विभाग बादल फटने को उस स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, जब किसी विशेष क्षेत्र में एक घंटे में वर्षा की मात्रा 100 मिलीमीटर से अधिक हो जाती है।
- भारत में, बादल फटने की घटनाएँ हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिमी घाट जैसे स्थलाकृतिक दृष्टि से प्रमुख क्षेत्रों में मानसून के मौसम के दौरान होती हैं।



बादल फटने की प्रक्रिया कैसे होती है?

- जब जलवाष्प से परिपूर्ण वायुमंडलीय हवा पर्वतीय क्षेत्र के ऊपर की ओर धकेली जाती है, तब वह ऊँचे, घने कपासी-वर्षक (Cumulonimbus) बादलों का निर्माण करती है।
- इस प्रक्रिया को पर्वतीय उत्थान के नाम से जाना जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर तीव्र वर्षा, गड़गड़ाहट और बिजली चमकती है।
- ये अस्थिर बादल बहुत ही कम समय में बहुत छोटे क्षेत्र में भारी वर्षा कर सकते हैं, जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है।

- **बादल फटने की स्थितियाँ**
  - वायुमंडल में ऊर्ध्वगामी गति (updraft) बादलों को ऊपर उठाने में ऊर्जा प्रदान करती है, जो सामान्यतः समुद्र तल से 1,000 से 2,500 मीटर की ऊँचाई पर होती है।
  - आर्द्रता आमतौर पर गंगा के मैदानी इलाकों में निम्न दबाव वाले मौसमी तंत्र से जुड़ी पूर्वी पवनों द्वारा प्रदान की जाती है।

पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने की प्रवृत्ति क्यों अधिक होती है?

बादल फटने की घटनाएँ मुख्यतः पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक होती हैं, क्योंकि वहाँ भूभाग और ऊंचाई अधिक होती है।

- इन क्षेत्रों में, जब बादल पूरी तरह संतृप्त हो जाते हैं और वर्षा के लिए तैयार होते हैं, तब अत्यधिक गर्म वायु धाराएँ उन्हें ऊपर की ओर उठा देती हैं।
- वर्षा की बूंदें नीचे गिरने के बजाय हवा के प्रवाह द्वारा ऊपर की ओर ले जाई जाती हैं।
- इस दौरान नई बूंदों का निर्माण होता है तथा पुरानी बूंदों का आकार बढ़ता जाता है।
- अंततः, जब जल की मात्रा बादलों की धारण-क्षमता से अधिक हो जाती है, तो एकसाथ अत्यधिक जल एक ही क्षण में नीचे गिरता है, जिसे बादल फटना कहा जाता है।

बादल फटने का प्रभाव

- **अचानक बाढ़:** बादल फटने से अक्सर अचानक बाढ़ आ जाती है, जिससे नदियाँ उफान पर आ जाती हैं और लोग, वाहन और पशुधन बह जाते हैं।
  - उदाहरण के लिए, जुलाई 2023 में जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई।
- **भूस्खलन:** भारी वर्षा के कारण मिट्टी संतृप्त हो जाती है, जिससे भूस्खलन की संभावना बढ़ जाती है।
  - अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से कई भूस्खलन हुए
- **बुनियादी ढाँचे की क्षति:** सड़कें, पुल, इमारतें और संचार नेटवर्क अक्सर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो जाते हैं।
- **जीवन और आजीविका की हानि:** कई लोग अपने घर, आय के स्रोत और आवश्यक संसाधन खो देते हैं, जिससे दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है।
- **पर्यावरणीय क्षरण:** बादल फटने से गंभीर मृदा क्षरण, वनस्पति आवरण की हानि, तथा स्थानीय पर्यावरण का क्षरण होता है।
  - उदाहरण के लिए, पश्चिमी घाट और हिमालयी क्षेत्रों में बार-बार बादल फटने से व्यापक मृदा क्षरण हुआ है।
- **राहत कार्यों में व्यवधान:** सड़कों और पुलों के नष्ट हो जाने से बचाव दलों और राहत एजेंसियों के लिए प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र पहुँचना कठिन हो जाता है, जिससे सहायता में देरी होती है और बचे लोगों की पीड़ा बढ़ जाती है।
- **व्यापक अव्यवस्था और विस्थापन:** बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो सकते हैं, जिससे अस्थायी आश्रयों और मानवीय संकटों की स्थिति पैदा हो सकती है।
  - उदाहरण के लिए, 2013 की उत्तराखंड आपदा जिसमें हजारों लोगों ने अपने घर खो दिए।
- **दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव:** बादल फटने के परिणाम प्रभावित आबादी के मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र कल्याण पर स्थायी प्रभाव डाल सकते हैं।

भारत में उठाए गए कदम

- **बादल फटने का पूर्वानुमान:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) अपनी सतही प्रेक्षण प्रणाली तथा डॉप्लर मौसम रडार (DWR) नेटवर्क के माध्यम से बादल फटने से संबंधित गर्जन-तूफानी गतिविधियों की निगरानी करता है।
  - हिमालयी क्षेत्र में सात डॉप्लर रडार स्थापित हैं - जम्मू और कश्मीर में दो (सोनमर्ग और श्रीनगर), उत्तराखंड में दो (कुफरी एवं मुक्तेश्वर), असम के मोहनबाड़ी में एक, मेघालय के सोहरा में एक तथा त्रिपुरा के अगरतला में एक।
  - उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (Numerical Weather Prediction – NWP) मॉडल भी IMD के पास उपलब्ध हैं, जो निकट भविष्य में गरज-तूफान की घटनाओं का पूर्वानुमान प्रदान करते हैं।



- **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के दिशा-निर्देश:**
  - **शीघ्र पूर्वानुमान:** बादल फटने की सटीक भविष्यवाणी के लिए डॉप्लर रडार और उपग्रहों का उपयोग करना।
  - **लचीला बुनियादी ढाँचा:** संवेदनशील क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालियाँ, सुरक्षात्मक दीवारें और बाढ़ अवरोधक बनाना।
  - **स्मार्ट भूमि उपयोग:** बादल फटने की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान करना और वहाँ निर्माण प्रतिबंधित करना।
  - **पुनर्वनीकरण एवं मृदा स्थिरीकरण:** देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण को बढ़ावा देना तथा कटाव रोकने के उपाय जैसे कि वेदिका कृषि अपनाना।
  - **सामुदायिक प्रशिक्षण:** बचाव और चिकित्सा सहायता सहित आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण प्रदान करना।
  - **जन जागरूकता:** तैयारी, आपातकालीन किट और निकासी योजनाओं पर अभियान चलाना।
  - **सहयोगात्मक प्रतिक्रिया:** सरकार, समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और निजी क्षेत्रों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना।

बादल फटने के पूर्वानुमान में चुनौतियाँ

- **सीमित भौगोलिक विस्तार:** बादल फटना अत्यंत स्थानीय घटना होती है, जो सामान्यत: 20-30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सीमित होती है और केवल कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक रहती है।
- **जटिल हिमालयी स्थलाकृति:** उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में तीव्र ढलानों, पवन प्रतिरूपों तथा आर्द्रता के अभिसरण के कारण जटिल संवहन प्रणाली उत्पन्न होती है, जो पूर्वानुमान को अत्यंत कठिन बना देती है।
  - संख्यात्मक मौसम मॉडल आवश्यक 1-2 किमी रिजॉल्यूशन पर स्थानीय बादल गतिकी एवं सूक्ष्म भौतिकीय प्रक्रियाओं (जैसे हिम-चरण अंत:क्रिया) का अनुकरण करने में असमर्थ रहते हैं।
- **तकनीकी और अवसंरचना संबंधी अंतराल:** वर्तमान उपग्रह और रडार प्रणालियों में ऐसी सूक्ष्म घटनाओं का पता लगाने के लिए पर्याप्त क्षमता का अभाव है, जिसके कारण चेतावनियाँ नहीं मिल पाती हैं।
- **डेटा की कमी और पूर्वानुमान उपकरण की सीमाएँ:** भारत में बादल फटने की केवल 31 घटनाएँ दर्ज की गई हैं, जिससे मशीन लर्निंग मॉडलों के लिए प्रशिक्षण डेटा सीमित हो गया है।
  - शोधकर्ता प्राय: अनुकूलित अंतर्राष्ट्रीय डेटासेट पर निर्भर रहते हैं, जिससे पूर्वानुमान की सटीकता कम हो जाती है।
  - पारंपरिक वर्षा मापक अचानक तीव्रता में आई वृद्धि को पकड़ नहीं पाते, जबकि लेजर आधारित वायुमंडलीय निगरानी जैसी नई तकनीकें अभी प्रयोगात्मक अवस्था में हैं।
- कम समयावधि: बेहतर निगरानी के बावजूद, बादल फटने की चेतावनी आमतौर पर केवल 1-3 घंटे की समयावधि प्रदान करती है- जो बड़े पैमाने पर निकासी या बुनियादी ढाँचे की तैयारी के लिए अपर्याप्त है।
- **जलवायु परिवर्तन की जटिलताएँ:** तापमान में वृद्धि के कारण वायुमंडल में नमी धारण करने की क्षमता बढ़ती है, जिससे वर्षा की तीव्रता में वृद्धि होती है। तथापि, विशिष्ट बादल फटने की घटनाओं को जलवायु परिवर्तन से सीधे जोड़ना कठिन है, क्योंकि वायुमंडलीय प्रतिक्रियाएँ अत्यंत अव्यवस्थित होती हैं।
  - उदाहरण के लिए, जुलाई 2021 में उत्तराखंड के चमोली जिले में अप्रत्याशित बादल फटने से विनाशकारी बाढ़ आई।

भारत में बादल फटने के प्रबंधन को मजबूत करने के लिए सुझाए गए उपाय

- **पूर्वानुमान क्षमताओं में वृद्धि:** भारत की उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) क्षमता को 2024 तक 100 पेटाफ्लॉप्स तक बढ़ाना, ताकि 1-3 किमी रिजॉल्यूशन का पूर्वानुमान लगाया जा सके, जो सूक्ष्म पैमाने पर बादल फटने की गतिशीलता का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण है।
  - वर्तमान में हिमालयी क्षेत्र में स्थापित 7 डॉप्लर रडार स्टेशनों के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में इनका विस्तार किया जाए।
- **डेटा अवसंरचना विकास:** वास्तविक समय निगरानी के लिए ऐतिहासिक डेटा, उपग्रह इनपुट और IoT सेंसर को एकीकृत करके भारत-विशिष्ट डेटासेट (वर्तमान में केवल 31 दर्ज घटनाएँ) का निर्माण करना।
  - उदाहरण के लिए, डेटा की कमी को संबोधित करते हुए एमएल मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय मौसम संबंधी चर के साथ वैश्विक डेटासेट (जैसे, ऑस्ट्रेलिया से) को अनुकूलित करना।
- **पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ:**
  - **48-घंटे पूर्व की संभाव्य पूर्वानुमान प्रणाली:** उन्नत HPC का उपयोग कर 2 दिन पूर्व संभाव्य चेतावनियाँ दी जाएँ, जैसा कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा 2024 तक प्रस्तावित है।

- **अत्यधिक स्थानीय चेतावनियाँ:** 3 किमी रिज़ॉल्यूशन पर आधारित पूर्वानुमान प्रणाली का उपयोग कर स्थान-विशिष्ट चेतावनियाँ दी जाएँ, जिससे गलत चेतावनियों में कमी आए और समुदायों की प्रतिक्रिया बेहतर हो।
- **बुनियादी ढाँचा और नीतिगत उपाय:** बाढ़ प्रतिरोधी संरचनाओं के लिए भवन संहिता लागू करना, तूफानी जल निकासी में सुधार करना, तथा बादल फटने की आशंका वाले क्षेत्रों में जलरोधन तालाब बनाना।
  - जल अवशोषण को बढ़ाने और भूस्खलन के जोखिम को कम करने के लिए पुनर्वनीकरण, हरित छतों और मृदा संरक्षण को बढ़ावा देना।
- **सामुदायिक तैयारी:** विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले हिमालयी गांवों में, निकासी प्रोटोकॉल और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में समुदायों को शिक्षित करना।
  - भोजन, पानी और चिकित्सा आपूर्ति के भंडार के साथ आपातकालीन आश्रय स्थल (गर्मी/ठंड आश्रय स्थल की तर्ज पर) स्थापित करना।
- **अंतर-एजेंसी समन्वय:**
  - आपदा जोखिम न्यूनीकरण (Disaster Risk Reduction – DRR) को राष्ट्रीय नीतियों में मुख्यधारा में लाया जाए तथा इसे सेंदाई रूपरेखा (2030 लक्ष्यों) के अनुरूप संरेखित किया जाए।
  - विशेष रूप से साझा नदी घाटियों में सीमा-पार डाटा साझाकरण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हेतु पड़ोसी देशों के साथ सहभागिता की जाए।
- **आपदा-पश्चात प्रबंधन:** प्रभावित क्षेत्रों का मानचित्रण करने और संसाधन आवंटन को प्राथमिकता देने के लिए एआई-संचालित ड्रोन और जीआईएस उपकरण परिनियोजित करना।
  - श्रमिकों की खोई हुई आय के लिए बीमा व्यवस्था प्रदान की जाए तथा डिजिटलीकृत राहत वितरण प्रणालियों के माध्यम से वित्तीय सहायता शीघ्रता से प्रदान करना।

भारत का मौसम निगरानी: महत्व, चुनौतियाँ और आगे की राह

सिलेबस मैपिंग: GS-I- भूगोल

सन्दर्भ

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने वर्षा की लघु-अवधि पूर्वानुमान को सशक्त करने, शहरी मौसम का उच्च-रिजोल्यूशन डेटा तैयार करने तथा डॉप्लर रडार आंकड़ों के माध्यम से वास्तविक समय में वर्षा एवं हिमपात की भविष्यवाणी हेतु एक समर्पित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग (ML) केंद्र की स्थापना की है।

भारत में मौसम पूर्वानुमान का महत्व

- **आपदा प्रबंधन:** सटीक मौसम पूर्वानुमान चक्रवात, बाढ़ और हीट वेव जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने में मदद करता है।
  - उदाहरण के लिए, वर्ष 2019 में चक्रवात 'फानी' तथा 2020 में 'अम्फान' के पूर्वानुमान ने जन-धन की क्षति को काफी हद तक कम किया।
- **कृषि नियोजन:** किसान फसल नियोजन, सिंचाई कार्यक्रम और फसल प्रबंधन के लिए मौसम पूर्वानुमान पर निर्भर करते हैं।
  - उदाहरण के लिए, IMD की एग्रोमेट सलाहकार सेवाएँ किसानों को निर्णय लेने के लिए बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं।
- **परिवहन और रसद:** सड़क, रेल और समुद्री परिवहन की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सटीक मौसम पूर्वानुमान आवश्यक है।
  - उदाहरण के लिए, शीत ऋतु में कोहरे की भविष्यवाणी उड़ान कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सहायता करती है।
- **शहरी नियोजन:** मौसम पूर्वानुमान निर्माण और शहरी नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि इससे देरी को रोकने, श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लागत कम करने में मदद मिलती है।
  - उदाहरण के लिए, मुंबई जैसे शहरों में निर्माण गतिविधियों की योजना बनाने के लिए सटीक मानसून पूर्वानुमान का उपयोग किया जाता है।
- **ऊर्जा उत्पादन:** मौसम पूर्वानुमान ऊर्जा उत्पादन और वितरण, विशेष रूप से पवन और सौर जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का मार्गदर्शन करते हैं।

भारत में मौसम पूर्वानुमान से संबद्ध संस्थान

- **भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD):** यह मौसम संबंधी अवलोकन, मौसम पूर्वानुमान और भूकंप विज्ञान के लिए जिम्मेदार प्रमुख एजेंसी है। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन काम करता है और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- **राष्ट्रीय मध्यम-अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF):** यह नोएडा में स्थित है एवं उन्नत संख्यात्मक मॉडलिंग द्वारा मध्यम अवधि के मौसम पूर्वानुमान पर केंद्रित है।

- **भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे:** यह उष्णकटिबंधीय मौसम एवं जलवायु विज्ञान पर अनुसंधान हेतु समर्पित है तथा मानसूनी मौसम विज्ञान में आधारभूत एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान का राष्ट्रीय केंद्र है।
- **भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र**
- (INCOIS): यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत 1999 में स्थापित एक स्वायत्त निकाय है, जो विभिन्न हितधारकों को महासागर संबंधी जानकारी, चेतावनी और सलाहकार सेवाएँ प्रदान करता है।
- **अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), इसरो:** यह पृथ्वी प्रेक्षण, संचार, नेविगेशन एवं अंतरिक्ष अन्वेषण हेतु मुख्य पेलोड प्रौद्योगिकी के विकास का प्रमुख केंद्र है।

भारत द्वारा मौसम पूर्वानुमान में प्रयुक्त उपग्रह

- **INSAT शृंखला:** INSAT भारतीय भूस्थैतिक उपग्रहों का एक समूह है जो संचार, प्रसारण, मौसम निगरानी एवं आपात बचाव सेवाएँ प्रदान करता है।
  - वर्तमान में **INSAT-3D (2013) एवं INSAT-3DR (2016)** मौसम विज्ञान के लिए क्रियाशील हैं, जो प्रत्येक 15 मिनट पर मौसम अपडेट प्रदान करते हैं।

- **INSAT-3D:** इसरो द्वारा 2013 में प्रक्षेपित INSAT-3D को उन्नत मौसम संबंधी प्रेक्षणों, भूमि और महासागरीय सतहों की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए तापमान और आर्द्रता के संदर्भ में वायुमंडल की ऊर्ध्वाधर रूपरेखा तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **INSAT-3DR:** यह INSAT-3D का उन्नत संस्करण है जिसे 2016 में प्रक्षिप्त किया गया था। इसमें 6-बैंड इमेजर है, जो बादलों, समुद्री तापमान, विकिरण आदि का अनुकरण करता है।

- **ओशनसैट श्रृंखला (1, 2, 3):** IRS का हिस्सा, ये उपग्रह मत्स्य पालन, समुद्री अध्ययन और जलवायु अनुसंधान के लिए उपयोगी समुद्री मापदंडों की निगरानी करते हैं।
- **सरल:** एक भारत-फ्रांसीसी उपग्रह जिसमें अल्टिका (अल्टीमीटर) और आर्गोस (डाटा संग्रहण) उपकरण हैं, जिसका उपयोग समुद्र की सतह की ऊंचाई और महासागर परिसंचरण का अध्ययन करने के लिए किया जाता है।
- **मेघा-ट्रॉपिक्स:** 2011 का भारत-फ्रांसीसी उपग्रह उष्णकटिबंधीय मौसम और जलवायु पर केंद्रित है, जो बादल प्रणालियों और वैश्विक जलवायु पर उनके प्रभाव का अध्ययन करता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय उपग्रह समर्थन:** भारत METEOSAT-8 (EUMETSAT) और हिमावारी-8 (जापान) जैसे अंतर्राष्ट्रीय उपग्रहों से डेटा का लाभ उठाता है, जिससे बेहतर क्षेत्रीय पूर्वानुमान सटीकता के लिए वैश्विक मौसम डेटा एकीकरण को बढ़ावा मिलता है।

पूर्वानुमान मॉडल और उपकरण

- भारतीय मौसम विभाग (IMD) द्वारा संचालित ग्लोबल फोरकास्ट सिस्टम (GFS) 12 किमी रिज़ॉल्यूशन के साथ निर्धारक मौसम पूर्वानुमान प्रदान करता है।
- NCMRWF द्वारा उपयोग किया जाने वाला यूनिफाइड मॉडल मध्यम-सीमा के मौसम पूर्वानुमान प्रदान करता है, जबकि IITM का ग्लोबल एन्सेम्बल फोरकास्ट सिस्टम (GEFS) जोखिम-आधारित पूर्वानुमान में उपयोगी संभाव्य परिणाम देता है।
- अल्पकालिक मॉडल जैसे वेदर रिसर्च एंड फोरकास्टिंग (WRF) और हाई-रिज़ॉल्यूशन रैपिड रिफ्रेश (HRRR) का उपयोग नाउकास्टिंग और तूफान पूर्वानुमान के लिए किया जाता है।
- उपग्रह डेटा को विजुअलाइज करने के लिए, पूर्वानुमानकर्ता SAC और IMD द्वारा सह-विकसित एक रीयल-टाइम डेटा व्याख्या उपकरण RAPID का उपयोग करते हैं।

IMD द्वारा प्रदान की गई मौसम पूर्वानुमान सेवाएँ

- **सामान्य सार्वजनिक पूर्वानुमान:** IMD दैनिक पूर्वानुमान जारी करता है जिसमें तापमान, वर्षा, हवा की गति, आर्द्रता और आकाश की स्थिति की जानकारी शामिल होती है।
- **तत्क्षणीय भविष्यवाणी (Nowcasting) सेवाएँ:** IMD 897 स्थानों हेतु डॉप्लर रडार, उपग्रह, विद्युत तड़ित (लाइटनिंग) पहचान नेटवर्क एवं सतही प्रेक्षणों के आधार पर तत्क्षणीय पूर्वानुमान जारी करता है।
  - **तत्क्षणीय भविष्यवाणी** का तात्पर्य 0 से 3 घंटे की अवधि के भीतर की बहुत लघु अवधि के पूर्वानुमान से है।
- **प्रभाव-आधारित पूर्वानुमान:** IMD ने निर्णयकर्ताओं को चरम घटनाओं के लिए तैयार रहने में मदद करने के लिए प्रभाव-आधारित पूर्वानुमान (IBF) प्रणाली शुरू की है।
  - उदाहरण के लिए, भारी वर्षा की चेतावनियाँ रंग-कोडित होती हैं और उनके साथ अपेक्षित सामाजिक और बुनियादी ढाँचे पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी भी होती है।
- **कृषि-मौसम संबंधी परामर्श सेवाएँ:** कृषि-मौसम परामर्श सेवा (AAS) लाखों किसानों को मौसम आधारित कृषि संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करती है।
  - जिला स्तरीय पूर्वानुमान सप्ताह में दो बार जारी किए जाते हैं और मेघदूत ऐप, किसान कॉल सेंटर और स्थानीय मीडिया के माध्यम से साझा किए जाते हैं।
- **शहरी मौसम संबंधी सेवाएँ:** IMD 110 शहरी केंद्रों के लिए विस्तृत शहरी पूर्वानुमान प्रदान करता है।
  - इनमें ताप सूचकांक, वायु गुणवत्ता, शहरी बाढ़ जोखिम, तथा पर्यटन या राजनीतिक समारोहों के लिए घटना-विशिष्ट सलाह जैसे पैरामीटर शामिल हैं।
- **समुद्री पूर्वानुमान:** समुद्री सेवाओं में उच्च-समुद्र और तटीय पूर्वानुमान, बंदरगाह चेतावनियाँ और भारतीय नौसेना के लिए मार्गदर्शन शामिल हैं। बुलेटिन पाठ और चित्रमय प्रारूप दोनों में जारी किए जाते हैं, खासकर मछुआरों और तटीय प्रशासन के लिए।

मिशन मौसम

- **लक्ष्य:** भारत को **'मौसम के प्रति तैयार' और 'जलवायु के प्रति स्मार्ट'** बनाना।
- **उद्देश्य:**
  - अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणालियाँ विकसित करना
  - बेहतर अस्थायी और स्थानिक नमूनाकरण/कवरेज के साथ उच्च रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकनों की कार्यान्विति
  - अगली पीढ़ी के रडार और उन्नत उपकरण पेलोड वाले उपग्रहों का परिनियोजन
  - उच्च प्रदर्शन कंप्यूटर (HPC) को कार्यान्वित करना।
  - मौसम तथा जलवायु प्रक्रियाओं की समझ और पूर्वानुमान क्षमताओं में सुधार।
  - उन्नत पृथ्वी प्रणाली मॉडल और डेटा-संचालित विधियाँ विकसित करना (AI/ML का उपयोग)
  - मौसम प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी विकसित करना
  - अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी के लिए अत्याधुनिक प्रसार प्रणाली विकसित करना
- **नोडल मंत्रालय:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
- **कार्यान्वयन एजेंसियाँ:** भारतीय मौसम विभाग, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र।

भारत में मौसम पूर्वानुमान की चुनौतियाँ

- **उष्णकटिबंधीय मौसम:** समशीतोष्ण क्षेत्रों की तुलना में, जहाँ मौसम मुख्यत: सुव्यवस्थित वायुमंडलीय धाराओं एवं जेट स्ट्रीम्स द्वारा संचालित होता है, उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में तीव्र गति से विकसित होने वाली संवहनात्मक प्रक्रियाएँ, स्थानीय तूफान तथा निम्न-दाब प्रणालियाँ होती हैं, जिनकी पूर्वसूचना देना कठिन होता है।
- **विविध जलवायु क्षेत्र:** भारत की विशाल एवं विविध स्थलाकृति मौसम पूर्वानुमान को जटिल बनाती है।
- **जलवायु परिवर्तन:** जलवायु पैटर्न में परिवर्तन के कारण उत्पन्न अप्रत्याशितता मौसम पूर्वानुमान की जटिलता को बढ़ा देती है, जिससे दीर्घकालिक सटीक भविष्यवाणियाँ करना कठिन हो जाता है।
- **डेटा एकीकरण और मॉडलिंग का अभाव:** संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल में विविध और सटीक डेटा का एकीकरण चुनौतीपूर्ण है।
  - उदाहरण के लिए, 2015 की चेन्नई बाढ़ के दौरान, IMD को उपग्रह डेटा को आत्मसात करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी भविष्यवाणियों की सटीकता प्रभावित हुई।
- **खराब अति-स्थानीय पूर्वानुमान:** 3 किमी x 3 किमी ग्रिड की अनुपस्थिति, स्थानीयकृत मानसून पूर्वानुमान को अविश्वसनीय बनाती है
  - उदाहरण के लिए, मुंबई के लिए जुलाई 2024 में वर्षा पूर्वानुमान लगभग 40% मामलों में गलत सिद्ध हुए।
- **सीमित प्रेक्षणात्मक अवसंरचना:** IMD को पुराने और अपर्याप्त प्रेक्षणात्मक उपकरणों, जैसे कि पूर्व चेतावनी प्रणालियों, के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।
  - उदाहरण के लिए, 2013 के उत्तराखंड बाढ़ के दौरान, ईडब्ल्यूएस द्वारा सूचना का प्रभावी ढंग से प्रसार करने में विफलता
- **सीमा पार सहयोग का अभाव:** IMD को चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के साथ सीमा पार वायु प्रदूषण और साझा जल संसाधनों पर डेटा साझा करने में सीमित सहयोग की समस्या से जूझना पड़ रहा है।
- **प्रौद्योगिकी अपनाने में बाधाएँ:** उन्नत मौसम पूर्वानुमान उपकरणों को लागू करने की भारत की क्षमता सीमित वित्त पोषण और बुनियादी ढाँचे के कारण बाधित है।
  - **उदाहरण:** वर्तमान में केवल पाँच डॉप्लर राडार पश्चिमी तटरेखा की निगरानी कर रहे हैं।

सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी (EW4All) पहल

- यह एक संयुक्त राष्ट्र की पहल है जिसका उद्देश्य वर्ष 2027 तक सभी लोगों को खतरनाक जलवायु, पर्यावरणीय तथा जल-मौसमीय घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने हेतु बहु-आपदा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, पूर्व सक्रिय कार्रवाई एवं आपदा-प्रतिकार क्षमताओं के माध्यम से सार्वभौमिक संरक्षण सुनिश्चित करना है।
- **इसके चार स्तंभ हैं**
  - **आपदा जोखिम ज्ञान - नेतृत्व: संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (UNDRR)**
  - **पता लगाना, अवलोकन, निगरानी, विश्लेषण एवं पूर्वानुमान - नेतृत्व: विश्व मौसम संगठन (WMO)**
  - **चेतावनी का संप्रेषण एवं संवाद - नेतृत्व: अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)**
  - **तैयारी एवं प्रत्युत्तर क्षमताएँ - नेतृत्व: रेड क्रॉस और रेड क्रेसेंट की अंतर्राष्ट्रीय महासंघ (IFRC)**

भारत में मौसम पूर्वानुमान को सुदृढ़ करने के उपाय

- **जलवायु-अनुकूल मॉडल:** मौसम पूर्वानुमानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समाहित करते हुए विकसित करना चाहिए जिससे दीर्घकालिक पूर्वानुमान एवं आपदा प्रबंधन क्षमता बेहतर हो।
- **प्रौद्योगिकी उन्नयन:** IMD को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एवं मशीन लर्निंग (ML) आधारित अल्गोरिदम के माध्यम से बड़े डेटा सेट्स का विश्लेषण कर, पूर्वानुमान मॉडलों को परिष्कृत एवं अधिक सटीक बनाना चाहिए।
- **स्थानीयकृत पूर्वानुमान:** 3×3 किमी ग्रिड विकसित कर अत्यधिक स्थानीय (Hyper-local) पूर्वानुमानों को बेहतर बनाना आवश्यक है जिससे समयबद्ध और कार्यक्षम चेतावनियाँ दी जा सकें।
- **अनुसंधान एवं विकास:** IMD को विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ साझेदारी करनी चाहिए।
- **उदाहरण:** 2024 में IMD और IIT मुंबई के बीच सहयोग से उन्नत गणनात्मक तकनीकों का विकास हुआ, जिससे वर्षा पूर्वानुमान अधिक सटीक हुए।
- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:** वैश्विक मौसम एजेंसियों के साथ तकनीकी सहयोग एवं ज्ञान साझा करने से पूर्वानुमान क्षमताओं और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में सुधार होगा।

AI मौसम पूर्वानुमान को कैसे बदल सकता है?

- **डेटा के साथ बेहतर पूर्वानुमान:** एआई प्रणालियाँ पैटर्न को पहचानने और मानसून, चक्रवात और हीटवेव जैसी घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने के लिए पारंपरिक मॉडल में उपयोग किए जाने वाले निश्चित समीकरणों पर निर्भर हुए बिना पिछले मौसम के डेटा की विशाल मात्रा का अध्ययन कर सकती हैं ।
  - उदाहरण के लिए, आईआईटी दिल्ली में विकसित एक मशीन लर्निंग मॉडल ने मानसून (2002-2022) की भविष्यवाणी करने में 61.9% सटीकता हासिल की, जो कई पारंपरिक प्रणालियों से बेहतर प्रदर्शन था।
- **तीव्र और मापनीय पूर्वानुमान:** एआई उपकरण कम कंप्यूटिंग मांग के साथ अल्पकालिक पूर्वानुमान उत्पन्न कर सकते हैं, जिससे वे वास्तविक समय की चेतावनियों और वर्तमान पूर्वानुमान के लिए आदर्श बन जाते हैं।
- **चरम घटनाओं का बेहतर पूर्वानुमान:** क्योंकि AI विभिन्न मौसम चरों के बीच जटिल संबंधों को समझ सकता है, यह विशेष रूप से आकस्मिक बाढ़ या टॉर्नेडो जैसी दुर्लभ और अचानक होने वाली घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने के लिए उपयोगी है।
- **पारंपरिक तरीकों के साथ AI का सम्मिश्रण:** AI को भौतिकी-आधारित मॉडल के साथ जोड़ने से पूर्वानुमानों की सटीकता और विश्वसनीयता दोनों में वृद्धि होती है।

शहरी वनों पर दबाव: भारतीय शहरों में मुद्दे और हस्तक्षेप

सिलेबस मैपिंग: GS-III- पर्यावरण

सन्दर्भ

पिछले कुछ सप्ताहों से हैदराबाद के शहरी विकास को लेकर 400 एकड़ में फैले कांचा गाचीबौली वन, जो हैदराबाद विश्वविद्यालय (UoH) के समीप स्थित है, एक संघर्ष का केंद्र बना हुआ है।

शहरी वनों के बारे में

- शहरी वनों को ऐसे नेटवर्क या प्रणालियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिनमें शहरी और उपशहरी क्षेत्रों में स्थित सभी वनों, वृक्ष समूहों और एकल वृक्षों का समावेश होता है।
- इनमें वनों के साथ-साथ सड़कों के किनारे लगे वृक्ष, उद्यानों एवं बाग-बगीचों के वृक्ष तथा परित्यक्त स्थलों पर उग आए वृक्ष भी सम्मिलित होते हैं।
- **भारत में शहरी वन - प्रमुख तथ्य (ISFR 2023)**
  - भारत के शीर्ष सात महानगरों में वन क्षेत्र 509.72 वर्ग किमी आंका गया, जो पिछले आकलन की तुलना में 0.5% की वृद्धि दर्शाता है।
  - दिल्ली में 195.44 वर्ग किलोमीटर हरित क्षेत्र दर्ज किया गया, जो इसके कुल भौगोलिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।
  - बैंगलोर में 89.61 वर्ग किलोमीटर हरित क्षेत्र है। जबकि मध्यम रूप से घने वनों में गिरावट के बारे में चिंताएँ थीं, बेंगलुरु के कुल वन क्षेत्र में मामूली वृद्धि (लगभग 0.59%) देखी गई।

– मुंबई में 111.30 वर्ग किमी हरित क्षेत्र दर्शाया गया, तथा जनसंख्या घनत्व के दबाव के कारण हरित क्षेत्र का संरक्षण प्रभावित हुआ।

शहरी वनों के लाभ

पर्यावरणीय लाभ

- **वायु गुणवत्ता में सुधार:** शहरी पेड़ नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, ओजोन और कणिकीय पदार्थ जैसे प्रदूषकों को अवशोषित करते हैं।
  – उदाहरण के लिए, भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा 2016 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली का हरित आवरण प्रतिवर्ष 6,000 टन से अधिक वायु प्रदूषकों को हटाने में मदद करता है।
- **कार्बन प्रच्छादन:** पेड़ कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं- एक परिपक्व पेड़ प्रति वर्ष 22 किलोग्राम CO_2 तक अवशोषित कर सकता है।
- **शहरी ऊष्मा द्वीप (UHI) शमन:** पेड़ छाया प्रदान करते हैं और आर्द्रता उत्सर्जित करते हैं, जिससे सतह और परिवेश का तापमान कम हो जाता है।
  – उदाहरण के लिए, हैदराबाद में, ''हरिता हरम'' कार्यक्रम के माध्यम से शहरी हरियाली के कार्यान्वयन से घनी वनस्पति वाले क्षेत्रों में तापमान में उल्लेखनीय कमी आई।
- **वर्षा जल प्रबंधन:** वृक्ष वितान वर्षा को धीमा कर देती हैं, तथा उनकी जड़ प्रणालियाँ जल को छानने और अवशोषित करने में मदद करती हैं, जिससे शहरी बाढ़ कम होती है और जलभृतों का पुनर्भरण होता है।
  – उदाहरण के लिए, बेंगलुरु के कब्बन पार्क में वृक्षों का आवरण भूजल प्रतिधारण में सहायक होता है।
- **मृदा संरक्षण और धूल में कमी:** पेड़ मृदा को स्थिर करते हैं, कटाव को कम करते हैं और धूल के कणों को रोकते हैं।
  – उदाहरण के लिए, जयपुर में शहरी वन हवा से उड़ने वाली धूल और शहर के किनारों पर रेगिस्तानीकरण से निपटने में मदद करते हैं।
- **जैव विविधता संरक्षण:** शहरी वन छोटे पारिस्थितिक आवास निर्मित करते हैं जो पक्षियों, कीटों और लघु स्तनधारियों का समर्थन करते हैं।
  – उदाहरण के लिए, दिल्ली का संजय वन 200 से अधिक पक्षियों और कई पौधों की प्रजातियों का पर्यावास है।

सामाजिक लाभ

- **स्वास्थ्य और कल्याण:** हरित स्थलों तक पहुँच तनाव को कम करती है, शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देती है, तथा जीवनशैली जनित रोगों के जोखिम को घटाती है।
  – उदाहरण के लिए, मुंबई में किए गए एक अध्ययन में पार्कों तक पहुँच और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के बीच सकारात्मक संबंध पाया गया।
- **सामुदायिक एकता:** हरित स्थल सामाजिक संवाद को प्रोत्साहित करते हैं और इन्हें अपराध दर में कमी से भी जोड़ा गया है।
- **सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत संरक्षण:** शहरी वनों में अक्सर पवित्र उपवन या ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण वृक्ष शामिल होते हैं।
  – उदाहरण के लिए, केरल में मंदिर के उपवन (कावू) को उनके सांस्कृतिक मूल्य के कारण संरक्षित किया जाता है तथा वे शहरों में जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आर्थिक लाभ

- **व्यय में कमी:** इमारतों को ठंडा करके और जल सुरक्षा को बढ़ाकर, शहरी वन ऊर्जा और जल अवसंरचना पर सार्वजनिक और निजी व्यय को कम करते हैं।
  – उदाहरण के लिए, चेन्नई में हरित छतों और वृक्षों के आवरण से घरेलू ऊर्जा बिलों में 10-15% की कमी देखी गई है।
- **उत्पादकता और आर्थिक उत्पादन में वृद्धि:** बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य के कारण बीमार होने की अवधि कम होती है और कार्यस्थल पर उत्पादकता बढ़ती है।
  – उदाहरण के लिए, विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4.3% पर्यावरणीय क्षरण के कारण खो देता है, जिसमें खराब शहरी वायु और ताप की स्थिति भी शामिल है- शहरी वन सीधे तौर पर इन समस्याओं को कम करते हैं।
- **पर्यटन और रियल एस्टेट को बढ़ावा:** शहरी हरियाली शहर की सुंदरता को बढ़ाती है, पर्यटकों को आकर्षित करती है और संपत्ति के मूल्यों को बढ़ाती है।
  – उदाहरण के लिए, दिल्ली में लोधी गार्डन एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।



भारत में शहरी वानिकी को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम

- **नगर वन योजना:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा 2020 में शुरू की गई, इसका लक्ष्य वर्ष 2027 तक 1000 नगर वन विकसित करना है।
  - यह योजना शहरी वनों के विकास और रखरखाव के लिए प्रति हेक्टेयर 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, तथा नागरिकों, छात्रों और विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है।
  - नगर वन क्षेत्र 10 से 50 हेक्टेयर के बीच फैला हुआ है और यह नगर निगमों, नगर पालिकाओं और शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) द्वारा शासित सभी शहरों में लागू है।
- **ग्रीन इंडिया मिशन (GIM):** यह मिशन राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना (NAPCC) का एक घटक है, जिसका उद्देश्य पारिस्थितिक तंत्र की पुनर्स्थापना को बढ़ावा देना है, जिसमें शहरी एवं परि-शहरी हरित क्षेत्र भी सम्मिलित हैं।
- **स्कूल नर्सरी योजना (SNY):** यह योजना विद्यार्थियों में पौधों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु संचालित है तथा देशभर के विद्यालयों में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करती है।
- **कैम्पा:** शहरी वानिकी प्रतिपूरक निधि अधिनियम, 2016 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत एक अनुमेय गतिविधि है।
- **कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत):** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया अमृत, शहरी पार्कों, जैव विविधता क्षेत्रों और हरित बफर्स के विकास को वित्तपोषित करके 500 से अधिक शहरों में हरित बुनियादी ढाँचे का समर्थन करता है।
- **स्मार्ट सिटी मिशन:** मिशन का एक उद्देश्य खुले स्थानों - पार्कों, खेल के मैदानों और मनोरंजक स्थानों को संरक्षित और विकसित करना है ताकि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके, क्षेत्रों में शहरी गर्मी के प्रभाव को कम किया जा सके और पारिस्थितिकी संतुलन को बढ़ावा दिया जा सके।

राज्य स्तरीय पहल

- **कोच्चि, केरलः** WRI इंडिया द्वारा समर्थित 'कावाकी' पहल के अंतर्गत स्थानीय समुदायों को वैज्ञानिक मानचित्रण एवं संवेदनशीलता मूल्याँकन के माध्यम से शहरी वनों के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।
- **मुंबई, महाराष्ट्रः** यहाँ जापानी 'मियावाकी तकनीक' को अपनाते हुए चांदीवली क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े शहरी वनों में से एक का निर्माण किया गया, जिसमें घने स्वदेशी पौधों का उपयोग किया गया, जो न्यूनतम रखरखाव में भी जैव विविधता को संबल प्रदान करते हैं।
- **विजयपुर (बीजापुर), कर्नाटकः** विजयपुर ने 250 हेक्टेयर बंजर भूमि को शहरी वन में परिवर्तित किया, जिसमें 2,50,000 स्वदेशी वृक्ष लगाए गए एवं सौर ऊर्जा आधारित ड्रिप सिंचाई प्रणाली का प्रयोग किया गया।

भारत में शहरी वनों के समक्ष चुनौतियाँ

- **विकास के लिए कठिन परिस्थितियाँः** शहरी वृक्षों को अत्यधिक गर्मी, प्रदूषण, मृदा संपीडन, जलभराव और जड़ों के लिए सीमित स्थान का सामना करना पड़ता है, जिससे स्वस्थ विकास कठिन हो जाता है और कीटों और बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है।
- **जलवायु परिवर्तनः** बदलती मौसमीय दशाएँ और अधिक लगातार होने वाली चरम घटनाएँ शहरी वृक्षों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं।
- **अतिक्रमणः** सड़कों, भवनों और अचल सम्पत्तियों के लिए शहरी वनों को अक्सर साफ कर दिया जाता है, जिससे वन आवरण कम हो जाता है।
- **नीतिगत अंतराल और संस्थागत अतिव्यापनः** एकीकृत एवं बाध्यकारी शहरी वानिकी नीति का अभाव कार्यान्वयन में विघटन उत्पन्न करता है। साथ ही, विभिन्न एजेंसियों के बीच अधिकारों का अतिक्रमण संरक्षण प्रयासों को विलंबित या कमजोर करता है।
- **रखरखाव के लिए अपर्याप्त संसाधनः** नगर निकायों के पास पेड़ों की देखभाल के लिए अक्सर धन और प्रशिक्षित कर्मियों की कमी होती है।
- **जनचेतना एवं समर्थन की कमीः** शहरी पेड़ों को अक्सर व्यर्थ समझा जाता है, तथा आम जनता और नीति निर्माताओं के बीच उनके पर्यावरणीय और स्वास्थ्य लाभों के बारे में सीमित समझ है।
- **शहरी हरियाली में सामाजिक असमानताएँः** हरित क्षेत्र का विकास प्रायः समृद्ध क्षेत्रों तक सीमित रहता है, जबकि वंचित समुदाय निर्णय-प्रक्रिया से बहिष्कृत रह जाते हैं तथा हरियाली के लाभों से वंचित होते हैं।
- **विकास परियोजनाओं से विरोधः** पर्यावरणीय चिंताओं को सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं जैसे कि राजमार्ग या मेट्रो परियोजनाओं में बाधा के रूप में चित्रित किया जाता है।

शहरी वन प्रबंधन को मजबूत करने के लिए सुझाए गए उपाय

- **शहरी पर्यावरण प्रभाव मूल्याँकनः** भारत को शहरी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और सभी शहरों की पारिस्थितिक वहन क्षमता के लिए नीतियों की आवश्यकता है।
- **व्यापक नीतियाँः** शहरी वानिकी को वृक्ष संरक्षण, वृक्षारोपण लक्ष्य और जैव विविधता लक्ष्यों के लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों के साथ शहर के मास्टर प्लान में एकीकृत किया जाना चाहिए।
  - उदाहरण के लिए, दिल्ली मास्टर प्लान 2041 में 'ग्रीन-ब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर' पर एक पृथक अध्याय है, जो विकास और पारिस्थितिक संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।
- **शहरी वन प्रकोष्ठः** नियोजन, क्रियान्वयन और निगरानी के लिए नगरपालिकाओं के भीतर प्रशिक्षित वृक्ष विशेषज्ञों, पारिस्थितिकीविदों और योजनाकारों के साथ समर्पित शहरी वानिकी इकाइयाँ बनाई जानी चाहिए।
- **जलवायु अनुकूल प्रजातियों को अपनानाः** वृक्षारोपण अभियान में स्थायित्व और जैव विविधता संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए देशी, सूखा-सहिष्णु और कीट-प्रतिरोधी प्रजातियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
  - उदाहरण के लिए, पुणे नगर निगम ने पारिस्थितिकीविदों के साथ मिलकर नीम, पीपल और जामुन जैसे देशी पेड़ों का उपयोग करके प्रजाति-विशिष्ट शहरी वानिकी विकसित की।
- **उचित सड़क नियोजनः** शहरी सड़कों, फ्लाईओवरों, पार्किंग क्षेत्रों और इमारतों की छतों को व्यवस्थित रूप से डिजाइन किया जाना चाहिए ताकि हरित अवरोधक, वृक्ष वितान और बायोस्वाल को शामिल किया जा सके।
  - साथ ही, पार्कों एवं वनों को वृक्ष-पंक्तिवाले मार्गों से जोड़ने से परागणकर्ताओं की गति सुगम होती है तथा पारिस्थितिक तंत्र की लचीलापन बढ़ती है।
- **डेटा सूचीः** शहरी क्षेत्रों में वृक्षों की स्वास्थ्य, घनत्व एवं जैव विविधता की निगरानी हेतु नियमित रूप से अद्यतन GIS आधारित वृक्ष सूची तैयार की जानी चाहिए।

  – उदाहरण के लिए, नागरिक समूहों और गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी में शुरू की गई बेंगलुरु की वृक्ष गणना, वृक्षों की प्रजातियों, परिधि और स्थिति को रिकॉर्ड करने के लिए जियो-टैगिंग का उपयोग करती है।
- **नवीन तकनीकें:** भूमि की कमी वाले शहरों में, मियावाकी वन, छत पर उद्यान और ऊर्ध्वाधर हरियाली प्रणालियों जैसे सघन और उच्च घनत्व वाले वन मॉडल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
  – उदाहरण के लिए, चेन्नई निगम ने वर्ष 2020 से 2023 के बीच 150 से अधिक सूक्ष्म मियावाकी वनों का निर्माण किया।
- **पहुँच सुनिश्चित करना:** व्यापक लाभ सुनिश्चित करने और प्रकृति के प्रति सम्मान पैदा करने के लिए हरित स्थानों तक समान पहुँच होनी चाहिए।

अर्थव्यवस्था का हरितीकरण: हरित वर्गीकरण (GREEN TAXONOMY) की रूपरेखा

पाठ्यक्रम मानचित्रण: GS-III, पर्यावरण

संदर्भ

भारत सरकार ने **''भारत की जलवायु वित्त वर्गीकरण का मसौदा ढाँचा''** जारी किया है।

हरित वर्गीकरण क्या है?

- हरित वर्गीकरण एक ऐसी रूपरेखा है, जिसके माध्यम से यह परिभाषित किया जाता है कि कौन-से निवेश पर्यावरणीय दृष्टि से सतत माने जा सकते हैं।
- यह निवेशकों और कंपनियों के लिए एक मार्गदर्शक की भांति कार्य करता है, जिससे वे यह निर्णय ले सकें कि कौन-से निवेश जलवायु परिवर्तन की रोकथाम एवं अनुकूलन तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था (Circular Economy) जैसे पर्यावरणीय लक्ष्यों में योगदान देते हैं।
- यह निवेशों को ''हरित'' टैग देने की एक प्रणाली है, जो 'ग्रीनवॉशिंग' (झूठे या भ्रामक पर्यावरणीय दावों) को रोकने तथा सतत आचरण को बढ़ावा देने में सहायक होती है।

भारत में हरित वर्गीकरण की आवश्यकता

- **जलवायु वित्त अंतर को पाटना:** भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए **2030 तक लगभग 2.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (2014-15 की कीमतों पर)** की आवश्यकता है। एक स्पष्ट वर्गीकरण निवेशों को सही क्षेत्रों में निर्देशित करके जलवायु वित्त जुटाने की दक्षता को बढ़ा सकती है।
- **ग्रीनवाशिंग को रोकना:** सतत निवेशों में बढ़ती रुचि के साथ, एक परिभाषित वर्गीकरण हरित दावों की प्रामाणिकता सत्यापित करने में मदद करती है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।
- **राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखण:** यह वर्गीकरण भारत के राष्ट्रीय जलवायु रणनीतियों, जैसे **2070 तक नेट जीरो** और **'विकसित भारत@2047'** पहल के तहत विकासात्मक महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करती है।

- **निवेशक विश्वास बढ़ाना:** स्पष्ट प्रदर्शन मानदंड निर्धारित करके, यह वर्गीकरण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को यह आकलन करने में मदद करती है कि कौन से प्रोजेक्ट वास्तव में कम-कार्बन संक्रमण का समर्थन करते हैं, जिससे अस्पष्टता और जोखिम कम होता है।
- **नीति कार्यान्वयन में सहायता:** यह **राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (NAPCC)** और **राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (SAPCC)** जैसे मिशनों को लक्षित और सिद्धांत-आधारित तरीके से वित्तीय प्रवाह को निर्देशित करके पूरकता प्रदान करती है।

भारत की जलवायु वित्त वर्गीकरण के मसौदा ढाँचे के बारे में

- **उद्देश्य:** जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों और गतिविधियों में संसाधन प्रवाह को बढ़ावा देना, ताकि **2070 तक नेट जीरो** के भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके, साथ ही दीर्घकालिक रूप से विश्वसनीय और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके।
- **विशेषताएँ:**
  - भारत की इस हरित वर्गीकरण रूपरेखा को एक 'जीवंत दस्तावेज' (Living Document) के रूप में चरणबद्ध ढंग से विकसित किया जा रहा है।
  - यह एक **हाइब्रिड डिजाइन** अपनाता है- जिसमें गुणात्मक सिद्धांतों को मात्रात्मक बेंचमार्क के साथ जोड़ा गया है और यह भारत की विकासात्मक प्राथमिकताओं और क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों को दर्शाता है।
  - इसमें **गुणात्मक मूल्याँकन (राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखण)** शामिल है और इसमें धीरे-धीरे **मात्रात्मक प्रदर्शन सीमाएँ (जैसे ग्रीनहाउस गैस तीव्रता कमी के लक्ष्य)** को एकीकृत किया जाएगा।
- **मूलभूत सिद्धांत:** यह आठ आधारभूत सिद्धांतों पर आधारित है-
  - जलवायु कार्रवाई और विकास प्राथमिकताओं के साथ संगति
  - हरित वर्गीकरण के अन्य उद्देश्यों को महत्वपूर्ण नुकसान न पहुँचाना
  - देश के संदर्भ में मार्गों एवं प्रक्षेपवक्रों पर केंद्रित होना।
  - अन्य प्रणालियों के साथ अंतर-संचालनीयता (Interoperability) एवं संगति सुनिश्चित करना।
  - संक्रमण गतिविधियों का समर्थन करना
  - स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देना
  - विज्ञान-आधारित और पारदर्शी होना
  - आनुपातिकता - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) को समर्थन।
- **वर्गीकरण:** गतिविधियों को दो मुख्य श्रेणियों में बाँटा गया है-
  - **जलवायु-सहायक गतिविधियाँ:** ये गतिविधियाँ प्रत्यक्ष रूप से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकती हैं, उत्सर्जन तीव्रता को कम करती हैं, या अनुकूलन व लचीलापन को बढ़ावा देती हैं। इन्हें दो स्तरों में विभाजित किया गया है:
    - **स्तर 1 (Tier 1):** इसमें पूर्णत: उत्सर्जन से बचाव शामिल होता है, जैसे कि जीवाश्म ईंधन रहित स्रोतों का उपयोग।
    - **स्तर 2 (Tier 2):** इसमें उन गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है जिनमें प्रौद्योगिकीय सीमाओं के कारण उत्सर्जन से पूरी तरह बचना संभव नहीं है, परंतु उत्सर्जन तीव्रता को कम करने के प्रयास किए जाते हैं।
  - **संक्रमण गतिविधियाँ:** ये ऐसी गतिविधियाँ हैं जहाँ वर्तमान में कोई व्यवहार्य निम्न-उत्सर्जन विकल्प उपलब्ध नहीं है, लेकिन राष्ट्रीय नीति के अनुरूप उत्सर्जन तीव्रता कम करने या ऊर्जा दक्षता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है।

शामिल क्षेत्र

- **ऊर्जा:** नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, परमाणु ऊर्जा और स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना।
- **यातायात:** इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहन, सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ और उत्सर्जन-कम करने वाले ईंधन।
- **भवन:** हरित निर्माण मानक, ऊर्जा-कुशल उपकरण और डिजाइन नवाचार।
- **कृषि, खाद्य एवं जल सुरक्षा:** सिंचाई, फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के माध्यम से जलवायु लचीलापन बढ़ाना।
- **हार्ड-टू-अबेट क्षेत्र (जहाँ उत्सर्जन कम करना मुश्किल):** लौह, इस्पात और सीमेंट उद्योग, जहाँ प्रौद्योगिकी उन्नयन और संक्रमण वित्त पर जोर दिया जाता है।

वैश्विक टैक्सोनॉमी में भारत के जलवायु वित्त टैक्सोनॉमी सिद्धांत (वैश्विक टैक्सोनॉमी के साथ सामंजस्य)	
भारत के सिद्धांत	भारत के सिद्धांतों के साथ सामंजस्य दर्शाने वाली वैश्विक टैक्सोनॉमी
जलवायु कार्रवाई और विकास प्राथमिकताओं पर घोषित स्थिति के साथ सामंजस्य	ईयू, चीन, दक्षिण अफ्रीका, आसियान, इंडोनेशिया, सिंगापुर, मिस्र, लैटिन अमेरिका, मलेशिया, श्रीलंका, ब्राजील, ईयू-चीन कॉमन ग्राउंड टैक्सोनॉमी, आईपीएसएफ-यूएनडीईएसए जी20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप
जलवायु वित्त टैक्सोनॉमी के अन्य उद्देश्यों को महत्वपूर्ण नुकसान न पहुंचाना	ईयू, दक्षिण अफ्रीका, आसियान, इंडोनेशिया, लैटिन अमेरिका, मलेशिया, श्रीलंका, आईपीएसएफ-यूएनडीईएसए जी20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप
देश के संदर्भ में पथ और प्रक्षेपवक्र पर ध्यान केंद्रित करना	ईयू, दक्षिण अफ्रीका, आसियान, इंडोनेशिया, लैटिन अमेरिका, मलेशिया, श्रीलंका, आईपीएसएफ-यूएनडीईएसए जी20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप
अंतरसंचालनीयता और सामंजस्य	ईयू, आसियान, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ईयू-चीन कॉमन ग्राउंड टैक्सोनॉमी
संक्रमणकालीन गतिविधियों का समर्थन	ईयू, आसियान, लैटिन अमेरिका, मलेशिया, सिंगापुर, ब्राजील
स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देना	चीन, ब्राजील, मलेशिया
विज्ञान-आधारित और पारदर्शी होना	ईयू, आसियान, इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका, ब्राजील, आईपीएसएफ-यूएनडीईएसए जी20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप
आनुपातिकता	एमएसएमई के लिए समर्थन, आसियान, इंडोनेशिया, मलेशिया, ब्राजील

हरित वर्गीकरण लागू करने में चुनौतियाँ

- **डेटा उपलब्धता एवं गुणवत्ता:** क्षेत्रवार उत्सर्जन और जलवायु प्रभाव डेटा तक सीमित पहुँच के कारण पात्र गतिविधियों का सटीक वर्गीकरण और निगरानी बाधित होती है।
- **प्रौद्योगिकीय सीमाएँ:** कई क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) और कृषि में, अत्याधुनिक निम्न-उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों की कमी के कारण अनुपालन मुश्किल होता है।
- **वित्तीय बाधाएँ:** उच्च प्रारंभिक लागत और रियायती वित्त विकल्पों की सीमित उपलब्धता, संक्रमण एवं अनुकूलन परियोजनाओं में निवेश को प्रभावित करती है।
- **संस्थागत क्षमता:** नियामक निकायों और वित्तीय संस्थानों को जलवायु-संरेखित निवेशों का आकलन, प्रमाणन और निगरानी करने हेतु पर्याप्त क्षमता निर्माण की आवश्यकता है।
- **विकास एवं जलवायु लक्ष्यों में संतुलन:** भारत को अपनी विकासात्मक आवश्यकताओं और स्थिरता उद्देश्यों के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना होगा, विशेषकर **हार्ड-टू-अबेट क्षेत्र** क्षेत्रों में।

प्रस्तावित उपाय

- **डेटा अवसंरचना मजबूत करना:** सभी क्षेत्रों के लिए जलवायु-संबंधी डेटा का व्यापक डेटाबेस और मानक रिपोर्टिंग तंत्र विकसित करना।
- **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना:** वैश्विक साझेदारियाँ और अनुसंधान एवं विकास (R&D) निवेश को प्रोत्साहित करके MSMEs सहित प्रमुख क्षेत्रों में किफायती स्वच्छ प्रौद्योगिकियाँ उपलब्ध कराना।
- **हरित वित्त तक पहुँच सुगम बनाना:** हरित परियोजनाओं की पूँजी लागत कम करने हेतु नीतिगत समर्थन, ग्रीन बॉन्ड और रियायती ऋण उपलब्ध कराना।
- **संस्थागत क्षमता निर्माण:** वित्तीय संस्थानों, नियामकों और परियोजना विकासकर्ताओं को वर्गीकरण सिद्धांतों और अनुपालन तंत्रों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु प्रशिक्षित करना।
- **सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देना:** उद्योगों, वित्तीय संस्थानों और नागरिक समाज को वर्गीकरण के विकास एवं आवधिक समीक्षा में शामिल करके व्यावहारिकता और समावेशिता सुनिश्चित करना।

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (भूगोल)

सुनामी क्षेत्र

संदर्भ

INCOIS की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सभी तटीय संघ शासित प्रदेश एवं राज्य सुनामी के प्रति संवेदनशील हैं।

सुनामी के बारे में

- यह महासागर में जल की विशाल मात्रा के आकस्मिक विस्थापन के कारण उत्पन्न लहरों की एक श्रृंखला होती है।
- **सुनामी के कारण:**
  - समुद्र के अन्दर आने वाले भूकंप (सबसे आम कारण) - विशेष रूप से वे जो प्रविष्ठन क्षेत्र में आते हैं।
  - पानी के नीचे भूस्खलन
  - **ज्वालामुखीय विस्फोट** (अन्तः समुद्री ज्वालामुखी)
  - **उल्कापिंड का टकराव** (बहुत दुर्लभ)



- **प्रविष्ठन क्षेत्र:**
  - यह एक विवर्तनिक सीमा होती है जहाँ एक प्लेट दूसरी प्लेट के नीचे प्रविष्ठित होकर पृथ्वी के मेंटल में चली जाती है।
  - भूगर्भीय दृष्टि से प्रविष्ठन क्षेत्र अत्यधिक सक्रिय होते हैं- जिसके कारण भूकंप, ज्वालामुखी और सुनामी आती हैं।
- **भारत को प्रभावित करने वाले प्रमुख प्रविष्ठन क्षेत्र:**
  - **अंडमान-निकोबार-सुमात्रा द्वीपसमूह:** यह उत्तर में म्याँमार से लेकर दक्षिण में इंडोनेशियाई द्वीपसमूह तक फैली 5,000 किलोमीटर लंबी द्वीपों और पर्वतों की श्रृंखला है।
  - **मकरान प्रविष्ठन क्षेत्र (ईरान-पाकिस्तान के समीप):** यह एक विवर्तनिक प्लेट सीमा है जहाँ अरब सागर प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे धंस रही है।

भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)

- यह **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है।
- इसकी स्थापना 1999 में हुई थी।
- इसका प्राथमिक मिशन जनता, सरकार और वैज्ञानिक समुदाय सहित विभिन्न हितधारकों को समुद्री जानकारी, चेतावनी और सलाहकार सेवाएँ प्रदान करना है।

भारतीय महाद्वीपीय प्लेट

संदर्भ

एक हालिया खोज के अनुसार, भारतीय प्लेट दो भागों में विभाजित हो रही है, जिसका एक हिस्सा मेंटल में प्रवेश कर रहा है।

भारतीय महाद्वीपीय प्लेट के बारे में

- भारतीय प्लेट एक लघु विवर्तनिक प्लेट है जो पृथ्वी के उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।
- यह चार प्रमुख प्लेटों से घिरा हुआ है: उत्तर में यूरेशियन प्लेट, दक्षिण-पूर्व में ऑस्ट्रेलियाई प्लेट, दक्षिण-पश्चिम में अफ्रीकी प्लेट और पश्चिम में अरब प्लेट।
- इसके उत्तर की ओर बढ़ने के परिणामस्वरूप यूरेशियन प्लेट के साथ एक अभिसारी सीमा बन जाती है।
- यह अफ्रीकी प्लेट के साथ अपसारी सीमा तथा अरब प्लेट के साथ उनकी पार्श्व गति के कारण रूपांतरित सीमा साझा करता है।
- यह कभी ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के साथ मिलकर इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट का हिस्सा थी, किंतु नवीनतम शोध इंगित करते हैं कि भारत और ऑस्ट्रेलिया कम-से-कम पिछले 30 लाख वर्षों से पृथक प्लेटें हैं।
- हिमालय पर्वत श्रृंखला और तिब्बती पठार का निर्माण भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच टकराव के परिणामस्वरूप हुआ है, जो 50 मिलियन वर्ष पहले शुरू हुआ था और आज भी जारी है।

भारतीय प्लेट का विस्तरण (Delamination)

- विस्तरण से तात्पर्य विवर्तनिक प्लेट के सघन निचली परत के ऊर्ध्वाधर रूप से फटने और अलग होने से है।
- इस प्रक्रिया में प्लेट का निचला भाग पृथक होकर मेंटल में समा जाता है, जबकि ऊपरी भाग वहीं रह सकता है या भिन्न दिशा में गतिमान हो सकता है।
- वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि भारतीय प्लेट का एक हिस्सा विस्तरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है।
- इसका अर्थ यह है कि प्लेट दो भागों में विभाजित हो रही है, तथा एक भाग मेंटल में प्रवेश कर रहा है।
- विस्तरण भू-पर्पटी में प्रतिबल निर्माण के तरीके को बदलकर भूकंप के खतरे को बढ़ाता है।

- **जोखिम वाले क्षेत्र:**
  - तिब्बती पठार – पहले से ही भूकंप प्रवण है।
  - कोना-सांगरी भ्रंश – एक गहरी भूगर्भीय भ्रंश = जो संभवतः इस प्लेटीय विभाजन के कारण के कारण उत्पन्न हुई है; यह एक नया भूकंपीय हॉटस्पॉट बन सकता है।



म्याँमार में भूकंप

संदर्भ

म्याँमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे देश में व्यापक विनाश हुआ।

भूकंप का कारण

- **विवर्तनिक प्लेट संचलन:**
  - पृथ्वी का स्थलमंडल विभिन्न टेक्टोनिक प्लेटों में विभाजित है, जो अरबों वर्षों से गतिशील हैं। इन प्लेटों के परस्पर संपर्क से भूकंप एवं अन्य भूगर्भीय संरचनाएँ उत्पन्न होती हैं।
  - म्याँमार में भूकंप ''नतिलम्ब-सर्पण भ्रंश'' के कारण आया, जिसमें दो प्लेटें भ्रंश तल के समान्तर या तो विपरीत दिशा में या उसी दिशा में लेकिन विभिन्न दर से चलती है इन भ्रंश किनारों को संरक्षी किनारे भी कहा जाता है क्योंकि इन किनारों पर स्थलमण्डल न तो उत्पन्न होता है और न तो नष्ट होता है।

सागाइंग भ्रंश

- यह 1,200 किलोमीटर लम्बी भ्रंश रेखा है, जो उत्तर से दक्षिण तक मांडले और यॉंगून से होकर गुजरती है।
- इस रेखा के किनारे स्थित क्षेत्र देश के सर्वाधिक भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में से एक हैं।

डेविस जलडमरूमध्य प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट

संदर्भ

डेविस जलडमरूमध्य के हिमयुक्त जल के नीचे डेविस जलडमरूमध्य प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट नामक एक छिपा हुआ भूभाग पाया गया है।

डेविस जलडमरूमध्य प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट के बारे में

- बैफिन द्वीप (कनाडा) और ग्रीनलैंड के बीच डेविस जलडमरूमध्य के जमे हुए पानी के नीचे एक नया भूभाग खोजा गया है।
  - डेविस जलडमरूमध्य कनाडा के बैफिन द्वीप को ग्रीनलैंड से अलग करता है।
- इसे ''प्राचीन/आद्य सूक्ष्म महाद्वीप''के रूप में वर्गीकृत किया गया है- अर्थात् ऐसा महाद्वीपीय क्रस्ट (continental crust) जो किसी बड़े महाद्वीप से आंशिक रूप से अलग हो चुका है, किंतु पूर्णतः विच्छिन्न नहीं हुआ है।
- इसे डेविस स्ट्रेट प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट नाम दिया गया है क्योंकि य हडेविस जलडमरूमध्य के विवर्तनिक विकास प्रक्रिया के कारण निर्मित हुआ है।
- **आकार:** अनुमानतः 19 से 24 किमी चौड़ा।

प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट के बारे में?

- यह महाद्वीपीय भूपर्पटी का एक टुकड़ा है जो एक बड़े महाद्वीप से टूटकर अलग हो गया है, लेकिन पूरी तरह से अलग नहीं हुआ है।

- खोजी गई अन्य माइक्रोकॉन्टिनेंट्स:
  - जान मेयन – आइसलैंड
  - ईस्ट तस्मान राइज – तस्मानिया के पास।
  - गुल्डेन ड्रेक नॉल – पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया

मध्यवर्ती-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल (IMBHS)

संदर्भ

भारतीय वैज्ञानिकों ने देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप (DOT) का उपयोग करके एक मध्यवर्ती-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल (IMBHs) का पता लगाया।

मध्यवर्ती-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल (IMBHS) के बारे में

- IMBHs को ब्लैक होल परिवार की 'लापता कड़ी' (missing link) माना जाता है:
  - वे अतिविशाल ब्लैक होल से छोटे और तारकीय द्रव्यमान वाले ब्लैक होल (सूर्य के द्रव्यमान से कई गुना बड़े) से बड़े होते हैं।
  - अनुमानित द्रव्यमान सीमा: 100 से 100,000 सौर द्रव्यमान।
  - माना जाता है कि ये सुपरमैसिव ब्लैक होल के प्रारम्भ (Seed) हैं। उनकी खोज ब्लैक होल के विकास और आकाशगंगा के विकास को समझने में मदद करती है।
- इसका पता स्पेक्ट्रमी प्रकाशमितीय अनुरणन मानचित्रण नामक तकनीक का उपयोग करके लगाया गया।

देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप (DOT) के बारे में

- DOT भारत का सबसे बड़ा ऑप्टिकल टेलीस्कोप है, जिसे 2016 में चालू किया गया था।
  - आकार: 3.6 मीटर व्यास.
- यह उत्तराखंड के नैनीताल के पास देवस्थल वेधशाला में स्थित है।
- इसका प्रबंधन – एरीज (ARIES) – आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान द्वारा किया जाता है
  - ARIES भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है।

वायुमंडलीय नदियाँ

संदर्भ

संयुक्त राज्य अमेरिका के एक बड़े हिस्से में वायुमंडलीय नदियों के कारण भारी वर्षा, तेज पवनें और भीषण गरज-तूफान देखने को मिले।

वायुमंडलीय नदियों के बारे में

- ये वायुमंडल में अपेक्षाकृत लंबी, संकरी पट्टियाँ होती हैं- जैसे आकाश में बहती नदियाँ – जो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से ध्रुवों की ओर नमी के 90 प्रतिशत प्रवाह के लिए उत्तरदायी होती हैं।
- **आकार:** औसत वायुमंडलीय नदी लगभग 2,000 किमी लंबी, 500 किमी चौड़ी और लगभग 3 किमी गहरी होती है
- **उत्पत्ति काल:** उत्तरी गोलार्ध में यह मुख्यत: दिसंबर से फरवरी के बीच तथा दक्षिणी गोलार्ध में जून से अगस्त के बीच प्रकट होती हैं, जब बाह्य उष्णकटिबंधीय चक्रवात (extratropical cyclones) सक्रिय होते हैं।
- **निर्माण के लिए आवश्यक शर्तें:**
  - मजबूत निम्न-स्तरीय पवनें, जो जलवाष्प को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए मार्ग का कार्य करती हैं।
    - उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध के जेट स्ट्रीम ऐसे ही वायुमंडलीय मार्ग का कार्य करते हैं, जिनकी गति 442 किमी/घंटा (275 मील/घंटा) तक पहुँच सकती है।
  - उच्च आर्द्रता स्तर
  - पर्वतीय उत्थान

अनानास/पाइनएप्पल एक्सप्रेस

- यह वायुमंडलीय नदी तूफानों का एक उदाहरण है, जो अमेरिका के पश्चिमी तट, विशेष रूप से कैलिफोर्निया में मूसलधार वर्षा का कारण बनता है।
- इसे ''पाइनएप्पल एक्सप्रेस'' इस कारण कहा जाता है क्योंकि इसकी नमी का स्रोत हवाई द्वीपों के उष्णकटिबंधीय जल होते हैं।
- यह ध्रुवीय जेट स्ट्रीम की दक्षिणी शाखा द्वारा संचालित होता है, जो हवाई से गर्म व आर्द्र वायु को स्थानांतरित करता है।

- **वायुमंडलीय नदियों का प्रभाव**
  - विश्व स्तर पर ताजे जल का पुन: वितरण करती हैं।
  - जलग्रहण क्षेत्रों में जलस्तर और हिमावरण (snowpack) में वृद्धि करती हैं।
  - उत्तर अमेरिका, फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल, यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया और न्यूजीलैंड के तटीय भागों में आधे से अधिक वर्षा के लिए उत्तरदायी होती हैं।
  - भूस्खलन, मिट्टी धंसना और भीषण बाढ़ का कारण बन सकता है।
    - भारत में 1985 से 2020 के बीच मॉनसून काल में आई 10 में से 7 सबसे गंभीर बाढ़ों का संबंध वायुमंडलीय नदियों से रहा है।
- **श्रेणियाँ:** इनकी तीव्रता और आकार के आधार पर पाँच श्रेणियाँ होती हैं: **कमजोर (Weak), मध्यम (Moderate), तीव्र (Strong), चरम (Extreme) और असाधारण (Exceptional)।**

दुर्लभ मृदा चुम्बक

संदर्भ

चीन ने अमेरिकी टैरिफ के जवाब में कई महत्वपूर्ण दुर्लभ मृदा तत्वों, धातुओं और चुम्बकों के निर्यात को निलंबित कर दिया है।

दुर्लभ मृदा चुम्बकों के बारे में

- दुर्लभ मृदा चुम्बक, नियोडिमियम, सैमेरियम और डिस्प्रोशियम जैसे दुर्लभ मृदा तत्वों से बने शक्तिशाली स्थायी चुम्बक होते हैं।
- वे फेराइट या अल्निको जैसे पारंपरिक चुम्बकों से 10-20 गुना अधिक शक्तिशाली होते हैं।
- **अनुप्रयोग:**
  - **विद्युत मोटर:** हाइब्रिड वाहनों एवं उच्च दक्षता वाले अनुप्रयोगों में प्रयुक्त।
  - **जनरेटर:** पवन टरबाइन और अन्य ऊर्जा उत्पादन प्रणालियों में।
  - **हार्ड डिस्क ड्राइव:** कंप्यूटर भंडारण उपकरणों में।
  - **ऑडियो स्पीकर:** ध्वनि गुणवत्ता एवं निष्पादन में वृद्धि हेतु।
  - **चिकित्सा उपकरण:** एमआरआई मशीनों और अन्य इमेजिंग प्रणालियों में।
  - **रक्षा क्षेत्र:** निर्देशित मिसाइलों, विमान तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों में।

दुर्लभ मृदा तत्वों के बारे में

- शुद्ध और अनुप्रयोगिक रसायन का अंतरराष्ट्रीय संघ (IUPAC) दुर्लभ मृदा खनिजों को आवर्त सारणी में सत्रह रासायनिक तत्वों के एक समूह के रूप में परिभाषित करता है। इन धातुओं के गुण समान होते हैं।
  - थूलियम और ल्यूटीशियम दो दुर्लभ मृदा तत्व हैं जिनकी प्रचुरता सबसे कम है।
  - सीरियम, इट्रियम, लैंथेनम और नियोडिमियम सबसे प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले दुर्लभ मृदा तत्व हैं।
- चीन विश्व के दुर्लभ मृदा तत्वों (REE) का लगभग 90% उत्पादन करता है।
- दुनिया भर में सर्वाधिक भंडार: (1) चीन (2) ब्राजील (3) भारत (4) रूस (5) ऑस्ट्रेलिया

दुर्लभ मृदा तत्व	वर्तमान अनुप्रयोग
इट्रियम	फॉस्फोरस, चीनी मिट्टी, धातु मिश्र धातु
लैंथेनम	बैटरियाँ, पेट्रोलियम शोधन के लिए उत्प्रेरक
सीरियम	ऑटो उत्प्रेरक, रासायनिक उत्प्रेरक, ग्लास पॉलिशिंग, धातु मिश्र धातु
प्रेजियोडिमियम	उच्च शक्ति चुंबक, पीला सिरेमिक वर्णक
नियोडिमियम	उच्च शक्ति चुम्बक
प्रोमीथियम	बीटा विकिरण स्रोत
सैमरियम	उच्च तापमान चुम्बक,
युरोपियम	फ्लोरोसेंट लाइटिंग
गैडोलीनियम	एमआरआई कंट्रास्ट एजेंट, परमाणु रिएक्टर छड़ें

दुर्लभ मृदा तत्व	वर्तमान अनुप्रयोग
टर्बियम	प्रकाश हेतु फॉस्फर, उच्च तापमान चुंबक
डिस्प्रोशियम	उच्च शक्ति उच्च तापमान चुम्बक, लेजर
होल्मियम	अस्तित्व में सर्वाधिक शक्तिशाली चुम्बक
एर्बियम	लेजर, काँच का वर्णक
थूलियम	सिरेमिक चुंबकीय सामग्री (विकासाधीन)
इटर्बियम	फाइबर ऑप्टिक प्रौद्योगिकी, सौर पैनल
ल्यूटेशियम	पीईटी स्कैनर

गोलकोंडा ब्लू

संदर्भ

गोलकोंडा ब्लू, जो कभी भारतीय राजघरानों के स्वामित्व में था, अब स्विट्जरलैंड के जिनेवा में क्रिस्टीज की **मैग्निफिसेंट ज्वेल्स** सेल में नीलाम होने वाला है।

गोलकोंडा ब्लू के बारे में

- यह 23.24 कैरेट का **फैंसी विविड ब्लू डायमंड** है, जो अपनी अद्वितीय स्पष्टता और गहरे नीले रंग के लिए विख्यात है।
- यह विश्व में सबसे दुर्लभ और सबसे मूल्यवान हीरों में से एक है।
- इसका खनन वर्तमान तेलंगाना के गोलकुंडा क्षेत्र में किया गया था।
  - गोलकुंडा की खदानें कोहिनूर और होप डायमंड जैसे उच्च गुणवत्ता वाले हीरे के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध थीं।
- ऐतिहासिक रूप से इसका स्वामित्व इंदौर (होलकर) और बड़ौदा के शाही परिवारों के पास था।



हीरे के बारे में

निर्माण प्रक्रिया: हीरे पृथ्वी की मेंटल परत में बनते हैं और ज्वालामुखीय गतिविधि के माध्यम से सतह पर आते हैं। ये डाइक्स और सिल्स जैसे ज्वालामुखीय भू-आकृतियों में पाए जाते हैं।

उपयोग: अपनी कठोरता के कारण हीरों का उपयोग आभूषण, औद्योगिक कटिंग टूल्स और पॉलिशिंग में किया जाता है।

वैश्विक हीरा उत्पादन: प्रमुख उत्पादक देश: रूस, बोत्सवाना, कनाडा, अंगोला, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)

सबसे बड़े भंडार: रूस, बोत्सवाना, DRC, अंगोला, दक्षिण अफ्रीका

भारत में हीरे: मध्य प्रदेश: उत्पादन और भंडार दोनों में सबसे आगे

अन्य क्षेत्र: वज्रकारुर किम्बरलाइट पाइप: अनंतपुर जिला,
आंध्र प्रदेश कृष्णा नदी बेसिन की ग्रेवल्स: आंध्र प्रदेश

नोट: किम्बरली प्रक्रिया (Kimberley Process - KP) एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य ब्लड डायमंड (कॉनफ्लिक्ट डायमंड) को वैश्विक बाजार में प्रवेश करने से रोकना है। यह प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से कार्य करती है।

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (पर्यावरण)

समुद्री शैवाल

संदर्भ

भारत की समुद्री शैवाल खेती के अगले दशक में वर्तमान 200 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,277 करोड़ रुपये तक पहुँचने की उम्मीद है।

समुद्री शैवाल के बारे में

- समुद्री शैवाल, या स्थूल शैवाल, स्थूल, बहुकोशिकीय, समुद्री शैवाल की हजारों प्रजातियों को संदर्भित करता है।
- इसमें रोडोफाइटा, फेओफाइटा और क्लोरोफाइटा मैक्रो शैवाल शामिल हैं। इनका रंग लाल, हरा, भूरा और काला होता है।
- इनका आकार सूक्ष्म से लेकर विशाल जलमग्न जंगलों तक भिन्न-भिन्न होता है।

- **समुद्री शैवाल बनाम समुद्री घास:**
  - समुद्री शैवाल, जिन्हें प्रोटिस्टा जगत में शैवाल के रूप में वर्गीकृत किया गया है, पौधे जैसे जीव हैं। इनमें वास्तविक तना, जड़ें, पत्तियाँ और संवहनी ऊतक जैसी विशेषताएँ नहीं होती हैं।
  - इसके विपरीत, समुद्री घास एक समुद्री फूल वाला पौधा है जिसके तने, जड़ें और पत्तियाँ अलग-अलग होती हैं।
  - समुद्री घास में समुद्री शैवाल के विपरीत फल और बीज पैदा करने की क्षमता भी होती है।

भारत में पाई जाने वाली समुद्री शैवाल की प्रजातियाँ

- भारतीय जल में समुद्री शैवाल की लगभग 844 प्रजातियाँ पायी जाती हैं। हिंद महासागर से सटे अन्य देशों की तुलना में भारत में समुद्री शैवाल की संख्या सबसे अधिक है।
  - **ग्रासिलेरिया वेरुकोसा** – चिलिका झील, ओडिशा।
  - **उल्वा लिंजा या उल्वा प्रोलीफेरा** – चिलिका झील, ओडिशा।
  - **ग्रासिलेरिया ड्यूरा** – गुजरात।
  - **उल्वा लैक्टुका, उल्वा फैसिएटा, उल्वा इंडिका** – पूरे भारतीय तट पर।
  - **कैप्पाफायकस** – पूरे भारतीय तट पर।
- तमिलनाडु में समुद्री शैवाल का सर्वाधिक उत्पादन होता है।

भारत में समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल

- 2021 में शुरू किया गया समुद्री शैवाल मिशन, भारत में समुद्री शैवाल की खेती और प्रसंस्करण का व्यावसायीकरण करने के लिए प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्याँकन परिषद (TIFAC) का एक कार्यक्रम है।
- भारत सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा दे रही है।
- भारत में जीवित समुद्री शैवाल के आयात के लिए दिशानिर्देश: भारत में जीवित समुद्री शैवाल के आयात के लिए, आयातक मत्स्य विभाग को एक विस्तृत आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसकी समीक्षा भारतीय जल में विदेशी जलीय प्रजातियों के प्रवेश संबंधी राष्ट्रीय समिति द्वारा की जाएगी। अनुमोदन के बाद, विभाग चार सप्ताह के भीतर आयात परमिट जारी करेगा, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले समुद्री शैवाल जर्मप्लाज्म का आयात आसान हो जाएगा।

CPCB द्वारा उद्योगों का वर्गीकरण

संदर्भ

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने प्रदूषण की संभाव्यता के आधार पर उद्योगों के वर्गीकरण को अद्यतन किया है।

नये वर्गीकरण की विशेषताएँ

- उद्योगों को उनकी प्रदूषणकारी संभाव्यता के आधार पर पाँच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।
- एक नवीन श्रेणी **"नीली श्रेणी (Blue Category)"** को सम्मिलित किया गया है, जो उन उद्योगों के लिए विशेष रूप से निर्धारित है जो **अनिवार्य पर्यावरणीय सेवाएँ (Essential Environmental Services -EES)** प्रदान करते हैं।
- इसमें पर्यावरण प्रबंधन के लिए आवश्यक उद्योग या उपयोगिताएँ शामिल हैं, जैसे:
  - अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र
  - कुछ संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र
  - लैंडफिल/भू-भरण रखरखाव सेवाएँ
  - जैव खनन कार्य

- **विस्तारित वैधता:** नीली श्रेणी में सम्मिलित उद्योगों को ''परिचालन की स्वीकृति (Consent to Operate & CTO)'' हेतु अतिरिक्त दो वर्षों की वैधता प्रदान की जाएगी, जिसे एक प्रोत्साहन के रूप में दिया गया है।

उद्योगों के मानदंड और उदाहरण

उद्योग	प्रदूषण सूचकांक (Pollution Index - PI) सीमा	उदाहरण
लाल	PI > 80	ताप विद्युत संयंत्र, सीमेंट विनिर्माण, चर्मशोधन उद्योग (टैनेरी)
नारंगी	55 ≤ PI < 80	ईंट निर्माण, ड्राई सेल बैटरी, कोयला धुलाई संयंत्र
हरा	25 ≤ PI < 55	आइसक्रीम निर्माण, असेंबली इकाइयाँ (गैर प्रदूषणकारी)
सफेद	PI < 25	सौर ऊर्जा उत्पादन, मेडिकल ऑक्सीजन आदि।
नीला	परिवर्तनीय PI	कचरे से ऊर्जा संयंत्र, लैंडफिल प्रचालक, CBG संयंत्र

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)

- यह जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत 1974 में गठित एक वैधानिक निकाय है। इसे वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ एवं कार्य भी सौंपे गए हैं।
- **कार्य:**
  - जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं शमन।
  - वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं शमन तथा वायु गुणवत्ता में सुधार।
  - जल एवं वायु प्रदूषण से संबंधित विषयों पर केंद्र सरकार को परामर्श प्रदान करना।

साल्ट पैन (लवण क्यारी) भूमि

संदर्भ

महाराष्ट्र सरकार ने धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के तहत झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए 256 एकड़ लवण क्यारी भूमि के आवंटन को मंजूरी दी है।

लवण क्यारी भूमि के बारे में

- ये ऐसे निम्नभूमि क्षेत्र होते हैं जहाँ समुद्री जल प्रवाहित होकर वाष्पित हो जाता है, जिससे नमक एवं खनिज पदार्थ पीछे रह जाते हैं।
- **तटीय विनियमन क्षेत्र (Coastal Regulation Zone - CRZ), 2011** की अधिसूचना के अनुसार, ये भूमि CRZ-1B श्रेणी में आती हैं, जिसमें **लवण निष्कर्षण** एवं **प्राकृतिक गैस अन्वेषण** को छोड़कर अन्य आर्थिक गतिविधियाँ प्रतिबंधित हैं।
- **लवण क्यारी का पारिस्थितिक महत्व:**
  - **बाढ़ सुरक्षा:** लवण क्यारी भूमि, मैंग्रोव वनों के साथ मिलकर प्राकृतिक बाढ़ अवरोधक की भांति कार्य करती है, जो भारी वर्षा एवं ज्वार के समय अतिरिक्त जल को अवशोषित कर लेती है। इससे मुंबई में गंभीर जलभराव की आशंका कम हो जाती है।
  - **जैव विविधता:** ये क्षेत्र विभिन्न पक्षियों एवं समुद्री जीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



Costal Regulation Zone Rules, 2019

CRZ I A: Eco-sensitive areas

CRZ I B: Inter-tidal areas

CRZ II: Areas which have been developed up to or close to the shore

CRZ III A: CRZ-III areas, where the population density is more than 2,161sq km as per 2011Census

CRZ III B: Areas with population density of less than 2,161 per sq km, as per 2011 Census

CRZ IV A: 12 nautical miles from the Low Tide Line towards the sea

CRZ IV B: Tidal influenced waterbodies

NDZ: 50 metres from High Line in CRZ III A areas, 200 m from HTL in CRZ-III B areas



बायोल्यूमिनसेंट (जैव - संदीप्ति) पुलिन-कावरू

संदर्भ

केरल के कोच्चि के पश्चजल में बायोल्यूमिनसेंट नीली लहरें देखी गईं।

जैव-संदीप्ति या कावरू के बारे में

- यह सूक्ष्म जीवों के कारण पानी में रहने वाले जीवों द्वारा प्रकाश का उत्सर्जन है:
  - **प्लवक** (नॉक्टिलुका सिंटिलान्स या समुद्री स्पार्कल)
  - **कुछ शैवाल,** कवक और बैक्टीरिया
- ये जीव अपने शरीर के अंदर रासायनिक अभिक्रिया के माध्यम से प्रकाश उत्पन्न करते हैं।
- इस अभिक्रिया में एक प्रकाश उत्सर्जक वर्णक **(लूसिफेरिन)** और एक एँजाइम (लूसिफेरेज) शामिल होता है।
- जब पानी में हलचल होती है- लहरें, नावों की आवाजाही या यहाँ तक कि पदचिह्नों के कारण - तो ये जीव या तो रक्षा तंत्र के रूप में अथवा संगी को आकर्षित करने के लिए प्रकाश उत्पन्न करते हैं।
- चमक आमतौर पर **नीली** होती है, लेकिन कभी-कभी प्रजातियों और सांद्रता के आधार पर लाल या भूरी (जिसे **लाल ज्वार** कहा जाता है) हो जाती है।
- मलयालम फिल्म **''कुंबलंगी नाइट्स''** के माध्यम से यह सार्वजनिक रूप से लोकप्रिय हुई।
- **इन प्रस्फुटन का क्या कारण है?**
  - **पर्यावरणीय कारक:** सुपोषण, ज्वारनदमुख और तटीय जल में उच्च लवणता और गन्दगी, बढ़ता तापमान और कम वर्षा।
  - **मानव-प्रेरित चालक:** कृषि अपवाह, शहरी उत्सर्जन और निकटवर्ती क्षेत्रों से औद्योगिक अपशिष्ट।
- **जैव – संदीप्ति निम्नलिखित स्थानों पर हो सकती है:** समुद्रतटों और उथले जल में, पश्चजल और ज्वारनदमुखों में और तटों के पास धान के खेतों में (जैसे केरल के पोक्कली के खेत)
- **प्रसिद्ध भारतीय स्थल:**
  - कुंबलंगी और चेल्लनम (कोच्चि, केरल)
  - तिरुवन्मियूर पुलिन (चेन्नई)
  - बेतालबातिम पुलिन (गोवा)
  - बंगाराम द्वीप (लक्षद्वीप)

पारिस्थितिकी निहितार्थ

- **समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर:**
  - शैवाल की अत्यधिक वृद्धि से **हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन** (Harmful Algal Blooms – HABs) हो सकता है, जिससे जल में **ऑक्सीजन की कमी** (हाइपॉक्सिया) उत्पन्न होती है → मछलियों की मृत्यु, जैव विविधता में ह्रास।
  - यह हेपेटोटॉक्सिन, न्यूरोटॉक्सिन, डर्मेटोटॉक्सिन आदि जैसे **विषैले यौगिक** उत्सर्जित करता है।
- यद्यपि प्लवक **समुद्री खाद्य श्रृंखला** में अत्यंत आवश्यक होते हैं, परंतु अत्यधिक मात्रा में ये हानिकारक पदार्थ स्त्रावित करते हैं:
  - डाइमेथिल सल्फाइड, घुलित कार्बनिक कार्बन, अमोनियम आदि।

वैश्विक जियोपार्क

संदर्भ

यूनेस्को ने अपने ग्लोबल जियोपार्क नेटवर्क में 11 देशों के 16 नए स्थलों को सम्मिलित किया है।

यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के बारे में

- यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क **एकल, एकीकृत भौगोलिक क्षेत्र** होते हैं, जहाँ **अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक महत्व के स्थलों** और परिदृश्यों को संरक्षण, शिक्षा और सतत विकास की समग्र अवधारणा के साथ प्रबंधित किया जाता है।
- वर्तमान में **50 देशों में 229 यूनेस्को वैश्विक जियोपार्क** हैं।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - वैश्विक मूल्य की **भूवैज्ञानिक विरासत** को मान्यता देता है।
  - **सतत विकास, भू-शिक्षा, भू-पर्यटन और सामुदायिक भागीदारी** को बढ़ावा देता है।
  - सांस्कृतिक और वैज्ञानिक परंपराओं को बनाए रखने में स्थानीय और स्वदेशी समुदायों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।
- इसकी स्थापना 2015 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन **(यूनेस्को)** द्वारा की गई थी।
- वर्तमान में, **भारत का कोई भी स्थल यूनेस्को की वैश्विक जियोपार्क सूची में शामिल नहीं** है।

यूनेस्को

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक विशेष एजेंसी है।
- इसकी स्थापना 1945 में राष्ट्र संघ की बौद्धिक सहयोग पर अंतर्राष्ट्रीय समिति के उत्तराधिकारी के रूप में की गई थी।
- **सदस्य:** यूनेस्को के 194 सदस्य और 8 सहयोगी सदस्य हैं।
  - भारत आरंभ से ही इसका सदस्य है।
- **मुख्यालय** – पेरिस (फ्रांस)।

फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन

संदर्भ

2015 में, भारत के पर्यावरण मंत्रालय ने SO_2 उत्सर्जन को रोकने के लिए सभी 537 कोयला-आधारित संयंत्रों को 2018 तक FGD सिस्टम स्थापित करने का आदेश दिया था, लेकिन कई चुनौतियों के कारण, समय सीमा अब 2027-2029 तक बढ़ा दी गई है।

फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (FGD) के बारे में

- FGD एक ऐसी प्रौद्योगिकियों की श्रृंखला है जिसे जीवाश्म ईंधन आधारित ताप विद्युत संयंत्रों और अन्य औद्योगिक प्रक्रियाओं से उत्सर्जित फ्लू गैसों में उपस्थित सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2) को हटाने के लिए विकसित किया गया है।
- इसका प्राथमिक लक्ष्य **SO_2 उत्सर्जन को कम करना** है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन समस्याओं में योगदान देता है।
- इसका प्रमुख उद्देश्य SO_2 उत्सर्जन में कमी लाना है, क्योंकि यह अम्ल वर्षा (acid rain) तथा श्वसन तंत्र से जुड़ी समस्याओं का प्रमुख कारण है।
- इसमें **वेट स्क्रबिंग (Wet Scrubbing), ड्राई स्क्रबिंग (Dry Scrubbing)** आदि विभिन्न विधियों का प्रयोग किया जाता है।
- **FGD के लाभ:**
  - यह फ्लू गैसों से 90% या उससे अधिक SO_2 को हटाने में सक्षम है।
  - इसमें उत्पादित जिप्सम (Gypsum) नामक उपोत्पाद का उपयोग निर्माण उद्योग में किया जा सकता है, जिससे अपशिष्ट की मात्रा में कमी आती है।
  - यह ताप विद्युत संयंत्रों को SO_2 उत्सर्जन से संबंधित कठोर पर्यावरणीय मानकों का पालन करने में सहायक बनाता है।
- **चुनौती**
  - **FGD प्रणालियाँ पूंजी-प्रधान हैं, तथा इनके** रखरखाव की आवश्यकता भी काफी अधिक होती है।
  - आर्द्र FGD प्रणालियों को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता होती है, जो जल-कमी वाले क्षेत्रों में चिंता का विषय हो सकता है।

FGD पर राष्ट्रीय प्रगत अध्ययन संस्थान (NIAS) का अध्ययन

- **अध्ययन के निष्कर्ष:**
  - भारतीय संयंत्रों में प्रयुक्त 92% कोयले में सल्फर की मात्रा कम (0.3%-0.5%) है, जिससे FGD की आवश्यकता कम हो जाती है।
  - केवल 8% संयंत्रों ने FGD स्थापित किए हैं, जिनमें से 230 स्थापना के विभिन्न चरणों में हैं तथा 260 के लिए अभी ऑर्डर देना बाकी है।
  - FGD स्थापना लागत ₹1.2 करोड़ प्रति मेगावाट अनुमानित है
- **अनुशंसाएँ:**
  - FGD की स्थापना आयातित कोयले या 0.5% से अधिक सल्फर सामग्री वाले कोयले का उपयोग करने वाले संयंत्रों तक सीमित होनी चाहिए।
  - ध्यान विवक्त कण (पीएम) उत्सर्जन को नियंत्रित करने पर केंद्रित होना चाहिए, जो भारत में वायु गुणवत्ता के लिए अधिक हानिकारक है।
  - इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रीसिपिटेटर, जिसकी लागत 25 लाख रुपये प्रति मेगावाट है, पीएम प्रदूषण को 99% तक कम कर सकता है और यह FGD की तुलना में अधिक लागत प्रभावी है।

ब्लू फ्लैग प्रमाणन

संदर्भ

रुशिकोंडा पुलिन ने ब्लू फ्लैग टैग पुनः प्राप्त कर लिया है, जिसे पहले खराब रखरखाव के कारण वापस ले लिया गया था।



ब्लू फ्लैग प्रमाणन के बारे में

- ब्लू फ्लैग प्रमाणन एक अंतर्राष्ट्रीय इको-लेबल है, जो **फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंटल एजुकेशन (FEE)**, डेनमार्क द्वारा प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार उन **समुद्र तटों, जहाजी घाट और टिकाऊ नौकायन पर्यटन संचालकों** को दिया जाता है जो उच्च पर्यावरण, सुरक्षा और स्वच्छता मानकों को पूरा करते हैं।
- **मानदंड:** ब्लू फ्लैग टैग प्राप्त करने के लिए, किसी समुद्र तट को **चार प्रमुख श्रेणियों में 33 कड़े मानदंडों** को पूरा करना होगा:
  - पर्यावरण शिक्षा और सूचना.
  - जल गुणवत्ता.
  - पर्यावरण प्रबंधन.
  - सुरक्षा एवं सेवाएँ.
- भारत में 12 ब्लू फ्लैग प्रमाणित समुद्र तट हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस

संदर्भ

IBCA और भारत सरकार के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत भारत को IBCA मुख्यालय और सचिवालय का स्थायी मेजबान घोषित किया गया।

इंटरनेशनल बिग कैट (बड़ी बिल्ली) एलायंस (IBCA) के बारे में

- यह एक वैश्विक गठबंधन है, जिसमें 96 बड़ी बिल्लियों वाले तथा गैर-बड़ी बिल्लियों वाले देश सम्मिलित हैं, जो सात प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियों तथा उनके आवासों के संरक्षण हेतु समर्पित हैं।
- इसे 2019 में भारत के प्रधान मंत्री द्वारा प्रस्तावित किया गया था और इसे आधिकारिक तौर पर प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अप्रैल 2023 में लॉन्च किया गया था।
- **उद्देश्य:**
  - सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों से संबंधित अवैध वन्यजीव व्यापार से प्रभावी रूप से निपटना।
  - प्राकृतिक आवासों के संरक्षण को बढ़ावा देना।
  - संरक्षण प्रयासों हेतु वित्तीय एवं तकनीकी संसाधनों का संग्रहण।
  - जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना तथा जैव विविधता संरक्षण को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप संरेखित करना, जिससे संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों में योगदान दिया जा सके।
- **फोकस प्रजातियाँ:** बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा।
- **शासन प्रणाली:** इसमें एक सदस्य सभा (Assembly of Members), एक स्थायी समिति (Standing Committee), और भारत में स्थित एक सचिवालय शामिल है।
  - यह शासन ढांचा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) से प्रेरित है, जिसके अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा एक महानिदेशक (Director-General) की नियुक्ति की जाती है।
- **सदस्य:** वर्तमान में इसके सदस्य देशों में भारत, निकारागुआ, एस्वातिनी तथा सोमालिया सम्मिलित हैं।

बड़ी बिल्लियों/बिग कैट के बारे में

- बड़ी बिल्लियाँ वे जंगली बिल्ली प्रजातियाँ होती हैं, जो आकार में विशाल होती हैं। इनमें मुख्यत: **पैंथेरा (Panthera)** वंश की प्रजातियाँ शामिल होती हैं, तथापि कुछ प्रजातियाँ इस वंश के बाहर की भी मानी जाती हैं।
- **वैज्ञानिक सामान्यत:** बड़ी बिल्लियों को दो गुणों के आधार पर वर्गीकृत करते हैं:
  1. वे **पैंथेरा** वंश से संबंधित होती हैं।
  2. उनके कंठ में एक विशेष दो-खंडीय ह्योइड अस्थि होती है, जो उन्हें गर्जना (roar) करने में सक्षम बनाती है।

साइबेरियाई बाघ को अब तक की सबसे बड़ी बड़ी बिल्ली माना जाता है।

भारतीय उपमहाद्वीप में पारंपरिक रूप से निम्नलिखित प्रजातियाँ पाई जाती थीं:

- बंगाल टाइगर
- एशियाई सिंह
- भारतीय तेंदुआ
- भारतीय/एशियाई चीता (1952 में विलुप्त घोषित)
- हिम तेंदुआ

प्रजातियाँ	IUCN रेड लिस्ट स्थिति	CITES परिशिष्ट
बाघ	लुप्तप्राय	परिशिष्ट I
शेर	सुभेद्य	एशियाई शेर: परिशिष्ट I,
अन्य सभी शेर आबादियाँ: परिशिष्ट II		
तेंदुआ	सुभेद्य	परिशिष्ट I
हिम तेंदुआ	सुभेद्य	परिशिष्ट I
चीता	सुभेद्य	परिशिष्ट I (बोत्सवाना, नामीबिया और जिम्बाब्वे की जनसंख्या को छोड़कर, जो परिशिष्ट II में शामिल हैं)
जगुआर	संकटासन्न	परिशिष्ट I
प्यूमा	संकट मुक्त	परिशिष्ट II

उत्सर्जन व्यापार योजना

संदर्भ

सूरत ETS पर किए गए एक नवीनतम अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला है कि इस बाजार तंत्र के उपयोग से औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण में 20-30% की कमी आई है।

उत्सर्जन व्यापार योजना के बारे में

- यह एक विनियामक उपकरण है जिसे परमिट की बाजार-आधारित प्रणाली बनाकर वायु प्रदूषण (विशेष रूप से ग्रीनहाउस गैसों और कणिकाओं) को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है।



- इसे **''कैप-एँड-ट्रेड''** के नाम से भी जाना जाता है, यह उत्सर्जन पर **अधिकतम सीमा (कैप)** निर्धारित करता है और उद्योगों को **उत्सर्जन परमिट खरीदने और बेचने** की अनुमति देता है।
  - जो उद्योग कम प्रदूषण करते हैं, वे अपने अप्रयुक्त परमिट बेच सकते हैं।
  - जो उद्योग निर्धारित सीमा से अधिक प्रदूषण करते हैं, वे अतिरिक्त परमिट खरीद कर अनुपालन में बने **रह सकते हैं।**
- **ETS के उद्देश्य:**
  - लागत प्रभावी और लचीले तरीके से प्रदूषण कम करना।
  - उद्योगों को **स्वच्छ प्रौद्योगिकी** में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना।
  - दंडात्मक विनियामक प्रवर्तन के स्थान पर **बाजार तंत्र** लागू करना।

भारत का वर्तमान मॉडल (कमांड-एँड-कंट्रोल):

- वर्तमान में केंद्रीय और राज्य नियामक (पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) उल्लंघनकर्ताओं की निगरानी करते हैं और उन्हें दंडित करते हैं।
- **समस्याएँ:**
  - **स्टाफ की कमी, अकुशल प्रवर्तन, नौकरशाही लालफीताशाही।**
  - **'एक ही मापदंड सभी पर लागू'** जैसी व्यवस्था, जो विभिन्न आकारों और क्षमताओं वाले उद्योगों के लिए उपयुक्त नहीं।
- **ETS लाभ:**
  - **लचीलापन:** यह छोटी इकाइयों को परमिट खरीदकर समय प्राप्त करने की अनुमति देता है।
  - **बाजार-संचालित:** प्रदूषण कम करने वाली तकनीक में निवेश को प्रोत्साहित करता है।
  - **स्व-विनियमन:** सरकारी निरीक्षण पर कम बोझ।

सूरत ETS के बारे में

- यह कणिकीय पदार्थ को लक्षित करने वाला विश्व का पहला ETS है, तथा किसी भी प्रदूषक के लिए भारत का पहला उत्सर्जन बाजार है।
- इसे 2019 में 342 अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योगों में ठोस ईंधन स्रोतों, जैसे कोयला, लिग्नाइट, डीजल आदि के उपयोग के कारण उत्सर्जित

होने वाले सूक्ष्म कण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लागू किया गया था।

- **सूरत ETS पर अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष:**
  - प्रतिभागी उद्योगों ने **20–30% तक प्रदूषण में कमी** की।
  - **कुल 162 उद्योगों का अध्ययन किया गया** — ETS में सम्मिलित उद्योगों का प्रदर्शन पारंपरिक विनियमन वाले उद्योगों की तुलना में बेहतर रहा।
  - ETS उद्योगों के पास **99% समय के लिए उत्सर्जन परमिट** उपलब्ध रहे।
  - जबकि गैर-ETS उद्योगों ने अध्ययन अवधि (लगभग दो वर्ष) के **एक-तिहाई भाग में मानकों** का उल्लंघन किया।

फ्लोराइड

संदर्भ

उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा जिला सोनभद्र, ग्रेनाइट चट्टानों से प्राकृतिक रिसाव और बोरवेल और हैंडपंप पर व्यापक निर्भरता के कारण पीने के पानी में गंभीर फ्लोराइड संदूषण का सामना कर रहा है।



फ्लोराइड के बारे में

- फ्लोराइड एक प्राकृतिक खनिज है जो मिट्टी, पानी, पौधों और चट्टानों में पाया जाता है।
- यह फ्लोरीन का आयनिक रूप है, जो एक अत्यधिक अभिक्रियाशील तत्व है।
- **स्रोत:**
  - **प्राकृतिक:** भूजल और ज्वालामुखी उत्सर्जन।
  - **कृत्रिम:** जल आपूर्ति, दंत उत्पादों जैसे टूथपेस्ट और कुछ दवाइयों में मिलाया जाता है।
- **फ्लोराइड के उपयोग**
  - **दंत स्वास्थ्य:** दाँतों के इनेमल को मजबूत करता है और कैविटी को कम करता है।
  - **औद्योगिक अनुप्रयोग:** एल्यूमीनियम, कीटनाशक और रेफ्रिजरेंट के निर्माण में उपयोग किया जाता है।
  - **सार्वजनिक स्वास्थ्य:** दंत क्षय को कम करने के लिए इसे पीने के पानी में मिलाया जाता है, जिसे जल फ्लोरीकरण के रूप में जाना जाता है।

भारत में फ्लोराइड संदूषण

- **अनुमेय सीमा:**
  - **भारतीय मानक ब्यूरो (BIS):** 1–1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर। इससे अधिक या कम मात्रा दंत क्षति का कारण बन सकती है।
  - **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO):** 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर।
- **23 राज्यों के 370 जिलों** में अलग-अलग स्थानों पर फ्लोराइड का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक पाया गया है।
- **राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, गुजरात और पश्चिम बंगाल** भारत में अपेक्षाकृत उच्च फ्लोराइड-संदूषित राज्य हैं।

वनाग्नि से कार्बन उत्सर्जन

संदर्भ

यूरोपीय संघ के कॉपरनिकस वायुमंडलीय निगरानी सेवा (CAMS) के अनुसार, जनवरी 2025 में जंगलों की आग से लगभग **8 लाख टन कार्बन** वायुमंडल में उत्सर्जित हुआ।

वनाग्नि से कार्बन उत्सर्जन

- वनों, दलदलों एवं घास के मैदानों के दहन से वायुमंडल में भारी मात्रा में कार्बन उत्सर्जित होता है।
- सामान्यत: वन कार्बन सिंक (Carbon Sink) के रूप में कार्य करते हैं, अर्थात् वायुमंडलीय CO_2 को अवशोषित करते हैं।
- परंतु जब ये वन जलते हैं, तो वे संग्रहीत कार्बन को उत्सर्जित कर देते हैं और दशकों तक कार्बन अवशोषण की क्षमता खो बैठते हैं।
- **प्रभाव:**
  - वैश्विक ऊष्मीकरण को बढ़ावा देते हैं, क्योंकि ये प्राकृतिक कार्बन भंडार नष्ट हो जाते हैं, जो पृथ्वी की जलवायु को संतुलित रखने में सहायक होते हैं।
  - धुएँ और कणीय पदार्थों (Particulate Matter) के कारण जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

– **जैव विविधता और मृदा की गुणवत्ता** पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



भारत में वनाग्नि के हॉटस्पॉट

- भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, **उत्तराखंड** ने अकेले 5,315 वनाग्नियों की सूचना दी। **ओडिशा** और **छत्तीसगढ़** अन्य प्रमुख राज्य हैं जहाँ वनाग्नियों की घटनाएँ सर्वाधिक रही हैं।
  – रिपोर्ट में देश भर में आग लगने वाले हॉटस्पॉट की संख्या में गिरावट का भी उल्लेख किया गया है- जो 2021-22 में 2.23 लाख से घटकर 2022-23 में 2.12 लाख और 2023-24 में और भी कम होकर 2.03 लाख हो गई।
- भारत में वनाग्नि से प्रतिवर्ष लगभग 69 मिलियन टन CO_2 उत्सर्जित होता है।

आर्कटिक बोरियल क्षेत्र (ABZ) में व्युत्क्रमित प्रवृत्ति

- नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित 2024 के एक अध्ययन के अनुसार:
  – **30% से अधिक आर्कटिक बोरियल जोन** ने कार्बन को अवशोषित करने के बजाय उत्सर्जित करना शुरू कर दिया है।, जिसका मुख्य कारण लगातार बढ़ती हुई और तीव्र वनाग्नि है।
  – शोधकर्ताओं ने 200 स्थलों (1990-2020) में कार्बन पैटर्न पर नजर रखी, और पाया कि 2001-2020 तक ABZ शुद्ध सिंक बना रहा, लेकिन इस क्षेत्र का एक तिहाई हिस्सा अब CO_2 का शुद्ध स्रोत बन गया है।
- **यह व्युत्क्रमण निम्नलिखित कारणों से हुआ है:**
  – **वनाग्नि:** पूर्वी साइबेरिया की आग (2003) और टिमिन्स वनाग्नि (कनाडा, 2012) जैसी घटनाओं से ABZ द्वारा अवशोषित किये जाने से अधिक कार्बन उत्सर्जित हुआ।
  – **पर्माफ्रॉस्ट का पिघलना:** तापमान में वृद्धि से मिट्टी सूख जाती है, वनस्पति में परिवर्तन होता है, तथा कार्बनिक पदार्थों का अपघटन होता है, जिससे संग्रहीत कार्बन मुक्त होता है।



डी-एक्सटिंक्शन (विलुप्त प्रजातियों को पुनर्जीवित करना)

संदर्भ

टेक्सास स्थित जैव प्रौद्योगिकी कंपनी कोलोसल बायोसाइंसेज ने तीन डायर वुल्फ शावकों के जन्म की घोषणा की।

डी-एक्सटिंक्शन के बारे में

- डी-एक्सटिंक्शन विलुप्त प्रजातियों को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया है, जिसमें निम्नलिखित तकनीकों का उपयोग किया जाता है:
  – **जीन संपादन (जैसे, CRISPR)**
  – **क्लोनिंग**
  – **वर्तमान जीवित निकट सम्बन्धी प्रजातियों के साथ के साथ क्रॉस-ब्रीडिंग।**
- कोलोसल के डी-एक्सटिंक्शन लक्ष्य: वूली मैमथ, थाइलासीन (तस्मानियाई बाघ) और डोडो।

डी-एक्सटिंक्शन को लेकर विवाद

- **वैज्ञानिक चिंताएँ:** विलुप्त प्रजातियों को पुनः पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल करने से-
  – वर्तमान जैव विविधता में विघटन उत्पन्न हो सकता है।
  – आधुनिक पारिस्थितिकी प्रणालियाँ, जो अब इन विलुप्त प्रजातियों का समर्थन करने में सक्षम नहीं रहीं, प्रभावित हो सकती हैं।
- **प्राकृतिक आवास में परिवर्तन:** डायर वुल्फ जैसी प्राचीन प्रजातियों का प्राकृतिक आवास-
  – अलग जलवायु, शिकार प्रजातियाँ और वनस्पति समुदायों वाला था।
  – आधुनिक परिदृश्य मानवीय हस्तक्षेप के कारण खंडित व परिवर्तित हो चुके हैं।

बाघ अभयारण्यों में बफर जोन

संदर्भ

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के नौ बाघ अभयारण्यों में बफर जोन विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है।

योजना की मुख्य विशेषताएँ

- **चेन-लिंक बाड़:** मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील बफर क्षेत्रों में स्थापना।
- **पर्यावास विकास:** वन्य जीवन को सहारा देने के लिए घास के मैदानों और जल संसाधनों का सृजन।
- **वन्यजीव संरक्षण उपाय:** वन्य पशुओं के लिए अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कार्यान्वयन और स्वास्थ्य निगरानी।
- **सामुदायिक सहभागिता:** सतत आजीविका को बढ़ावा देने और संरक्षण प्रयासों में भागीदारी के लिए स्थानीय समुदायों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- मध्य प्रदेश **भारत का ''टाइगर स्टेट''** है। बफर जोन में बाघों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है:
  - 2019: 526 बाघ
  - 2023: 785 बाघ

बाघ अभयारण्यों के बारे में

- इन्हें प्रोजेक्ट टाइगर के तहत वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2006 के माध्यम से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा घोषित और प्रशासित किया जाता है। इन्हें दो क्षेत्रों में विभाजित किया गया है– कोर और बफर।
- **कोर जोन:** यह क्षेत्र सर्वाधिक संरक्षण प्राप्त क्षेत्र होता है, जहाँ बाघों एवं उनके शिकार प्राणियों की रक्षा हेतु सख्त प्रतिबंध होते हैं।
  - इसे **राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य** के समकक्ष कानूनी दर्जा प्राप्त है।
  - इस क्षेत्र में पशु चराई, वानिकी कार्य और अन्य मानव गतिविधियाँ पूर्णत: प्रतिबंधित होती हैं।
- **बफर जोन:** इसमें कोर जोन की तुलना में सुरक्षा का स्तर कम होता है, तथा इसकी सीमा कोर जोन की बाहरी परिधि से शुरू होती है।
  - इस क्षेत्र में कुछ गतिविधियों को नियमों के साथ अनुमति दी गई है, जैसे चराई, वैज्ञानिक अनुसंधान, वनवासियों का बसना, सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि।
- **भारत में बाघ अभयारण्यों के बारे में मुख्य तथ्य**
  - **बाघ अभयारण्यों की कुल संख्या:** 57
  - **सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व:** नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व (आंध्र प्रदेश)।
  - **सबसे छोटा टाइगर रिजर्व:** बोर टाइगर रिजर्व (महाराष्ट्र)

एंटीबायोटिक (प्रतिजैविक) प्रदूषण

संदर्भ

एक अध्ययन के अनुसार, विश्वभर में उपभोग की जाने वाली 29,200 टन शीर्ष-प्रयोग की एंटीबायोटिक दवाओं में से लगभग 8,500 टन (29%) नदियों में प्रविष्ट होती हैं और 3,300 टन (11%) चपाचय एवं उपचार के उपरांत महासागरों अथवा अंतर्देशीय जलाशयों तक पहुँचती हैं।

वैज्ञानिकों ने वैश्विक नदी डेटासेट (RiverATLAS) का उपयोग करके दुनिया की नदियों में एंटीबायोटिक प्रदूषण का अनुमान लगाया।

उन्होंने 21 सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले एंटीबायोटिक्स का अध्ययन किया और लगभग 36 मिलियन किलोमीटर नदियों को कवर करते हुए 8.5 मिलियन नदी खंडों में इनके स्तर का आकलन किया।

प्रमुख एंटीबायोटिक्स: एमोक्सिसिलिन, सेफ्ट्रिएक्सोन, सेफिक्सिम

80% भारतीय नदियाँ एंटीबायोटिक संदूषण के प्रति सुभेद्य हैं

सेफिक्सिम (ब्रोंकाइटिस और अन्य संक्रमणों के इलाज में प्रयुक्त) भारतीय नदियों में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारक है। अन्य उच्च जोखिम वाले देश: नाइजीरिया, पाकिस्तान, इथियोपिया, वियतनाम

एंटीबायोटिक प्रदूषण के स्रोत

- **औषध उद्योग:** अपशिष्ट जल उपचार प्रणालियाँ होने के बावजूद, औषध उद्योग अक्सर एंटीबायोटिक अवशेषों को प्रभावी ढंग से हटाने में विफल रहते हैं।
- **पशुपालन:** भारत में पशुपालन में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग किया जाता है, जिसके कारण वे मिट्टी और आसपास के जल निकायों में रिस जाते हैं।
- **जलकृषि:** भारतीय जलकृषि, विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में झींगा पालन, गर्म पानी से लगातार संक्रमण के कारण एंटीबायोटिक दवाओं पर बहुत अधिक निर्भर करता है।
- **मानव अपशिष्ट:** मानव अपशिष्ट से अपचित एँटीबायोटिक्स मूत्र और मल के माध्यम से सीवेज प्रणालियों में प्रवेश करते हैं।
- अपशिष्ट जल का अपर्याप्त उपचार: अपशिष्ट जल के अपर्याप्त उपचार के कारण एँटीबायोटिक्स नदियों में प्रवाहित हो जाते हैं।

एंटीबायोटिक प्रदूषण का प्रभाव

- **पर्यावरणीय क्षति:** नदियों में एँटीबायोटिक्स जलीय जीवन को नुकसान पहुँचाते हैं।
  - वे जल में प्राकृतिक सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र को बाधित कर सकते हैं।
- **एंटीबायोटिक प्रतिरोध:** सबसे बड़ा खतरा यह है कि नदियों में बैक्टीरिया एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं। ये प्रतिरोधी बैक्टीरिया:
  - पानी या भोजन के माध्यम से मानव या पशु शरीर में प्रवेश करते हैं।
  - ऐसे संक्रमण उत्पन्न होते हैं जिनका सामान्य दवाओं से उपचार नहीं किया जा सकता।

संक्षिप्त समाचार

विषय	विवरण
प्रोजेक्ट आइस-क्रंच	• आइस-क्रंच का अर्थ है: उत्तर-पश्चिमी हिमालय में हिम के सकेंद्रक कण और मेघ संघनन नाभिक के गुण। • यह भारत और स्विटजरलैंड के बीच एक सहयोगात्मक परियोजना है, जिसका उद्देश्य उत्तर-पश्चिमी हिमालय में बादलों में सूक्ष्मभौतिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करना है– विशेष रूप से बर्फ के सकेंद्रक कणों (INPs) और बादल संघनन नाभिक (CCN) पर ध्यान केंद्रित करना। • INPs तथा CCN बादलों की संरचना, वृद्धि एवं वर्षा निर्माण की प्रक्रियाओं में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। • यह नवनिर्मित हिमालयन उच्च ऊंचाई वायुमंडलीय एवं जलवायु अनुसंधान केंद्र, नत्थाटॉप, जम्मू एवं कश्मीर से संचालित होगा।
पिंक मून	• गुलाबी चंद्रमा (पिंक मून) अप्रैल माह में होने वाली पूर्णिमा को दिया गया नाम है। • यह वास्तविक रूप से गुलाबी रंग की नहीं होती – इसका नाम एक गुलाबी जंगली पुष्प से लिया गया है जो वसंत ऋतु के प्रारम्भ में खिलता है। • 2025 में, पिंक मून 12 अप्रैल को घटित हुआ। यह एक माइक्रोमून भी था: – माइक्रोमून उस स्थिति को कहते हैं जब चन्द्रमा अपनी कक्षा में पृथ्वी से सर्वाधिक दूर (अपभू) स्थित होता है, जिससे वह आकार में छोटा और प्रकाश में मंद प्रतीत होता है। – यह **सुपरमून** की विपरीत स्थिति होती है, जिसमें चन्द्रमा पृथ्वी के निकटतम बिंदु (उपभू) पर होता है।
मेसोस्केल कन्वेक्टिव सिस्टम (मध्य मापक्रम संवहनी तंत्र)	• एक हालिया अध्ययन के अनुसार, मिट्टी की नमी का स्तर गंभीर मध्य मापक्रम संवहनी तंत्र (MCS) के लिए प्रारंभिक चेतावनी संकेत के रूप में काम कर सकता है। • MCS एक बड़ा, संगठित मेघगर्जन-तूफानों का समूह होता है। • यह इंग्लैंड से भी बड़े क्षेत्र को आच्छादित कर सकता है तथा सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। • प्रभाव: – इससे तीव्र वर्षा होती है। – इससे अचानक बाढ़, भूस्खलन, आधारभूत संरचनाओं को क्षति, पशुधन तथा मानव जीवन की हानि होती है। • वर्षा का योगदान:उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, कुल वर्षा में MCS का योगदान 50% से 90% तक होता है। • MCS के लिए प्रमुख सक्रिय क्षेत्र (हॉटस्पॉट्स):पश्चिमी और मध्य अफ्रीका, उत्तरी भारत, अर्जेंटीना, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के विशाल मैदान।

विषय	विवरण
पेस्ट फिल प्रौद्योगिकी	• साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) भारत की पहली कोयला सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (PSU) होगी जो भूमिगत कोयला खनन में पेस्ट फिल प्रौद्योगिकी को अपनाएगी। • **लक्षित खदान:** सिंघाली भूमिगत कोयला खदान, कोरबा क्षेत्र, छत्तीसगढ़। पेस्ट फिल प्रौद्योगिकी क्या है? • स्ट फिलिंग एक भूमिगत खनन विधि है, जिसके अंतर्गत खनन उपरांत उत्पन्न रिक्त स्थानों को एक विशेष मिश्रण से भरा जाता है। • इस पेस्ट मिश्रण में सम्मिलित होते हैं- ताप विद्युत संयंत्रों से उत्पन्न फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से निकला अधिभार/उपरिभार मलबा (क्रश्ड ओवरबर्डन), सीमेंट, जल एवं बाइंडिंग रसायन। • कोयला निष्कर्षण के पश्चात, भूमिगत रिक्त स्थानों को इस पेस्ट से भरा जाता है, जिससे सतही भूमि का अधिग्रहण अथवा उपयोग आवश्यक नहीं होता। • पर्यावरणीय एवं संरचनात्मक लाभ: – भूमि धंसाव को रोकता है। – खदान की स्थिरता और सुरक्षा में सुधार होता है। – औद्योगिक अपशिष्ट (फ्लाई ऐश और अधिभार) का पुनर्चक्रण – पर्यावरणीय क्षरण को कम करता है।
प्रतिध्वनि स्थिति निर्धारण (एकोलोकेशन)	• एक नवीन अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि चमगादड़ समूहों में उड़ान भरते समय आपसी टकराव से बचने हेतु अपनी प्रतिध्वनि स्थिति निर्धारण (एकोलोकेशन) प्रणाली को समायोजित करते हैं। • एकोलोकेशन एक शरीरक्रिया विज्ञान है जिसमें दूरस्थ या अदृश्य वस्तुओं (जैसे शिकार) का पता ध्वनि तरंगों के माध्यम से लगाया जाता है, जो वस्तुओं द्वारा उत्सर्जक तक परावर्तित होती हैं। • एकोलोकेशन का उपयोग अभिविन्यास, बाधा से बचने, भोजन प्राप्ति और सामाजिक संपर्क के लिए किया जाता है। • अन्य जानवर जो एकोलोकेशन का उपयोग करते हैं – **डॉल्फिन** – जल के भीतर मछलियाँ खोजने एवं मार्गदर्शन हेतु। – **दंतयुक्त व्हेल** (Toothed Whales) – शिकार खोजने एवं अवरोधों से बचने हेतु। – **ऑयलबर्ड एवं स्विफ्टलेट्स** – अंधेरे गुफाओं में उड़ान भरने हेतु।
ग्रीन ग्रैबिंग	• ग्रीन ग्रैबिंग का तात्पर्य पर्यावरण संरक्षण या सतत विकास परियोजनाओं के बहाने भूमि और संसाधनों का विनियोजन है। • इससे प्रायः स्वदेशी समुदायों, छोटे किसानों और हाशिए पर पड़े समूहों को विस्थापित होना पड़ता है। • यह शब्द ''भूमि हड़पने'' के समान है, किंतु इसे जलवायु कार्रवाई, जैव विविधता संरक्षण या नवीकरणीय ऊर्जा विकास जैसे औचित्य प्रस्तुत कर वैध ठहराया जाता है।
बाकू से बेलेम रोडमैप	• भारत ने हाल ही में आयोजित ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों की बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों से ''बाकू से बेलेम रोडमैप'' पर एकजुट होने का आह्वान किया है। • बाकू से बेलेम रोडमैप 2024 में बाकू, अजरबैजान में आयोजित 29वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP29) के दौरान स्थापित एक पहल है। • इसका प्राथमिक उद्देश्य विकासशील देशों के लिए जलवायु वित्त पोषण को बढ़ाना है। • यह योजना 2035 तक प्रति वर्ष कम से कम 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने की महत्वाकांक्षी दृष्टि प्रस्तुत करती है, ताकि निम्न ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन एवं जलवायु-सहिष्णु विकास पथों को समर्थन प्रदान किया जा सके।
इंडोनेशिया का फूड एवं एनर्जी एस्टेट" कार्यक्रम	• इंडोनेशिया बेल्जियम के आकार के बराबर जंगलों को साफ करने की योजना बना रहा है: – गन्ना (बायोएथेनॉल के लिए) – चावल और अन्य खाद्य फसलें • यह परियोजना सरकार समर्थित "फूड एवं एनर्जी एस्टेट" कार्यक्रम का हिस्सा है। – फूड एस्टेट्स खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर किए जाने वाले वृक्षारोपण हैं। • इसे विश्व में वर्तमान में सबसे बड़ा नियोजित निर्वनीकरण अभियान माना जा रहा है। • इंडोनेशिया की समृद्ध जैव विविधता: – इंडोनेशिया में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा वर्षावन है। – लुप्तप्राय प्रजातियाँ जैसे ऑरांगुटान, हाथी, पापुआन कछुए और विशाल वन पुष्प। – सन् 1950 से अब तक कुल वर्षावन की हानि: - 7.4 करोड़ हेक्टेयर (2,85,715 वर्ग मील) – जो जर्मनी के दो गुने क्षेत्रफल के बराबर है।

विषय	विवरण
बैटइकोमोन	• बैटइकोमोन एक पूर्णतया स्वचालित चमगादड़ पहचान एवं वर्गीकरण प्रणाली है, तथा भारत में अपनी तरह की पहली प्रणाली है। • इसे बेंगलुरु स्थित **इंडियन इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स (IIHS)** में कदंबरी देशपांडे और वेदांत बार्जे द्वारा विकसित किया गया है। • यह प्रणाली ऑडियोमॉथ (Audiomoth) नामक अल्ट्रासोनिक डिटेक्टर तथा रास्पबेरी पाई (Raspberry Pi) माइक्रोप्रोसेसर का प्रयोग कर डेटा संसाधन करती है। • यह विश्व स्तर पर रिकॉर्डिंग + वास्तविक समय वर्गीकरण को एकीकृत करने वाली पहली प्रणाली है। • विशेषताएँ: – सूर्यास्त के समय जब चमगादड़ उड़ने लगते हैं तो यह स्वचालित रूप से सक्रिय हो जाता है। – स्वायत्त रूप से चमगादड़ की गतिविधि को रिकॉर्ड, संग्रहीत, संसाधित और विश्लेषण करता है। – प्रजातियों के अनुसार चमगादड़ों की आवाज, गतिविधि स्तर और व्यवहार पैटर्न की पहचान करता है। – इसकी लागत उन्नत अंतर्राष्ट्रीय डिटेक्टरों की लागत का केवल एक तिहाई है।

समाचार में प्रजातियाँ

प्रजातियाँ	विवरण
ग्रेट इंडियन बस्टर्ड 	• यह भारतीय उपमहाद्वीप में स्थानिक है। • पर्यावास:खुले घास के मैदान, शुष्क मैदान और झाड़ीदार जंगल। • श्रेणी:इसकी जनसंख्या मुख्यत: राजस्थान और गुजरात तक ही सीमित है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी इसकी छोटी जनसंख्या पाई जाती है। • जंगलों में केवल 150 से भी कम बचे हैं तथा लगभग पूरी तरह से भारत तक ही सीमित हैं। • **विशेषताएँ:** – नर पक्षी के सिर पर काले रंग का विशिष्ट किरीट/मुकुट होता है, गर्दन लंबी होती है तथा शरीर भूरा और नीचे की ओर श्वेत रंग का होता है। – मादा आकार में अपेक्षाकृत छोटी होती है और इसके सिर पर काले रंग का विशिष्ट मुकुट नहीं होता। – यह सबसे भारी उड़ान भरने वाले पक्षियों में से एक है, जिसका भार लगभग 10 से 15 किलोग्राम तक हो सकता है। – यह मुख्यत: सर्वाहारी (omnivorous) होता है। • संरक्षण की स्थिति – IUCN स्थिति: गंभीर रूप से लुप्तप्राय – वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची I – सीआईटीईएस: परिशिष्ट 1 – इसे **प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम (Species Recovery Programme)** के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। • खतरे: – बिजली की लाइनें (दृश्यता बाधित करती हैं) – आवास विनाश एवं विखंडन एवं अतिचारण। • जीआईबी के संरक्षण के लिए उठाए गए कदम: – ○ **प्रजाति पुनरुद्धार कार्यक्रम** के तहत संरक्षण। – ○ **राजस्थान सरकार** द्वारा **'प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड'** का आरंभ। – ○ **फायरफ्लाई बर्ड डाइवर्टर** का उपयोग। – ○ **कृत्रिम अंडजोत्पति (Artificial Hatching)** की तकनीक अपनाई गई।

प्रजातियाँ	विवरण
वॉम्बैट 	• यह ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला एक छोटा एवं गठीला जन्तु है, जो भूमिगत लंबी एवं ठंडी सुरंगों में निवास करता है। • वॉम्बैट की तीन प्रजातियाँ होती हैं: – **कॉमन वॉम्बैट (Common Wombat)** – **सदर्न हेयरी-नोस्ड वॉम्बैट (Southern Hairy-nosed Wombat)** – **नॉदर्न हेयरी-नोस्ड वॉम्बैट (Northern Hairy-nosed Wombat)** — यह गंभीर रूप से लुप्तप्राय (Critically Endangered) श्रेणी में है। • यह निशाचर (nocturnal) प्राणी है — अर्थात् मुख्य रूप से रात्रि में सक्रिय रहता है। • **आहार (Diet)**: यह शाकाहारी है — मुख्यत: घास का सेवन करता है। • इसकी खुदाई करने वाली बेहद शक्तिशाली पंजे होते हैं — किन्तु ये शिकार हेतु नहीं होते। • वॉम्बैट्स पृथ्वी पर एकमात्र ऐसे ज्ञात प्राणी हैं, जिनका मल (feces) घनाकार (cube-shaped) होता है, जो इसकी आंतों की मांसपेशियों के आकार और लचीलेपन के कारण होता है। • वॉम्बैट्स **मार्सुपियल (Marsupial)** होते हैं — अर्थात् वे अपने शिशुओं को पेट की थैली (pouch) में रखकर पोषण एवं देखभाल करते हैं। • अन्य धानी प्राणी: कंगारू, कोआला, बैंडिकूट, वालाबी, तस्मानियाई डैविल आदि। – सभी धानी प्राणियों में थैलियाँ नहीं होतीं।
कोलॉसल स्क्विड 	• यह एक कोलॉसल स्क्विड है जो अंटार्कटिका के आसपास के गहरे समुद्र में रहता है। • यह पृथ्वी पर सबसे बड़ा अकशेरुकी है। • यह ठंडी, अंधेरी, और अत्यल्प प्रकाश व उच्च दाब वाले वातावरण में रहता है। • विशेषताएँ: – इसकी भुजाएँ (arms) छोटी होती हैं तथा शरीर अत्यंत भारी-भरकम होता है, जो इसे जाइंट स्क्विड (Giant Squid) से भिन्न बनाता है। – शिकार को पकड़ने के लिए इसके स्पर्शकों पर बड़े, घूमने वाले हुक लगे होते हैं। – इसकी आँखें बास्केटबॉल के आकार की होती हैं- जो पशु जगत में सबसे बड़ी मानी जाती हैं- ये गहरे समुद्र में देखने के लिए अनुकूलित होती हैं (यह आँखें ग्रेट व्हेल से भी बड़ी होती हैं)। • परिपक्व अवस्था में यह 7 मीटर तक लंबा और लगभग 500 किलोग्राम तक भारी हो सकता है- जिससे यह पृथ्वी पर सबसे भारी अकशेरुकी बन जाता है। • यह सेफालोपोडा (Cephalopoda) वर्ग का सदस्य है, जिसमें ऑक्टोपस, कटलफिश एवं अन्य स्क्विड भी सम्मिलित हैं।
नीलगिरि तहर 	• यह एक पर्वतीय बकरी (mountain goat) है जो भारत के पश्चिमी घाट में स्थानिक (endemic) रूप से पाई जाती है। तमिल और मलयालम भाषाओं में इसे "वरायाडु" के नाम से जाना जाता है। • यह भारत में पाई जाने वाली 12 पर्वतीय खुरधारी प्रजातियों (mountain ungulates) में से दक्षिण भारत की एकमात्र प्रजाति है। – **खुरधारी (Ungulate)**: ऐसे शाकाहारी स्तनधारी जिनके खुर होते हैं, जैसे - गाय, भेड़, घोड़ा आदि। • यह तमिलनाडु राज्य का राज्य-प्राणी (State Animal) भी है। • निवास-स्थान: यह 1,200 से 2,600 मीटर की ऊँचाई पर स्थित शोलाघास के पारिस्थितिक तंत्र (Shola-grassland ecosystem) में रहना पसंद करता है। • एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान (Eravikulam National Park) में नीलगिरि तहर की सर्वाधिक सघनता तथा सबसे बड़ी जीवित जनसंख्या पाई जाती है। • परिपक्व नर नीलगिरि तहर को "सैडल बैक" (Saddle Back) कहा जाता है, क्योंकि उसकी पीठ पर एक हल्के रंग का धब्बा होता है जो काठी (saddle) की आकृति जैसा प्रतीत होता है। • सींगों पर बने वलयों (Horn Rings) की गिनती से इसकी आयु का निर्धारण किया जाता है, जैसे पेड़ों के तनों में वलयों से उनकी आयु जानी जाती है। • संरक्षण स्थिति: – IUCN – लुप्तप्राय (Endangered) – **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (WPA) –** अनुसूची-1 (Schedule 1) – CITES – परिशिष्ट-1 (Appendix 1)

प्रजातियाँ	विवरण
मालाबार ग्रे हॉर्नबिल 	• यह पश्चिमी घाट और दक्षिणी भारत की संबद्ध पहाड़ियों में स्थानिक है। • विशेषताएँ: – इनकी चोंच तो बड़ी होती है, लेकिन इनमें वह चोंच नहीं होती जो कुछ अन्य हॉर्नबिल प्रजातियों में पाई जाती है। – इसकी पूंछ का निचला हिस्सा काला तथा सिरे सफेद तथा भौंह पीली होती है। – वे जोड़े या छोटे समूहों में घूमते हैं और अंजीर तथा अन्य जंगली फल खाते हैं। – इसकी तीव्र आवाज तथा अट्टहास जैसी ध्वनि स्थानीय लोगों को इसके अस्तित्व का आभास कराती है। • पर्यावास:वे मुख्यत: घने जंगलों और रबर, सुपारी या कॉफी के बागानों के आसपास पाए जाते हैं। • IUCN स्थिति:सुभेद्य। • भारत में कुल 9 हॉर्नबिल प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें ग्रेट हॉर्नबिल, मालाबार पाइड हॉर्नबिल, रूफस-नेक्ड हॉर्नबिल, इंडियन ग्रे हॉर्नबिल आदि सम्मिलित हैं। **नोट:** केरल के शोधकर्ताओं की एक टीम को मालाबार ग्रे हॉर्नबिल के संरक्षण पर उनके प्रोजेक्ट के लिए संरक्षण नेतृत्व कार्यक्रम (CLP) द्वारा फ्यूचर कंजर्वेशनिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। • CLP फौना एँड फ्लोरा इंटरनेशनल, बर्डलाइफ इंटरनेशनल और वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के बीच एक साझेदारी है। – उद्देश्य: युवा संरक्षणवादियों की क्षमता का निर्माण करना, विशेष रूप से विकासशील देशों में जहाँ संरक्षण के लिए संसाधन अक्सर सीमित होते हैं।
भारतीय ग्रे भेड़िया 	• यह भूरे भेड़िये की एक उप-प्रजाति है जो दक्षिण-पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है। • पर्यावास: झाड़ीदार भूमि, घास के मैदान और अर्ध-शुष्क कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र। • विशेषताएँ: – यह छोटे झुंडों में रहता है तथा अन्य भेड़ियों की तुलना में कम आवाज निकालता है। – ο यह मूलत: रात्रिचर शिकारी है, जो संध्या से प्रात:काल तक सक्रिय रहता है। • संरक्षण की स्थिति: – IUCN: लुप्तप्राय – CITES: परिशिष्ट I में सूचीबद्ध – WPA, 1972: अनुसूची I
मैंटिस श्रिम्प (झींगा) 	• मैन्टिस श्रिम्प एक छोटा, रंगीन क्रस्टेशियन (लगभग 10 सेमी लंबा) है। • यह 23 मीटर/सेकेंड (82.8 किमी/घंटा) की गति से शिकार पर प्रहार करने के लिए डैक्टाइल क्लब नामक हथौड़े जैसी उपांग का उपयोग करता है। • यह प्रहार गति पलक झपकने से लगभग 50 गुना अधिक होती है। • मुक्त की गई ऊर्जा इतनी शक्तिशाली होती है कि: – पानी में शॉक वेव उत्पन्न करती है। – निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के कारण गुहिकायन बुलबुले (छोटे वाष्प बुलबुले) उत्पन्न होते हैं। – इन बुलबुलों के टूटने से उच्च आवृत्ति की शॉकवेव (सैकड़ों मेगाहट्र्ज) निकलती हैं- जो शिकार के लिए एक द्वितीयक प्रहार/आघात होता है। • IUCN स्थिति: संकटमुक्त

STUDY IQ PUBLICATIONS

प्रजातियाँ	विवरण

अस्थि संग्राहक कैटरपिलर

- हवाई द्वीप पर मांसाहारी कैटरपिलर की एक नई प्रजाति, जिसे ''अस्थि संग्राहक'' नाम दिया गया है, की खोज की गई है।
- अस्थि संग्राहक एक मांसाहारी कैटरपिलर है जो मकड़ी के जालों में फंसे कीटों का भक्षण करता है।
- यह न केवल एक संमार्जक है, बल्कि एक सक्रिय शिकारी भी है, जो मकड़ियों द्वारा पकड़े गए कीड़ों को भी खा जाता है।
- यह कीटों के अंगों, जैसे चींटियों के सिर और मक्खी के पंख, से रेशम का आवरण बनाता है।
- यह सुसज्जित खोल एक प्रकार के छलावरण का काम करता है, जिससे यह अपने वातावरण के साथ घुल-मिल जाता है और मकड़ियों से बच जाता है।
- शिकारी कैटरपिलर अत्यंत दुर्लभ हैं, और अस्थि संग्राहक ऐसे व्यवहार का एक अनूठा उदाहरण है।
  - शोधकर्ताओं को 20 वर्षों के अवलोकन के दौरान इनमें से केवल 62 कैटरपिलर ही मिले हैं।
- अस्थि संग्राहक कैटरपिलर को एक-दूसरे को खाते हुए भी देखा गया है।

समाचार में स्थान

स्थान	विवरण

काला सागर

चर्चा में क्यों: रूस और यूक्रेन काला सागर और ऊर्जा अवसंरचना पर सैन्य हमले रोकने पर सहमत हो गए हैं।

विवरण

- यह पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित एक बड़ा अंतर्देशीय समुद्र है।
- यह बोस्फोरस जलडमरूमध्य, मरमरा सागर और डार्डानेल्स जलडमरूमध्य के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।
- काला सागर से सीमा साझा करने वाले देश: तुर्की, बुल्गारिया, यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया और रोमानिया।
- काला सागर में विसर्जित होने वाली नदियाँ:डेन्यूब, नीपर, डॉन.

तुर्की/तुर्किये

चर्चा में क्यों: राष्ट्रपति रजब तैयब इर्दोगान के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी, इस्तांबुल के मेयर इक्रेम इमामोगलू की गिरफ्तारी के बाद तुर्की में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

विवरण

- अवस्थिति: यह आंशिक रूप से एशिया और आंशिक रूप से यूरोप में स्थित है।
- सीमावर्ती देश:जॉर्जिया, आर्मेनिया, ग्रीस, बुल्गारिया, अजरबैजान, ईरान, इराक और सीरिया।
- आसपास के जल निकाय:काला सागर, भूमध्य सागर और एजियन सागर।
- प्रमुख नदियाँ:फरात, दजला और किजिलिर्मक।
- महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य: बोस्फोरस जलडमरूमध्य और डार्डानेल्स जलडमरूमध्य।
- तुर्की नाटो का सदस्य है। नाटो में अमेरिका के बाद इसकी सेना दूसरी सबसे बड़ी है।

मरमरा सागर

चर्चा में क्यों: हाल ही में मरमरा सागर में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया।

विवरण

- यह एक अंतर्देशीय समुद्र है जो तुर्की के एशियाई और यूरोपीय भागों को आंशिक रूप से अलग करता है।
- यह पूर्णत: तुर्की की सीमा के अन्दर है।
- बोस्पोरस जलडमरूमध्य इसे काला सागर से जोड़ता है और डार्डानेल्स जलडमरूमध्य इसे एजियन सागर से जोड़ता है।

स्थान	विवरण

शाहिद राजाई बंदरगाह

चर्चा में क्यों: ईरान के शाहिद राजाई बंदरगाह पर हाल ही में हुए विस्फोट में 28 लोगों की मौत हो गई और 800 लोग घायल हो गए। यह विस्फोट ''सोडियम परक्लोरेट रॉकेट ईंधन'' की खेप में हुआ।

विवरण:

- अवस्थिति: होर्मुज जलडमरूमध्य का उत्तरी तट। बंदर अब्बास बंदरगाह के पश्चिम-दक्षिणपश्चिम में।
- यह बंदर अब्बास बंदरगाह परिसर का हिस्सा है।
- शाहिद राजाई बंदरगाह ईरान का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत टर्मिनल है।

बैसरन घाटी



चर्चा में क्यों: बैसरन घाटी में आतंकी हमला

विवरण

- अवस्थिति:पहलगाम शहर से लगभग 5 किमी दूर, केवल पैदल या टट्टू द्वारा ही पहुँचा जा सकता है।
- यह घने देवदार के जंगलों और बर्फ से ढकी चोटियों से घिरा हुआ है।
- अपने अल्पाइन घास के मैदानों और यूरोपीय भूदृश्य जैसे दृश्यों के कारण इसे मिनी स्विट्जरलैंड का उपनाम दिया गया है।
- पहलगाम अनंतनाग जिले में स्थित है। इसे ''चरवाहों की घाटी'' के नाम से जाना जाता है।

रास ईसा तेल बंदरगाह



चर्चा में क्यों: यमन के रास ईसा ईंधन टर्मिनल पर हाल ही में हुए अमेरिकी हमले में लगभग 74 लोग मारे गए।

विवरण

- अवस्थिति: यमन का लाल सागर तट।
- यह यमन का एक रणनीतिक तेल बंदरगाह है।
- यह यमन के समुद्री व्यापार और ऊर्जा निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- यमन के सीमावर्ती देश: सऊदी अरब और ओमान।
- यमन के प्रमुख बंदरगाह: अदन, अल-हुदैदाह, मोचा/मोखा आदि।

अराल सागर

चर्चा में क्यों: सूख चुका अराल सागर खतरनाक अरालकुम रेगिस्तान बन गया है, जो वैश्विक स्तर पर धूल का एक प्रमुख स्रोत है।

विवरण:

- अवस्थिति:मध्य एशिया में कजाकिस्तान (उत्तर) और उज्बेकिस्तान (दक्षिण) के बीच।
- इसे अमू दरिया और सिर दरिया नदियाँ जल प्रदान करती थीं।
- ऐतिहासिक रूप से, यह सतही क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल निकाय था।
- 1960 में इसका क्षेत्रफल 68,000 वर्ग किमी था जो 2010 तक 90% से अधिक घट गया।
- अराल सागर क्यों सूख गया?
  - सोवियत संघ के काल में अमू दरिया एवं सिर दरिया नदियों का दिशा-परिवर्तन (diversion) कर सिंचाई हेतु प्रयोग किया गया।

<table>
<tr><th>स्थान</th><th>विवरण</th></tr>
<tr><td>तूती/टूती द्वीप

</td><td>चर्चा में क्यों: सूडान गृह युद्ध का तूती द्वीप पर प्रभाव
विवरण
• यह सूडान के खार्तूम में ब्लू नील और व्हाइट नील नदियों के संगम पर स्थित है।
• इसे "खार्तूम का बगीचा" के नाम से भी जाना जाता है।
• सूडान के सीमावर्ती देश/समुद्र: मिस्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, लाल सागर, दक्षिण सूडान, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड और लीबिया।</td></tr>
<tr><td>मोराग एक्सिस

</td><td>• मोराग एक्सिस गाजा में एक नव स्थापित इजरायल-नियंत्रित गलियारा है।
• यह राफा और खान यूनिस के दक्षिणी शहरों के बीच से होकर गुजरता है तथा फिलाडेल्फी मार्ग (मिस्र-गाजा सीमा पर) से जुड़ता है।
• यह एक विस्तृत इजरायली-नियंत्रित "सुरक्षा क्षेत्र" का निर्माण करता है, जिससे इजरायली सेना को निम्नलिखित कार्यों में सुविधा मिलती है:
– दक्षिणी गाजा को अलग-अलग खंडों में विभाजित करना।
– गाजा के भीतर आवाजाही पर नियंत्रण रखना।</td></tr>
<tr><td>स्लोवाकिया

</td><td>चर्चा में क्यों: हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने स्लोवाकिया का दौरा किया।
विवरण
• अवस्थिति: यह मध्य यूरोप का एक स्थलरुद्ध देश है।
• सीमावर्ती देश: पोलैंड, यूक्रेन, हंगरी, ऑस्ट्रिया और चेक गणराज्य।
• स्लोवाकिया यूरोपीय संघ और नाटो का सदस्य है।
• जनवरी 1993 में "वेलवेट डाइवोर्स" होने तक यह चेकोस्लोवाकिया का हिस्सा था।
• तलरूप: इसका उत्तरी भाग कार्पेथियन पर्वतों से घिरा हुआ है। (सबसे ऊंची चोटी - हाई टाट्रास)
• प्रमुख नदियाँ: डेन्यूब, वाह और मोरावा।</td></tr>
<tr><td>रीम नौसेना बेस
Location of Ream naval base in Cambodia

</td><td>चर्चा में क्यों: हाल ही में कंबोडिया और चीन ने संयुक्त रूप से दक्षिण-पश्चिमी कंबोडिया के सिहानोकविले में पुनर्निर्मित रीम नौसेना बेस का उद्घाटन किया।
विवरण
• यह कंबोडिया के दक्षिणी तट पर थाईलैंड की खाड़ी के पास स्थित है।
• यह विवादित दक्षिण चीन सागर के निकट है, एक ऐसा क्षेत्र जिसके लगभग सभी प्रादेशिक जल पर चीन अपना दावा करता है।
• यह बड़े नौसैनिक जहाजों और युद्धपोतों को डॉक करने में सक्षम है।</td></tr>
</table>

स्थान | **विवरण**

एल फशर



- यह उत्तरी दारफुर की राजधानी है।
- यह दारफुर में एक प्रमुख सैन्य और रसद अड्डे के रूप में कार्य करता है।
- यह संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (UNAMID) सहित मानवीय कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है।
- वर्तमान में यह अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (RSF) की घेराबंदी में है।
- वर्तमान में एल-फशर एकमात्र क्षेत्रीय राजधानी है जो RSF के नियंत्रण में नहीं है।

दीर-अल-बलाह

चर्चा में क्यों: गाजा के दीर-अल बलाह स्थित एक स्कूल पर इजरायल द्वारा हाल ही में किए गए हमले में बच्चों और महिलाओं सहित लगभग 31 लोग मारे गए।

विवरण

- दीर-अल-बलाह मध्य गाजा पट्टी में एक फिलिस्तीनी शहर है।
- यह फिलिस्तीन राज्य के दीर-अल-बलाह प्रांत की प्रशासनिक राजधानी है।
- यह गाजा शहर से 14 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।
- यह शहर अपने खजूर के पेड़ों के लिए प्रसिद्ध है, जिनसे इसका नाम व्युत्पन्न हुआ है।
- दीर अल-बलाह शरणार्थी शिविर गाजा पट्टी का सबसे छोटा शरणार्थी शिविर है।

हर्ड और मैकडोनाल्ड द्वीप

चर्चा में क्यों: हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया के हर्ड और मैकडोनाल्ड द्वीप सहित दूरस्थ और निर्जन क्षेत्रों पर टैरिफ लगाया।

विवरण

- हर्ड और मैकडोनाल्ड द्वीप:
  - यह ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से 4,100 किमी दक्षिण पश्चिम में स्थित है।
  - यह ग्लेशियरों से ढका हुआ है और अधिकतर बंजर है।
  - लगभग एक दशक से यहाँ कोई मानवीय गतिविधि दर्ज नहीं की गई है।
- कोकोस (कीलिंग) द्वीप:यह एक निर्जन आस्ट्रेलियाई क्षेत्र भी है।
- नॉरफॉक द्वीप: यहाँ केवल 2,000 निवासी रहते हैं लेकिन यहाँ लागू टैरिफ (29%) मुख्य भूमि ऑस्ट्रेलिया (10%) से अधिक है।

स्थान	विवरण
ताइवान जलडमरूमध्य 	**चर्चा में क्यों:** हाल ही में चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य के मध्य और दक्षिणी भागों में ''स्ट्रेट थंडर-2025A'' नामक दो दिवसीय सैन्य अभ्यास पूरा किया। **विवरण** • अवस्थिति: चीन का फुजियान प्रांत (पश्चिम) और ताइवान (पूर्व)। • यह 110 मील चौड़ा (180 किमी) जलमार्ग है जो मुख्य भूमि चीन और ताइवान को अलग करता है। • इसे फॉर्मोसा जलडमरूमध्य भी कहा जाता है। • विश्व का एक तिहाई नौवहन यातायात ताइवान जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। • यह दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर को जोड़ता है। • नदियाँ: जिउलॉन्ग और मिन। • ताइवान के प्रमुख बंदरगाह: काऊशुंग, अनपिंग, कीलुंग, सुआओ।
टोंगा 	**चर्चा में क्यों:** हाल ही में टोंगा के निकट 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। **विवरण** • अवस्थिति:पोलिनेशिया, दक्षिण प्रशांत महासागर • इसमें लगभग 170 द्वीप हैं जो तीन मुख्य द्वीप समूहों में विभाजित हैं: दक्षिण में टोंगाटापु, मध्य में हापाई और उत्तर में वावाउ। • टोंगा राष्ट्रमंडल और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है। • यह प्रशांत महासागरीय अग्नि वलय का हिस्सा है, जिसके कारण यह भूकंप और सुनामी के प्रति संवेदनशील है।
थांगजिंग पहाड़ियाँ	**चर्चा में क्यों:** हाल ही में मैतेई तीर्थयात्रियों को कुकी-जो समुदाय के विरोध के कारण मणिपुर में थांगजिंग पहाड़ियों की अपनी वार्षिक तीर्थयात्रा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। **विवरण** • अवस्थिति:मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में, मोइरांग शहर के पश्चिम में। • इस पहाड़ी को मणिपुरी लोगों, विशेषकर मोइरांग क्षेत्र के लोगों द्वारा एक पवित्र स्थल माना जाता है। • मैतेई समुदाय प्रतिवर्ष इस पहाड़ी की चोटी तक तीर्थयात्रा करता है, जो उनके आराध्य देवता को समर्पित होती है।
नैनी झील	• अवस्थिति:यह नैनीताल, उत्तराखंड में स्थित एक किडनी के आकार की झील है, यह भारत की सबसे प्रसिद्ध प्राकृतिक झीलों में से एक है। यह सात पहाड़ियों से घिरी हुई है। • इसकी खोज 19वीं सदी के मध्य में ब्रिटिश व्यवसायी पी. बैरन ने की थी। • यह रामसर स्थल नहीं है। जल ह्रास में योगदान देने वाले कारक • बढ़ती जनसंख्या एवं पर्यटन दबाव. • झील के पास अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण। • पुनर्भरण क्षेत्रों का क्षरण, विशेष रूप से सूखाताल झील, जो नैनी झील के लिए एक प्रमुख जलभृत पुनर्भरण क्षेत्र है। • झील में अनुपचारित अपशिष्ट जल का निर्वहन। • घटती वर्षा

समाचार में संरक्षित क्षेत्र

असोला भट्टी WLS

चर्चा में क्यों: दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि खाद्य, जल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में प्रयुक्त समस्त पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी वाहनों को विद्युत वाहनों (EVs) से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

विवरण

- अवस्थिति: अरावली पर्वतमाला की दक्षिणी दिल्ली रिज पर।
  - यह दिल्ली-हरियाणा की सीमा पर स्थित है, तथा दक्षिणी दिल्ली और हरियाणा के फरीदाबाद और गुरुग्राम जिलों के उत्तरी भागों को समाविष्ट करता है।
  - यह सरिस्का-दिल्ली वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है।
- प्राणिजात: गोल्डन जैकाल, धारीदार लकड़बग्घा, भारतीय कलगीदार साही, सिवेट, जंगली बिल्लियाँ, सांप, मॉनिटर छिपकली, नेवला आदि।
- वनस्पतिजात:
  - इसमें कांटेदार, मोम-लेपित और गूदेदार पत्तों जैसे शुष्कोद्भिदीय गुणों वाले पौधे शामिल हैं।
  - प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा और डायोस्पायरोस मोंटाना इसके बड़े क्षेत्र को कवर करते हैं।

फौंगपुइ राष्ट्रीय उद्यान

चर्चा में क्यों: मिजोरम के फौंगपुइ राष्ट्रीय उद्यान के कई हिस्सों में हाल ही में लगी वनाग्नि ने उद्यान के कुल क्षेत्रफल का लगभग नौवां हिस्सा प्रभावित किया है।

विवरण

- अवस्थिति: भारत-म्याँमार सीमा के पास मिजोरम का लौंगत्लाइ जिला।
- इसे ब्लू माउंटेन नेशनल पार्क के नाम से भी जाना जाता है।
- यह स्थानीय मिजो लोगों के लिए एक पवित्र स्थान है, उनका मानना है कि यहाँ उनके पूर्वजों की आत्माएँ निवास करती हैं।
- ''फौंगपुइ'' नाम स्थानीय लाई भाषा से लिया गया है, जहाँ ''फौंग'' का अर्थ है ''घास का मैदान'' और ''पुई'' का अर्थ है ''महान'' जो इस उद्यान के विस्तृत मृदुल मैदानों को दर्शाता है।
- फौंगपुइ मिजोरम की सबसे ऊंची चोटी है। (2157 मीटर)।
- वनस्पतिजात: पर्वतीय उपोष्णकटिबंधीय वन जिनमें ओक, रोडोडेंड्रोन और बांस की दुर्लभ प्रजातियाँ शामिल हैं।
- प्राणिजात: स्लो लोरिस, बाघ, तेंदुआ, लेपर्ड कैट, सीरो, एशियाई काला भालू, स्टंप-टेल्ड मैकाक और कैप्ड लंगूर।
- पक्षीजात: दुर्लभ ब्लाइथ्स ट्रैगोपैन, डार्क रम्प्ड स्विफ्ट आदि।

अगस्त्यमलाई/अगसत्यमला बायोस्फीयर रिजर्व

चर्चा में क्यों: हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (CEC) को अगस्त्यमलाई परिदृश्य का व्यापक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है।

विवरण

- यह तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी पश्चिमी घाट में स्थित है।
- इसका नाम भारतीय पौराणिक कथाओं में पूजनीय ऋषि अगस्त्य के नाम पर रखा गया है।
- इसे 2001 में यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व के रूप में नामित किया गया था
- जैव विविधता हॉटस्पॉट: ABR पश्चिमी घाट-श्रीलंका जैव विविधता हॉटस्पॉट का हिस्सा है।
- बायोस्फीयर रिजर्व के भीतर संरक्षित क्षेत्र:
  - कलाकड़ मुंडनथुराई टाइगर रिजर्व (KMTR) - तमिलनाडु
  - पेप्पारा वन्यजीव अभयारण्य - केरल
  - शेंदुर्नी वन्यजीव अभयारण्य – केरल
  - नेय्यर वन्यजीव अभयारण्य – केरल
  - श्रीविल्लिपुथुर ग्रिजल्ड स्क्विरल वन्यजीव अभयारण्य – तमिलनाडु
  - मेघमलाई और थिरुनेलवेली वन्यजीव अभयारण्य - तमिलनाडु

सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व (STR)	**चर्चा में क्यों:** ओडिशा सरकार ने दुनिया के एकमात्र जंगली मेलेनिस्टिक बाघों के पर्यावास सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व (STR) को राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अधिसूचित किया है। यह भितरकनिका के बाद ओडिशा का दूसरा राष्ट्रीय उद्यान होगा। **विवरण** • अवस्थिति:ओडिशा के सबसे उत्तरी भाग में मयूरभंज जिला। • यह एक राष्ट्रीय उद्यान, टाइगर रिजर्व और बायोस्फीयर रिजर्व है। • वनस्पतिजात: कुछ अर्ध-सदाबहार वनों के साथ पर्णपाती वनों का मिश्रण। साल प्रमुख वृक्ष प्रजाति है। • प्राणिजात: बाघ, हाथी, तेंदुआ, बार्किंग डियर, जंगली बिल्ली, चार सींग वाला मृग आदि। – यह ओडिशा राज्य में बाघों की सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र है। – यहाँ मेलेनिस्टिक बाघ पाए जाते हैं। • बाघ अभयारण्य में कम से कम 12 नदियाँ बहती हैं, जो सभी बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। – बुधबलंगा, पलपाला बंदन, सालंदी, काहैरी और देव। • प्रमुख जनजातियाँ:एरेंगा खड़िया, मनकीडिया, खड़िया, कोल्हा आदि। • यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व: 1994 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया। – यह 2009 से यूनेस्को के विश्व बायोस्फीयर रिजर्व नेटवर्क का भी हिस्सा है। • STR मयूरभंज हाथी रिजर्व का हिस्सा है, जिसमें हदगढ़ वन्यजीव अभयारण्य और कुलडीहा वन्यजीव अभयारण्य भी शामिल हैं।
गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य	**चर्चा में क्यों:** चीता परियोजना संचालन समिति ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान से कुछ चीतों को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। **विवरण** • अवस्थिति: पश्चिमी मध्य प्रदेश में राजस्थान की सीमा से लगे मंदसौर और नीमच जिले को 1974 में WLS के रूप में अधिसूचित किया गया था। • नदी: चम्बल नदी अभयारण्य से होकर बहती है तथा इसे दो भागों में विभाजित करती है। • IBA: गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य और जलाशय को भी महत्वपूर्ण पक्षी एवं जैवविविधता क्षेत्र (IBA) नामित किया गया है। • वनस्पतिजात: खैर, सालई, तेंदू, पलाश आदि। • प्राणिजात:चिंकारा, नीलगाय, तथा चित्तीदार हिरण, तेंदुआ, धारीदार लकड़बग्घा, और सियार आदि। – यहाँ मगरमच्छों और कछुओं की भी अच्छी आबादी है। • ऐतिहासिक स्थान:चतुर्भुजनाथ मंदिर, भड़काजी शैल चित्र और हिंगलाजगढ़ किला।
महुआडांड़ भेड़िया अभयारण्य	• अवस्थिति: झारखंड का लातेहार जिला। • यह पलामू टाइगर रिजर्व का हिस्सा है। • यह भारत का पहला और एकमात्र समर्पित भेड़िया अभयारण्य है • यहाँ मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, जिनमें से 80% से अधिक लोग ''सरना धर्म'' के अनुयायी हैं- जो प्रकृति की पूजा करने वाला धर्म है

अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं आंतरिक सुरक्षा

मुख्य परीक्षा के लिए विषय

आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ता तनाव

पाठ्यक्रम मैपिंग: सामान्य अध्ययन-2 विकासशील और विकसित देशों की नीतियाँ

सन्दर्भ

अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने आर्कटिक में बढ़ते तनाव के बारे में चिंता व्यक्त की है, और चेतावनी दी है कि यदि इसका समाधान नहीं किया गया, तो इससे क्षेत्र में संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है।

आर्कटिक में वर्तमान परिदृश्य

- आर्कटिक में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ पिघल रही है, जिससे संसाधन निष्कर्षण, व्यापार मार्ग और सैन्य विस्तार के नए अवसर खुल रहे हैं।
- रूस, यू.एस., कनाडा, डेनमार्क और चीन जैसे देश अपने दावों और रणनीतिक हितों पर जोर दे रहे हैं, जिससे संभावित संघर्ष को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।
- नाटो और रूस इस क्षेत्र में सैन्य स्थिति बढ़ा रहे हैं, रूस के पास एक मजबूत आइसब्रेकर बेड़ा और सैन्य अड्डे हैं, वहीं स्वीडन और फिनलैंड सहित नाटो के सहयोगी देश आर्कटिक में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं।

आर्कटिक में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

- **समुद्री बर्फ का पिघलना:** आर्कटिक क्षेत्र में समुद्री बर्फ प्रति दशक 12.2% की दर से कम हो रही है (NASA)।
  - यह भूमंडलीय तापन का संकेत देता है और जलवायु आपदा के लिए खतरे की पूर्व चेतावनी (canary in the coal mine) देने का कार्य करता है।

- **नए व्यापार मार्गों का उदय:**
  - पिघलती बर्फ से उत्तरी समुद्री मार्ग (NSR) का मार्ग खुल रहा है- यूरोप और एशिया के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग।
  - इससे सम**य और माल ढुलाई लागत की बचत होती है,** जिससे वैश्विक कार्गो प्रवाह में संभावित रूप से बदलाव आता है।
- **जलवायु प्रतिक्रिया लूप:** बर्फ पिघलने से पृथ्वी की एल्बेडो (परावर्तकता) कम हो जाती है, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।
  - इसका भारत सहित ग्लोबल साउथ में मानसून पैटर्न और कृषि उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

आर्कटिक को किस प्रकार नियंत्रित किया जाता है?

आर्कटिक परिषद

- **स्थापना: 1996 में ओटावा घोषणापत्र** द्वारा
- **उद्देश्य:** आर्कटिक राष्टों के बीच स्वदेशी समुदायों और अन्य आर्कटिक निवासियों के साथ सहयोग, समन्वय और वार्ता को बढ़ावा देना।
  - आर्कटिक क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना और आर्कटिक देशों के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाना।
- **आर्कटिक परिषद सचिवालय:** स्थायी आर्कटिक परिषद सचिवालय, औपचारिक रूप से 2013 से नॉर्वे के ट्रोम्सो में संचालित है।
- **सदस्य:** इस परिषद में सदस्य देश, तदर्थ पर्यवेक्षक देश और 'स्थायी प्रतिभागी' शामिल हैं।
  - **स्थायी सदस्य:** कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूस, स्वीडन और यू.एस।
  - **पर्यवेक्षक का दर्जा:** आर्कटिक क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य राष्ट्रों के साथ-साथ अंतर-सरकारी, अंतर-संसदीय, वैश्विक, क्षेत्रीय और गैर-सरकारी संगठन इसके सदस्य बन सकते हैं, जिन्हें परिषद निर्धारित करती है कि वे इसके काम में योगदान दे सकते हैं।
  - **आर्कटिक परिषद में भारत को पर्यवेक्षक** का दर्जा प्राप्त है।
- **संप्रभु क्षेत्र:** आठ आर्कटिक राष्ट्र (आर्कटिक परिषद के स्थायी सदस्य) अपने अनन्य आर्थिक क्षेत्रों (EEZs) के भीतर भूमि और संसाधनों को नियंत्रित करते हैं।
- **UNCLOS विनियम:** यदि राष्ट्र यह प्रमाणित करते हैं कि समुद्र नितल, उनके महाद्वीपीय निमग्न तट का एक प्राकृतिक विस्तार है, ये अपने 200-नॉटिकल-मील मर्म से परे स्थित क्षेत्रों पर दावों को विस्तारित कर सकते हैं। रूस, कनाडा और डेनमार्क द्वारा किए गए अतिव्यापी दावों का समाधान नहीं हुआ है।
- **वर्तमान स्थिति:** यह क्षेत्र अब भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से जूझ रहा है, विशेषकर रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद।

आर्कटिक क्षेत्र का महत्व

- **संसाधनों के भंडार:** अनुमान है कि आर्कटिक में दुनिया के 13% अज्ञात तेल और 30% अप्रयुक्त प्राकृतिक गैस भंडार हैं, साथ ही दुर्लभ पृथ्वी तत्व, फॉस्फेट और तांबा भी यहाँ पाए जाते हैं, जो इसे ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्र बनाता है।
- **नए व्यापार मार्ग:** बर्फ पिघलने से पूर्वोत्तर मार्ग (रूस के तट के साथ) और उत्तर पश्चिमी मार्ग (कनाडा के माध्यम से) जैसे रणनीतिक शिपिंग मार्ग खुल रहे हैं, जिससे एशिया और यूरोप के बीच समुद्री यात्रा की दूरी कम हो सकती है।
  - चीन के लिए, उत्तरी समुद्री मार्ग मलक्का जलडमरूमध्य के लिए एक रणनीतिक विकल्प प्रदान करता है, जो इसकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण चोक पॉइंट है।
- **सामरिक महत्व:** आर्कटिक सैन्य हित का क्षेत्र बन गया है, विशेष रूप से नाटो और रूस के लिए। ग्रीनलैंड-आइसलैंड-यू.के. (GIUK) गैप एक प्रमुख नौसैनिक चोक पॉइंट है।
  - आर्कटिक उत्तरी अमेरिका और यूरेशिया के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, जो इसे सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए एक शक्तिशाली रणनीतिक स्थान बनाता है।
- **रणनीतिक प्रभुत्व के लिए नया क्षेत्र (रंगमंच):**
  - **आर्कटिक सर्कल में रूस-चीन सहयोग:** रूस ने उत्तर की ओर ऊंचाई पर स्थित क्षेत्रों में सैन्य और आर्थिक बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए चीन, जो एक स्व-घोषित 'निकट आर्कटिक राज्य' है, के साथ मिलकर काम किया है।
  - रूस अपने आर्कटिक फोर्स का गठन कर रहा है क्योंकि यह क्षेत्र उसके परमाणु स्थिति के लिए महत्वपूर्ण है।
- **वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए:** आर्कटिक क्षेत्र में अनुसंधान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे वैश्विक जलवायु परिवर्तन का बैरोमीटर माना जाता है, आर्कटिक में एक सूक्ष्म परिवर्तन महत्वपूर्ण हो जाता है और आर्कटिक क्षेत्र में जलवायु में परिवर्तन से दुनिया के अन्य भागों की जलवायु प्रभावित होती है।

रूस ने आर्कटिक में अपनी उपस्थिति किस प्रकार दर्ज कराई है?

- **सैन्य विस्तार:** रूस ने सोवियत काल के आर्कटिक सैन्य ठिकानों को फिर से खोल दिया है और वायु रक्षा प्रणालियों, रडार स्टेशनों और आर्कटिक ब्रिगेड के साथ अपनी उपस्थिति को आधुनिक बनाया है।
- **आइसब्रेकर बेड़ा:** रूस के पास दुनिया का सबसे बड़ा आइसब्रेकर बेड़ा है, जिसमें परमाणु ऊर्जा आधारित जहाज भी शामिल हैं, जो इसे आर्कटिक जल तक अद्वितीय पहुँच प्रदान करता है।
- **क्षेत्रीय दावे:** रूस ने महाद्वीपीय निग्म्न तट की सीमाओं पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के समक्ष दावे प्रस्तुत किए हैं, जिसमें तर्क दिया गया है कि आर्कटिक समुद्र नितल का बड़ा हिस्सा उसके महाद्वीपीय निग्म्न तट का हिस्सा है।
- **प्रतीकात्मक कार्य:** 2007 में, रूस ने उत्तरी ध्रुव पर आर्कटिक समुद्र तल पर टाइटेनियम ध्वज लगाया, जो उसकी महत्वाकांक्षाओं का संकेत था।
- **रणनीतिक साझेदारी:** रूस ने चीन के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया है और उत्तरी समुद्री मार्ग के प्रमुख हिस्सों को नियंत्रित करता है, जो यूरोप और एशिया के बीच व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है।

भारत के लिए अवसर

- **सामरिक व्यापार पहुँच:** NSR भारत के समुद्री व्यापार को बढ़ावा दे सकता है- **चेन्नई-व्लादिवोस्तोक समुद्री** गलियारा NSR बंदरगाहों से जुड़ सकता है।
  - यूरोप और रूस के लिए परिवहन समय में कटौती।
- **भू-राजनीतिक संतुलन:** भारत को पश्चिम (अमेरिका, जापान) और रूस दोनों के साथ संबंधों को संतुलित करना चाहिए।
  - भारत, आर्कटिक कूटनीति में एक तटस्थ के रूप में, दोनों पक्षों के मध्य मित्रतापूर्ण संबंधो को बढ़ावा देने में (bridge-building) महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।
- आर्कटिक अनुसंधान और जलवायु प्रभाव: भारत के पास स्वालबार्ड में एक अनुसंधान बेस 'हिमाद्री' है।
  - भारतीय अध्ययनों से पता चला है कि आर्कटिक बर्फ पिघलने से मानसून में बदलाव होता है- खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण।

- **जहाज निर्माण और बुनियादी ढांचा:** भारत के 2025-26 के बजट में 3 बिलियन डॉलर, समुद्री विकास कोष के लिए आवंटित किया गया है।
  - नए क्लस्टरों के माध्यम से आर्कटिक-ग्रेड जहाज निर्माण (आइसब्रेकर) को बढ़ावा देना।
- **बहुपक्षीय संलग्नता:** आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम (मई 2025) भारत के आर्कटिक विजन को बढ़ावा देने के लिए एक मंच है।
  - भारत एक बेहतर (महत्वपूर्ण सुधारों के साथ), समावेशी आर्कटिक परिषद की वकालत कर सकता है और शायद एक **'ध्रुवीय राजदूत'** नियुक्त कर सकता है।

प्रमुख देशों की अवस्थिति

देश	अवस्थिति और हित
रूस	• आर्कटिक तटरेखा पर प्रभावी है। पेवेक और सबेटा जैसे आर्कटिक बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। • NSR के अधिकांश हिस्से को नियंत्रित करता है। NSR पर भारत-रूस कार्य समूह की स्थापना की गई।
चीन	• बेल्ट रोड इनिशिएटिव (BRI) के हिस्से, पोलर सिल्क रोड को बढ़ावा दे रहा है। • मलक्का जलडमरूमध्य जैसे पारंपरिक मार्गों को बायपास करने के लिए आर्कटिक तक पहुँच चाहता है। • आर्कटिक राष्ट्र नहीं है, किंतु आक्रामक रूप से हित दिखा रहा है।
अमेरिका	• सामरिक और सैन्य हित। • रूस-चीन प्रभाव को सीमित करने का इच्छुक। • आर्कटिक व्यापार मार्गों में अब तक कम बुनियादी ढांचा निवेश।
यूरोपीय देश	जलवायु प्रभाव के बारे में चिंतित हैं किंतु व्यापार और पर्यावरण शासन में रुचि रखते हैं। • नॉर्वे और स्वीडन जैसे आर्कटिक परिषद के कुछ सदस्य चीन-रूस की गतिविधियों से सतर्क हैं।
जापान और दक्षिण कोरिया	• आर्कटिक में चीन-रूस गठबंधन से चिंतित हैं। • भारत की चिंताओं को साझा करते हैं। • सतत और संतुलित आर्कटिक जुड़ाव में भारत के भागीदार बन सकते हैं।

आर्कटिक क्षेत्र में मुद्दे

- **भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में तेजी:** उत्तर-पश्चिमी मार्ग पर अमेरिका-कनाडा विवाद, रूस का सैन्य निर्माण और चीन की बढ़ती आर्कटिक महत्वाकांक्षाओं से तनाव बढ़ने की उम्मीद है।
- **सैन्यीकरण में वृद्धि:** रूस और नाटो आर्कटिक में सैन्य अभ्यास कर रहे हैं, जबकि चीन अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए परमाणु ऊर्जा-आधारित आइसब्रेकर विकसित कर रहा है।
- **व्यापक वाणिज्यिक हित:** जैसे-जैसे आर्कटिक समुद्री मार्ग अधिक व्यवहार्य होते जा रहे हैं, देश आर्थिक लाभ के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, विशेष रूप से संसाधन निष्कर्षण और शिपिंग में।
- **पर्यावरणीय और कानूनी चुनौतियाँ:** वैश्विक तापमान में वृद्धि और एक व्यापक आर्कटिक संधि (जैसे अंटार्कटिक संधि) की अनुपस्थिति, अनियंत्रित शोषण को जन्म दे सकती है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय संबंध और भी तनावपूर्ण हो सकते हैं।

आगे की राह

- **बहुपक्षीय शासन को बढ़ावा देना**
  - शांतिपूर्ण सहयोग, पर्यावरण संरक्षण और न्यायसंगत संसाधन साझाकरण सुनिश्चित करने के लिए अंटार्कटिक संधि पर आधारित एक व्यापक आर्कटिक संधि निर्मित करना।
  - विवाद समाधान और सुरक्षा वार्ता को शामिल करने के लिए वैज्ञानिक सहयोग से परे अपने अधिदेश का विस्तार करके आर्कटिक परिषद की भूमिका को मजबूत करना।
- विश्वास-निर्माण उपायों को बढ़ाना
  - तनाव कम करने और आकस्मिक संघर्ष से बचने के लिए आर्कटिक और इच्छुक गैर-आर्कटिक देशों के मध्य सैन्य पारदर्शिता समझौते शुरू करना।
  - विश्वास निर्मित करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त बचाव, पर्यावरण और वैज्ञानिक मिशन आयोजित करना।

- **सतत विकास सुनिश्चित करना**
  - पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए शिपिंग और संसाधन निष्कर्षण जैसी वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए कठोर पर्यावरणीय विनियम लागू करना।
  - कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए आर्कटिक गतिविधियों में हरित प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना।
- **स्वदेशी अधिकारों और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना**
  - स्वदेशी समुदायों की भूमि और आजीविका को प्रभावित करने वाले नीतिगत निर्णयों में उनकी भागीदारी की गारंटी देना।
  - आर्कटिक संसाधनों के प्रबंधन में समुदाय-आधारित संरक्षण कार्यक्रमों और पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान का समर्थन करना।
- **वैज्ञानिक सहयोग का अंतर्राष्ट्रीयकरण करना**
  - पारदर्शिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आर्कटिक अनुसंधान और वैज्ञानिक बुनियादी ढांचे के साझा उपयोग के लिए खुली पहुँच की सुविधा प्रदान करना।
  - आर्कटिक और गैर-आर्कटिक देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आर्कटिक वैज्ञानिक विनिमय कार्यक्रम की स्थापना करना।

बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (BIMSTEC) और भारत

सिलेबस मैपिंग: सामान्य अध्ययन-2 क्षेत्रीय संगठन

सन्दर्भ

बिम्सटेक के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों/सरकार प्रमुखों का छठा शिखर सम्मेलन बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित किया गया।

बिम्सटेक के बारे में



भारत-बिम्सटेक संबंधों में चुनौतियाँ

- **आर्थिक असमानताएँ:** सदस्य देशों के बीच व्यापक आर्थिक अंतर, जिसमें भारत प्रमुख अर्थव्यवस्था है।
  - भूटान और नेपाल जैसे छोटे देशों को संयुक्त परियोजनाओं के वित्तपोषण और निष्पादन में बाधाओं का सामना करना पड़ता है।
  - व्यापार असंतुलन बना हुआ है; गैर-प्रशुल्क बाधाएँ (NTBs) और प्रतिबंधात्मक व्यापार नीतियाँ - विशेष रूप से बांग्लादेश द्वारा शुरू की गई - न्यायसंगत व्यापार में बाधा डालती हैं।
- **कनेक्टिविटी और बुनियादी ढाँचे का अभाव:** अपर्याप्त परिवहन और संचार नेटवर्क क्षेत्रीय एकीकरण को सीमित करते हैं।
  - कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट जैसी प्रमुख परियोजनाओं को रसद और परिचालन बाधाओं के कारण देरी का सामना करना पड़ रहा है।
  - अकुशल सीमा शुल्क और सीमा प्रबंधन कनेक्टिविटी के मुद्दों को और खराब करते हैं।
- **संस्थागत सीमाएँ:** बिम्सटेक का संस्थागत ढाँचा कमजोर स्थिति में बना हुआ है; ढाका में सचिवालय में संसाधनों और कर्मचारियों की कमी है।
  - प्रशासनिक अक्षमताओं के कारण क्षेत्रीय पहलों का खराब कार्यान्वयन और निगरानी।
  - बिम्सटेक मुक्त व्यापार समझौते जैसे प्रमुख समझौतों पर धीमी प्रगति इन कमियों को दर्शाती है।

- **राजनीतिक अस्थिरता:** म्यांमार जैसे देशों में अस्थिर राजनीतिक परिस्थितियाँ क्षेत्रीय सहयोग और परियोजना निरंतरता को प्रभावित करती हैं।
  - बार-बार सरकार बदलने से बिम्सटेक एजेंडा की दीर्घकालिक योजना और कार्यान्वयन बाधित होता है।
  - सीमा-संबंधी तनाव (जैसे, भारत-म्यांमार) द्विपक्षीय और क्षेत्रीय संबंधों में तनाव पैदा करते हैं।
- **सुरक्षा संबंधी खतरे:** बंगाल की खाड़ी में समुद्री डकैती, तस्करी और अवैध मछली पकड़ने संबंधी गतिविधियों से समुद्री सुरक्षा को खतरा है।
- **पर्यावरणीय सुभेद्यता:** चक्रवात और बढ़ते समुद्र स्तर जैसी लगातार प्राकृतिक आपदाएँ तटीय सदस्य देशों के लिए खतरा हैं।
  - बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देश विशेष रूप से जोखिम में हैं, जो संयुक्त आपदा प्रबंधन प्रयासों की आवश्यकता को उजागर करता है।
- **भू-राजनीतिक चुनौतियाँ:** म्यांमार, बांग्लादेश और थाईलैंड जैसे देशों में चीन की बढ़ती रणनीतिक और आर्थिक उपस्थिति भारत के प्रभाव को कमजोर करती है।
  - चीन के साथ भारत के तनावपूर्ण संबंध बिम्सटेक के भीतर इसके नेतृत्व की आकांक्षाओं को जटिल बनाते हैं।
- **असमान सदस्य जुड़ाव:** कुछ सदस्य देश बिम्सटेक की तुलना में आसियान या सार्क जैसे अन्य क्षेत्रीय समूहों को प्राथमिकता देते हैं।
  - खंडित भागीदारी, असंगत प्रतिबद्धताओं और कमजोर क्षेत्रीय फोकस की की स्थिति उत्पन्न करती है।

भारत के लिए बिम्सटेक का महत्व

- यह विश्व की 22% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 3.697 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है।
- **विदेश नीति लक्ष्य:** इसका लक्ष्य, हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापार और सुरक्षा प्रमुखता हासिल करने के भारत की विदेश नीति के लक्ष्य के अनुरूप है।
- **क्षेत्रीय नेता:** बिम्सटेक के माध्यम से भारत हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की घुसपैठ का विरोध कर सकता है।
- **क्षेत्रीय सहयोग:** बिम्सटेक सार्क के स्थान पर एक वैकल्पिक मंच के रूप में उभरा है, जो भारत-पाक संबंधों के कारण वर्षों से ठप पड़ा हुआ है।
- **साझा चुनौतियों का समाधान:** बिम्सटेक जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों जैसी साझा चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।
- **बिम्सटेक चार्टर:** इसे अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के साथ सहयोग करने में सक्षम बनाता है; राज्यों, क्षेत्रीय संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की सदस्यता को स्वीकार करता है।
- **क्षेत्रीय स्थिरता:** संयुक्त अभ्यास और सहयोगी फ्रेमवर्क क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे को बढ़ाते हैं, जिससे सदस्य देशों के बीच विश्वास और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है।
- **आर्थिक सहयोग:** सदस्य देशों की स्थलीय और समुद्री व्यापार क्षमता के कारण ठप्डैज्म्ब महत्वपूर्ण है।
- **क्षेत्रीय संपर्क:** BIMSTEC, परिवहन संपर्क के लिए बिम्सटेक मास्टर प्लान के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क में सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है।

आगे की राह

- **भारत की सक्रिय भूमिका:** बिम्सटेक को फलने-फूलने के लिए, भारत (क्षेत्र के सबसे शक्तिशाली देश के रूप में) को आगे आना होगा, संसाधनों का निवेश करना होगा और बंगाल की खाड़ी के अग्रणी संस्थान में रुचि बनाए रखनी होगी।

बिम्सटेक में भारत के प्रयास

- **उत्कृष्टता केंद्र पहल:** भारत ने आपदा प्रबंधन, सतत परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि नवाचार के लिए विशेष बिम्सटेक केंद्रों का प्रस्ताव दिया है।
- **बोधि कार्यक्रम:** सदस्य देशों में क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास का समर्थन करने के लिए शुरू किया गया।

- **संस्थागत तंत्र को मजबूत करना:** अधिक धन और जनशक्ति के साथ सचिवालय को मजबूत करना।
  - सदस्यों को अपने-अपने योगदान के आकार को बढ़ाकर इसे अधिक वित्तीय परिसंपत्तियों से संपन्न करना चाहिए।
- **नियमित रूप से जुड़ाव:** सदस्य देशों को अधिक नियमित रूप से बैठकें आयोजित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि पच्चीस वर्षों में केवल छह शिखर सम्मेलन हुए हैं।
- **कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना:** भौतिक और ऊर्जा कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए मल्टी-मॉडल परिवहन गलियारों और क्षेत्रीय ऊर्जा ग्रिड के माध्यम से बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना।
- **सांस्कृतिक कूटनीति:** क्षेत्रीय पहचान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बिम्सटेक खेलों और संगीत समारोहों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना।
- **उभरती चुनौतियों से निपटना:** अर्थात साइबर खतरों में वृद्धि के लिए संयुक्त साइबर सुरक्षा ढांचे और समन्वय की आवश्यकता है।

भारत-चिली संबंध

सिलेबस मैपिंगः सामान्य अध्ययन-2 द्विपक्षीय संबंध

सन्दर्भ

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट 1 से 5 अप्रैल तक भारत की राजकीय यात्रा पर थे।

चिली

- **राजधानीः** सैंटियागो।
- **सीमाः** उत्तर में पेरू, उत्तर-पूर्व में बोलीविया, पूर्व में अर्जेंटीना, तथा दक्षिण में ड्रेक पैसेज (दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका को जोड़ने वाला अशांत जलमार्ग) तक विस्तारित हैं।
- **प्रमुख स्थानः** अटाकामा मरुस्थल, जो पृथ्वी पर सबसे शुष्क स्थानों में से एक है (हम्बोल्ट महासागरीय धारा के कारण), सोडियम नाइट्रेट उर्वरक का एक प्रमुख स्रोत है।
  - **चुक्विकामाटाः** चिली में सबसे बड़ा तांबा खनन शहर।

भारत के लिए चिली का महत्व

चिली व्यापार, निवेश, खनिज, नवीकरणीय ऊर्जा और कूटनीतिक सहयोग सहित कई क्षेत्रों में भारत के लिए रणनीतिक महत्व रखता है।

- **व्यापार और आर्थिक महत्वः**
  - **दक्षिण अमेरिका में 5वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदारः** 2020 में 1.5 बिलियन डॉलर से 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 3.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।
  - **अधिमान्य व्यापार समझौता (PTA):** भारत-चिली PTA के 2,829 टैरिफ लाइनों तक विस्तार ने व्यापार को बढ़ावा दिया है।
  - **दोहरे कराधान से बचाव समझौताः** भारत और चिली के बीच 9 मार्च 2020 को हस्ताक्षर किए गए।
- **संसाधन-समृद्ध भागीदार**
  - **लिथियम और तांबे के भंडारः** चिली दुनिया का सबसे बड़ा तांबा उत्पादक और लिथियम के शीर्ष/प्रमुख तीन उत्पादकों में से एक है, जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है।
  - **खनन में संभावित सहयोगः** भारत के खनन प्रतिनिधिमंडलों ने चिली में निवेश के अवसरों की खोज की है, विशेष रूप से तांबा और लिथियम निष्कर्षण में।
- **कूटनीतिक और रणनीतिक महत्व**
  - **संयुक्त राष्ट्र में भारत के लिए समर्थनः** चिली ने लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट के लिए भारत का समर्थन किया है।
  - **वैश्विक शासन और बहुपक्षीय मंचः** दोनों देश संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन और जलवायु वार्ता में सहयोग करते हैं।
- **नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु सहयोग**
  - **हरित ऊर्जा में साझा हितः** भारत और चिली जलवायु कार्रवाई के लिए मजबूत प्रतिबद्धताएं साझा करते हैं, विशेष रूप से सौर और पवन ऊर्जा में।
    - चिली ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन रूपरेखा समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।
  - हाइड्रोजन और स्वच्छ ऊर्जा सहयोगः चिली हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में वैश्विक नेता है, एक ऐसा क्षेत्र जहां भारत भी विस्तार कर रहा है।
- **सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंध**
  - भारतीय संस्कृति की बढ़ती लोकप्रियताः योग, आयुर्वेद और भारतीय आध्यात्मिक गतिविधियों का चिली में एक महत्वपूर्ण रूप से अनुसरण किया जाता है।
  - **भारतीय प्रवासीः** भारतीय मूल के लगभग 4,000 लोग, मुख्य रूप से सिंधी समुदाय से, व्यवसाय और व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- **लैटिन अमेरिकी प्रवेशद्वारः** चिली भारत को लैटिन अमेरिकी बाजारों तक पहुंच प्रदान करता है और क्षेत्र में आर्थिक विस्तार के लिए एक सेतु का काम करता है।

भारत-लैटिन अमेरिका संबंध

आमतौर पर माना जाता है कि लैटिन अमेरिका में पूरा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप, साथ ही मैक्सिको, मध्य अमेरिका और कैरिबियाई द्वीप शामिल हैं, जिनके निवासी स्पेनिश, पुर्तगाली और फ्रेंच भाषा बोलते हैं।

सहयोग के क्षेत्र:

- **व्यापार संबंध:**
  - भारत ब्राजील, अर्जेंटीना और वेनेजुएला जैसे देशों से कच्चा तेल, लिथियम, तांबा और कृषि उत्पाद (जैसे सोयाबीन) आयात करता है।
  - **निर्यात:** भारत लैटिन अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और आईटी सेवाओं का निर्यात करता है।
- **ऊर्जा सुरक्षा:**
  - लैटिन अमेरिका भारत के लिए कच्चे तेल का एक प्रमुख स्रोत है (जैसे, वेनेजुएला, ब्राजील, मैक्सिको)।
  - **लिथियम ट्रायंगल:** भारत ईवी बैटरी के लिए महत्वपूर्ण लिथियम आपूर्ति के लिए बोलीविया, चिली और अर्जेंटीना के साथ जुड़ रहा है।
- **सूचना प्रौद्योगिकी:** TCS, इंफोसिस और विप्रो जैसी भारतीय आईटी फर्म ब्राजील, मैक्सिको और कोलंबिया जैसे देशों में आउटसोर्सिंग और डिजिटल सेवाएं प्रदान करती हैं।
- **शिक्षा और संस्कृति:** शैक्षणिक आदान-प्रदान, छात्रवृत्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वृद्धि हुई है। भारत में स्पेनिश और लैटिन अमेरिका में हिंदी सीखने में रुचि बढ़ रही है।
- **बहुपक्षीय सहयोग:** भारत और लैटिन अमेरिकी देश ब्रिक्स (ब्राजील), G20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर दक्षिण-दक्षिण सहयोग और वैश्विक शासन सुधारों को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करते हैं।

संबंधों में चुनौतियाँ

- **भौगोलिक दूरी:** प्रत्यक्ष रूप से शिपिंग मार्गों की कमी और सीमित हवाई संपर्क भी लोगों से लोगों और व्यावसायिक संबंधों को सीमित करता है।

सहभागिता की कमी: कई भारतीय व्यवसायों में लैटिन अमेरिकी बाजारों के बारे में जागरूकता की कमी है, और इसी प्रकार लैटिन अमेरिकी व्यवसायों में भारतीय बाजारों के बारे में जागरूकता का अभाव है। सांस्कृतिक और भाषाई बाधाएँ (स्पेनिश/पुर्तगाली बनाम अंग्रेजी/हिंदी) आपसी घनिष्ठता को कम करती हैं।

- **कम राजनीतिक प्राथमिकता:** भारत की शीर्ष विदेश नीति प्राथमिकताएँ पड़ोसियों, यू.एस., चीन और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर अधिक केंद्रित हैं। इसी प्रकार, लैटिन अमेरिकी देश अक्सर भारत जैसे दूर के भागीदारों की तुलना में यू.एस., चीन और यूरोप के साथ संबंधों को प्राथमिकता देते हैं।
- **व्यापार असंतुलन और सीमित विविधीकरण:** व्यापार काफी हद तक कमोडिटी-केंद्रित है, जिसमें भारत प्राकृतिक संसाधनों का आयात करता है लेकिन अधिकतर कम से मध्यम मूल्य की वस्तुओं का निर्यात करता है।
- **सीमित संस्थागत तंत्र:** अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम उच्च-स्तरीय दौरे, आर्थिक मंच या संस्थागत भागीदारी।
- **चीन का प्रभुत्व:** चीन ने लैटिन अमेरिका में बड़े पैमाने पर निवेश किया है और ऋण दिया है, जिससे वह एक प्रमुख आर्थिक साझेदार बन गया है।
- **राजनीतिक अस्थिरता:** वेनेजुएला या अर्जेंटीना जैसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता, मुद्रा अस्थिरता और नियामक अनिश्चितता भारतीय निवेशकों के लिए जोखिम पैदा करती है।

भारत के लिए आगे की राह

- कूटनीतिक और राजनीतिक जुड़ाव को मजबूत करना: नियमित उच्च-स्तरीय दौरे (वार्षिक शिखर सम्मेलन और मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित करना), समर्पित लैटिन अमेरिका नीति, दूतावास विस्तार।
- कनेक्टिविटी बढ़ाना: प्रत्यक्ष रूप से शिपिंग और हवाई मार्ग: प्रत्यक्ष रूप से कार्गो और यात्री लिंक के लिए समझौतों को बढ़ावा देना, लागत कम करने और सीमा शुल्क दक्षता में सुधार करने के लिए व्यापार सुविधा समझौते करना।
- आर्थिक सहयोग को मजबूत करना
  - व्यापार में विविधता लाना: आईटी, जैव प्रौद्योगिकी, फिनटेक, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में अन्वेषण करना।
  - भारतीय निवेश को प्रोत्साहित करना: भारतीय व्यवसायों को लैटिन अमेरिकी बाजारों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना, (विशेष रूप से ऊर्जा, कृषि और खनन में)।

- – व्यापार समझौतों का विस्तार करना: मर्कोसुर, चिली और पेरू के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देना और अपडेट करना।
- **सॉफ्ट पावर का रणनीतिक उपयोग**
  - – **बॉलीवुड और आयुर्वेद:** भारतीय संस्कृति और स्वास्थ्य उत्पादों को बढ़ावा देना, जो पहले से ही लैटिन अमेरिका के कुछ हिस्सों में प्रमुखता हासिल कर रहे हैं।
  - – **तकनीकी कूटनीति:** क्षमता निर्माण और कूटनीति के लिए एक उपकरण के रूप में भारत की डिजिटल विशेषज्ञता का उपयोग करना।
- **भारत- LAC संवाद मंच बनाना:** शिक्षा, व्यवसाय और नागरिक समाज की भागीदारी के लिए ट्रैक 1.5 और ट्रैक 2 संवाद स्थापित करना।

बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों में कमी

सिलेबस मैपिंग: सामान्य अध्ययन-2 भारत का पड़ोस

सन्दर्भ

बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाकर की जाने वाली हिंसा ने देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और स्थिति को लेकर चिंताएँ पैदा कर दी हैं।

दक्षिण एशिया में धार्मिक अल्पसंख्यक अधिकारों में तुलनात्मक रूप से गिरावट

पूरे पाकिस्तान और बांग्लादेश में मौजूदा राजनीतिक रुझान अल्पसंख्यक अधिकारों में निरंतर कमी का संकेत देते हैं। यह प्रक्षेपवक्र अलग-अलग राष्ट्रीय मुद्दों के बजाय क्षेत्रीय सन्दर्भ में कमी की ओर इशारा करता है।

विभाजन की विरासत

- 1947 में ब्रिटिश भारत का विभाजन हिंदू-मुस्लिम अल्पसंख्यक मुद्दे को हल करने के लिए किया गया था, लेकिन इसने एक जटिल विरासत को पीछे छोड़ दिया। यह दक्षिण एशिया में एक केंद्रीय, स्थायी राजनीतिक मुद्दा बन गया है।
- **नई सामाजिक-राजनीतिक पहचान:** नई पहचान दी गई अर्थात पाकिस्तान में मोहाजिर (भारत से मुस्लिम प्रवासी)।

विभाजन के प्रभाव:

- कश्मीर संघर्ष विभाजन का एक और चल रहा परिणाम है।
- विभाजन ने सिखों और ईसाइयों जैसे गैर-हिंदू, गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों की स्थिति को भी जटिल बना दिया, जिससे उनकी भेद्यता बढ़ गई।
- भारत में बांग्लादेशी शरणार्थी (विशेष रूप से 1971 के बाद)।

विभाजन के बाद के राजनीतिक प्रस्ताव और प्रतिक्रियाएँ

- स्वतंत्र भारत के आरंभिक राजनीतिक नेताओं - श्यामा प्रसाद मुखर्जी और बी.सी. रॉय - ने जनसंख्या के आदान-प्रदान को एक समाधान के रूप में माना।
- सरदार पटेल ने हिंदू प्रवासियों को फिर से बसाने के लिए पूर्वी पाकिस्तान में खुलना और जेसोर पर सैन्य कब्जा करने का प्रस्ताव रखा।
- नेहरू-लियाकत अली समझौता (1950) निम्नलिखित मुद्दों का समाधान करने के लिए हस्ताक्षरित किया गया था:
  - – बढ़ते शरणार्थी संकट।
  - – दोनों पक्षों के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा।
  - – भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की रोकथाम।
- इस समझौते के कारण के.सी. नियोगी और मुखर्जी को त्यागपत्र देना पड़ा, क्योंकि उन्होंने इसे अपर्याप्त माना।

क्षेत्रीय भू-राजनीति का विकास

- समय के साथ, नेहरू-लियाकत समझौता पूर्वी पाकिस्तान में मुस्लिम बहुसंख्यकों, विशेषकर बंगाली मुसलमानों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करने में विफल रहा।
- इस उपेक्षा ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध को बढ़ावा दिया, जिससे बांग्लादेश का निर्माण हुआ।
- इस प्रकार दो-राष्ट्र सिद्धांत के परिणामस्वरूप विडंबना यह हुई कि तीन राष्ट्रों: भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का उदय हुआ।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक सुरक्षा मुद्दों का कारण

- **इसके निर्माण के बाद रवैये में बदलाव:** बांग्लादेश को आजाद कराने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, आपसी संबंध अब कृतज्ञता पर आधारित नहीं हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा बन गई है।
- **भारत की आंतरिक राजनीति का प्रभाव:** बांग्लादेश में, CAA और NRC जैसी भारत की आंतरिक नीतियों ने हिंदुओं के खिलाफ विरोध पैदा किया है, जिन्हें कुछ लोग भारत के प्रति सहानुभूति रखने वाले या भारतीय पक्षपात के लाभार्थी मानते हैं।

7. **स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति की उपेक्षा:** भीड़भाड़, खराब स्वच्छता, सीमित स्वास्थ्य सेवाएँ और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी के कारण कैदियों की शारीरिक व मानसिक स्थिति और अधिक बिगड़ जाती है।
   - मानसिक स्वास्थ्य जेल कल्याण का एक उपेक्षित पहलू बना हुआ है।
8. **आर्थिक एवं सामाजिक असमानताएँ:** हाशिए के समूहों को न्याय प्राप्त करने में अधिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है।
   - उदाहरण: भारत के राष्ट्रपति ने अदालतों में 'ब्लैक कोट सिंड्रोम' की ओर ध्यान आकर्षित किया, जो आम नागरिकों द्वारा न्यायालयीन वातावरण में अनुभव की जाने वाली चिंता को दर्शाता है।

जेल की स्थिति सुधारने के लिए कदम

1. **मॉडल जेल मैनुअल, 2016 का प्रभावी कार्यान्वयन**
   - संविधान के अनुच्छेद 39A (नि:शुल्क कानूनी सहायता) के अनुरूप।
   - प्रमुख प्रावधान:
     - जिला स्तरीय विचाराधीन समीक्षा समितियाँ
     - जेलों में विधिक सहायता केंद्र
     - सक्षम बचाव वकीलों की नियुक्ति
     - बेहतर जीवन स्थितियाँ, विशेषकर महिलाओं के लिए
     - प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) के माध्यम से कैदियों के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण
     - कार्यान्वयन की वार्षिक समीक्षा
2. **ई-जेल परियोजना**
   - गृह मंत्रालय (MHA) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा समर्थित।
   - प्रिजनर इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम (PIMS) का उपयोग कर कैदियों के डेटा (बायोमेट्रिक्स, कानूनी इतिहास, चिकित्सा रिकॉर्ड आदि) को डिजिटल रूप से संग्रहित करता है।
   - विचाराधीन कैदियों की सहायता के लिए नालसा द्वारा 2017 में कानूनी सहायता वेब एप्लीकेशन शुरू की गई।
3. **पात्र विचाराधीन कैदियों के लिए जमानत**
   - **विधि आयोग की 268वीं रिपोर्ट (2017):** 7 वर्ष तक के दंडनीय अपराधों के लिए अधिकतम सजा का एक तिहाई हिस्सा काट चुके विचाराधीन कैदियों के लिए जमानत की सिफारिश की गई।
4. **वैकल्पिक विवाद निपटान**
   - **लोक अदालतें:** पक्षकार सीधे न्यायाधीश से संवाद कर सकते हैं।
   - **फास्ट ट्रैक कोर्ट:** त्वरित सुनवाई के लिए विशेष अदालतें, न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना।
5. **कौशल विकास पहल**
   - रिहाई के बाद रोजगार और पुनर्वास में सहायक।
   - जेल मजदूरी को वैश्विक मानकों के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए।
6. **खुली जेलों को बढ़ावा देना**
   - अच्छे आचरण वाले दोषियों के लिए न्यूनतम सुरक्षा सुविधाएँ।
   - कृषि या समुदाय आधारित कार्य को प्रोत्साहित करना।
7. **मुल्ला समिति (अखिल भारतीय जेल सुधार समिति) की सिफारिशें**
   - राष्ट्रीय कारागार आयोग की स्थापना करना।
   - किशोर अपराधियों को दुर्दांत अपराधियों के साथ रखने पर प्रतिबंध।
   - किशोर अपराधियों के लिए सुरक्षात्मक कानून बनाना।

8. **आईसीटी उपकरणों का लाभ उठाना**
   - मुकदमों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग।
   - जमानत आदेशों के शीघ्र प्रसारण के लिए सर्वोच्च न्यायालय की FASTER प्रणाली।
9. **आदर्श कारागार अधिनियम, 2023**
   - पुनर्वास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सामाजिक पुन: एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है।
   - जेल प्रशासन में लैंगिक संवेदनशीलता और पारदर्शिता पर बल देता है।
10. **जाति-आधारित श्रम विभाजन समाप्त करना**
    - 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 15(1) के उल्लंघन का हवाला देते हुए जेलों में जाति के आधार पर काम सौंपे जाने को असंवैधानिक करार दिया।

जेल प्रशासन आपराधिक न्याय प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे भारत में जेलों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए, साथ ही दोषियों और विचाराधीन कैदियों दोनों के सुधार और व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

विधेयकों पर राज्यपाल की स्वीकृति

सिलेबस मैपिंग: GS-2, कार्यपालिका

सन्दर्भ

सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु राज्य विधानमंडल द्वारा पारित 10 विधेयकों पर निष्क्रियता के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के खिलाफ कड़ा फैसला सुनाया है।

राज्यपाल की भूमिका का परिचय

संविधान के भाग VI में अनुच्छेद 153 राज्यपाल के पद का प्रावधान करता है। राज्यपाल को भारत की संघीय व्यवस्था में एक केंद्रीय कड़ी के रूप में देखा जाता है। राज्यपालों से अपेक्षा की जाती है कि वे संविधान की भावना की रक्षा करते हुए शासन के विभिन्न घटकों को जोड़कर रखें।

राज्यपालों द्वारा विधेयकों पर सहमति रोकने से जुड़ी चुनौतियाँ

- **पक्षपातपूर्ण आचरण:** केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल प्राय: निर्वाचित राज्य सरकारों के कार्य में हस्तक्षेप करते हैं, जिससे शासन व्यवस्था बाधित होती है।
  - इसमें विधेयकों की स्वीकृति में देरी, कुलपतियों की नियुक्ति में हस्तक्षेप, तथा विधायी प्रक्रिया में अनावश्यक भागीदारी शामिल है, जो मूलत: जनप्रतिनिधियों का क्षेत्र है।
- **राज्य सरकारों के साथ टकराव:** राज्यपालों ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर स्वीकृति रोककर या देरी करके, मनमाने ढंग से विधानसभाओं को आहूत कर या स्थगित करके, तथा पारंपरिक अभिभाषणों को बदलकर राज्य के मामलों में हस्तक्षेप किया है।
  - हाल के उदाहरणों में तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को महीनों तक मंजूरी न देना तथा उन्हें राष्ट्रपति के पुनर्विचार के लिए भेजना शामिल है, जिसे मनमाना तथा असंवैधानिक माना गया।
- **कार्यकाल की सुरक्षा का अभाव:** राज्यपालों को **केंद्र सरकार के विवेक पर पद से हटाया** जा सकता है, जिससे उनकी स्वतंत्रता प्रभावित होती है।
  - सुरक्षा की यह कमी उन्हें केंद्र के पक्ष में कार्य करने के लिए अतिसंवेदनशील बनाती है।
- **विवेकाधीन शक्तियों का दुरुपयोग:** राज्यपालों पर अनुच्छेद 200 (विधेयकों पर स्वीकृति) और अनुच्छेद 163 (मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह) के तहत अपनी विवेकाधीन शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है।
  - निरपेक्ष विवेकाधिकार अक्सर मनमाने निर्णयों को जन्म देता है जो संघवाद को कमजोर करते हैं।
- नियुक्ति प्रक्रिया: सरकारिया आयोग जैसी संस्थाओं की सिफारिशों के बावजूद, राज्यपालों की नियुक्ति अक्सर राज्य के मुख्यमंत्रियों या अन्य हितधारकों से परामर्श किए बिना कर दी जाती है, जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।

विधेयकों पर राज्यपाल द्वारा अनुमोदन रोकने पर सर्वोच्च न्यायालय का दृष्टिकोण

- सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि राज्यपालों को विधेयकों पर स्वीकृति के संबंध में अनुच्छेद 200 के अंतर्गत पूर्ण विवेकाधिकार नहीं है।
  - इसमें राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने, पुनर्विचार के लिए वापस भेजने, या राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए विधेयक को सुरक्षित रखने के लिए सख्त समय-सीमा निर्धारित की गई थी।
  - न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि राज्यपाल ने विधेयकों को मनमाने ढंग से लंबित रखा, तो उन्हें स्वीकृत माना जाएगा, और ऐसी देरी को असंवैधानिक ठहराया गया।
- **संवैधानिक कर्तव्यों की पुनः पुष्टि:** न्यायालय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अनुच्छेद 159 के तहत राज्यपालों का दायित्व संविधान का संरक्षण, सुरक्षा और अनुरक्षण करना है।
  - इसमें उन उदाहरणों की आलोचना की गई जहाँ राज्यपालों ने दुर्भावना से काम किया या राजनीतिक कारणों से निर्णय में देरी की।
- **संघवाद और लोकतंत्र:** निर्णय में इस बात पर जोर दिया गया कि संघीय प्रणाली में निर्वाचित प्रतिनिधियों को मनोनीत राज्यपालों की तुलना में अधिक अधिकार होना चाहिए।
  - इसने इस सिद्धांत को बरकरार रखा कि राज्यों को अपने विशेष अधिकार क्षेत्र (7वीं अनुसूची) के अंतर्गत आने वाले विषयों पर कानून बनाने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।
- **ऐतिहासिक उदाहरण: रघुकुल तिलक बनाम गुजरात राज्य (1979)** मामले में न्यायालय ने कहा था कि राज्यपाल केंद्र के कर्मचारी नहीं हैं, अपितु एक उच्च संवैधानिक पदाधिकारी हैं।
  - वर्तमान निर्णय इसी दृष्टांत पर आधारित है और राज्यपालों के मनमाने आचरण पर अंकुश लगाता है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के निहितार्थ

- **संघवाद की सुदृढ़ता:** यह निर्णय राज्यपालों की विवेकाधीन शक्तियों पर अंकुश लगाकर उन्हें केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने से रोकता है।
- **विधायी प्रक्रियाओं की समयबद्धता:** विधेयकों पर निर्णय हेतु समय-सीमा निर्धारित होने से विधायी प्रक्रिया अधिक कुशल बनेगी एवं राजनीतिक हस्तक्षेप की संभावना घटेगी।
- **मनमानी पर रोक:** निर्णय राज्यपालों द्वारा विवेकाधिकारों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक नजीर बनेगा, जिससे वे संवैधानिक सीमाओं के भीतर कार्य करने को बाध्य होंगे।
- **जवाबदेही में वृद्धि:** राज्यपालों को अब अनावश्यक विलंब या दुर्भावनापूर्ण कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकेगा, जिससे पक्षपात की घटनाओं में कमी आएगी।
- **नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार की संभावना:** यद्यपि यह निर्णय इस विषय को प्रत्यक्षतः नहीं छूता, परंतु यह बहस को पुनर्जीवित कर सकता है कि राज्यपालों की नियुक्ति निष्पक्ष एवं स्वतंत्र ढंग से की जानी चाहिए।
- **केंद्र-राज्य संबंधों पर प्रभाव:** यह निर्णय केंद्र द्वारा राज्य मामलों में हस्तक्षेप की संभावना को सीमित कर केंद्र-राज्य संबंधों को संतुलित कर सकता है।

संघवाद की आधारशिला के रूप में राज्यपाल की भूमिका

- **मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति:** असाधारण परिस्थितियों में, यह शक्ति राज्य सरकारों के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने में मदद करती है।
  - **उदाहरण**- स्पष्ट बहुमत न होने की स्थिति में मुख्यमंत्री की नियुक्ति हेतु राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियाँ।
- **नियंत्रण और संतुलन:** राज्यपाल यह सुनिश्चित करता है कि राज्य सरकार संविधान में निहित संघीय प्रावधानों का पालन करे।
  - **उदाहरण**- संविधान की धारा 356 के तहत, राज्यपाल संवैधानिक मशीनरी की विफलता के मामले में राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेज सकता है।
- **केंद्र और राज्यों के बीच सेतु:** महत्वपूर्ण मामलों में राज्यपाल केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है।
  - **उदाहरण**- संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए आरक्षित रख सकता है।
- **राज्य के हितों की रक्षा:** राज्यपाल यह सुनिश्चित करता है कि राज्य की चिंताओं, आकांक्षाओं और विकासात्मक आवश्यकताओं पर उचित ध्यान दिया जाए।
  - उदाहरण- 5वीं और 6वीं अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन में राज्यपाल की भूमिका।

- **विवादों में मध्यस्थता:**
  - उदाहरण- जीएसटी के कार्यान्वयन के लिए चर्चा में मध्यस्थता करने में राज्यपालों की भूमिका।

राज्यपाल की कार्यवाही(अनुच्छेद 200 के तहत)

- सहमति रोकना या राष्ट्रपति के लिए आरक्षित करना
  - राज्यपाल को एक महीने के भीतर कार्यवाही करनी होगी।
- संदेश के साथ विधेयक वापस लौटाना (यदि मंत्रिपरिषद की सलाह के विपरीत सहमति रोकी गई हो)
  - राज्यपाल को तीन महीने के भीतर विधेयक वापस करना होगा।
- राष्ट्रपति के लिए विधेयक आरक्षित करना (राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह के विपरीत)
  - तीन महीने के भीतर पूरा करना होगा।
- पुन: प्रस्तुत किए गए विधेयकों को सहमति देना
  - एक महीने के भीतर सहमति देना अनिवार्य है।

सरकारिया एवं पुंछी आयोग:

- राज्यपाल की नियुक्ति के संदर्भ में मुख्यमंत्री से परामर्श लेने की प्रक्रिया संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जानी चाहिए।
- राज्यपाल को पाँच वर्षों का निश्चित कार्यकाल दिया जाना चाहिए, तथा उनकी पद से हटाने की प्रक्रिया केंद्र सरकार की इच्छानुसार न होकर, संविधान द्वारा निर्धारित नियमों के अधीन होनी चाहिए।

राज्यपाल की भूमिका केंद्र एवं राज्य सरकारों के मध्य एक संवैधानिक सेतु के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। नियुक्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा योग्यता आधारित चयन, अंतर-राज्यीय सहयोग की सुदृढ़ता और नागरिक समाज की सक्रिय भागीदारी से राज्यपाल के पद को अधिक प्रभावशाली एवं उत्तरदायी बनाया जा सकता है।

प्रवासी भारतीयों के लिए दोहरी नागरिकता

सिलेबस मैपिंग: GS-2, नागरिकता

सन्दर्भ

उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट की 25वीं वर्षगांठ ने विदेशों में भारतीयों को दोहरी नागरिकता प्रदान करने पर चर्चा को नए सिरे से शुरू कर दिया है।

दोहरी नागरिकता के बारे में

- **दोहरी नागरिकता:** किसी व्यक्ति को दो या अधिक देशों के नागरिक के रूप में कानूनी दर्जा प्रदान करती है।
- **दोहरी नागरिकता प्रदान करने वाले देश:** अमेरिका, फिनलैंड, अल्बानिया, इजरायल, पाकिस्तान
- विकल्प: भारत 'भारतीय मूल के व्यक्तियों' (Persons of Indian Origin) के लिए OCI (भारतीय प्रवासी नागरिक) योजना प्रदान करता है, किंतु यह पाकिस्तान और बांग्लादेश से पलायन करने वालों को अपवर्जित करता है।
- **लाभ:**
  - दोहरी नागरिकता रखने वाले व्यक्ति दोनों देशों का पासपोर्ट धारण कर सकते हैं।
  - दोनों देशों के राजनीतिक मामलों में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं।
  - यात्रा के लिए वीजा छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
  - दोनों देशों में रोजगार हेतु स्वतंत्र रूप से संलग्न हो सकते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए प्रवासी भारतीयों का महत्व

- **विप्रेषण का प्रमुख स्रोत:** प्रवासी भारतीय प्रतिवर्ष भारत की जीडीपी में लगभग 3.5% का योगदान करते हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) से प्राप्त 42 अरब डॉलर से कहीं अधिक है।
- **समष्टि आर्थिक प्रभाव:** ये प्रेषण भारत के व्यापार और चालू खाता घाटे को संतुलित करने में सहायक होते हैं तथा विदेशी मुद्रा भंडार को सुदृढ़ करते हैं।

- **प्रेषण स्रोतों में परिवर्तन:** पारंपरिक रूप से खाड़ी देश प्रमुख स्रोत थे, किंतु अब विकसित अर्थव्यवस्थाएँ प्रमुख योगदानकर्ता बन रही हैं, जो प्रवासी भारतीयों की बदलती आर्थिक स्थिति को दर्शाता है।
- **अन्य वित्तीय प्रवाहों से अधिक:** प्रवासी भारतीयों के प्रेषण अन्य पूँजी प्रवाहों से अधिक हैं, जिससे विदेशों में बसे भारतीयों की आर्थिक महत्ता स्पष्ट होती है।

नागरिकता से सम्बंधित संवैधानिक प्रावधान

अनुच्छेद 5	संविधान के प्रारंभ पर नागरिकता
अनुच्छेद 6	पाकिस्तान से भारत को प्रव्रजन करने वाले व्यक्तियों के नागरिकता संबंधी अधिकार।
अनुच्छेद 7	पाकिस्तान को प्रव्रजन करने वाले व्यक्तियों के नागरिकता संबंधी अधिकार।
अनुच्छेद 8	भारत के बाहर रहने वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों के नागरिकता संबंधी अधिकार।
अनुच्छेद 9	स्वेच्छा से किसी विदेशी राज्य की नागरिकता अर्जित करने वाले व्यक्तियों का नागरिक न होना।
अनुच्छेद 10	नागरिकता के अधिकारों की निरंतरता।
अनुच्छेद 11	संसद द्वारा नागरिकता के अधिकार का विधि द्वारा विनियमन।

नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024

- **पात्रता:** प्राकृतिककरण या पंजीकरण द्वारा नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को–
  - भारतीय मूल का व्यक्ति
  - भारतीय नागरिक से विवाहित व्यक्ति
  - किसी भारतीय नागरिक का नाबालिग बच्चा
  - वह व्यक्ति जिसके माता-पिता भारतीय नागरिक के रूप में पंजीकृत हों
  - माता-पिता या व्यक्ति स्वतंत्र भारत का नागरिक रहा हो
  - व्यक्ति OCI कार्डधारक के रूप में पंजीकृत हो
- **प्राकृतिककरण द्वारा नागरिकता:** आवेदकों को संविधान की 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध भाषाओं में से किसी एक का ज्ञान होना चाहिए।
- **नागरिकता का परित्याग:** यदि भारतीय नागरिकता का आवेदन स्वीकृत हो गया है तो आवेदन में वर्तमान नागरिकता के अपरिवर्तनीय त्याग की घोषणा होनी चाहिए।

दोहरी नागरिकता के पक्ष में तर्क

- **प्रवासी संबंधों को मजबूत करना:** दोहरी नागरिकता भारतीय प्रवासियों के साथ भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा कर सकती है, जिससे उन्हें भारत के विकास और वैश्विक प्रभाव में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।
- **आर्थिक योगदान:** प्रवासी समुदाय निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और व्यापार सहयोग में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।
- **वैश्विक गतिशीलता और लचीलापन:** दोहरी नागरिकता से विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग अपनी विरासत से जुड़े रह सकते हैं, साथ ही अपने अपनाए गए देशों में अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।
- **सॉफ्ट पावर में वृद्धि:** दोहरी नागरिकता वाला एक मजबूत प्रवासी समुदाय अनौपचारिक राजदूत के रूप में कार्य कर सकता है, जिससे भारत के कूटनीतिक और व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे।
- **अन्य देशों की परंपरा:** अमेरिका, ब्रिटेन जैसे कई देश दोहरी नागरिकता प्रदान करते हैं और वहाँ कोई विशेष समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। भारत यदि यह नीति अपनाए, तो यह वैश्विक मानकों के अनुरूप होगा।

दोहरी नागरिकता के विरुद्ध तर्क

- **विभाजित निष्ठाएँ:** दोहरी नागरिकता के कारण परस्पर विरोधी राजनीतिक निष्ठाएँ उत्पन्न हो सकती हैं, विशेष रूप से भारत और दूसरे राष्ट्र के बीच अंतर्राष्ट्रीय विवादों के दौरान।

- **संप्रभुता का क्षरण:** दोहरी नागरिकता वाले लोगों को वोट देने और नीति निर्धारण को प्रभावित करने की अनुमति देने से विदेशी निष्ठा वाले व्यक्तियों को भारत के आंतरिक मामलों में बोलने का अधिकार मिल सकता है, जिससे राष्ट्रीय संप्रभुता को खतरा हो सकता है।
- **प्रशासनिक और कानूनी जटिलताएँ:** दोहरी नागरिकता का प्रबंधन करने से कराधान, कानूनी विवाद और कानून प्रवर्तन जैसे क्षेत्रों में चुनौतियाँ उत्पन्न होंगी, खासकर यदि दोनों देशों के कानूनों के बीच टकराव उत्पन्न हो।
- **सुरक्षा जोखिम:** दोहरी नागरिकता रखने वाले व्यक्ति अपने विशेषाधिकारों का उपयोग जासूसी, अवैध वित्तीय गतिविधियों या भारत के हितों के प्रतिकूल अन्य कार्यों के लिए कर सकते हैं।
- **असमान व्यवहार:** दोहरी नागरिकता का लाभ मुख्यत: संपन्न एवं प्रभावशाली प्रवासी समुदायों को प्राप्त हो सकता है, जिससे सामाजिक-आर्थिक असंतुलन उत्पन्न होने की आशंका रहती है।
- **राजनीतिक हस्तक्षेप:** यदि दोहरी नागरिकता प्राप्त व्यक्तियों को मतदान या सार्वजनिक पद ग्रहण करने की अनुमति दी जाती है, तो भारत की राजनीतिक प्रक्रिया पर विदेशी प्रभाव पड़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

दोहरी नागरिकता वाले एशियाई देश

- **कंबोडिया:** निवेश, प्राकृतिककरण, वंश या विवाह के माध्यम से दोहरी नागरिकता की अनुमति है। नागरिक अपनी मूल नागरिकता त्यागे बिना कई पासपोर्ट रख सकते हैं।
- **बांग्लादेश:** अन्य देशों की नागरिकता रखने वाले व्यक्तियों को बांग्लादेशी नागरिकता बनाए रखने की अनुमति है। दोहरी नागरिकता निवेश, विवाह या प्राकृतिककरण के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।
- **थाईलैंड:** स्थायी निवास, रोजगार और थाई नागरिकों से विवाह जैसे मानदंडों को पूरा करने वाले विदेशियों को दोहरी नागरिकता की अनुमति है।
- **हाँगकांग:** गुणवत्ता प्रवासी प्रवेश योजना (Quality Migrant Admission Scheme - QMAS) एवं निवेश के माध्यम से नागरिकता प्राप्ति के अवसर उपलब्ध हैं, जिससे निवास एवं संभावित नागरिकता के द्वार खुलते हैं।
- **पाकिस्तान:** संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित 19 विशिष्ट देशों के साथ दोहरी नागरिकता की अनुमति देता है।

आगे की राह

- **एक नई विशेषज्ञ समिति का गठन:** एक व्यापक दोहरी नागरिकता ढाँचे का मसौदा तैयार करने के लिए कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, प्रवासी प्रतिनिधियों और सुरक्षा सलाहकारों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाना चाहिए।
  - इसका उद्देश्य प्रवासी समुदाय के अधिकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा, राजकोषीय अनुशासन एवं कूटनीतिक आवश्यकताओं के मध्य संतुलन स्थापित करना होना चाहिए।
- **संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों में संशोधन:** संविधान के अनुच्छेद 9 (जो वर्तमान में दोहरी नागरिकता पर प्रतिबंध लगाता है) और नागरिकता अधिनियम, 1955 की प्रासंगिक धाराओं में लक्षित संशोधन किया जाना चाहिए।
  - दोहरी नागरिकता धारकों के अधिकारों (जैसे मतदान, संपत्ति स्वामित्व) एवं प्रतिबंधों (जैसे विशिष्ट सार्वजनिक पद, सशस्त्र बलों में सेवा) को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए, जिससे विधिक अस्पष्टता समाप्त हो।
- **स्तरित नागरिकता मॉडल की शुरुआत:** एक श्रेणीबद्ध दृष्टिकोण अपनाया जाए-गैर-संवेदनशील नागरिक एवं आर्थिक अधिकारों हेतु पूर्ण दोहरी नागरिकता, जबकि रणनीतिक क्षेत्रों के लिए 'सीमित' नागरिकता की व्यवस्था हो।
  - मतदान एवं संपत्ति स्वामित्व की अनुमति प्रदान की जाए, परंतु उच्च सुरक्षा पदों अथवा विशेष निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की पात्रता सीमित रखी जाए।
- **ओसीआई/पीआईओ योजनाओं को रूपांतरित और समेकित करना:** ओसीआई और पीआईओ को नई दोहरी नागरिकता श्रेणी में विलय करना, जिससे मौजूदा कार्डधारकों को स्वचालित रूप से उन्नत किया जा सके तथा उनके अधिकारों में वृद्धि की जा सके।
  - आवेदन, नवीकरण एवं निरसन की प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए, जिससे यह दर्जा अधिकार के रूप में अनुभव हो, न कि केवल एक विशेषाधिकार के रूप में।
- **सुरक्षा उपाय और अंतर्राष्ट्रीय समन्वय का निर्माण:** कठोर पृष्ठभूमि जाँच, कर अनुपालन परीक्षण, एवं धन शोधन विरोधी प्रोटोकॉल स्थापित किए जाएँ, जिससे सुरक्षा एवं राजकोषीय जोखिमों को न्यूनतम किया जा सके।
  - मेजबान देशों के साथ द्विपक्षीय संधियाँ अथवा समझौता-ज्ञापन स्थापित किए जाएँ, जिनमें कानूनी परिभाषाओं का समन्वयन, आंकड़ा-साझाकरण, एवं दोहरी नागरिकों हेतु वाणिज्य दूतावासीय संरक्षण सम्मिलित हो।

DPDP अधिनियम, 2023 के माध्यम से RTI अधिनियम में संशोधन

सिलेबस मैपिंग: GS-2, भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण प्रावधान

सन्दर्भ

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDP Act), 2023 के माध्यम से सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम में किए गए हालिया संशोधनों ने पारदर्शिता को कमजोर करने की आशंका को जन्म दिया है, क्योंकि इससे कुछ व्यक्तिगत सूचनाओं तक पहुँच सीमित हो सकती है।

सूचना का अधिकार अधिनियम (2005)

- इसे भारतीय लोकतंत्र में एक **ऐतिहासिक कानून** माना जाता है, जिसमें:
  - शासन में **जवाबदेही और पारदर्शिता** बढ़ेगी।
  - नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकारियों से सूचना प्राप्त करने का अधिकार दिया गया।
- पिछले दो दशकों में आरटीआई ने शासन को अधिक सहभागी और जनता के प्रति जवाबदेह बना दिया है।
- एआरसी की दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, **'आरटीआई सुशासन की कुंजी है'**

आरटीआई अधिनियम की प्रमुख धाराएँ

- **धारा 3:** यह उपबंध करता है कि प्रत्येक नागरिक को अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने का अधिकार है।
- **धारा 8:** उन अपवादों को सूचीबद्ध करती है जिनके अंतर्गत सूचना देने से इनकार किया जा सकता है।
  - **धारा 8(1)(j):** व्यक्तिगत जानकारी के प्रकटीकरण से छूट दी गई है, जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो या जब तक कि वही जानकारी संसद या राज्य विधानमंडल को उपलब्ध नहीं कराई जाती।
- **धारा 19: दो स्तरीय अपीलीय तंत्र का प्रावधान:**
  - प्रथम अपील: संबंधित सार्वजनिक प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष।
  - द्वितीय अपील: केंद्रीय या राज्य सूचना आयोग के समक्ष।

DPDP अधिनियम, 2023 की पृष्ठभूमि

- **डिजिटल डेटा उपयोग में वृद्धि:** नोकिया की मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (MBiT) रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति मासिक औसत डेटा उपभोग 24.1 GB था, जो डिजिटल गतिविधियों में तीव्र वृद्धि को दर्शाता है।
- **न्यायिक समर्थन:**सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दिए जाने (के. एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले में) ने डिजिटल युग में व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून की आवश्यकता पर बल दिया।
- **वैश्विक समान अधिकार:**DPDP अधिनियम यूरोपीय संघ के सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (जीडीपीआर) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है, जो डिजिटल डेटा को विनियमित करने पर वैश्विक आम सहमति को दर्शाता है।
- **विधान का विकास:**2023 अधिनियम पिछले ड्राफ्ट से विकसित हुआ है, जिसमें व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 भी शामिल है, जिसमें राज्य की पहुँच, डेटा स्थानीयकरण और व्यवसायों पर नियामक बोझ से संबंधित चिंताओं के कारण बार-बार संशोधन हुए।
- **साइबर अपराध में वृद्धि:** NCRB के आंकड़ों (मई 2024) के अनुसार, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) को प्रतिदिन लगभग 7,000 साइबर अपराध शिकायतें प्राप्त होती हैं - जो 2022 से 60.9% और 2021 से 113.7% की वृद्धि को दर्शाता है।
- **शासन में व्यापक डेटा उपयोग:**आधार और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों पर बढ़ती निर्भरता ने विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डेटा सुरक्षा को महत्वपूर्ण बना दिया है।

DPDP अधिनियम, 2023 की मुख्य विशेषताएँ

- **दायरा और प्रयोज्यता:**
  - भारत में डिजिटल रूप में संसाधित व्यक्तिगत डेटा पर लागू होता है, चाहे वह ऑनलाइन एकत्रित हुआ हो या ऑफलाइन एकत्र कर बाद में डिजिटाइज किया गया हो।
  - भारत में वस्तुएँ या सेवाएँ प्रदान करने वाले विदेशी निकायों द्वारा संसाधित डेटा पर भी लागू होता है।

- **प्रमुख हितधारकों की परिभाषा:**
  - **डेटा प्रिंसिपल (DP):** वह व्यक्ति जिससे व्यक्तिगत डेटा संबंधित है।
  - **डेटा फिड्युशरी/प्रत्ययी:** प्रसंस्करण के उद्देश्य और साधन का निर्धारण करने वाली इकाई।
  - **डेटा प्रोसेसर/संसाधक:** प्रत्ययी की ओर से डेटा का प्रसंस्करण करने वाली इकाई।
- **प्रवर्तन एवं दंड:**
  - अनुपालन न करने पर 10,000 से 250 करोड़ तक का वित्तीय दंड।
  - अधिनियम के अंतर्गत कोई आपराधिक दायित्व लागू नहीं होता।
- **कानूनी मिसाल:**
  - किसी अन्य कानून से असंगति की स्थिति में DPDP अधिनियम की प्रविधान प्रभावी होंगे; अन्यथा यह सहायक के रूप में कार्य करेगा।
- **भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI):**
  - अधिनियम को लागू करने के लिए एक स्वतंत्र न्यायिक निकाय को सशक्त बनाया गया है।
  - दंड लगा सकते हैं, शिकायतों का निपटारा कर सकते हैं, तथा स्वप्रेरणा से कार्यवाही शुरू कर सकते हैं।
  - अपील न्यायाधिकार प्राप्त उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की जा सकती है।
- **नागरिकों के अधिकार (डेटा प्रिंसिपल):**
  - **सूचना का अधिकार:** यह जानने का अधिकार कि उनका डेटा कैसे और क्यों उपयोग में लाया जा रहा है।
  - **सुधार एवं विलोपन का अधिकार:** अपने व्यक्तिगत डेटा को ठीक कराने या हटवाने का अनुरोध कर सकते हैं।
  - **शिकायत निवारण:** डेटा के दुरुपयोग या उल्लंघन से संबंधित शिकायतें कर सकते हैं।
  - **नामांकन का अधिकार:** मृत्यु या अक्षमता की स्थिति में अपने अधिकारों को प्रयोग करने हेतु किसी अन्य को नामित कर सकते हैं।

DPDP अधिनियम द्वारा प्रस्तुत परिवर्तन

- **धारा 44(3)** के अंतर्गत RTI **अधिनियम की धारा 8(1)(j)** में संशोधन किया गया है।
  - यह संशोधन सार्वजनिक प्राधिकरणों को 'व्यक्तिगत जानकारी' तक पहुँच को 'सार्वजनिक हित' की कसौटी पर विचार किए बिना अस्वीकार करने की अनुमति देता है।
  - DPDP अधिनियम इस उपधारा को एक व्यापक अपवाद के रूप में प्रतिस्थापित करता है, जिसमें केवल यह कहा गया है कि कोई भी 'व्यक्तिगत जानकारी' प्रकटीकरण से मुक्त है, और इसमें 'सार्वजनिक हित' की परीक्षा को हटा दिया गया है।
- मूल RTI प्रावधान:
  - **आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(j)** केवल तभी व्यक्तिगत जानकारी रोकने की अनुमति देती है जब:
    - खुलासा करने से निजता का हनन होगा।
    - इसका सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है।
  - **सुरक्षा प्रावधान:** यदि व्यापक जनहित में ऐसा करना उचित हो तो ऐसी व्यक्तिगत जानकारी का भी प्रकटन किया जा सकता है।
    - जैसे, लोक सेवकों के जाति प्रमाण पत्र या शैक्षिक डिग्रियाँ।

नागरिक समाज एवं विशेषज्ञों द्वारा उठाई गई चिंताएँ

- **सार्वजनिक सूचना तक पहुँच पर प्रतिबंध:** पिछले प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी के प्रकटीकरण की अनुमति दी गई थी, यदि यह सार्वजनिक हित में हो (जैसे सरकारी अधिकारियों की संपत्ति और देनदारियाँ)।
- आरटीआई निर्णयों और मिसालों पर प्रभाव: केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) और राज्य सूचना आयोगों द्वारा **दिए गए कई निर्णय धारा 8(1)(j)** के "जनहित" आधार पर आधारित रहे हैं।
  - नया प्रावधान ऐसी जानकारी के प्रकटीकरण हेतु विवेकाधिकार को समाप्त कर देता है, जिससे ये निर्णय अप्रभावी हो सकते हैं।
- **के.एस. पुट्टस्वामी निर्णय का उद्देश्य किसी अन्य कानून (डी.पी.डी.पी.) के माध्यम से RTI** अधिनियम में परिवर्तन करना नहीं था।

- **संशोधन के संभावित परिणाम:**
  - इससे शासन में पारदर्शिता कम हो जाएगी।
  - लोक सेवकों और अधिकारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई बढ़ गई।
  - सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने में RTI अधिनियम की प्रभावशीलता कमजोर होगी।

समिति की सिफारिशें

- **न्यायमूर्ति ए.पी. शाह समिति (2012)** – इसने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि डेटा संरक्षण को RTI के अंतर्गत सूचना के अधिकार पर प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए।
- **गिरीश रामचंद्र देशपांडे बनाम केंद्रीय सूचना आयुक्त (2012)** – सर्वोच्च न्यायालय ने निजता को प्राथमिकता दी, परन्तु यह भी माना कि यदि सूचना जनहित में हो, तो उसे प्रकटीकरण से छूट नहीं दी जा सकती।
- **न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण समिति (2018)** – इसने संकीर्ण अपवादों की सिफारिश की थी ख्र केवल उसी स्थिति में जानकारी न देने की अनुशंसा की जहाँ गंभीर हानि की आशंका हो (जैसे पहचान की चोरी, भेदभाव)।
- **स्वत: प्रकटीकरण** – RTI अधिनियम की धारा 4 के अनुसार सार्वजनिक निकायों को जनहित की जानकारी स्वत: प्रकाशित करने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए।

मतदाता पहचान पत्र से आधार को जोड़ना: मताधिकार के लिए एक संकट

सिलेबस मैपिंग: GS-2, भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण प्रावधान

सन्दर्भ

- भारत के चुनाव आयोग द्वारा आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के लिए नए सिरे से प्रयास किया जा रहा है।
  - कुछ लोगों का मानना है कि इस कदम से व्यक्तिगत मतदान का अधिकार खतरे में पड़ जाएगा।

तथ्य

- **वोट देने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है बल्कि एक संवैधानिक अधिकार है।**
- इसका उल्लेख भारत के संविधान में अनुच्छेद 326 के अंतर्गत किया गया है।
- **61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1988** द्वारा भारत में मतदान की आयु **(21 से 18 वर्ष) घटा दी गई।**

मतदाता पहचान पत्र से आधार जोड़ने के लाभ

- **दोहराव वाले मतदाता पहचान पत्रों की समाप्ति:** प्रवासन या पते में परिवर्तन के कारण एक ही व्यक्ति का नाम कई बार मतदाता सूची में दर्ज हो सकता है। आधार से जोड़ने पर ऐसे दोहराव की पहचान कर उसे हटाया जा सकता है।
  - गोवा में बायोमेट्रिक डेटा संग्रह की एक प्रयोगात्मक योजना चलाई गई थी, जिसे आधार के आगमन पर बंद कर दिया गया।
- **प्रॉक्सी मतदान पर अंकुश:** आधार आधारित प्रमाणीकरण से मतदान में व्यक्तिवेश (इम्पर्सोनेशन) रोकने में सहायता मिलती है।
- **मतदाता सूची में पारदर्शिता:** एक व्यक्ति के पास केवल एक मतदाता पहचान पत्र हो, यह सुनिश्चित किया जा सकता है।
  - इससे सूची में त्रुटियों या जानबूझकर की गई हेराफेरी को चिन्हित किया जा सकता है।
- **नकली व दोहराव वाले मतदाताओं की पहचान:** आधार की बायोमेट्रिक-आधारित विशिष्ट पहचान प्रणाली फर्जी या दोहराव वाले मतदाता प्रविष्टियों को हटाने में सहायक हो सकती है। इससे मतदाता सूची अधिक शुद्ध होती है और चुनावों की सटीकता बढ़ती है।
  - **उदाहरण:** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 2015 में आधार से जोड़ने के माध्यम से 5 लाख से अधिक दोहराव प्रविष्टियाँ पहचानी गई।
- **मतदाता सूची की सटीकता में सुधार:**आधार को लिंक करने से मतदाता विवरण अपडेट करने की प्रक्रिया आसान हो जाती है, जैसे कि पता परिवर्तन, आधार के केंद्रीकृत डेटाबेस के साथ क्रॉस-सत्यापन करके। इससे गलतियाँ कम होती हैं और यह सुनिश्चित होता है कि मतदाता अपने सही मतदान केंद्रों पर पंजीकृत हैं।
  - उदाहरण के लिए बेंगलुरु जैसे उच्च जनसंख्या गतिशीलता वाले शहरी क्षेत्रों में, आधार को जोड़ने से प्रवासी श्रमिकों के लिए मतदाता पंजीकरण अद्यतन को सरल बनाया जा सकता है, जिससे पुराने रिकॉर्ड के कारण मतदाताओं के मतदान करने में असमर्थ होने की घटनाओं में कमी आएगी।

- **मतदान केन्द्रों पर उन्नत मतदाता प्रमाणीकरण:**आधार-आधारित सत्यापन से मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की सुविधा मिल सकती है, जिससे छद्म पहचान और धोखाधड़ी वाले मतदान में कमी आएगी। इससे चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता मजबूत होगी।
  - उदाहरण के लिए हरियाणा जैसे राज्यों में छोटे पैमाने पर हुए प्रयोगों में यह देखा गया कि आधार प्रमाणीकरण ने चुनावी कदाचार में कमी लाई, जैसे कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजनाओं में होता है।
- **ऑनलाइन मतदान और डिजिटल चुनावी सेवाओं की सुविधा:**आधार लिंकेज सुरक्षित ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण को सक्षम कर सकता है और मजबूत पहचान सत्यापन तंत्र प्रदान करके ई-वोटिंग प्रणालियों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।
  - उदाहरण के लिए निर्वाचन आयोग का Voter Helpline App, जो ऑनलाइन मतदाता सेवाएँ प्रदान करता है, आधार एकीकरण से और अधिक सुरक्षित तथा युवा व तकनीकी रूप से सशक्त मतदाताओं के लिए सुलभ बन सकता है।
- **लागत एवं समय दक्षता:**आधार के मौजूदा बुनियादी ढाँचे का लाभ उठाकर, भारत निर्वाचन आयोग हस्तचालित मतदाता सत्यापन और मतदाता सूची रखरखाव से जुड़े प्रशासनिक बोझ और लागत को कम कर सकता है।
  - उदाहरण के लिए राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम (NERPAP) ने 2015 में प्रदर्शित किया कि आधार लिंकेज से पारंपरिक घर-घर जाकर सत्यापन की तुलना में मतदाता पहचान सत्यापित करने में लगने वाले समय को काफी कम किया जा सकता है।

मतदाता पहचान पत्र से आधार जोड़ने से उत्पन्न चुनौतियाँ

- **वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जाने का जोखिम:** जब आधार को मतदाता पहचान-पत्र के साथ जोड़ दिया जाता है, तो आधार डेटाबेस में विसंगतियों या अशुद्धियों के परिणामस्वरूप वैध मतदाताओं के नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं।
  - **उदाहरण के लिए, 2015 के राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण और प्रमाणीकरण कार्यक्रम के दौरान तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लगभग 55 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।**
- **गोपनीयता और व्यक्तिगत स्वायत्तता को खतरा:** आधार में संवेदनशील बायोमेट्रिक डेटा होता है, और इसे मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने से अनधिकृत पहुँच या दुरुपयोग की चिंता पैदा हो सकती है।
- **स्वैच्छिक सहमति का ह्रास:** यद्यपि यह दावा किया जाता है कि यह प्रक्रिया वैकल्पिक है, लेकिन इस प्रक्रिया के कारण मतदाताओं के पास बहुत कम विकल्प बचते हैं।
  - **उदाहरण के लिए, फॉर्म 6B** में मतदाताओं को या तो अपना आधार नंबर बताना होगा या यह घोषित करना होगा कि उनके पास आधार नहीं है।
    - इस प्रकार की विवशकारी रूपरेखा के कारण सितंबर 2023 तक लगभग 66 करोड़ आधार संख्याएँ बिना सूचित सहमति के लिंक कर दी गईं।
- **कमजोर नागरिकों पर असंगत बोझ:** आधार न जमा करने को उचित ठहराने के लिए शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता उन लोगों को प्रभावित करती है जो पहले से ही हाशिये पर हैं।
  - उदाहरण के लिए, वृद्ध, दिव्याँग, प्रवासी श्रमिक और दूरदराज के क्षेत्रों के निवासियों को निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित होने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है - जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मताधिकार से वंचित होने की संभावना रहती है।
- प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का अभाव: यदि किसी नागरिक का औचित्य अस्वीकार कर दिया जाता है तो कोई स्पष्ट, सुलभ या समयबद्ध अपील प्रक्रिया नहीं होती है।
  - **उदाहरण के लिए,** लाल बाबू हुसैन बनाम निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (1995) मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि मतदाता सूची से नाम हटाने में प्राकृतिक न्याय और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए।
- **संवैधानिक और कानूनी विसंगतियाँ:** आधार का उद्देश्य कभी भी नागरिकता सत्यापित करना नहीं था।
  - उदाहरण के लिए, आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है।
    - यहाँ तक कि गैर-नागरिक भी भारत में 182 दिन तक रहने पर आधार प्राप्त कर सकते हैं। UIDAI और कई उच्च न्यायालयों ने इसकी पुष्टि की है।
- **डेटा गोपनीयता और निगरानी जोखिम:** आधार को जोड़ने से मतदाता प्रोफाइलिंग और निगरानी का द्वार खुल जाता है।
  - **उदाहरण के लिए,** डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 सरकारी संस्थाओं को व्यापक छूट देता है।

 - यदि आधार को मतदाता डेटाबेस से जोड़ा जाता है, तो मतदाता की जानकारी को अन्य डाटाबेस के साथ समन्वित कर राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा सकता है-जैसे लक्षित प्रचार या जनमत निर्माण में हस्तक्षेप।

- **आधार डाटाबेस अखंडता के संबंध में चिंताएँ:** आधार प्रणाली स्वयं महत्वपूर्ण त्रुटियों से ग्रस्त है।
  - **उदाहरण के लिए,** 2022 की सीएजी रिपोर्ट में बताया गया है कि दोहराव और बायोमेट्रिक त्रुटियों के कारण 4.75 लाख आधार संख्याएँ रद्द कर दी गई, जिससे चुनावी सत्यापन के लिए आधार की विश्वसनीयता पर सवाल उठ खड़ा हुआ।

आगे की राह

- **पारंपरिक सत्यापन प्रणालियों को सुदृढ़ करना:** पूरी तरह से आधार पर निर्भर रहने के बजाय, चुनाव आयोग स्थानीय स्तर के तंत्र के माध्यम से मैन्युअल सत्यापन को मजबूत कर सकता है।
  - उदाहरण के लिए, बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा व्यक्तिगत जाँच और घर-घर जाकर सत्यापन, मतदाता सूचियों को बड़े पैमाने पर बहिष्कृत किए बिना सटीक रखने के सिद्ध, समावेशी तरीके हैं।
- **स्वतंत्र निरीक्षण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करना:** स्वतंत्र ऑडिट और सामाजिक निगरानी तंत्र स्थापित करने से जनता का विश्वास निर्माण और मनमाने ढंग से विलोपन को रोकने में मदद मिल सकती है।
  - **उदाहरण के लिए,** सुलभ शिकायत निवारण मंचों की स्थापना और नागरिक समाज की भागीदारी की अनुमति देना, मतदाता सूचियों में राजनीतिक रूप से प्रेरित हेरफेर के खिलाफ नियंत्रण के रूप में कार्य कर सकता है।

निष्कर्ष

हालाँकि आधार-मतदाता पहचान पत्र को आपस में जोड़ने को एक 'शोधन अभियान' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, यह भारतीय लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए गहरे खतरे उत्पन्न करता है। यह न केवल वास्तविक मतदाताओं को वंचित कर सकता है, बल्कि निजता के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और निर्वाचन प्रक्रियाओं की स्वायत्तता को कमजोर करता है।

एक नागरिक का मतदान का अधिकार किसी तकनीकी अनिवार्यता अथवा प्रशासनिक सुविधा पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि वह संविधान प्रदत्त संरक्षणों में निहित होना चाहिए।

राज्य महिला आयोग (SCW)

सिलेबस मैपिंग: GS-2, सांविधिक निकाय

सन्दर्भ

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग (MSWC) ने राष्ट्रीय महिला आयोग से वेब प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

परिचय

महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर त्वरित शिकायत निवारण तंत्र के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी। राज्य स्तर पर, महिलाओं के लिए इसी तरह के राज्य आयोग (SCW) स्थापित किए गए हैं, जिनका काम महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाना, अधिकारों के उल्लंघन की जाँच करना और आवश्यक सुधारों की सिफारिश करना है।

SCW विभिन्न राज्यों में आज की महिलाओं के अधिकारों की वकालत कर रहा है

- **महिलाओं की स्थिति में सुधार:** महिला आयोग ने महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए उनके लिए प्रयुक्त शब्दों को तर्कसंगत बनाने हेतु कदम उठाने का प्रस्ताव दिया है।
  - उदाहरण: कर्नाटक महिला आयोग ने संकटग्रस्त महिलाओं की सहायता करने तथा उनकी समग्र गरिमा को बनाए रखने के लिए 24*7 कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई है।
- **यौन उत्पीड़न पर अंकुश लगाना:** SCW ने महिलाओं के सामने दिन-प्रतिदिन आने वाले मुद्दों के लिए अभियान चलाया है तथा निरीक्षण कार्यों को बढ़ाया है।
  - **उदाहरण: तमिलनाडु SCW** ने राज्य सरकार से छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद कथित यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए कलाक्षेत्र फाउंडेशन के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

- **शीघ्र शिकायत निवारण:** राज्यों में भरोसा प्रकोष्ठ और गुमशुदा प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं, लेकिन गुमशुदा लड़कियों/महिलाओं के मुद्दे की जाँच राज्य महिला आयोग द्वारा सक्रिय रूप से की गई है।
  - **उदाहरण:** NCRB की एक रिपोर्ट के अनुसार, लापता महिलाओं की सबसे अधिक संख्या महाराष्ट्र से है, जिस पर प्रतिक्रिया स्वरूप **SCW ने इस मुद्दे की जाँच के लिए एक खोज समिति का गठन किया।**

राज्यों में SCW के कामकाज में भिन्नताएँ और सीमाएँ

- **पदों में रिक्तियाँ:** जैसा कि विभिन्न SCW में देखा गया है, बहु-सदस्यीय निकाय में अक्सर कर्मचारियों की कमी होती है तथा रिक्तियाँ बढ़ जाती हैं, जिसके कारण महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि हो जाती है।
  - **उदाहरण: गुजरात SCW में अध्यक्ष का पद 2022 से रिक्त है** और झारखंड SCW 2020 से बिना अध्यक्ष के काम कर रहा है
- **बुनियादी ढाँचे से संबंधित मुद्दे:** कार्यात्मक वेबसाइट की कमी, SCW के भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढाँचे पर निवेश की कमी, इसके समग्र कामकाज और न्याय वितरण में बाधा डालती है।
  - **उदाहरण: मिजोरम SCW की कोई कार्यात्मक वेबसाइट नहीं है**
- **वित्तीय बाधाएँ:** 2012 के दिल्ली गैंगरेप मामले के बाद यौन और घरेलू दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं को त्वरित सहायता के लिए एकल-बिंदु संकट केंद्र प्रस्तावित किए गए थे। लेकिन धन, बुनियादी ढाँचे और प्रशिक्षण की कमी ने SCW में अप्रभाविता को जन्म दिया है।
  - **उदाहरण:** महाराष्ट्र में प्रस्तावित **11 संकट केंद्रों में से केवल दो-अलीबाग और सातारा-ही कार्यरत हैं,** जबकि शेष केंद्रों में प्रशिक्षित कर्मियों की अनुपलब्धता तथा राज्य सरकार से धन की देरी के कारण कार्य बाधित है।

निष्कर्ष

जिस प्रकार राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) का विस्तार समयानुकूल आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया है, उसी प्रकार राज्य महिला आयोगों को भी सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि वे साइबर अपराध, मानव तस्करी, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे बदलते अपराध स्वरूपों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। यह **कदम सतत विकास लक्ष्य-5 (लैंगिक समानता)** की प्राप्ति की दिशा में सहायक सिद्ध होगा।

सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठें

सिलेबस मैपिंग: GS-2, न्यायपालिका

सन्दर्भ

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संवैधानिक पीठ मामलों की सुनवाई में अत्यधिक विलंब देखा गया है। यह स्थिति संवैधानिक पीठों की प्रासंगिकता को पुनः रेखांकित करती है।

परिचय

पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने सर्वोच्च न्यायालय में एक स्थायी संवैधानिक पीठ की स्थापना हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। **विधि मंत्रालय (2023) द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के** अनुसार, संवैधानिक पीठों द्वारा निपटाए गए मामलों की संख्या में दशकों के दौरान गिरावट देखी गई है-**जहाँ 1950-1959 के बीच 440 मामलों का निपटारा किया गया था, वहीं 2010-2019 के बीच मात्र 79 मामले ही निपटाए गए।**

स्थायी संवैधानिक पीठों की स्थापना के लिए परिस्थितियाँ

- **अनुच्छेद 143:** राष्ट्रपति सार्वजनिक कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण विधिक प्रश्नों पर सर्वोच्च न्यायालय से राय मांग सकते हैं। इस अनुच्छेद के अंतर्गत मुख्य न्यायाधीश संवैधानिक पीठ गठित करने के लिए अधिकृत हैं।
  - **उदाहरण:** अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण के बारे में अनुच्छेद 334 में संवैधानिक संशोधन की वैधता को बरकरार रखने वाला निर्णय
- **अनुच्छेद 145(3):** जब संविधान की व्याख्या से संबंधित कोई गंभीर विधिक प्रश्न उपस्थित होता है अथवा अनुच्छेद 143 के अंतर्गत कोई संदर्भ विचाराधीन होता है, तब कम-से-कम पाँच न्यायाधीशों की पीठ का गठन अनिवार्य होता है।
  - **उदाहरण: नागरिकता अधिनियम की धारा 6A** की वैधता पर निर्णय देने वाली संवैधानिक पीठ का निर्णय।

- **विरोधाभासी निर्णय:** जब दो या अधिक न्यायाधीशों की पीठों द्वारा विरोधाभासी निर्णय दिए जाते हैं, तब उन विधिक प्रश्नों की अंतिम व्याख्या (निर्वचन) के लिए संवैधानिक पीठों का गठन किया जाता है।
  - **उदाहरण: ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य तथा केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य** जैसे ऐतिहासिक प्रकरण, जिनमें संवैधानिक पीठों ने अंतिम रूप से विधिक स्थिति स्पष्ट की।

स्थायी संविधान पीठ

पक्ष में	विपक्ष में
एकरूप निर्णय	संसाधनों की कमी
मामलों का लंबित होना कम होगा	पक्षपात की संभावना
गहन विचार-विमर्श	वित्तीय अभाव
न्यायिक विशेषज्ञता में वृद्धि	न्यायिक कर्मचारियों की कमी

स्थायी संवैधानिक पीठ की स्थापना की आवश्यकता

पक्ष में तर्क

- **निर्णयों में एकरूपता:** स्थायी पीठ यह सुनिश्चित करती है कि संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों का गहन और संगत ढंग से निराकरण हो, जिससे अस्थायी पीठों से उत्पन्न होने वाले भिन्न-भिन्न व्याख्याओं की समस्या कम हो सके।
  - **उदाहरण: संवैधानिक पीठ द्वारा पुट्टस्वामी निर्णय में गोपनीयता के अधिकार को बरकरार रखने के मामले में देखा गया सुसंगत न्यायशास्त्र।**
- **लंबित मामले:** सर्वोच्च न्यायालय में लगभग 78,000 मामले (2023) लंबित हैं। जिन मामलों में संविधान के निर्वचन की आवश्यकता होती है, वे अत्यधिक समय लेने वाले होते हैं। ऐसी स्थिति में स्थायी संवैधानिक पीठों की स्थापना से शीघ्र न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है।
  - **उदाहरण: शिकायत का शीघ्र समाधान करना।**
- **न्यायिक विशेषज्ञता:** स्थायी संवैधानिक पीठ के न्यायाधीश संवैधानिक कानून में गहन विशेषज्ञता विकसित कर सकते हैं, जिससे हजारों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले अधिक सूक्ष्म और सूचनापरक निर्णय हो सकते हैं।
  - **उदाहरण:** हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस का मामला देश भर के हजारों ड्राइवरों की आजीविका से संबंधित था।
- **पारदर्शिता और जवाबदेही:** संवैधानिक मामलों के लिए एक समर्पित पीठ संविधान को कायम रखने और मौलिक अधिकारों के रक्षक के रूप में न्यायिक प्रतिबद्धता में जनता का विश्वास बढ़ा सकती है।
  - **उदाहरण:** नवतेज सिंह जौहर मामला और आईपीसी की धारा 377 का गैर-अपराधीकरण
- **गहन विचार-विमर्श:** एक स्थायी संवैधानिक पीठ किसी मामले से संबंधित सभी कानूनी प्रश्नों पर शीघ्रतापूर्वक और विचार-विमर्श करके निर्णय ले सकती है।
  - **उदाहरण:** ऐतिहासिक केशवानंद भारती बनाम राज्य (1973) मामला, जिसे भारत के न्यायिक इतिहास की सबसे बड़ी पीठों में से एक (13 न्यायाधीशों) ने सुना था। यह निर्णय आज भी संविधान की मूल संरचना के निर्वचन में प्रासंगिक बना हुआ है।

विपक्ष में तर्क

- **न्यायिक संख्या:** भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या सीमित है, 2019 से इसमें 34 न्यायाधीश हैं। संवैधानिक मामलों के लिए एक समर्पित पीठ के आवंटन से लंबित मामलों के निपटान में और देरी हो सकती है।
  - **उदाहरण: प्रति दस लाख जनसंख्या पर 50 न्यायाधीश होने चाहिए, जबकि भारत में प्रति दस लाख जनसंख्या पर 21 न्यायाधीश हैं। (विधि आयोग)**
- **संसाधन की कमी:** स्थायी संवैधानिक पीठ की स्थापना के लिए अतिरिक्त न्यायालय और डिजिटल अवसंरचना तथा अन्य भौतिक सुविधाओं की आवश्यकता होगी।
  - **उदाहरण: देश में लगभग 20,000 न्यायालय कक्ष हैं और केवल 27% न्यायाधीशों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा प्राप्त है।**

- **पीठ का चयनः** न्यायाधीशों के चयन की प्रक्रिया में यदि केंद्रीकरण होता है, तो यह आशंका बनी रहती है कि संविधानिक कानून में विशेषज्ञता के स्थान पर पक्षपात और राजनीतिक झुकाव को प्राथमिकता दी जा सकती है।
- **वित्तीय बाधाः स्थायी बेंच के लिए बुनियादी ढाँचे, वेतन और अन्य संसाधनों के संदर्भ में अधिक निवेश की आवश्यकता होगी।**
  - **उदाहरणः विधि एवं न्याय मंत्रालय का बजट कुल बजट का केवल 0.1% है।**

निष्कर्ष

अतः यह आवश्यक है कि स्थायी संवैधानिक पीठ के गठन हेतु एक ऐसा तंत्र विकसित किया जाए जो न्यायाधीशों के चयन और उनके समय-समय पर क्रमावर्तन की व्यवस्था सुनिश्चित करे। यह प्रणाली न केवल न्यायिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करेगी, अपितु विभिन्न न्यायाधीशों के समृद्ध एवं विविध अनुभवों का लाभ भी न्यायिक प्रक्रिया में सम्मिलित कर सकेगी।

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (राजव्यवस्था)

बाल दत्तक ग्रहण में सुधार (2024-25)

सन्दर्भ

भारत ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बाल गोद लेने की प्रक्रियाओं में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है, जिसमें कुल 4,515 गोद लेने की घटनाएँ दर्ज की गई। यह पिछले 12 वर्षों में सर्वाधिक संख्या है।

गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में

केंद्रीय दत्तक संसाधन प्राधिकरण (CARA)

- **स्थापनाः** यह एक सांविधिक निकाय है, जिसे जुवेनाइल जस्टिस (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत स्थापित किया गया है।
- **नोडल मंत्रालयः** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।

कार्यक्षेत्रः

दत्तक ग्रहण प्रक्रियाः

- अनाथ, परित्यक्त और आत्मसमर्पित बच्चों के दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को संबद्ध/मान्यता प्राप्त दत्तक एजेंसियों के माध्यम से नियंत्रित करता है।

अंतर-देशीय दत्तक ग्रहणः

- हैग कन्वेंशन, 1993 के प्रावधानों के अनुसार, CARA को अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण के लिए केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया है।

डिजिटल प्लेटफॉर्मः

- CARINGS (Child Adoption Resource Information and Guidance System):
  - एक केंद्रीकृत डेटाबेस प्रणाली जहाँ:

  बच्चों की जानकारी दर्ज की जाती है।

  दत्तक ग्रहण के इच्छुक माता-पिता का पंजीकरण किया जाता है।

- गोद लेना एक औपचारिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कोई बालक या बालिका स्थायी रूप से अपने जैविक माता-पिता से पृथक होकर दत्तक माता-पिता की विधिक संतान बन जाता है।
- **बच्चे को गोद लेने से संबंधित कानूनः**
  - हिंदू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (HAMA)
  - किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015
- **शामिल हितधारकः**
  - CARA (**केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**) - यह संस्था समग्र गोद लेने की प्रक्रिया की निगरानी करती है तथा दिशानिर्देश जारी करती है।
  - SARA (**राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**) - यह राज्य-स्तरीय नोडल
  - निकाय है जो गोद लेने एवं गैर-संस्थागत देखभाल से संबंधित कार्यों को समन्वित करता है।
  - **SAA (विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसियाँ)** - ये एजेंसियाँ बच्चों को गोद लेने हेतु उपलब्ध कराती हैं।
  - AFAA (**प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण एजेंसियाँ**) - ये एजेंसियाँ अंतरराष्ट्रीय गोद लेने की प्रक्रियाओं में सहायता करती हैं।
  - DCPU (**जिला बाल संरक्षण इकाइयाँ**) - ये इकाइयाँ गोद लेने के योग्य बच्चों की पहचान करती हैं।

एयरलाइन-पट्टा विवाद विधेयक राज्यसभा में पारित

सन्दर्भ

हाल ही में राज्य सभा ने 'विमान वस्तुओं में हितों का संरक्षण विधेयक, 2025' पारित किया, जिसका उद्देश्य केपटाउन अभिसमय और प्रोटोकॉल के प्रावधानों को कानून में बदलना है।

विधेयक के प्रमुख प्रावधान

- **भारत में CTC का कानूनी कार्यान्वयनः**
  - धारा 3: यह प्रावधान करता है कि अभिसमय एवं प्रोटोकॉल को भारत में विधिक बल प्राप्त होगा।
  - **नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA)** को इस विधेयक के क्रियान्वयन हेतु नियामक प्राधिकरण नामित किया गया है।

- **ऋणग्रस्त पक्ष (यानी विमानन कंपनियों) की जिम्मेदारियाँ:**
  - विमानन कंपनियों को अपने विमानों व इंजनों से संबंधित बकाया का अभिलेख बनाए रखना और समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
  - इस प्रावधान से कमकर्ताओं और ऋणदाताओं के साथ वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।
- **लेनदारों (पट्टादाताओं एवं वित्तपोषकों) के अधिकार:**
  - **ऋणदाताओं को CTC के अंतर्गत अपने परिसंपत्तियों की पुनर्प्राप्ति का अधिकार प्राप्त होगा।**
  - किसी भी विमानन कंपनी के डिफॉल्ट (भुगतान चूक) की स्थिति में DGCA को पहले सूचित करना आवश्यक होगा, उसके बाद ही कार्रवाई की जा सकेगी।
- **एयरलाइन दिवालियापन के दौरान विमान का संचालन:**
  - **समाधान पेशेवर विमान परिसंपत्तियों को 60 दिनों तक अपने पास रख सकते हैं,** बशर्ते उपयोग और रखरखाव शुल्क का भुगतान किया जाए।
  - यह प्रावधान विवादास्पद है क्योंकि विमान पट्टेदार (leasing companies) त्वरित परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति को प्राथमिकता देते हैं।
- **दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016 से अपवर्जन:**
  - **कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अप्रैल 2024 के अधिसूचना के अनुसार,** विमान परिसंपत्तियों को दिवाला कार्यवाही के दायरे से बाहर रखा गया है।

केप टाउन अभिसमय (CTC) - 2001

- **CTC एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है** जो निम्नलिखित से संबंधित लेनदेन को मानकीकृत करती है:
  - विमानों, इंजनों और हेलीकॉप्टरों जैसी चल परिसंपत्तियों से संबंधित लेन-देन
  - ऋणदाताओं, वित्तदाताओं और कमकर्ताओं को कानूनी संरक्षण
  - विमानन कंपनियों के डिफॉल्ट या दिवालियापन की स्थिति में परिसंपत्तियों की पुनर्प्राप्ति के नियम
- **CTC में भारत की स्थिति**
  - भारत ने वर्ष 2008 में CTC पर हस्ताक्षर किए थे, किंतु इसकी पुष्टि (ratification) नहीं की थी, अत: इसके प्रावधान विधिक रूप से बाध्यकारी नहीं थे।
  - यह नया विधेयक अभिसमय एवं प्रोटोकॉल को भारत में विधिक बल प्रदान करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय विमान वित्तपोषण मानकों के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित होगा।

भारत में विमान पट्टे का महत्व

- भारत के घरेलू एयरलाइन बेड़े में लगभग 850 विमानों में से 86% विमान सीधे खरीदे जाने के बजाय पट्टे पर लिए गए हैं।
- विमान पट्टे पर लेने से एयरलाइनों को भारी पूंजी निवेश से बचकर तरलता बनाए रखने में मदद मिलती है।

अंतर-संसदीय संघ का 150वां शिखर सम्मेलन

सन्दर्भ

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में आयोजित होने वाले 150वें अंतर-संसदीय संघ (IPU) शिखर सम्मेलन के लिए भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (IPD) का नेतृत्व कर रहे हैं।

IPU के बारे में

- यह राष्ट्रीय संसदों का एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो राष्ट्रों के बीच संसदीय संवाद, कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देता है।
- **स्थापना:** 1889 (पेरिस) में, यह राजनीतिक बहुपक्षीय वार्ता के लिए दुनिया का पहला स्थायी मंच था।
- **IPU के कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:**
  - शांति, लोकतंत्र और सतत विकास को प्रोत्साहन देना
  - साझा सरोकारों पर संसद सदस्यों के मध्य सहयोग स्थापित करना
  - संसदीय कूटनीति को सुगम बनाना
- **सदस्यता:** इसमें 180 सदस्य और 15 सहयोगी सदस्य हैं।
- **मुख्य राजनीतिक निकाय:** इसका प्रमुख राजनीतिक निकाय **'असेंबली'** (Assembly) है, जिसकी बैठक वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। इस असेंबली में विश्वभर के सांसद:
  - श्रेष्ठ प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करते हैं
  - वैश्विक मुद्दों पर संसदीय प्रस्तावों को अंगीकृत करते हैं।

1889

Inter-Parliamentary Union

For democracy. For everyone.

राज्यपाल द्वारा विधेयकों को स्वीकृति देने के विषय में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय

सन्दर्भ

सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि द्वारा तमिलनाडु राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों पर कोई कार्रवाई न करने के मामले में कठोर निर्णय सुनाया है।

अनुच्छेद-200: राज्यपाल की विधेयक संबंधी शक्तियाँ

जब कोई विधेयक राज्यपाल के पास भेजा जाता है, तो वह निम्नलिखित कार्यवाही कर सकते हैं:

- विधेयक पर सहमति देना (Assent the bill)
- विधेयक को अपनी सहमति देने से इनकार करना (Withhold assent)
- विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानमंडल को लौटाना
  - शर्त: यह धन विधेयक (Money Bill) नहीं होना चाहिए।
- यदि राज्य विधानमंडल विधेयक को बिना संशोधन या संशोधनों के साथ पुन: पारित कर देता है, तो राज्यपाल अनिवार्य रूप से अपनी सहमति देनी होगी।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के मुख्य बिंदु

- **राज्यपाल की निष्क्रियता असंवैधानिक:** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा 10 विधेयकों पर निर्णय लेने में अनावश्यक विलंब असंवैधानिक है तथा यह **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन करता है।**
- **स्वीकृति दी हुई मानी जाएगी:** न्यायालय ने **अनुच्छेद 142** के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह माना कि पुन: पारित सभी 10 विधेयकों को वैध स्वीकृति प्राप्त हो गई है।
- **राज्यपाल अनिश्चित काल तक विलंब नहीं कर सकते:** राज्यपाल को विधेयकों पर **'यथाशीघ्र'** निर्णय लेना अनिवार्य है; उन्हें अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता – यह 'पॉकेट वीटो' के समकक्ष होगा, जो कि अस्वीकार्य है।
- **पुन: पारित विधेयकों को राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा जा सकता:** राज्यपाल दोबारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति के पास नहीं भेज सकते। अगर वह उसे सुरक्षित रखना चाहते थे तो उन्हें पहली बार में ही ऐसा कर लेना चाहिए था।
- **राज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह का पालन करना अनिवार्य है:** राज्यपाल को राज्य मंत्रिपरिषद की संवैधानिक सलाह का पालन करना चाहिए तथा वे व्यक्तिगत विवेकाधिकार से कार्य नहीं कर सकते, विशेषत: तब जब कोई विधेयक पुन: पारित हो चुका हो।
- **समय सीमा लागू की गई:** सर्वोच्च न्यायालय ने विशिष्ट समय-सीमा तय की है जिसके भीतर राज्यपाल को पारदर्शिता, जवाबदेही और संवैधानिक शासन सुनिश्चित करने के लिए विधेयकों पर कार्रवाई करनी होगी।

राज्यपाल द्वारा विधेयक पर कार्रवाई	समय सीमा
विधेयक पर स्वीकृति	1 महीने के अंदर
विधेयक को अस्वीकृत कर संदेश सहित लौटाना	3 महीने के भीतर
विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखना	3 महीने के भीतर
पुन: पारित विधेयक पर स्वीकृति (राज्यपाल द्वारा लौटने के बाद)	अनिवार्य रूप से 1 माह के भीतर

राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय सीमा निर्धारित

सन्दर्भ

'तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल' मामले में हाल ही में दिए गए फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की है, जिसे राज्यपाल ने राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रखा है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के मुख्य बिंदु

- **तीन माह की समय सीमा:**
  - राष्ट्रपति को राज्यपाल से विधेयक प्राप्त होने की तिथि से
  - तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा।
  - यदि निर्णय में विलंब होता है, तो उसके उचित कारण दर्ज किए जाने चाहिए और उन्हें राज्य सरकार को सूचित किया जाना चाहिए।
  - यह पहली बार है जब सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति की कार्रवाई के लिए एक विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है।

अनुच्छेद-201: राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित विधेयक

जब कोई विधेयक राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के लिए आरक्षित किया जाता है, तो राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्यवाही कर सकते हैं:

राष्ट्रपति के विकल्प:

- विधेयक को स्वीकृति (सहमति) देना
- विधेयक को अस्वीकार करना (सहमति रोकना)
- विधेयक को राज्य विधानमंडल के पुनर्विचार के लिए वापस भेजना
  - शर्त: यह धन विधेयक नहीं होना चाहिए।

पुनर्विचार प्रक्रिया:

- यदि विधेयक पुनर्विचार के लिए वापस भेजा जाता है, तो राज्य विधानमंडल को 6 महीने के भीतर इस पर पुन: विचार करना होगा।
- पुन: पारित होने के बाद, विधेयक फिर से राष्ट्रपति के पास प्रस्तुत किया जाएगा।
- राष्ट्रपति पुनर्विचारित विधेयक पर सहमति देने के लिए बाध्य नहीं हैं (अर्थात, वे इसे फिर से अस्वीकार कर सकते हैं)।

- **कोई आत्यंतिक वीटो नहीं:**
  - राष्ट्रपति आत्यंतिक वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते।

- स्वीकृति न देने की स्थिति में, उसका निर्णय स्पष्ट, युक्तिसंगत तथा ठोस कारणों पर आधारित होना चाहिए।

- **अनुच्छेद 143 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श:**
  - यदि राज्यपाल किसी विधेयक को संवैधानिक मान्यताओं के उल्लंघन की आशंका के कारण राष्ट्रपति को अग्रेषित करते हैं, तो राष्ट्रपति को अनुच्छेद 143 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श लेना अपेक्षित है।
  - अनुच्छेद 143 के अंतर्गत राष्ट्रपति किसी विधिक या संवैधानिक प्रश्न पर सर्वोच्च न्यायालय की परामर्शात्मक राय प्राप्त कर सकते हैं।
  - यद्यपि यह परामर्श अनिवार्य नहीं है, तथापि संवैधानिक विवेक के दृष्टिकोण से राष्ट्रपति को सर्वोच्च न्यायालय से राय लेना उचित माना गया है।
- **अर्ध-संघीय संतुलन:**
  - अनुच्छेद 201 का निर्वचन सहकारी संघवाद की भावना से की जानी चाहिए।
  - संविधान में समयसीमा का अभाव होने का अर्थ यह नहीं है कि अनिश्चितकालीन विलंब स्वीकार्य है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संदर्भित आयोग और आधिकारिक दिशानिर्देश

- **सरकारिया आयोग (1983):** अनुच्छेद 201 के तहत निर्णयों के लिए निश्चित समयसीमा निर्धारित करने की सिफारिश की गई।
- **पुंछी आयोग (2007):** विधायी प्रक्रियाओं में देरी को रोकने के लिए स्पष्ट समयसीमा की आवश्यकता पर बल दिया।
- **गृह मंत्रालय (दिनांक 4 फरवरी 2016 का कार्यालय ज्ञापन):** सभी मंत्रालयों/विभागों को दो कार्यालय ज्ञापन (OMs) जारी किए गए:
  - राष्ट्रपति के लिए आरक्षित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए 3 महीने का समय
  - अत्यावश्यक अध्यादेशों के लिए 3 सप्ताह

ऑपरेशन चक्र-V

सन्दर्भ

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने साइबर अपराध से निपटने के लिए ऑपरेशन चक्र का नया चरण शुरू किया है।

ऑपरेशन चक्र-V के बारे में

- **यह ऑपरेशन चक्र का पाँचवाँ चरण है,** जिसे संगठित अपराध एवं साइबर अपराध को लक्षित करने हेतु आरंभ किया गया था।
- **चक्र-V का उद्देश्य है** - अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराध तथा डिजिटल गिरफ्तारी (Digital Arrests) से प्रभावी रूप से मुकाबला करना।
- पूर्ववर्ती चरणों (चक्र I से IV) ने निम्न अपराधों पर ध्यान केंद्रित किया:
  - ओटीपी धोखाधड़ी
  - ऋण ऐप (Loan App) घोटाले
  - नौकरी के नाम पर ठगी के गिरोह
  - नकली निवेश योजनाएँ
- **उद्देश्य:**
  - साइबर अपराधों का मुकाबला करना तथा नागरिकों एवं वैश्विक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
  - एफबीआई (FBI) एवं इंटरपोल (Interpol) जैसी अंतरराष्ट्रीय विधि प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से साइबर अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करना।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)

- **स्थापना: 1963 में संथानम समिति की सिफारिशों पर।**
- **कानूनी स्थिति:** यह एक सांविधिक निकाय नहीं है
  - इसे अन्वेषण का अधिकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (DSPE Act) से प्राप्त होता है।
- **कार्य:**
  - **भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में** - केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) के अधीन कार्य करता है।
  - **अन्य सभी मामलों में** - कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के अधीन।
- **CBI निदेशक की नियुक्ति:** लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के अनुसार चयन समिति की सिफारिश पर नियुक्ति समिति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
  - चयन समिति: प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, भारत के मुख्य न्यायाधीश
- **CBI निदेशक का कार्यकाल: 2 वर्ष**
  - 2 वर्ष पूरे होने के बाद उन्हें 1-1 वर्ष के 3 विस्तार दिये जा सकते हैं।
- **सामान्य सहमति:**
  - **DSPE अधिनियम की धारा 6:** इसके अंतर्गत CBI को किसी राज्य की सीमा में जाँच के लिए राज्य सरकार की सहमति लेना अनिवार्य है, सिवाय उन मामलों के जो संघ राज्य क्षेत्र अथवा रेलवे क्षेत्र से संबंधित हों।
  - **2015 से छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, मेघालय और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों ने अपनी सामान्य सहमति वापस ले ली है**
- **वे परिस्थितियाँ जहाँ CBI को सहमति की आवश्यकता नहीं:**
  - यदि सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय द्वारा जाँच का आदेश दिया गया हो।
  - संघ राज्य क्षेत्रों में जाँच के लिए।

भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश

सन्दर्भ

भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) संजीव खन्ना ने भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए **न्यायमूर्ति बी.आर. गवई** के नाम की सिफारिश सरकार को की है।

मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में

- भारत के संविधान के **अनुच्छेद 124(2)** के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है।
- इसके लिए केंद्रीय विधि मंत्रालय वर्तमान CJI से उत्तराधिकारी के लिए सिफारिश प्राप्त करता है।
- निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश से सिफारिश प्राप्त होने के बाद, केंद्रीय विधि मंत्रालय प्रधानमंत्री को सिफारिश भेजता है।
- इसके बाद वह नियुक्ति के मामले में राष्ट्रपति को सलाह देता है।
- सामान्यतः निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के नाम की सिफारिश करते हैं।

तथ्य

- **वरिष्ठतम न्यायाधीश को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की परंपरा अब तक तीन बार तोड़ी जा चुकी है।**
- **संविधान में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए न्यूनतम आयु का प्रावधान नहीं है।**
- **सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अर्हताः**
  - भारत का नागरिक ।
  - एक उच्च न्यायालय या दो या अधिक उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश के रूप में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।
  - कम से कम दस वर्षों तक एक उच्च न्यायालय या दो या अधिक उच्च न्यायालयों में लगातार वकालत का अनुभव।
  - राष्ट्रपति की राय में प्रतिष्ठित विधिवेत्ता।

वक्फ अधिनियम, 2025 की चुनौतियों से संबंधित प्रमुख मुद्दे

सन्दर्भ

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाया है।

वक्फ अधिनियम, 2025 में प्रमुख विवादास्पद मुद्दे

- **'वक्फ बाय यूजर/उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' अवधारणा को हटानाः**
  - **पहले की स्थितिः** उपयोग द्वारा वक्फ (वक्फ-बाय-यूजर) के विचार के तहत धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों (जैसे, मस्जिद, कब्रिस्तान) के लिए लगातार उपयोग की जाने वाली भूमि को वक्फ संपत्ति माना जाता था, भले ही वह पंजीकृत न हो।
  - **नया प्रावधान (2025 अधिनियम):**
    - भविष्य में वक्फ-बाय-यूज के माध्यम से समर्पण की अनुमति नहीं है।
    - केवल पहले से पंजीकृत संपत्तियों को ही मान्यता दी जाएगी।
    - किसी विवाद की स्थिति में (विशेषकर जब भूमि पर सरकार का दावा हो) इसे तब तक वक्फ-बाय-यूज नहीं माना जाएगा जब तक कि वह पंजीकृत न हो।
  - **चिंताएँ:**
    - कई वक्फ-बाय-यूज संपत्तियाँ सदियों पुरानी और अपंजीकृत हैं। ऐसी जमीनों का पंजीकरण व्यावहारिक रूप से कठिन है।
    - 2019 के अयोध्या फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ-बाय-यूज की कानूनी वैधता को मान्यता दी।
- **जिला कलेक्टर की शक्तियाँः** यदि किसी जिलाधिकारी द्वारा वक्फ संपत्ति को सरकारी भूमि घोषित किया जाता है, तो वह संपत्ति वक्फ की श्रेणी से तत्क्षण बाहर हो जाती है, और उसे वक्फ नहीं माना जाएगा जब तक कि कोई न्यायालय निर्णय न दे।
- **वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करनाः** नया कानून वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों को भी अनुमति देता है।
- **सीमा अधिनियम की प्रयोज्यताः**
  - पूर्ववर्ती स्थितिः पूर्व कानून में वक्फ अधिनियम सीमा अधिनियम के अधीन नहीं आता था, अर्थात् वक्फ बोर्ड अतिक्रमण के विरुद्ध किसी समयसीमा के बिना कानूनी कार्रवाई कर सकता था।
  - **2025 का संशोधनः** संशोधन के उपरांत सीमा अधिनियम लागू कर दिया गया है, जिसके अनुसार अतिक्रमण के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई है।

अनुच्छेद - 142

सन्दर्भ

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलुरु में एक संस्थान के परिसर के स्थानांतरण के कारण 250 छात्रों की शिक्षा में उत्पन्न बाधाओं से उनकी रक्षा हेतु संविधान के अनुच्छेद 142 का प्रयोग किया।

अनुच्छेद 142 की मुख्य विशेषताएँ

- **पूर्ण न्यायः** इस अनुच्छेद का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि न्याय व्यापक रूप से प्रदान किया जाए, तथा उन स्थितियों पर ध्यान दिया जाए जहाँ वैधानिक प्रावधान अपर्याप्त हो सकते हैं।
- **विवेकाधीन प्रकृतिः** इस अनुच्छेद के अंतर्गत प्राप्त शक्तियाँ पूर्णतः न्यायालय के विवेकाधीन हैं, अर्थात् न्यायालय प्रत्येक प्रकरण की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुसार इसका प्रयोग कर सकता है।

अनुच्छेद 142 से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय

- **तमिलनाडु के राज्यपाल की विधेयक मामले पर निष्क्रियता (2025):**
  - **संदर्भः** सर्वोच्च न्यायालय ने एक संवैधानिक संकट पर विचार किया, जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल ने राज्य विधानमंडल द्वारा

पारित 10 विधेयकों पर अनिश्चित काल के लिए मंजूरी रोक दी थी।

– राज्यपाल ने इन विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लिया था, लेकिन वे लम्बे समय तक इन पर कार्रवाई करने में असफल रहे, जिससे राज्य में विधायी प्रक्रिया प्रभावी रूप से अवरुद्ध हो गई।

– **महत्व:** सर्वोच्च न्यायालय ने **'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 142 का प्रयोग किया तथा कहा कि राज्यपाल की लम्बे समय तक निष्क्रियता असंवैधानिक थी।**

- **शिल्पा शैलेश बनाम वरुण श्रीनिवासन (2023):**
  - **संदर्भ:** सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि वह अनुच्छेद 142 के तहत 'वैवाहिक संबंध के अपूरणीय विच्छेद' के आधार पर सीधे तलाक दे सकता है।
  - **महत्व:** यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय को हिंदू विवाह अधिनियम द्वारा निर्धारित सामान्य प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को दरकिनार करने की अनुमति देता है, जिसमें आम तौर पर आपसी सहमति से तलाक के लिए प्रतीक्षा अवधि शामिल होती है।
- **चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव (2023)**
  - **संदर्भ:** इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव परिणामों को पलट दिया और सुनिश्चित किया कि चुनावी लोकतंत्र बरकरार रहे।
  - **महत्व:** यह मामला दर्शाता है कि चुनावी प्रक्रियाओं में प्रक्रियागत अनियमितताओं को सुधारने के लिए अनुच्छेद 142 का उपयोग कैसे किया जा सकता है।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का स्थानांतरण

सन्दर्भ

केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के बारे में

- **अनुच्छेद 222(1):** राष्ट्रपति को भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का अधिकार देता है।
- **कॉलेजियम की सिफारिश:**
  - **मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय का कॉलेजियम स्थानांतरण प्रक्रिया आरंभ करता है।**
  - **इसमें सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों से परामर्श किया जाता है।**
  - **इन न्यायाधीशों से भी सुझाव लिए जाते हैं-**
    - संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश।
    - सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जो पहले संबंधित उच्च न्यायालय में कार्य कर चुके हों।
- **सरकार द्वारा समीक्षा:**
  - विधि मंत्री सिफारिश की समीक्षा करते हैं और प्रधानमंत्री को सलाह देते हैं।
  - प्रधानमंत्री इसे अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति के पास भेजते हैं।
- **राष्ट्रपति की स्वीकृति एवं अधिसूचना:**
  - राष्ट्रपति स्थानांतरण को मंजूरी देने वाला आदेश जारी करते हैं और स्थानांतरण को औपचारिक रूप देने के लिए राजपत्र अधिसूचना प्रकाशित की जाती है।

विदेशी निधियों पर नए FCRA नियम

सन्दर्भ

हाल ही में गृह मंत्रालय ने FCRA के तहत विदेशी धन स्वीकार करने के संबंध में अद्यतन नियम जारी किए हैं।

नियमों में नवीनतम संशोधन के बारे में

- **अनिवार्य पूर्वानुमति:** इस श्रेणी के अंतर्गत किसी भी संस्था को विदेशी धनराशि प्राप्त करने से पहले गृह मंत्रालय में आवेदन करना होगा तथा अनुमोदन प्राप्त करना होगा।
  - ये वे संस्थाएँ हैं जो FCRA के तहत स्थायी रूप से पंजीकृत नहीं हैं, लेकिन किसी विशिष्ट परियोजना या गतिविधि के लिए विदेशी धन प्राप्त करना चाहती हैं।
- एक बार पूर्व अनुमति मिल जाने के बाद, प्राप्तकर्ता को अनुमोदन की तारीख से केवल 3 वर्ष तक ही विदेशी अंशदान प्राप्त करने की अनुमति होती है।
- **निधियों का उपयोग करने की समय-सीमा:** अनुमोदन की तिथि से 4 वर्ष के भीतर।
- यदि संस्था इन समय-सीमाओं से परे विदेशी धन प्राप्त करती है या उसका उपयोग करती है, तो इसे FCRA, 2010 का उल्लंघन माना जाएगा।

विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA) के बारे में

- **यह भारतीय संसद द्वारा स्थापित एक विधायी ढाँचा है**, जो व्यक्तियों, संगठनों और कंपनियों द्वारा विदेशी अंशदान की प्राप्ति और उपयोग की निगरानी करता है।
- **इसे 1976 में आपातकाल** के दौरान भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए अधिनियमित किया गया था।
- यदि कोई अनिवासी भारतीय (NRI) अपनी व्यक्तिगत बचत से सामान्य बैंकिंग माध्यम से योगदान करता है, तो उसे FCRA के अंतर्गत विदेशी अंशदान नहीं माना जाता।
- **गृह मंत्रालय (एमएचए) FCRA को क्रियान्वित करता है।**

- **FCRA में 2020 में संशोधन:**
  - निधियों के अंतरण पर प्रतिबंध लगाया गया।
  - प्रशासनिक व्यय की सीमा को 50% से घटाकर 20% कर दिया गया।
  - विदेशी निधियों की प्राप्ति के लिए नई दिल्ली स्थित भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की एक विशिष्ट शाखा अनिवार्य की गई।

FCRA पंजीकरण मानदंड और विनियम

- **पात्रता:** FCRA पंजीकरण विशिष्ट क्षेत्रों जैसे संस्कृति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, धर्म और सामाजिक कार्य में संलग्न संस्थाओं को जारी किए जाते हैं।
- **आवेदक की प्रामाणिकता:** आवेदक वास्तविक होना चाहिए, काल्पनिक या किसी अन्य के नाम पर नहीं होना चाहिए, तथा उसने बलात् या प्रेरित धार्मिक रूपांतरण में भाग नहीं लिया होना चाहिए।
- **वैधता अवधि:** FCRA पंजीकरण **पांच वर्षों के लिए** वैध रहता है, तथा इसकी **समाप्ति से छह महीने पहले नवीनीकरण हेतु आवेदन** करना आवश्यक होता है।
- **निरस्त करने की शर्तें:** यदि आवेदन में गलत जानकारी पाई जाती है तो पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।
- **निरस्त करने के बाद प्रतिबंध:** जिन गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द हो जाता है, उन्हें **पुन: पंजीकरण पर तीन वर्ष का प्रतिबंध झेलना** पड़ता है।
- **निलंबन प्राधिकरण:** सरकार जाँच के दौरान किसी एनजीओ के **पंजीकरण को 180 दिनों तक निलंबित** कर सकती है तथा उसकी वित्तीय परिसंपत्तियों को भी फ्रीज कर सकती है।
- **कानूनी उपाय:** FCRA मामलों के संबंध में सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।

प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF)

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने गुजरात के बनासकांठा में फायर फैक्ट्री विस्फोट पीड़ितों को PMNRF से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

PMNRF के बारे में

- PMNRF की स्थापना 1948 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा निम्नलिखित पीड़ितों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी:
  - **प्राकृतिक आपदाएँ** (भूकंप, चक्रवात, बाढ़, आदि)
  - **बड़ी दुर्घटनाएँ** (अग्नि दुर्घटनाएँ, औद्योगिक विस्फोट, आदि)
  - **गंभीर बीमारियों** के लिए चिकित्सा उपचार (हृदय शल्य चिकित्सा, गुर्दा प्रत्यारोपण, आदि)
- इस कोष का प्रबंधन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है तथा यह व्यक्तियों और संस्थाओं से प्राप्त स्वैच्छिक दान से संचालित होता है। (कोई बजटीय सहायता नहीं)।
- PMNRF में अंशदान धारा 80(G) के अंतर्गत आयकर से मुक्त है।
- PMNRF का लेखा-परीक्षण सरकार के बाहर एक स्वतंत्र लेखा परीक्षक (CAG नहीं) द्वारा किया जाता है।

अंडमान में प्रतिबंधित द्वीप

- हाल ही में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में एक **अमेरिकी नागरिक को उत्तरी सेंटिनल द्वीप** के प्रतिबंधित जनजातीय आरक्षित क्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
- उत्तरी सेंटिनल द्वीप एक अत्यधिक प्रतिबंधित क्षेत्र है, तथा जनजाति को बाहरी खतरों और बीमारियों से बचाने के लिए भारतीय कानून के तहत वहाँ प्रवेश वर्जित है।
  - **सेंटिनली को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) के रूप में नामित किया गया है।**

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (आदिम जनजाति संरक्षण) विनियमन, 1956 (ANPATR)

- यह विधिक प्रावधान अनधिकृत प्रवेश, फोटोग्राफी, वीडियो रिकॉर्डिंग और स्वदेशी जनजातियों से संपर्क को प्रतिबंधित करता है।
- 2012 में संशोधित इस कानून के अंतर्गत, उन क्षेत्रों में पर्यटन तथा अनधिकृत भ्रमण पूर्णत: प्रतिबंधित है जहाँ विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह (PVTGs) जैसे **सेंटिनली, जारवा, ओंग और शोंपेन निवास करते हैं।**
- इस विनियमन के उल्लंघन पर 3 वर्ष तक का कारावास और 10,000 तक का आर्थिक दंड लगाया जा सकता है।
- अंडमान और निकोबार में अन्य प्रतिबंधित द्वीपों में शामिल हैं: **जारवा आरक्षित क्षेत्र, स्ट्रेट द्वीप, शोंपेन आरक्षित क्षेत्र, डुगोंग क्रीक आदि।**

अनुच्छेद - 311

- हाल ही में एक निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 311(1) के अंतर्गत किसी राज्यकर्मी के विरुद्ध **अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करने के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक नहीं है।**
- **बर्खास्तगी के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की मंजूरी आवश्यक होगी।**

अनुच्छेद - 311 के बारे में

- यह सरकार द्वारा मनमाने ढंग से बर्खास्तगी, निष्कासन या पदावनत किए जाने के विरुद्ध सिविल सेवकों को सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें संघ और राज्य दोनों के अंतर्गत सिविल पद शामिल हैं।
  - **अनुच्छेद 311 (1):** सिविल सेवा के सदस्यों को नियुक्ति प्राधिकारी के अधीनस्थ किसी प्राधिकारी द्वारा बर्खास्त या हटाया नहीं जा सकता।
  - **अनुच्छेद 311 (2):** सिविल सेवा के सदस्यों को जाँच के बाद सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद बर्खास्त, हटाया या पदावनत किया जा सकता है।

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 की धारा 44(3)

DPDP अधिनियम आरटीआई अधिनियम, 2005 की **धारा 8(1)(j) को संशोधित करता है,** जो व्यक्तिगत सूचना को प्रकटीकरण से छूट देने से संबंधित है।

- **इससे पहले, धारा 8(1)(j)** में कहा गया था कि व्यक्तिगत मामलों से संबंधित जानकारी का खुलासा किया जा सकता है, यदि यह व्यापक सार्वजनिक हित में हो और **'गोपनीयता का अनुचित उल्लंघन'** न हो।
- DPDP अधिनियम इस खंड को एक व्यापक छूट से प्रतिस्थापित करता है, जिसमें केवल यह कहा गया है कि कोई भी **'व्यक्तिगत जानकारी'** प्रकटीकरण से मुक्त है, तथा **'व्यापक सार्वजनिक हित'** की कसौटी को हटा दिया गया है।

सक्रिय नागरिकों द्वारा व्यक्त की गई चिंताएँ

- **सार्वजनिक सूचना तक पहुँच पर प्रतिबंध:** पिछले प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी के प्रकटीकरण की अनुमति दी गई थी, यदि यह सार्वजनिक हित में हो (जैसे सरकारी अधिकारियों की संपत्ति और देनदारियाँ)।
- **आरटीआई निर्णयों और मिसालों पर प्रभाव:** पिछले कई वर्षों में, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) और राज्य सूचना आयोगों के कई निर्णय धारा 8(1)(j) में दिए गए 'जनहित' प्रावधान पर आधारित रहे हैं।
  - नया प्रावधान ऐसे निर्णयों की निरंतरता को प्रभावित करता है क्योंकि अब उस विवेकाधिकार को हटा दिया गया है जो पूर्व में सार्वजनिक हित के नाम पर सूचना देने की अनुमति देता था।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विदेशी योग्यताओं की मान्यता और समकक्षता प्रदान करने से संबंधित विनियम), 2025

- हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने भारत में उपयोग हेतु विदेशी शैक्षणिक अर्हताओं (डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र) की मान्यता की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं औपचारिक बनाने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं।
- यह वर्तमान में **भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU)** द्वारा संचालित प्रणाली का स्थान लेगा।

समकक्षता प्रमाणपत्र के बारे में

- **समकक्षता प्रमाणपत्र एक आधिकारिक दस्तावेज है जो प्रमाणित करता है कि कोई विदेशी शैक्षिक योग्यता - जैसे कि डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र - शैक्षणिक स्तर और मूल्य में भारतीय योग्यता के बराबर है।**
- कोई विदेशी योग्यता (डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र) समतुल्यता के लिए पात्र है यदि:
  - उसे प्रदान करने वाला संस्थान अपने देश के विधिक प्रावधानों के अंतर्गत मान्यता-प्राप्त हो।
  - उस कार्यक्रम के प्रवेश मानदंड (क्रेडिट्स, शोध प्रबंध, इंटर्नशिप आदि) भारतीय समकक्ष अर्हताओं के अनुरूप हों।
  - छात्र ने उस पाठ्यक्रम को विदेशी संस्थान के निर्धारित मानदंडों के अनुसार पूर्ण किया हो।
  - विदेशी संस्थानों के ऑफशोर (विदेश स्थित) परिसरों से प्राप्त अर्हताएँ भी मान्यता प्राप्त कर सकती हैं।

भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त (RGCCI)

- RGCCI ने जन्म और मृत्यु की घटनाओं की सूचना न देने के संबंध में निजी और सरकारी अस्पतालों को चेतावनी जारी की है।
- वर्तमान में भारत भर में केवल **90% जन्म/मृत्यु घटनाएँ पंजीकृत** होती हैं। (लक्ष्य - 100%)
- जनगणना में देरी के कारण, जनसंख्या के आकार, संरचना और वितरण का अनुमान लगाने के लिए नागरिक पंजीकरण रिकॉर्ड महत्वपूर्ण हो गए हैं।

भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त (RGCCI) के बारे में

- यह भारत की दशकीय जनगणना आयोजित करने, जनसांख्यिकीय और जनसंख्या डेटा संकलित करने तथा देश भर में नागरिक पंजीकरण प्रणाली (CRS) की देखरेख के लिए जिम्मेदार है।
- यह केंद्रीय **गृह मंत्रालय के अधीन** कार्य करता है।
- इसने जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण को आसान बनाने के लिए CRS मोबाइल ऐप विकसित किया है।

CRS मोबाइल ऐप

- भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त द्वारा विकसित।
- इसका उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाना है, ताकि यह नागरिकों के लिए अधिक सुलभ और कुशल बन सके।
- नए ऐप के माध्यम से व्यक्ति किसी भी समय, किसी भी स्थान से, अपने राज्य की आधिकारिक भाषा में जन्म और मृत्यु का पंजीकरण आसानी से करा सकते हैं।
- डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र विभिन्न सेवाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, सरकारी नौकरियों और विवाह पंजीकरण के लिए जन्म तिथि को प्रमाणित करने के लिए एकमात्र दस्तावेज होगा।
- **जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023** के अनुसार, 1 अक्टूबर, 2023 से देश में होने वाले सभी जन्म और मृत्यु को केंद्र के CRS पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से पंजीकृत किया जाना है।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA)

- अमेरिका से आतंकवादी तहव्वुर राणा के सफल प्रत्यर्पण के बाद अदालत ने छप। को 18 दिनों की हिरासत प्रदान की है।

NIA के बारे में

- **यह भारत की केंद्रीय आतंकवाद-रोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी है।**
- उत्पत्ति: इसका गठन 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के बाद **राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) अधिनियम, 2008** के तहत किया गया था।
- **नोडल मंत्रालय: गृह मंत्रालय।**
- **एजेंसी को राज्यों से विशेष अनुमति के बिना गृह मंत्रालय की लिखित घोषणा के तहत राज्यों में आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जाँच करने का अधिकार है।**

अर्थव्यवस्था एवं कृषि

मुख्य परीक्षा के लिए विषय

भारत में बढ़ता रोजगार अंतर (RISING JOBS DEFICIT IN INDIA)

(सिलेबस मैपिंग: सामान्य अध्ययन 3, भारतीय अर्थव्यवस्था और विकास से संबंधित मुद्दे, रोजगार)

संदर्भ

एआई, स्वचालन और बढ़ती पूंजी तीव्रता के कारण औपचारिक नौकरियां कम हो रही हैं।

अन्य जानकारी

- 2017-18 से भारत की कार्यशील आबादी में 9 करोड़ की वृद्धि हुई है, लेकिन औपचारिक क्षेत्र की नौकरियों में केवल 6 करोड़ की वृद्धि हुई है, जिससे सालाना 50 लाख नौकरियों की कमी हो रही है।
- अधिकांश नये रोजगार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार या अनौपचारिक सेवाओं के माध्यम से सृजित हुए हैं, जिसके कारण रोजगार की मात्रा और गुणवत्ता दोनों को लेकर चिंताएं उत्पन्न हुई हैं।

औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन की चुनौतियाँ

- **तकनीकी प्रगति और श्रम तीव्रता:** विनिर्माण और सेवा दोनों में बढ़ती पूंजी तीव्रता के कारण उत्पादन की श्रम तीव्रता में लगातार गिरावट आ रही है। एआई और स्वचालन से इस बदलाव में तेजी आने की संभावना है, जिससे कम कुशल श्रम की मांग में और कमी आएगी।
- **श्रम-प्रचुर अर्थव्यवस्था में पूंजी तीव्रता में वृद्धि:**
  - **मांग-पक्ष कारक:** कंपनियां कम लागत पर उत्पादकता और मूल्य संवर्धन बढ़ाने के लिए पूंजी-गहन तरीकों को प्राथमिकता देती हैं।
  - **आपूर्ति पक्ष कारक:** कुशल श्रम की कमी से कंपनियां मशीनरी पर अधिक निर्भर हो जाती हैं।
- **क्षेत्रीय रुझानों पर मुख्य टिप्पणियां:**
  - **सेवा क्षेत्र:** मूल्य संवर्धन में वृद्धि; सकल घरेलू उत्पाद और जीवीए में उच्चतर हिस्सेदारी।
  - **विनिर्माण क्षेत्र:** सकल घरेलू उत्पाद में योगदान स्थिर।
  - **कृषि:** सकल घरेलू उत्पाद में योगदान में गिरावट।
- **पूंजीगत लागत में कमी और कौशल की कमी का प्रभाव:** वास्तविक मजदूरी स्थिर बनी हुई है, लेकिन वैश्विक तकनीकी प्रगति के कारण पूंजीगत लागत (मशीनरी, प्रौद्योगिकी) में कमी आ रही है।
  - भारत के 10% से भी कम कार्यबल के पास औपचारिक तकनीकी या व्यावसायिक प्रशिक्षण है।
  - कई शिक्षित युवाओं में रोजगार के लिए उपयुक्त कौशल का अभाव है।
- **कौशल-पक्षपाती तकनीकी परिवर्तन:** नई प्रौद्योगिकी कम-कुशल श्रमिकों की मांग को कम करती है क्योंकि कंपनियां स्वचालित, उच्च उत्पादकता प्रक्रियाओं को चुनती हैं।
  - रोजगार की स्थिरता के लिए श्रमिकों का कौशल उन्नयन और पुनः कौशल विकास आवश्यक है।

रोजगार सृजन के लिए सरकारी रणनीतियाँ

उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना

- **उद्देश्य: उत्पादन क्षमता का विस्तार करना और उच्च मूल्य विनिर्माण को प्रोत्साहित करना।**
- **बजट आवंटन:**
  - **पीएलआई फंड का 50%** से अधिक हिस्सा बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी हार्डवेयर और ड्रोन में जाता है।
  - हालाँकि, **सबसे अधिक रोजगार सृजन खाद्य प्रसंस्करण और फार्मास्यूटिकल्स** क्षेत्र में हुआ है।
  - **बेमेल: पूंजी-प्रधान क्षेत्रों** के लिए उच्च बजट आवंटन, जबकि श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर कम ध्यान दिया जाता है।
- **पीएलआई कार्यान्वयन में बाधाएँ:**
  - कुशल श्रमिकों की कमी से रोजगार सृजन में बाधा आती है।
  - भारत के अधिकांश कार्यबल के पास निम्न या मध्यम स्तर का कौशल है।

रोजगार-संबद्ध प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना

- **उद्देश्य:** नए कर्मचारियों के लिए ईपीएफओ अंशदान में सब्सिडी देकर औपचारिक क्षेत्र में भर्ती को प्रोत्साहित करना।
- **प्रमुख विशेषताऐं:**
  - श्रम-प्रधान उद्योगों को लक्ष्य बनाया गया है।
  - फर्मों के लिए प्रारंभिक नियुक्ति लागत कम हो जाती है।
  - सरकार को अप्रशिक्षित श्रमिकों को काम पर रखने का कुछ जोखिम उठाना पड़ता है।
- **ईएलआई कार्यान्वयन में चुनौतियाँ:**
  - सब्सिडी की अवधि कम (2-3 वर्ष) है, जिससे दीर्घकालिक रोजगार स्थिरता के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं।
  - इंटर्न के कैरियर की प्रगति पर नजर रखने के लिए डेटा का अभाव।
  - सब्सिडी के बाद कम्पनियां श्रमिकों के कौशल विकास में निवेश करेंगी या नहीं इस संबंध में अनिश्चितता होती है।

प्रस्तावित नीति अनुशंसाएँ

- **उत्पादन एवं कौशल रणनीतियों का बेहतर एकीकरण:** रोजगार सृजन को क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए पीएलआई और श्रम कौशल नीतियों को संरेखित करना।
  - उच्च मूल्य विनिर्माण की दिशा में संरचनात्मक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए मांग और आपूर्ति पक्ष दोनों कारकों पर ध्यान देना।
- **अंतर-मंत्रालयी समन्वय में सुधार:** उद्योग, श्रम और कौशल मंत्रालयों को निम्नलिखित का मानचित्रण करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए:
  - वर्तमान एवं अपेक्षित श्रम आपूर्ति।
  - विभिन्न क्षेत्रों में कौशल की मांग।
- **स्थायी रोजगार सृजन के लिए ईएलआई योजना में सुधार:** फ्लैट प्रोत्साहन से ग्रेडेड प्रोत्साहन → की ओर बदलाव।
  - कौशल विकास संस्थानों (जैसे, आईटीआई) तक ईएलआई का विस्तार करना ताकि निम्नलिखित में सुधार हो सके:
    - रोजगार परिणाम
    - कौशल गुणवत्ता भविष्य की उद्योग मांग से जुड़ी हुई है।
- **श्रम विनियमन पर ध्यान देना:** श्रम कानून नियुक्ति लागत में वृद्धि करते हैं, जिससे कम्पनियां पूंजी-गहन तरीकों की ओर अग्रसर होती हैं।
  - नियुक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए लचीली श्रम नीतियां अपनानी चाहिए।

निष्कर्ष

- भारत को एक साथ निम्नलिखित क्षेत्रों में निवेश करना चाहिए: नौकरी और गुणवत्ता (कौशल एवं कौशल उन्नयन)।
- रोजगार बाजार के रुझान को भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करने के लिए एक गतिशील नीति ढांचा महत्वपूर्ण है।
- उच्च मूल्य वाले उद्योगों के लिए कार्यबल सुनिश्चित करना होगा क्योंकि राष्ट्र वैश्विक उत्पादन मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ रहा है।

भारत के कार्यबल की स्थिति

(सिलेबस मैपिंग: जीएस-III, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं विकास से संबंधित मुद्दे, रोजगार)

संदर्भ

विश्व **आर्थिक मंच की भविष्य की नौकरियों की रिपोर्ट 2025** और **क्यूएस विश्व भविष्य कौशल सूचकांक में भारत के कार्यबल की स्थिति और भविष्य की इसकी तैयारी** के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।

भारत की कार्यबल तैयारी पर रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- **प्रमुख अपेक्षित व्यवधान:** वैश्विक श्रम बाजार प्रौद्योगिकी, जलवायु कार्रवाई, आर्थिक बदलाव और भू-राजनीतिक परिवर्तनों से प्रभावित होंगे।
  - 2030 **तक 170 मिलियन नई नौकरियाँ सृजित** हो सकती हैं, **लेकिन 92 मिलियन नौकरियाँ अप्रचलित हो सकती हैं।**

- **कौशल उन्नयन महत्वपूर्ण:**
  - **59% श्रमिकों को पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी**, विशेष रूप से:
    - विश्लेषणात्मक सोच
    - लचीलापन
    - तकनीकी साक्षरता
  - उच्च विकास भूमिकाओं में एआई इंजीनियर और बिग डेटा विशेषज्ञ शामिल हैं।
- **भारत की ताकत:**
  - **एआई और हरित कौशल तैयारी में विश्व स्तर पर दूसरा** स्थान प्राप्त।
  - **'कार्य का भविष्य'** (भविष्य-केंद्रित कौशल की पहचान करने और भर्ती करने की क्षमता) में 99.1 अंक प्राप्त किए।
- **पहचाने गए अंतराल: 'कौशल फिट'** में कमजोर प्रदर्शन (स्कोर 59.1): उपलब्ध कार्यबल कौशल और बाजार की मांग के बीच अंतर।
  - **खराब शैक्षणिक तैयारी** (विश्व स्तर पर 26वां स्थान)।
  - **भविष्योन्मुख नवाचार और स्थिरता में कम स्कोर (15.6/100)।**
  - **अनुसंधान एवं विकास में** अपर्याप्त निवेश, हरित प्रौद्योगिकियों और नवाचार में बाधा उत्पन्न करता है।

नोट: फिक्की-केपीएमजी द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन **'भारतीय कार्यबल की वैश्विक गतिशीलता'** में अनुमान लगाया गया है कि **2030 तक कुशल श्रमिकों की मांग** आपूर्ति से अधिक हो जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप **85.2 मिलियन से अधिक कुशल लोगों की कमी हो जाएगी।**

क्या आप जानते हैं?

- कार्य से तात्पर्य उन कार्यों के निष्पादन से है जिनमें मानसिक और शारीरिक प्रयास की आवश्यकता होती है, जिसका उद्देश्य मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करना होता है।
- दूसरी ओर, रोजगार दो पक्षों के बीच एक संविदात्मक व्यवस्था है जिसमें किए गए कार्य के लिए वेतन/मुआवजा दिया जाता है।
- औपचारिक कर्मचारी: भारत में, 'औपचारिक कर्मचारी' शब्द को विभिन्न संदर्भों में अलग-अलग तरीके से परिभाषित किया जाता है:
  - कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत पंजीकृत उद्यमों में कार्यरत कर्मचारी (इस परिभाषा में सेवा क्षेत्र के कुछ कर्मचारी शामिल नहीं हैं)।
  - 10 या अधिक कर्मचारियों वाले उद्यमों में कार्यरत श्रमिक, साथ ही सभी सरकारी कर्मचारी।
  - ऐसे व्यक्ति जिनके पास औपचारिक रोजगार अनुबंध है, चाहे उद्यम का आकार कुछ भी हो **(अर्जुन सेनगुप्ता समिति की रिपोर्ट के अनुसार)।**

भारत के लिए अवसर

- **पाठ्यक्रम सुधार: रचनात्मकता, समस्या समाधान, उद्यमशीलता और अनुकूलनशीलता** पर ध्यान केन्द्रित करना।
  - अंत:विषयक और अनुभवात्मक शिक्षण मॉडल (जैसे, डिजाइन थिंकिंग, हैकथॉन) का उपयोग करना।
- **हरित एवं सतत शिक्षा: हरित पाठ्यक्रम** लागू करना तथा सततता अनुसंधान के लिए केन्द्र बनाना।
  सामुदायिक स्तर पर विद्यार्थियों के नेतृत्व वाली पर्यावरण परियोजनाओं को बढ़ावा देना।
- **अकादमिक-उद्योग संबंधों को मजबूत करना:**
- उद्योग के साथ मिलकर पाठ्यक्रम तैयार करना।
  - इंटर्नशिप, कौशल केंद्र और मार्गदर्शन कार्यक्रमों को सक्षम बनाना।
  - स्नातकों को बाजार के अनुरूप संरेखित करना।
- **फैकल्टी और बुनियादी ढांचे का उन्नयन:** फैकल्टी विकास, अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और शिक्षण नवाचार में निवेश करना।
  डिजिटल विभाजन को कम करने के लिए, **ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना।**
- **सरकार की भूमिका:** कौशल विकास, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार में निवेश बढ़ाना।
  - एक गतिशील और उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए एक **सक्षम नीति पारिस्थितिकी** तंत्र बनाना।

निष्कर्ष

- विश्व आर्थिक मंच और क्यूएस रिपोर्ट से प्राप्त अंतर्दृष्टि भारत के लिए एक रणनीतिक अवसर को उजागर करती है।
- शिक्षा और कौशल विकास प्रणालियों में सुधार करके, भारत न केवल श्रम बाजार की चुनौतियों से निपट सकता है, बल्कि एआई, स्थिरता और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में खुद को वैश्विक अग्रणी के रूप में भी स्थापित कर सकता है।

गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा

(सिलेबस मैपिंग: GS-III, भारतीय अर्थव्यवस्था और विकास, रोजगार, समावेशी विकास से संबंधित मुद्दे)

संदर्भ

केंद्रीय योजना, जो वर्तमान में कैबिनेट की मंजूरी का इंतजार कर रही है, भारत में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए बनाई गई एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा पहल है।

गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना में प्रस्तावित लाभ

- **आयुष्मान भारत (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य कवरेज:** गिग श्रमिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा, जिससे उन्हें माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए 5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा।
- **ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण:** गिग वर्कर्स को असंगठित श्रमिकों के लिए एक राष्ट्रीय डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। यह पंजीकरण दुर्घटना बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँच को सक्षम करेगा।
- **ट्रान्जैक्शन आधारित पेंशन योजना:** गिग कार्य ट्रान्जैक्शन से जुड़ी एक पेंशन योजना प्रस्तावित है:
  - एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) आवंटित किया जाएगा।
  - विभिन्न प्लेटफार्मों पर आय को ट्रैक करने में मदद करेगा।
  - पेंशन अंशदान में जाएगा।
  - प्लेटफॉर्म कम्पनियां (जैसे कि जोमैटो, उबर, आदि) भी श्रमिकों के पेंशन फंड में एक छोटा प्रतिशत (टर्नओवर का 1-2%, अधिकतम 5%) योगदान देंगी।

गिग वर्कर्स के बारे में

- 2019 के नए श्रम संहिता में गिग वर्कर को 'एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जो काम करता है या किसी कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के बाहर ऐसी किसी गतिविधियों से कमाई करता है।'
  - इस श्रेणी में फ्रीलांसर, अनुबंध-आधारित कर्मचारी, परियोजना-आधारित कर्मचारी और अल्पकालिक रोजगार में संलग्न लोग शामिल हैं। गिग वर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्लेटफॉर्म-आधारित है, जिसमें फूड डिलीवरी (जैसे, जोमैटो, स्विगी) और ई-कॉमर्स परिचालन (जैसे, अमेजन, फ्लिपकार्ट)।
- 2020-21 में, अनुमानित 77 लाख व्यक्ति गिग अर्थव्यवस्था का हिस्सा थे, जो गैर-कृषि कार्यबल का 2.6% और भारत में कुल कार्यबल का **1.5% था।**
  - गिग अर्थव्यवस्था पर अपने कार्य नीति पत्र में नीति आयोग ने अनुमान लगाया है कि **2030 तक गिग कार्यबल बढ़कर 23.5 मिलियन हो जाएगा।**

गिग वर्कर्स की संख्या में वृद्धि के कारण

- **तकनीकी उन्नति: डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप के विकास** ने श्रमिकों के लिए अल्पकालिक नौकरियां ढूंढना आसान बना दिया है।
  - **इंटरनेट और स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच** ने अधिक लोगों को गिग कार्य के अवसरों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाया है।
- **आर्थिक कारक: पारंपरिक रोजगार सृजन धीमा रहा है,** और गिग कार्य एक से अधिक नौकरी चाहने वालों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है।
  - गिग कार्य **उन व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध कराता है**, जिन्हें किसी एक रोजगार की आय से अतिरिक्त आय की आवश्यकता होती है।
- **लचीलापन और स्वायत्तता:** गिग कार्य, **कार्य के घंटों और स्थानों में लचीलापन प्रदान करता है**, जो बेहतर कार्य-जीवन संतुलन चाहने वालों को आकर्षित करता है।
  - इससे सुविधानुसार अंशकालिक कार्य की सुविधा के कारण छात्रों/महिलाओं की श्रम भागीदारी में वृद्धि हुई।

- **ऑन-डिमांड सेवाओं की मांग:** राइड-शेयरिंग, खाद्य वितरण और फ्रीलांस कार्य जैसी ऑन-डिमांड सेवाओं की मांग बढ़ रही है, जिससे गिग श्रमिकों की आवश्यकता बढ़ रही है।

गिग वर्कर्स के समक्ष कार्य संबंधी समस्याएं

- **राजस्व साझाकरण:** गिग श्रमिक अक्सर प्लेटफार्मों द्वारा निर्धारित लाभ साझाकरण के अनुचित मॉडल का विरोध करते हैं।
- **वित्तीय अस्थिरता:** आय असंगत और अप्रत्याशित हो सकती है, जिससे वित्तीय अस्थिरता पैदा होती है।
- **लंबे कार्य घंटे:** कई गिग श्रमिकों को अतिरिक्त मुआवजे के बिना लंबे और अनियमित कार्य घंटों का सामना करना पड़ता है।
- **कानूनी सुरक्षा का अभाव:** मौजूदा कानूनी ढांचा गिग कार्य की जटिलताओं को दूर करने के लिए उपयुक्त नहीं है, क्योंकि यह पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों पर आधारित है।
  - प्लेटफॉर्म गिग श्रमिकों को स्वतंत्र कर्मचारी (कॉन्ट्रैक्टर) के रूप में वर्गीकृत करते हैं, जो उन्हें पारंपरिक कर्मचारियों के लिए उपलब्ध लाभों और सुरक्षा से बाहर रखता है।
- **लाभों तक पहुंच नहीं:** गिग श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, सवेतन अवकाश और सेवानिवृत्ति योजना जैसे आवश्यक सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच नहीं है।
  - अत्यधिक कार्य और सुरक्षा नियमों की कमी से दुर्घटनाएं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं।



भारत में गिग वर्कर के लिए राज्य सरकार की पहल

- **राजस्थान ने प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) अधिनियम, 2023** लागू किया, जिसमें पंजीकरण, लेनदेन-आधारित कल्याण उपकर और गिग वर्कर्स के लिए शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य कर दी गई।
- **कर्नाटक ने प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर्स (सामाजिक सुरक्षा और कल्याण) विधेयक, 2024** पेश किया, जो कल्याण पारदर्शिता, निष्पक्ष अनुबंध और एग्रीगेटर योगदान सुनिश्चित करता है।
- **तमिलनाडु ने पंजीकृत गिग श्रमिकों के लिए ई-स्कूटर, बीमा कवरेज और श्रमिक लाउंज के लिए 20,000 रुपये की सब्सिडी** देने वाली एक योजना शुरू की।
- **आंध्र प्रदेश वाईएसआर वाहन मित्र योजना** संचालित करता है, जिसके तहत स्व-नियोजित ड्राइवरों को वाहन रखरखाव और बीमा के लिए सालाना 10,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं।

मौजूदा व्यवस्था में खामियां

- **अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखण का अभाव: भारत ने आईएलओ (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन) के सामाजिक सुरक्षा (न्यूनतम मानक) कन्वेंशन, 1952 (सं. 102) की पुष्टि नहीं की है**, जो सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा के प्रति कमजोर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- **सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में अस्पष्टताएँ:** संहिता में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों की अस्पष्ट परिभाषाएँ दी गई हैं।
  - **कमजोर सुरक्षा उपायों और केंद्रीकृत निगरानी** के कारण कार्यान्वयन में देरी हुई है, जिससे जमीनी स्तर पर इसका प्रभाव सीमित हो गया है।

- **कल्याण बोर्ड की निष्क्रियता:** कल्याण बोर्ड, जो लाभों का मुख्य वितरण तंत्र है, **अकुशल और अपारदर्शी साबित हुए हैं:**
  - निर्माण श्रमिकों के लिए उपकर निधि में **70,744 करोड़ रुपए अप्रयुक्त रह गए।**
  - तमिलनाडु में 99 स्थानीय निकायों द्वारा 221.8 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान नहीं किया गया।
  - केरल में 16 में से केवल 5 बोर्ड ही क्रियाशील पाए गए; कुछ ने शून्य लाभार्थियों की सूचना दी।
- **खंडित दृष्टिकोण:** विशिष्ट क्षेत्रों (जैसे, बीड़ी श्रमिक, गिग श्रमिक) के लिए लक्षित योजनाएं असमानता पैदा करती हैं तथा अनौपचारिक श्रम की **अनिश्चितता को दूर करने में विफल रहती हैं।**
  - इस तरह का दृष्टिकोण अंत:क्रियाशीलता की उपेक्षा करता है तथा घरेलू कामगारों जैसे समान रूप से कमजोर समूहों को बहिष्कृत कर देता है।
- **समाधान के रूप में गिग कार्य पर अत्यधिक निर्भरता:** यह धारणा कि गिग कार्य अनौपचारिक श्रम को औपचारिक बना देगा, त्रुटिपूर्ण है।
  - अधिकांश गिग नौकरियों में **सुरक्षा, स्थिर आय और नियोक्ता जवाबदेही का अभाव** होता है, जो औपचारिक रोजगार की मुख्य विशेषताएं हैं।
- **डेटा और प्लेटफार्मों का अप्रभावी उपयोग:** जबकि ई-श्रम जैसी पहल का उद्देश्य अनौपचारिक श्रमिकों को पंजीकृत करना है, लेकिन एकीकरण की कमी वास्तविक लाभ को सीमित करती है।
  - **वास्तविक समय पर डेटा साझा** न होने से लक्ष्य निर्धारण और ट्रैकिंग कमजोर हो जाती है।

आगे की राह

- **सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा स्तर:** लक्षित योजनाओं से अधिकार-आधारित, सार्वभौमिक ढांचे की ओर बदलाव, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, चाहे उनकी श्रेणी कुछ भी हो।
- **कल्याण बोर्डों को सुदृढ़ बनाना और सुधारना:** कल्याण बोर्डों की पारदर्शिता, निधि उपयोग और वास्तविक समय पर ऑडिट सुनिश्चित करना।
  - लाभार्थियों की कार्य-निष्पादन आधारित समीक्षा और प्रौद्योगिकी-संचालित ट्रैकिंग शुरू करना।
- **विकेन्द्रीकृत तथा समन्वित शासन:** राष्ट्रीय न्यूनतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर योजनाओं को नया रूप देने और अनुकूलित करने के लिए संहिता के तहत राज्यों को दी गई लचीलेपन का लाभ उठाना।
- **कानूनी परिभाषाओं को स्पष्ट करना:** अस्पष्टता को कम करने के लिए गिग, प्लेटफॉर्म और अन्य अनौपचारिक श्रमिकों की स्पष्ट, समावेशी परिभाषा प्रदान करने के लिए संहिता में संशोधन करना।
- **डेटाबेस और पोर्टल का एकीकरण:** लाभों की बेहतर ट्रैकिंग और वितरण के लिए ई-श्रम, आयुष्मान भारत और पेंशन खातों को श्रम प्रबंधन प्रणालियों से जोड़ना।

भारत: एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र

(सिलेबस मैपिंग: जीएस-III, भारतीय अर्थव्यवस्था और विकास एवं वृद्धि से संबंधित मुद्दे, रोजगार, उदारीकरण के प्रभाव)

संदर्भ

2040 तक उच्च आय वाले देशों में **160 मिलियन** कर्मचारियों की कमी हो सकती है। भारत अपने युवा कार्यबल के साथ वैश्विक प्रतिभा केंद्र बन सकता है, जिससे वैश्विक प्रभाव बढ़ेगा।

अवलोकन: तथ्य

- **भारतीय कार्यबल की वैश्विक गतिशीलता** शीर्षक से हाल ही में फिक्की-केपीएमजी द्वारा किये गए अध्ययन के अनुसार 2030 तक वैश्विक स्तर पर प्रतिभा की कमी 85.2 मिलियन से अधिक हो जाएगी, जिससे संभावित रूप से 8.45 ट्रिलियन डॉलर के वार्षिक राजस्व का नुकसान होगा।
- यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि देशों को भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करने की तत्काल आवश्यकता है। युवा और कुशल पेशेवरों के अपने बड़े आधार के साथ, भारत इस अंतर को पाटने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

वैश्विक श्रम की कमी और भारत के लिए अवसर

- **उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में श्रमिकों की कमी:** विकसित देशों को स्वास्थ्य सेवा, इंजीनियरिंग, शिक्षा और उद्योग जैसे क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

- **भारत का युवा कार्यबल:** भारत में एक बड़ी, युवा आबादी है जो वैश्विक श्रम मांगों को पूरा करने में सक्षम है- लेकिन केवल 1.3% विदेश प्रवास करते हैं, जो मैक्सिको (8.6%) या फिलीपींस (5.1%) जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है।
- **धन प्रेषण के माध्यम से आर्थिक लाभ:** भारतीय प्रवासी प्रतिवर्ष 125 बिलियन डॉलर भारत भेजते हैं, जो सकल घरेलू उत्पाद में 3% का योगदान देता है- जो किसी भी एकल निर्यात क्षेत्र से अधिक है।
- **प्रवास के माध्यम से गरीबी में कमी:** एक वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि धन प्रेषण में 10% की वृद्धि से निम्न आय वाले देशों में गरीबी में 3.5% की कमी आ सकती है।

वैश्विक कार्यबल बढ़ाने के लिए सात कदम

- **प्रवासन प्रशासन को मजबूत बनाना:** लक्ष्य बाजारों की पहचान करने, प्रवासन समझौतों पर हस्ताक्षर करने तथा वैश्विक मांग के साथ कौशल का मिलान करने के लिए विदेश मंत्रालय की प्रवासन शाखा को मजबूत बनाना।
- **शिक्षा को वैश्विक रोजगार बाजारों के साथ जोड़ना:** भारतीय शिक्षा प्रणाली में विदेशी भाषाओं और अंतर्राष्ट्रीय कौशल को शामिल करना। प्रमुख गंतव्य देशों के साथ संयुक्त प्रमाणन और योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता को सुगम बनाना।
- **प्रवासन लागत में कमी लाना:** वर्तमान लागत ₹1-2 लाख (जीसीसी) से लेकर ₹5-10 लाख (यूरोप) तक है, इसलिए भारत को फिलीपींस शैली का ईएसए-वेतन मॉडल लागू करना चाहिए, जहां लाइसेंस प्राप्त भर्तीकर्ता या नियोक्ता प्रस्थान-पूर्व के प्रमुख व्ययों का वहन करते हैं।
- **द्विपक्षीय समझौतों का विस्तार:** वीजा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए G2G प्रवासन समझौतों को सक्रिय रूप से सुरक्षित करना, भारतीय योग्यताओं को मान्यता प्रदान करना सुनिश्चित करना तथा विदेशों में भारतीय श्रमिकों के सामाजिक-सांस्कृतिक एकीकरण को आसान बनाना।
- **राष्ट्रीय गतिशीलता निकाय की स्थापना:** विदेशी भर्ती को मानकीकृत करने, नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करने, प्रशिक्षण को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने तथा सार्वजनिक और निजी हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए एक उद्योग-व्यापी संस्था का निर्माण करना।
- **विदेशों में प्रवासी कल्याण सुनिश्चित करना:** आईएलओ मानकों के अनुरूप उचित मजदूरी, समय पर भुगतान, पर्याप्त आवास, स्वास्थ्य पहुंच, कानूनी सहायता और शोषण से सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- **वापस आने वाले प्रवासियों के एकीकरण को सुगम बनाना:** सहायता और घरेलू विकास में योगदान के अवसर प्रदान करके वापस लौटे प्रवासियों के कौशल और वैश्विक अनुभव का लाभ उठाना।

निष्कर्ष

- भारत को वैश्विक प्रतिभा केंद्र बनाने से धन प्रेषण के माध्यम से विदेशी मुद्रा को बढ़ावा मिलेगा, भारत की वैश्विक सॉफ्ट पावर में वृद्धि होगी और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।
- 'मेक इन इंडिया' और 'इंडिया फॉर द वर्ल्ड' मिलकर 21वीं सदी में भारत के विकास और वैश्विक प्रभाव के दोहरे स्तंभ बन सकते हैं।

रचनात्मक अर्थव्यवस्था (CREATIVE ECONOMY)

(सिलेबस मैपिंग: भारतीय अर्थव्यवस्था और संवृद्धि एवं विकास से संबंधित मुद्दे)

संदर्भ

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहा है, इसलिए उसे अपनी नवाचार रणनीति में सुधार करना होगा तथा सभी स्तरों पर रचनात्मकता को बढ़ावा देना होगा।

भारत में रचनात्मक अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति

- **आर्थिक मूल्य:** 2024 तक, भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का मूल्य $30 बिलियन है। यह कुल कार्यबल के लगभग 8% को रोजगार प्रदान करता है, जिसमें मीडिया, डिजाइन, शिल्प और डिजिटल सेवाएँ जैसे क्षेत्र शामिल हैं।
- **निर्यात योगदान:** 2019 में, भारत ने लगभग 121 बिलियन डॉलर मूल्य की रचनात्मक वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात किया - इसमें से 100 बिलियन डॉलर सॉफ्टवेयर डिजाइन, आईटी और डिजिटल मीडिया जैसी सेवाओं से हैं।
- **विकास की प्रवृत्ति:** 2024 में, भारत का रचनात्मक निर्यात 20% बढ़कर 11 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, जो स्थिर वैश्विक मांग का संकेत है।

- **प्रमुख क्षेत्र:** डिजाइन क्षेत्र भारत के रचनात्मक वस्तुओं के निर्यात का बड़ा हिस्सा (87.5%) है, जबकि पारंपरिक कला और शिल्प का योगदान लगभग 9% है।
- **क्रिएटिव इकोनॉमी आउटलुक 2024: रचनात्मक अर्थव्यवस्था पर संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) की रिपोर्ट के अनुसार,** तीन क्षेत्र रचनात्मक अर्थव्यवस्था (2022) के मुख्य योगदानकर्ता हैं**: सॉफ्टवेयर सेवाएं (41.3%), अनुसंधान और विकास (30.7%), विज्ञापन, बाजार अनुसंधान और वास्तुकला (15.5%)।**

भारत में रचनात्मकता और नवाचार से संबंधित चिंताएँ

- **रचनात्मकता और नवाचार के बीच अंतर:** भारत में अनेकों रचनात्मक व्यक्ति और विचार हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, लेकिन अधिकांश विचार उपयोगी उत्पादों या व्यवसायों में नहीं बदल पाते हैं। ऐसा पूंजी, मार्गदर्शन या प्लेटफार्मों की कमी के कारण है।
- **स्थानीय स्तर पर सीमित निवेश:** शहरी तकनीकी क्षेत्रों में निवेश होता है (उदाहरण के लिए, जलवायु तकनीक के लिए 2023 में 2.85 बिलियन डॉलर), जमीनी स्तर के नवाचारों को बहुत कम वित्तीय सहायता मिलती है।
- **कमजोर बौद्धिक संपदा (आईपी) समर्थन:** कई स्थानीय रचनाकारों के पास पेटेंट या डिजाइन पंजीकरण जैसी सस्ती या सरल आईपी सुरक्षा तक पहुंच नहीं है, जिससे उनके विचारों की नकल करना आसान हो जाता है।
- **कोई एकीकृत नीति नहीं:** भारत के पास वर्तमान में रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मार्गदर्शन या समर्थन देने के लिए कोई व्यापक राष्ट्रीय नीति नहीं है। विभिन्न क्षेत्र में समन्वय का अभाव है।
- **शहरी-ग्रामीण असंतुलन:** शहरों में रचनात्मक क्षेत्रों को डिजिटल उपकरणों और फंडिंग से लाभ मिलता है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों, जैसे हस्तशिल्प या पारंपरिक कौशल, को कम फंडिंग मिलती है और उनमें गिरावट आती है।

भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के नए रास्ते

- **एक जिला एक नवाचार (ओडीओआई):** ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) मॉडल से प्रेरित होकर, प्रत्येक जिला एक अद्वितीय नवाचार की पहचान और उसे बढ़ावा दे सकता है, चाहे वह डिजाइन, प्रौद्योगिकी या सांस्कृतिक उत्पादों में हो।
- **जमीनी स्तर के नवाचारों को बढ़ावा देना: मिट्टीकूल रेफ्रिजरेटर,** एम्पीफिबियस साइकिल, या पैडल वाशिंग मशीन जैसे जमीनी स्तर के रचनात्मक विचारों को बढ़ावा देने में निवेश करना।
  - **ग्रासरूट इनोवेशन ऑग्मेंटेशन नेटवर्क (जीआईएएन)** के परिणामस्वरूप सैकड़ों ग्रासरूट रचनात्मक विचारों को लोकप्रिय बनाया गया है।
- **अनौपचारिक क्षेत्र के लिए आईपी प्रणाली में सुधार:** छोटे पैमाने के आविष्कारकों और पारंपरिक कलाकारों के लिए सरलीकृत, कम लागत वाली आईपी पंजीकरण प्रक्रिया बनाना ताकि उनके नवाचारों की रक्षा की जा सके और उनसे आय अर्जित की जा सके।
- **समर्पित रचनात्मक अर्थव्यवस्था नीति:** एक एकीकृत राष्ट्रीय नीति विकसित करना जो बेहतर समन्वय के लिए संस्कृति, एमएसएमई, शिक्षा और प्रौद्योगिकी से संबंधित मंत्रालयों को एक ढांचे के तहत एक साथ लाए।
- **प्रकृति-प्रेरित डिजाइन (बायोमिमिक्री) को प्रोत्साहित करना:** वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए प्राकृतिक संरचनाओं से सबक लें - जैसे इंडोनेशिया की एंट्रोडैम परियोजना, जिसमें बाढ़ के प्रबंधन के लिए चींटी के घोंसले के डिजाइन का उपयोग किया गया था।

एंट्रोडैम परियोजना (इंडोनेशिया)

- **पहल:** बाढ़ से निपटने के लिए बाइनस स्कूल, बेकासी के छात्रों द्वारा संकल्पित।
- **प्रेरणा:** बायोमिमिक्री-इंडियन हार्वेस्टर चींटियों के घोंसलों और गुलाब की पंखुड़ियों, मूंगा और पक्षी शरीर रचना जैसे प्राकृतिक तत्वों पर आधारित संरचनाएं।
- **प्रभाव:** यह प्रणाली प्राकृतिक सुरंगों की तरह पानी को पुनर्निर्देशित करती है और बताती है कि किस प्रकार प्रकृति-प्रेरित समाधान स्थानीय समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।
- **भारत के लिए सीख:** स्कूल और कॉलेज स्तर के छात्र वास्तविक दुनिया के समाधानों के इनक्यूबेटर हो सकते हैं।
  - विचारों से नवाचार की ओर बढ़ने के लिए मार्गदर्शन और सीड फंडिंग की आवश्यकता है।

भारत की विमानन क्रांति

(सिलेबस मैपिंग: GS- III, बुनियादी ढांचा: हवाई अड्डे)

संदर्भ

भारत का विमानन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है।

तथ्य

- भारत विमानन क्षेत्र में दुनिया का **तीसरा सबसे बड़ा बाजार है (पहला- अमेरिका, दूसरा- चीन)।**
- भारत में **13-18% महिला पायलट हैं।**
- **नागरिक विमानन पर दूसरा एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया।**

विधायी सुधार द्वारा प्रणालीगत परिवर्तन को बढ़ावा

- विमान वस्तु हित संरक्षण विधेयक, 2025: भारतीय कानूनों को केप टाउन कन्वेंशन, 2001 के अनुरूप बनाता है।
  - पट्टे की लागत कम होगी (पहले यह 8-10% अधिक थी)।
  - भारतीय विमानन में निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।
  - अनुबंध प्रवर्तनीयता और पुन: कब्जा निश्चितता में सुधार करता है।
  - घरेलू विमान पट्टे केन्द्रों को बढ़ावा देता है।
- भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024: औपनिवेशिक युग के विमान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा।
  - विमानन क्षेत्र में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत का समर्थन करता है।
  - आईसीएओ और शिकागो कन्वेंशन के मानदंडों के अनुरूप।
  - लाइसेंसिंग और विनियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करता है।
  - अपील तंत्र लागू किया गया तथा पुराने प्रावधानों को हटाया गया।

बुनियादी ढांचे का विस्तार: भारतीय विमानन के भविष्य का निर्माण

- नए टर्मिनल का विकास: वाराणसी, आगरा, दरभंगा, बागडोगरा में नींव रखी गई।
- **संचालित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे (21 में से 12):** इसमें दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर, मोपा, कुशीनगर, शिवमोग्गा आदि शामिल हैं।
- नोएडा (जेवर) और नवी मुंबई में कार्य जारी है, वित्त वर्ष 2025-26 तक लक्ष्य रखा गया है।
- **आरआरबी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में,** विशेषकर छोटे किसानों, कारीगरों, ग्रामीण उद्यमियों और समाज के कमजोर वर्गों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है।
- **ग्रामीण ऋण पर नरसिम्हम समिति** की सिफारिश पर, **1976 के आरआरबी अधिनियम** के तहत स्थापित।
- **स्वामित्व संरचना:** केंद्र सरकार (50%), राज्य सरकार (15%), और प्रायोजक बैंक (35%)।
- **विनियमन:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विनियमित और नाबार्ड द्वारा पर्यवेक्षित।
- **भारत का पहला आरआरबी** - प्रथम ग्रामीण बैंक। इसकी स्थापना 2 अक्टूबर 1975 को हुई थी।
- आरआरबी का प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) लक्ष्य - 75%

समर्थ (SAMARTH) उद्योग भारत 4.0

- यह **"भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने"** की योजना के तहत एक पहल है।
  - भारतीय **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच स्मार्ट विनिर्माण प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।**
- यह एक अखिल भारतीय, मांग-संचालित योजना है जो भारत में स्मार्ट विनिर्माण और उद्योग 4.0 अपनाने पर केंद्रित है।
- यह पहल स्वचालन, डेटा एक्सचेंज, साइबर-भौतिक प्रणालियों, IoT (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), क्लाउड कंप्यूटिंग और AI-संचालित विनिर्माण समाधान पर केंद्रित है।
- चार स्मार्ट उन्नत विनिर्माण एवं त्वरित परिवर्तन हब (समर्थ) केंद्र स्थापित किए गए हैं।

निवेशक दीदी पहल

- यह ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय शिक्षक के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए **एक वित्तीय साक्षरता पहल है।**
- इसका पहला चरण नवंबर 2022 में शुरू किया गया।
- **निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर यह पहल की गई है।**
- इस पहल के **अंतर्गत महिला डाक कर्मियों और सामुदायिक लीडर** को **'निवेशक दीदी'** बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जो **स्थानीय वित्तीय शिक्षक के रूप में कार्य करते हैं।**

आईईपीएफए के बारे में

- कंपनी अधिनियम 2013 के **अनुसार केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय** के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
- इसकी स्थापना **निवेशक शिक्षा को बढ़ावा देने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए** की गई थी।

सनराइज क्षेत्र

- केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत का लक्ष्य उभरते क्षेत्रों की मदद से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी को दोगुना करके 23% तक ले जाना है।

सनराइज क्षेत्र क्या हैं?

- सनराइज सेक्टर वे उद्योग हैं जो विकास के प्रारंभिक चरण में हैं और जिनके तेजी से विकास की उम्मीद है तथा जिनका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।
- **सनराइज क्षेत्रों की मुख्य विशेषताएं:**
  - उच्च विकास क्षमता
  - नवाचार प्रेरित
  - निवेश आकर्षण
  - उभरते स्टार्टअप

सनराइज क्षेत्रों के उदाहरण:

- **स्वच्छ ऊर्जा:** सौर, पवन, हरित हाइड्रोजन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियां।
- **अर्धचालक एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी:** विद्युत वाहन विनिर्माण एवं बैटरी प्रौद्योगिकियां।
- **डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा।
- **जैव प्रौद्योगिकी:** जीनोम संपादन, सिंथेटिक जीवविज्ञान और संबंधित क्षेत्र।
- **अंतरिक्ष पर्यटन:** वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्रा और संबंधित उद्योग।
- **खाद्य प्रसंस्करण:** वे उद्योग जो कृषि उत्पादों को तैयार या पैकेज्ड माल में परिवर्तित करते हैं।

NITI NCAER राज्य आर्थिक मंच पोर्टल

- यह **30 वर्षों (1990-91 से 2022-23)** के भारतीय राज्यों के **सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों** पर डेटा का एक व्यापक भंडार है।
- यह डेटा-आधारित नीतिगत निर्णय लेने में सहायता के लिए **अनुसंधान रिपोर्ट, विशेषज्ञ टिप्पणियां और राजकोषीय विश्लेषण प्रदान करता है।**
- इसे नीति आयोग ने National Council of Applied Economic Research (NCAER) के सहयोग से विकसित किया है।
- **पोर्टल के लाभ:**
  - **भारतीय राज्यों के लिए विश्वसनीय वित्तीय आंकड़ों** की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।
  - इससे राज्यों को राजकोषीय रणनीतियों की तुलना करने तथा अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने में मदद मिलेगी।
  - इससे बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए डेटा-संचालित आर्थिक नीति निर्माण में सुविधा होगी।

भारतनेट

- यह भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य देश की सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है।
- यह विश्व की सबसे बड़ी ग्रामीण दूरसंचार परियोजनाओं में से एक है।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड।
- भारतनेट परियोजना को **डिजिटल भारत निधि के माध्यम से वित्त पोषित किया गया है।**

डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के बारे में

- **सभी दूरसंचार ऑपरेटरों के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) पर 5%** यूनिवर्सल सर्विस लेवी लगाकर उत्पन्न धनराशि है।
- इसने **यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) का स्थान लिया है, जिसे भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2003 के तहत स्थापित किया गया था।**
- **'दूरसंचार अधिनियम, 2023'** के अनुसार सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि, डिजिटल भारत निधि बन गई है।
- **डीबीएन का अधिदेश:** वंचित ग्रामीण, दूरस्थ और शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार सेवा की पहुंच और वितरण को बढ़ावा देना।

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी)

- ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए **उद्योग विकास पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

एनआईसीडीसी के बारे में

- एनआईसीडीसी पूरे भारत में औद्योगिक गलियारों की योजना बनाने, विकास करने और कार्यान्वयन के लिए भारत का प्रमुख सरकारी निकाय है।
- इसकी स्थापना 2007 में दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा विकास निगम के रूप में की गई थी। बाद में दिसंबर 2020 में इसका नाम बदलकर NICDC कर **दिया गया।**
- **एनआईसीडीसी के मुख्य उद्देश्य:**
  - **औद्योगिक गलियारों** को वैश्विक विनिर्माण और निवेश गंतव्य के रूप में विकसित करना।
  - **औद्योगिक विकास को** शहरी बुनियादी ढांचे (जैसे स्मार्ट शहर, लॉजिस्टिक्स हब और परिवहन नेटवर्क) के साथ एकीकृत करना।
  - **मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और ईज ऑफ डूइंग** बिजनेस पहल को सुविधाजनक बनाना।

आरबीआई ने भारतीय बैंकों के लिए -bank-in डोमेन का संचालन शुरू किया

- भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन '-bank-in' को चालू करने का निर्णय लिया है।

-bank-in डोमेन के बारे में

- **डोमेन नाम एक अद्वितीय, याद रखने में आसान पता होता** है जिसका उपयोग वेबसाइटों तक पहुंचने के लिए किया जाता है
- **उद्देश्य: बढ़ती डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी** से निपटना।
- **माइग्रेशन की अंतिम तिथि:** बैंकों को 31 अक्टूबर 2025 तक -bank-in पर माइग्रेट करना होगा।

- **रजिस्ट्रार:** बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) को विशेष रजिस्ट्रार के रूप में अधिकृत किया गया है।
- **पर्यवेक्षण के अधीन:** भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज (NIXI), इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत कार्यरत।
- **वर्तमान डोमेन:** बैंक वर्तमान में .com, .co.in और अन्य सामान्य डोमेन का उपयोग कर रहे हैं।

अपेक्षित लाभ

- **उन्नत साइबर सुरक्षा:** धोखेबाजों के लिए बैंकों के नाम पर धोखाधड़ी करना कठिन होगा।
- **फिशिंग हमलों में कमी:** नकली बैंक वेबसाइट बनाना अधिक कठिन होगा।
- **ग्राहकों का विश्वास मजबूत होगा:** एक मानकीकृत, विशिष्ट डोमेन ग्राहकों को प्रामाणिकता का भरोसा दिलाएगा।
- **सुव्यवस्थित डिजिटल सेवाएँ:** अधिक सुरक्षित बैंकिंग और भुगतान अनुभव।

नाबालिगों के लिए बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में नाबालिगों के लिए उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं से संबंधित नियमों में संशोधन किया है।

आरबीआई द्वारा किये गए परिवर्तन

- **10 वर्ष या उससे अधिक आयु के नाबालिग अब:**
  - बचत खाता खोलना एवं उसका संचालन और **सावधि जमा खाते स्वतंत्र रूप से** (किसी अभिभावक की आवश्यकता के बिना) उपयोग कर सकते हैं।
  - अतिरिक्त बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं (यदि बैंक द्वारा अनुमति दी गई हो)।
- कुछ **सुविधाएं बैंक के विवेक पर होंगी:** बैंक निर्णय ले सकते हैं:
  - लेन-देन राशि **की सीमा**
  - नियम **और शर्तें, जोखिम प्रबंधन नीतियों पर आधारित हैं।**
  - क्या अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए जैसे:

  इंटरनेट बैंकिंग

  एटीएम/डेबिट कार्ड

  चेक बुक
  - **10 वर्ष से** कम आयु के नाबालिग भी खाता खोल सकते हैं, लेकिन केवल प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से।

नाबालिग खातों पर प्रतिबंध (सभी आयु वर्ग)

- **ओवरड्राफ्ट की अनुमति नहीं**
  - इन खातों में **हमेशा क्रेडिट होना चाहिए।**
  - खाता किसी भी परिस्थिति में ऋणात्मक बैलेंस में नहीं किया जा सकता।
- **उचित सत्यापन आवश्यक**

  नाबालिगों के खाते खोलते समय **उचित पृष्ठभूमि सत्यापन करना।**

  किसी भी असामान्य गतिविधि के लिए खातों की **नियमित निगरानी करना।**

स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ)

- एसडीएफ ने अपने लॉन्च के तीन साल पूरे कर लिए हैं। यह भारतीय रिजर्व बैंक के लिक्विडिटी मैनेजमेंट फ्रेमवर्क का हिस्सा है।

स्थायी जमा सुविधा के बारे में

- यह बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त तरलता को अवशोषित करने के लिए आरबीआई का एक मौद्रिक नीति उपकरण है।
- यह बैंकों को अपनी अधिशेष धनराशि आरबीआई के पास जमा करने की अनुमति देता है, बदले में उन्हें कोई संपार्श्विक प्रदान करने की आवश्यकता नहीं होती।
- यह **अतिरिक्त धन को अवशोषित करके मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद करता है।**
- के लिए पात्र कोई **भी संस्था स्थायी जमा सुविधा का भी उपयोग कर सकती है।**

वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी)

- हाल ही में नैसकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव ने कहा कि देश में जीसीसी के विकास को सुविधाजनक बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

जीसीसी क्या हैं?

- यह बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) द्वारा अपने मूल संगठन के लिए विशिष्ट कार्य करने हेतु स्थापित एक रणनीतिक शाखा है।
- भारत में, जी.सी.सी. **नवाचार केन्द्रों और उत्कृष्टता केन्द्रों (सी.ओ.ई.)** के रूप में विकसित हुए हैं।

- **भारत में जीसीसी स्थापित करने के लिए शीर्ष गंतव्य:** बेंगलुरु, गुरुग्राम, हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और गिफ्ट सिटी
- **जीसीसी के कार्य:**
  - **नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना:** नये उत्पाद या सेवाएं विकसित करना तथा अनुसंधान करना।
  - **प्रौद्योगिकी प्रबंधन:** आईटी सिस्टम, सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा और अन्य तकनीकी जरूरतों को पूरा करना।
  - **बैक-ऑफिस कार्यों का प्रबंधन:** वित्त, मानव संसाधन, खरीद और ग्राहक सहायता का ध्यान रखना।
  - **अनुपालन सुनिश्चित करना:** ये सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती है और वैश्विक परिचालन में जोखिमों का प्रबंधन करती है।

गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ)

- यह एक बहु-विषयक संगठन है जो भारत में कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच करता है।
- **नोडल मंत्रालय:** कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय।
- इसकी स्थापना 2003 में वित्तीय क्षेत्र में बड़ी विफलताओं, शेयर बाजार घोटाले और लुप्त होती कंपनियों की घटना के जवाब में की गई थी।
- एसएफआईओ का नेतृत्व एक **निदेशक करता है जो** भारत सरकार का संयुक्त सचिव होता है।
- इसके क्षेत्रीय कार्यालय **मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता में हैं।**
- **कार्य:**
  - सफेदपोश अपराधों और धोखाधड़ी का पता लगाना और उन पर मुकदमा चलाना
  - बहु-विषयक जटिलताओं वाले मामलों की जांच करना
  - जनहित से जुड़े मामलों की जांच
  - ऐसे मामलों की जांच करना जिनसे प्रणालियों, कानूनों या प्रक्रियाओं में सुधार हो सकता है।

इस्पात उद्योग

- घरेलू इस्पात उद्योग को कम लागत वाले आयात में वृद्धि से बचाने के लिए, भारत सरकार ने कुछ गैर-मिश्र धातु और मिश्र धातु इस्पात उत्पादों पर **12 प्रतिशत का अनंतिम सुरक्षा शुल्क लगाया है।**
- **शीर्ष इस्पात उत्पादक देश:** (1) चीन (2) भारत (3) जापान (4) संयुक्त राज्य अमेरिका (5) रूस

भारत में इस्पात उद्योग

- विश्व में **दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है (चीन के बाद)।**
- **कच्चे इस्पात का उत्पादन (2023): ~125 मिलियन टन (एमटी)**
- **प्रमुख** कंपनी: सेल, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसपीएल आदि।
- **रोजगार:** प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप **से 2 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है।**
- **भारतीय इस्पात उद्योग के समक्ष चुनौतियाँ:**
  - सस्ते आयात में वृद्धि, विशेषकर **चीन, दक्षिण कोरिया, वियतनाम आदि से।**
  - वैश्विक बाजारों में मूल्य अस्थिरता
  - **उच्च इनपुट लागत: कोकिंग कोल, लॉजिस्टिक्स।**

ग्रीन स्टील

- ग्रीन स्टील एक प्रकार का स्टील है जो किसी भी जीवाश्म ईंधन का उपयोग किए बिना निर्मित किया जाता है।
- **उत्पादन में हाइड्रोजन, कोल गैसीकरण या बिजली** जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करता है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)

- **केवीआईसी केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय** के तहत एक वैधानिक निकाय है।
- इसकी स्थापना **1956 में खादी और ग्रामोद्योग अधिनियम, 1956** के तहत ग्रामीण भारत में खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने, विकसित करने और विनियमित करने के लिए की गई थी।
- **केवीआईसी की प्रमुख पहल:**
  - **प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी):** गैर-कृषि क्षेत्र में नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
  - **खादी विकास योजना:** खादी क्षेत्र का आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण करना तथा कारीगरों के लिए उच्च मजदूरी सुनिश्चित करना।

– **शहद मिशन:** किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए आय के स्रोत के रूप में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना।
– **'री-हैब (RE&HAB)' (मधुमक्खियों का उपयोग करके हाथी-मानव हमलों को कम करना) परियोजना:** हाथी गलियारों के किनारे बाड़ के रूप में मधुमक्खी के बक्सों का उपयोग करके हाथियों के हमलों को रोकना।

स्माइल कार्यक्रम

- SMILE का तात्पर्य मल्टीमॉडल और एकीकृत लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाना है।
- इसे **भारत के लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, लागत कम करने और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।**
- यह पहल राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप है।
- इसका वित्तपोषण **एशियाई विकास बैंक द्वारा किया जाता है।**
- **नोडल मंत्रालय:** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग – डीपीआईआईटी)।

युवाह पहल

- ग्रामीण विकास मंत्रालय और यूनिसेफ युवाह ने भारत भर में ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एक आशय पत्र [Statement of Intent (SOI)] पर हस्ताक्षर किए हैं।

YuWaah के बारे में

- **यूनिसेफ** के नेतृत्व में 2019 में शुरू की गई एक बहु-हितधारक वैश्विक पहल है।
- इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल, रोजगार के अवसर और नागरिक सहभागिता मंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।
- युवाह भारत के युवाओं के लिए समावेशी और उत्पादक भविष्य बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों, निजी क्षेत्र की कंपनियों, नागरिक समाज संगठनों और युवा नेटवर्क के साथ सहयोग करता है।
- **युवाह युवा मंच:** कैरियर परामर्श, प्रशिक्षण और नौकरी के लिए एक वन-स्टॉप डिजिटल मंच।

नया पम्बन ब्रिज

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रामनवमी के अवसर पर नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया।

न्यू पम्बन ब्रिज के बारे में

- यह **भारत का पहला वर्टिकल-लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल है।**
- यह पुल **2.05 किमी लंबा है, जिसमें** जलपोत की आवाजाही के लिए **72 मीटर का ऊर्ध्वाधर लिफ्ट स्पैन है।**
- यह तमिलनाडु में मुख्य भूमि **मंडपम को पंबन द्वीप पर स्थित रामेश्वरम से जोड़ता है।**
- भारत के पुराने **समुद्री पुल, पम्बन ब्रिज का स्थान लेगा**, जो 1914 में खुला था।
- नया पुल रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर बनाया गया है

प्रारंभिक परीक्षा के लिए विषय (कृषि)

भारत के कपास उत्पादन में संकट

संदर्भ

में भारत का कपास **उत्पादन घटकर 294 लाख गांठ रह गया है। यह** 2008-09 (290 लाख गांठ) के बाद सबसे कम है।

भारत में कपास उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही है?

- **गुलाबी बॉलवर्म (PBW)**
  – **पीबीडब्ल्यू एक कीट है,** जिसके लार्वा कपास के फल को नुकसान पहुंचाते हैं, बीज और लिंट (कपास फाइबर) को नष्ट कर देते हैं।
  – इसने बीटी कपास (भारत में प्रयुक्त जीएम किस्म) **के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है।**

कपास: मूल बातें

- कपास **एक खरीफ फसल है। इसे** मुख्य रूप से इसके रेशे (कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले) और बीज (तेल और चारे के लिए इस्तेमाल होने वाले) के लिए उगाया जाता है।
- किसानों और कपड़ा उद्योग के लिए इसके आर्थिक महत्व के कारण इसे **'सफेद स्वर्ण'** भी कहा जाता है।
- भारत विश्व में कपास का सबसे बड़ा उत्पादक है, कुल वैश्विक कपास उत्पादन में इसका योगदान 23% है।
- **कपास की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ**
  – समान रूप से उच्च तापमान (21°C से 30°C) के साथ गर्म, शुष्क जलवायु
  – 200 दिनों की पाला-मुक्त अवधि
  – मध्यम वर्षा (50-100 सेमी).
- **भारत में प्रमुख कपास उत्पादक राज्य:** (1) गुजरात (2) महाराष्ट्र (3) तेलंगाना

- **कोई नया जीएम अनुमोदन नहीं**
  - मौजूदा बीटी कपास (cry1Ac और cry2Ab जीन के साथ) अब अप्रभावी है।
  - भारतीय कंपनियों द्वारा विकसित **नए जीएम संकर विनियामक परीक्षण चरण में हैं।**
  - विरोध और लंबी स्वीकृति प्रक्रिया के कारण 2006 के बाद से किसी भी जीएम फसल का व्यवसायीकरण नहीं किया गया है।
- **जलवायु परिवर्तन:** अनियमित वर्षा, बेमौसम बारिश और लंबे समय तक सूखा रहने से कपास की वृद्धि प्रभावित होती है।
- **कम लाभप्रदता: बढ़ती इनपुट लागत** (बीज, उर्वरक, कीटनाशक)।
- **एकल फसल उत्पादन और खराब फसल चक्रण:** बिना चक्रण के लगातार कपास की फसल उत्पादन → **मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी और कीटों का प्रकोप।**

तम्बाकू किसानों को राहत

संदर्भ

सरकार ने **वर्जीनिया तम्बाकू उत्पादकों के लिए पंजीकरण वैधता को एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष करने के लिए तम्बाकू बोर्ड नियम,** 1976 में संशोधन किया है।

तम्बाकू के बारे में

- भारत में तम्बाकू की खेती **1605 में पुर्तगालियों द्वारा शुरू की गई थी।**
- यह भारत में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण **व्यावसायिक फसलों में से एक है।**
- **भारत में खेती की जाने वाली तम्बाकू के प्रकार:** फ्लू-क्यूर्ड वर्जीनिया (एफसीवी), बर्ली, बीड़ी, चिउइंग, नाटू, ओरिएंटल, HDBRG, लंका, हुक्का, मोतिहारी और जाति तम्बाकू आदि।
- **विकास के लिए आदर्श परिस्थितियाँ:**
  - **पाला-रहित जलवायु:** तम्बाकू को पकने के लिए लगभग 100 से 120 दिनों तक पाला-रहित जलवायु की आवश्यकता होती है।
  - **तापमान:** औसत तापमान लगभग 80°F (27°C)
  - **मिट्टी:** तम्बाकू गर्म जलवायु एवं उपजाऊ एवं अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में उगाया जाता है।
- भारत एकमात्र ऐसा देश है जो **दो मौसमों में तम्बाकू का उत्पादन करता है।**
- **भारत में सर्वाधिक उत्पादन:** (1) गुजरात (41%) (2) आंध्र प्रदेश (22%) (3) उत्तर प्रदेश
- **विश्व भर में सर्वाधिक उत्पादन:** (1) चीन (2) भारत (3) ब्राजील

भारतीय तम्बाकू बोर्ड

- **इसकी स्थापना 1976** में तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 की धारा (4) के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी। **(मुख्यालय - गुंटूर, आंध्र प्रदेश)**
- **नोडल मंत्रालय:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
- **कार्य:**
  - तम्बाकू और इससे संबंधित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना।
  - यह सुनिश्चित करना कि तम्बाकू उत्पादकों को उनकी उपज के लिए उचित और लाभकारी मूल्य मिले।

संक्षिप्त समाचार

वारंगल चपाता मिर्च

- हाल ही में तेलंगाना की वारंगल चपाता मिर्च को जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग प्रदान किया गया है।
- यह अपने चमकीले लाल रंग और हल्के तीखेपन के लिए जाना जाता है, जिससे यह अचार बनाने वालों के बीच पसंदीदा विकल्प बन गया है।
- इसे **टमाटर मिर्च के नाम से भी जाना जाता है** क्योंकि इसका गोल आकार टमाटर जैसा होता है।

राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस)

- यह एक एआई-आधारित प्लेटफॉर्म है जो किसानों को कीटों पर नियंत्रण के लिए कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों से जुड़ने में मदद करेगा।
- **इसे अगस्त 2024 में लॉन्च किया गया।**
- उद्देश्य: उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके पूरे भारत में कीट रोगों की निगरानी और प्रबंधन को बढ़ाना।
- **एनपीएसएस की मुख्य विशेषताएं:**
  - **कीट पहचान और प्रबंधन:**

    किसान 61 विभिन्न फसलों में कीटों और बीमारियों की पहचान कर सकते हैं।

    यह **15 प्रमुख फसलों के लिए कीट प्रबंधन सलाह प्रदान करता है।**
  - **बहुभाषी समर्थन: एनपीएसएस चार भाषाओं में उपलब्ध है- अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और पंजाबी।**
  - **वास्तविक समय परामर्श प्रणाली: किसानों को कीटों के हमलों, फसल रोगों और फसल क्षति के बारे में तत्काल समाधान प्राप्त होता है।**
  - **प्रयुक्त प्रौद्योगिकी:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल)।

फसल प्रगति पर व्यापक सुदूर संवेदन अवलोकन (सीआरओपी)

- उन्नत उपग्रह-आधारित सुदूर संवेदन प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, आठ प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों से भारत का गेहूं उत्पादन 31 मार्च, 2025 तक 122.724 मिलियन टन तक पहुंच गया।

CROP के बारे में

- CROP एक अर्ध-स्वचालित और स्केलेबल फ्रेमवर्क है जिसे इसरो के **राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC) द्वारा विकसित किया गया है।**
- यह फसलों, विशेषकर रबी मौसम के दौरान गेहूं की बुवाई, विकास और कटाई की प्रगति की रियल टाइम जानकारी प्रदान करता है।
- यह **एकाधिक उपग्रह डेटा स्रोतों से डेटा का उपयोग करता है:**
  - EOS-04 (RISAT-1A) - सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR)
  - **ईओएस-06 (ओशनसैट-3)** - महासागर और स्थलीय अवलोकन
  - **रिसोर्ससैट-2A** - मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजिंग (ऑप्टिकल डेटा)
- इसरो के अध्ययन में शामिल आठ प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्य **उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार, गुजरात और महाराष्ट्र हैं।**

STUDY IQ PUBLICATIONS

समाज, सामाजिक न्याय एवं योजनाएँ

मुख्य परीक्षा के लिए विषय

LGBTQ+ के अधिकारों की स्थिति

सिलेबस मैपिंग: सामान्य अध्ययन पेपर-1, सामाजिक सशक्तिकरण

सन्दर्भ

अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस, जो **31** मार्च को मनाया जाता है, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालता है।

परिचय

ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार, ''**ट्रांसजेंडर व्यक्ति**'' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसका लिंग उससे उसके जन्म के समय नियत लिंग से मेल नहीं खाता है और इसके अंतर्गत **ट्रांसपुरुष** या **ट्रांसस्त्री** (चाहे ऐसे व्यक्ति ने लिंग पुनर्निर्धारण शल्यक्रिया या हार्मोन चिकित्सा, लेजर चिकित्सा या ऐसी अनु चिकित्सा करवाई हो या नहीं), अंत:लिंग भिन्नताओं वाले व्यक्ति, लिंग-समलैंगिक और किन्नर, हिजड़ा, अरावाणी और जोगता जैसी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान रखने वाले व्यक्ति सम्मिलित हैं।

सितंबर **2018** कोई साधारण महीना नहीं था, बल्कि पूरे देश में **LGBT** समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण महीना था, जिन्होंने अपनी जीत का उत्सव मनाया। यह उत्सव समलैंगिकता को अपराध से मुक्त करने के ऐतिहासिक सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर मनाया गया था, जो **200** साल पुराने ब्रिटिश युग के कानून के खिलाफ था, जिसके अंतर्गत समान लिंग संबंधों को अपराध माना गया था।

भारतीय इतिहास में LGBTQ+ अधिकारों की स्थिति

ऐतिहासिक रूप से समय	कार्य और घटनाएँ
प्राचीन भारत	**महाभारत और पुराण:** • इसमें लिंग-आधारित पहचान से जुड़ी कथाएं सम्मिलित हैं, जैसे कि देवता शिव को अर्धनारीश्वर, आधे पुरुष, आधे महिला के रूप में दर्शाया गया है।
	दार्शनिक वात्स्यायन (400 ईसा पूर्व) द्वारा काम सूत्र • समलैंगिक कृत्यों का विस्तार से वर्णन करता है।
	मनुस्मृति • इसमें समलैंगिक युगलों के लिए विस्तृत रूप से दंड के प्रावधान सम्मिलित हैं।
मध्यकालीन भारत	**मुगल शासन** • फतवा के तहत "अप्राकृतिक संभोग" निषिद्ध था।
आधुनिक भारत	**धारा 377 IPC (1861) को लागू करने का औपनिवेशिक अधिनियम** • ब्रिटेन के बगरी अधिनियम, **1533** के बाद मॉडल
	कोलकाता में पहला गौरव मार्च, 1999 • इसने भारत में **LGBTQ+** सक्रियता की शुरुआत को चिह्नित किया।

LGBTQ+ समुदाय के लिए अधिकारों का महत्व

- **सांस्कृतिक सामंजस्य: LGBTQ+** समुदाय के लिए कानूनी सुधार मीडिया, कला और मुख्यधारा की कहानियों में उनकी दृश्यता बढ़ाते हैं।
  - **उदाहरण: शुभ मंगल ज्यादा सावधान** जैसी फिल्में समलैंगिक विवाह को दर्शाती हैं
- **शिक्षा:** केरल ने **2015** में भारत की पहली ट्रांसजेंडर नीति पेश की, जिसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना था।
  - **उदाहरण:** केरल ने एक ट्रांसजेंडर बोर्डिंग स्कूल की स्थापना की।

- **सतत विकास लक्ष्यः** संयुक्त राष्ट्र ने सभ्य काम, आर्थिक संवृद्धि और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रगति पर LGBTQ+ समुदाय के बहिष्कार के नकारात्मक प्रभाव को नोट किया।
  - **उदाहरणः** सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत लक्ष्य-5 लैंगिक समानता की दिशा में प्रयासों के अनुरूप।

LGBTQ+ समुदाय द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियाँ

सामाजिक

- **बहिष्करण त्रुटिः शोध फर्म कांतार, भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (ASCI) और संयुक्त राष्ट्र स्टीरियोटाइप एलायंस की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार,** भारत इस सन्दर्भ में अवसर से चूक रहा है क्योंकि इसके विज्ञापनों में सांस्कृतिक विविधता काफी कम है।
  - **उदाहरणः** भारत में 1% से भी कम विज्ञापनों में LGBTQ+ के सदस्य शामिल हैं।
- **सामाजिक रूप से विपरीत प्रभावः** उज्जैन के 16 वर्षीय **मेकअप इन्फ्लुएंसर प्रियांशु यादव** की दुखद मौत ने युवाओं पर साइबरबुलिंग के घातक प्रभाव पर प्रकाश डाला।
- **आवास पूर्वाग्रहः** भारत में LGBTQ समुदाय को बेदखल करने और घर किराए पर न देने की दर बहुत अधिक है।
- **आपराधिक न्यायः** जेलों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ भेदभाव की दर बहुत अधिक है।
  - **उदाहरणः एकांत कारावास में रखा जाना।**

कानूनी

- **वैवाहिक असमानताः** चूंकि ट्रांसजेंडर विवाहों को अभी तक कानूनी मान्यता नहीं मिली है, इसलिए यह समुदाय कर लाभ, संयुक्त रूप से गोद लेने के अधिकार जैसे लाभ और अधिकारों का लाभ उठाने में असमर्थ है।
- **नौकरशाही की अक्षमताः** तीसरे लिंग के लिए एक समान मानदंड की अनुपस्थिति, दस्तावेजीकरण में बाधा उत्पन्न करती है।
- **गोद लेने के अधिकारों का अभावः** किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 और भारत में गोद लेने के दिशा-निर्देश विशेष रूप से ट्रांसजेंडर युगलों के संयुक्त रूप से बच्चों को गोद लेने के अधिकारों को सम्मिलित नहीं करते हैं।

मनोवैज्ञानिक

आपराधिक कृत्यः अधिकारों के बिना, यह समुदाय नशीली दवाओं के दुरुपयोग, मानव तस्करी और वेश्यावृत्ति जैसे अपराधों में शामिल होने के लिए अधिक प्रवण है।

  - **उदाहरणः** अधिक **लैंगिक रूप से तटस्थ कानूनों की** आवश्यकता।
- **मानसिक स्वास्थ्य में बाधाः** सामाजिक बहिष्कार, अधिक आत्महत्या दर और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति उत्पन्न करता है।
  - **उदाहरणः** TREVOR प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2022, LGBTQ समुदाय, अवसाद और चिंता जैसे मानसिक विकारों के प्रति 2.4 गुना अधिक संवेदनशील है।

सामाजिक परिवर्तन की दिशा में कदम

- **सामाजिक संवेदनशीलताः** युवा वयस्कों के प्रति सहिष्णुता की संस्कृति अपनाई गई।
- **रैगिंग विरोधी उपायः** उच्च शिक्षण संस्थानों में ट्रांसजेंडर-विरोधी और ट्रांसफोबिक रूप से भयभीत करने से रोकने के लिए यूजीसी द्वारा सख्त दिशा-निर्देश।
  - **उदाहरणः यूजीसी ने** 2016 **में लैंगिक रूप से पहचान और यौन अभिविन्यास को भेदभाव के आधार के रूप में मान्यता दी।**
- **भर्ती में वृद्धिः** LGBTQ+ समुदाय के लिए नौकरी के अवसर सुनिश्चित करने से कार्यबल में समावेशिता और इस वर्ग को प्रवेश मिलता है जो उनकी वित्तीय सुरक्षा को बढ़ाता है और उनके प्रति पक्षपात में कमी आती है।
  - **उदाहरणः कोच्चि मेट्रो ने ट्रांसजेंडर समुदाय के** 23 **सदस्यों की भर्ती की।**
- **पुलिस को संवेदनशील बनानाः** राज्य के साधन, जो मानवाधिकारों का संरक्षण करने का काम करते हैं, विभिन्न मामलों में हिंसा को बढ़ावा देते हैं।
  - **उदाहरणः** सर्वोच्च न्यायालय ने चार साल पहले IPC की धारा 377 को समाप्त करने के बाद LGBTQ+ समुदायों की चिंताओं के प्रति पुलिस को 'संवेदनशील' बनाने का आदेश दिया।
- **स्वास्थ्य सेवा में समावेशनः** ओडिशा सरकार ने 2023 में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सहायता के लिए **जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड स्थापित किए।**

कल्याणकारी योजनाएँ



- **ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पोर्टल:** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान प्रमाण पत्र/कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सशक्त बनाने के लिए।
  - **उदाहरण: कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए कानूनी रूप से ट्रांसजेंडर पहचान का दावा करना।**
- **निष्ठा:** एनसीईआरटी- शिक्षकों, शिक्षाविदों और स्कूल प्रमुखों को एक समावेशी दृष्टिकोण के साथ लैंगिक रूप से संवेदनशीलता पर प्रशिक्षण दे रहा है।
- **SMILE:** आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर स्थित व्यक्तियों के लिए सहायता, नौवीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक पढ़ने वाले ट्रांसजेंडर छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- **गरिमा गृह योजना:** इसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए आश्रय गृह स्थापित करना और उन्हें आश्रय, भोजन, चिकित्सा और मनोरंजन सुविधाएँ प्रदान करना है।
  - **उदाहरण: देश भर में लगभग 12 गरिमा गृह सुविधाएँ हैं।**
  - **उदाहरण:** नौ राज्यों में गरिमा गृह आश्रयों की मौजूदगी के बावजूद, **उत्तर प्रदेश (सबसे बड़ी ट्रांसजेंडर आबादी वाला) में वर्तमान में ऐसी सुविधा का अभाव है। (2023)**
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020:** यह ट्रांसजेंडर बच्चों को सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों के रूप में चिह्नित करती है तथा जेंडर समावेशन निधि और विशेष शिक्षा क्षेत्र का प्रावधान करती है।

निष्कर्ष

भारत की जनसंख्या में **LGBTQ+** व्यक्तियों की संख्या लगभग 3.8% है (जनगणना 2011)। समलैंगिक समूह के अधिकारों को सुनिश्चित करने से सहिष्णुता और विविधता के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

वृद्ध जनसंख्या

सिलेबस मैपिंग: सामान्य अध्ययन पेपर-1, वैश्वीकरण और सामान्य अध्ययन पेपर-2, सुभेद्य वर्ग

सन्दर्भ

आईएमएफ का विश्व आर्थिक परिदृश्य (2025) भारत जैसे वृद्ध जनसंख्या वाले समाजों में स्वस्थ वृद्धावस्था की चुनौतियों और आर्थिक क्षमता दोनों पर प्रकाश डालता है।

मुख्य जनसांख्यिकीय रुझान

मीट्रिक	आंकड़े
वृद्ध आबादी (2031 अनुमान)	कुल जनसंख्या का **13.1% (2011 से 8.6%** से अधिक)
बुजुर्गों की वार्षिक वृद्धि दर	3.28%
अधिक वृद्ध जनसंख्या वाले राज्य	केरल (12.6%), गोवा (11.2%), पंजाब (10.3%), तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश

सिल्वर इकॉनमी

- **वृद्ध जनों पर राष्ट्रीय नीति, 1999** में वृद्ध जनों को संसाधन घोषित किया गया है, जिन्हें आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार होना चाहिए।
- सिल्वर इकॉनमी वृद्ध जनों को अर्थव्यवस्था में समाहित करती है।
- यह वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग की एक प्रणाली है, जिसका उद्देश्य वृद्ध जनों की क्रय क्षमता का उपयोग करना है।
- **सिल्वर इकॉनमी का मूल्य लगभग 73,082 करोड़ रुपये है।**

- क्षेत्रों के **सिल्वराइजेशन** से वृद्ध जनों की आवश्यकताओं के अनुकूल नए उत्पाद और सेवाएँ बाजार में उभर सकेंगी।
- इसके परिणामस्वरूप नौकरियों का सृजन होगा और स्वास्थ्य सेवा में सुधार होगा।



कार्यबल में भागीदारी का रुझान

वृद्ध जनसंख्या संबंधी आंकड़े

आयाम/रिपोर्ट	मुख्य निष्कर्ष
जनसंख्या	**जनगणना 2011: 60+** वर्ष की आयु के **104** मिलियन लोग (**8.6%** जनसंख्या)
लिंग अनुपात	वृद्ध जनों में 1971 में प्रति 1000 पुरुषों पर 939 महिलाओं से बढ़कर 2011 में यह 1033 हो गया।
इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023	वर्तमान में बुजुर्ग आबादी 153 मिलियन है और 2050 तक 347 मिलियन तक पहुँचने की उम्मीद है।
संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023	• **वैश्विक रुझान:** भारत में 60+ आयु वर्ग की आबादी **10.5%** (**14.9** करोड़, **2022**) से दोगुनी होकर **20.8%** (**34.7** करोड़, **2050**) हो जाएगी • **सामाजिक निहितार्थ:** जीवन प्रत्याशा दर में वृद्धि और प्रजनन दर में कमी के साथ **2050** तक पाँच में से एक व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक होगा। • **अंतर-राज्यीय भिन्नता:** दक्षिणी राज्यों में बुजुर्ग आबादी का हिस्सा अधिक है, **2036** तक यह अंतर और बढ़ने की उम्मीद है। • **आर्थिक संकट:** बुजुर्गों का 2/5 हिस्सा सबसे गरीब तबके से आता है। (पंजाब में 5% से छत्तीसगढ़ में **47%**)
ADB रिपोर्ट - "एजिंग वेल इन एशिया, 2024"	• भारतीय संदर्भ में, वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात जो **2022** में **20%** से कम था, अब **2050** तक **30%** से अधिक होने की उम्मीद है।

संवैधानिक सुरक्षा संबंधी प्रावधान

अनुच्छेद	प्रावधान
अनुच्छेद 14	विधि के समक्ष समानता और सभी नागरिकों के लिए विधि का समान संरक्षण
अनुच्छेद 21	प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है
अनुच्छेद 41	राज्य काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए प्रावधान सुनिश्चित करेगा
अनुच्छेद **46**	**SC, STs** और अन्य कमजोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना

बुजुर्ग आबादी के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ

- **अलगाव:** एकल परिवारों का चलन बढ़ रहा है जो पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था को विघटित करता है। यह वृद्ध जनसंख्या को छोड़कर आंतरिक और बाहरी प्रवास में वृद्धि से समर्थित है।
- **मूल्य प्रणाली में परिवर्तन:** पीढ़ी के अंतर के कारण, व्यक्तियों को वृद्ध जनों या दादा-दादी के साथ रहने में कठिनाई जैसे उदाहरण देखने को मिलते हैं।
  - **उदाहरण: डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल न हो पाने के कारण सांस्कृतिक अलगाव होता है।**
- **खराब वित्तीय स्वायत्तता:** ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध आबादी में वित्तीय मामलों के बारे में जागरूकता की कमी है। मुद्रास्फीति, बचत पर ब्याज दर को और प्रभावित करती है, जिससे वित्तीय संसाधनों का भंडार कम होता है।
  - **उदाहरण: पेंशन रिपोर्ट 2018 के अनुसार, कई राज्य प्रति माह पेंशन के लिए 200 रुपये प्रदान करते हैं।**
- **स्वास्थ्य सेवा संबंधी सुविधाओं का अभाव:** वृद्ध जनों में उम्र के साथ अल्जाइमर और विक्षिप्त (डिमेंशिया) जैसे कई विकार देखने को मिलते हैं। देश में वृद्धावस्था देखभाल के बुनियादी ढांचे की भी कमी है।
  - **उदाहरण: 75% वृद्ध जन किसी न किसी पुरानी बीमारी से पीड़ित हैं। (LASI रिपोर्ट)**
- **आजीविका का नुकसान:** प्रतिभा पलायन के विभिन्न मामलों में, माता-पिता को वृद्धाश्रमों में भेजा जा रहा है जहाँ जीवन की गुणवत्ता खराब है। भारत में इन-हाउस नर्स की अवधारणा अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है।

वृद्ध जनसंख्या के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

- **राष्ट्रीय वरिष्ठ मेडिक्लेम पॉलिसी:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा कंपनी द्वारा शुरू की गई यह पॉलिसी 60-80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सेवा प्रदान करती है। अस्पताल में भर्ती होने और घर पर अस्पताल में भर्ती होने के लिए बीमित राशि 1 लाख रुपये और गंभीर बीमारियों के लिए 2 लाख रुपये है।
- **अटल पेंशन योजना:** सेवानिवृत्ति के बाद आय का एक स्थिर स्रोत प्रदान करना।
- **पीएम वय वंदना योजना:** यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है, जिसमें जमा पर 8% प्रति वर्ष प्रतिफल का आश्वासन दिया जाता है। यह 10 साल की अवधि के लिए मासिक, त्रैमासिक और अर्धवार्षिक/वार्षिक आधार पर गारंटीकृत प्रतिफल की गारंटी देती है।
- **SACRED पोर्टल: सीनियर एबल सिटिजन्स फॉर री-एम्प्लॉयमेंट इन डिग्निटी (SACRED)** 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को काम के अवसर प्रदान करता है। यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्णय लेने और वित्तीय स्थिरता को सक्षम करेगा।
- **SAGE: सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन पहल (SAGE)** चिन्हित किए गए स्टार्ट-अप द्वारा बुजुर्गों की देखभाल के उत्पादों और सेवाओं के लिए वन-स्टॉप एक्सेस पोर्टल है। यह बुजुर्गों के लिए भोजन, आवास, वित्त, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में नवाचार को सक्षम करेगा।
- **राष्ट्रीय वयोश्री योजना:** केंद्रीय क्षेत्र की इस योजना को वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। यह बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों के लिए शारीरिक सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करता है।
- **एल्डर लाइन:** वरिष्ठ नागरिकों के लिए अखिल भारतीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर – 14567 है।

वृद्ध जनसंख्या पर वैश्वीकरण का प्रभाव

सकारात्मक प्रभाव

- **तकनीकी समावेशन:** विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के बच्चे बेहतर नौकरी और करियर के अवसरों के लिए विदेशी भूमि पर रहते हैं, हालाँकि अब वे तकनीकी प्रगति के कारण घर पर अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल करने में सक्षम हैं।
  - **उदाहरण:** स्विफ्ट अकाउंट या पेपाल **(PayPal)**
- **जीवन प्रत्याशा:** सस्ती दवाओं की उपलब्धता और पहुँच के साथ दवा उद्योग में वृद्धि के कारण, स्वास्थ्य में सुधार हुआ है जिससे वृद्ध जनों की औसत जीवन प्रत्याशा में सुधार हुआ है।
  - **उदाहरण: भारत में, महिलाओं की जीवन प्रत्याशा दर** 73.3 **वर्ष** (2022) **और पुरुषों की** 69.6 **वर्ष (2022) है।**
- **कनेक्टिविटी:** औद्योगिक क्रांति 3.0 और संचार प्रौद्योगिकी के विकास के साथ, वृद्ध लोग अब घर से दूर रहने वाले अपने बच्चों के साथ बातचीत करने में सक्षम हैं।

- **उदाहरणः जूम, व्हाट्सएप और स्काइप** जैसे प्लेटफॉर्म सहज कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं।

- **आयुहीन समाजः** आयु को महज एक संख्या मानकर, वृद्ध आबादी को अब रोजगार और पुनर्रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उत्पादकता में वृद्धि और स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने की इच्छाशक्ति में वृद्धि हुई है।
  - **उदाहरणः** वृक्षारोपण अभियान और गैर- सरकारी संगठनों में भागीदारी।

नकारात्मक प्रभाव

- **सेवानिवृत्ति के बाद की समस्याः** बढ़ती उम्र के साथ, माता-पिता आर्थिक रूप से बच्चों पर निर्भर हो जाते हैं, जिससे परिवार के लिए कमाने वाले और निर्णय लेने वाले पिता की भूमिका बदल जाती है।
- **नवस्थानीय परिवारः** संयुक्त परिवार व्यवस्था के विघटन के साथ, बेहतर करियर के अवसरों के लिए, बच्चे आकर्षक नौकरियों के लिए बड़े शहरों में जा रहे हैं और अपने माता-पिता को घर पर छोड़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अलगाव, अकेलापन और मनोवैज्ञानिक आघात जैसी समस्याएं देखने को मिल रही हैं।
  - **उदाहरणः** परिवारों के एकलीकरण में वृद्धि और संयुक्त परिवार का विघटन
- **बचत की कमीः** मुद्रास्फीति के बढ़ते स्तर के साथ, बचत का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवा पर खर्च किया जाता है, जिससे जीवन स्तर में कमी आती है।
  - **उदाहरणः** बुजुर्ग परिवारों का मासिक प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य खर्च, जिन परिवारों में बुजुर्ग नहीं हैं, की तुलना में **3.8** गुना अधिक है।

आगे की राह

- **सेवानिवृत्ति की आयु में बदलावः** बढ़ती जीवन प्रत्याशा के साथ सेवानिवृत्ति की आयु को उसी अनुरूप संरेखित करना।
- **अनुभव का उपयोग करनाः** सुरक्षा, रणनीति, मेंटरशिप में सेवानिवृत्त पेशेवर (जैसे, भूतपूर्व सेना) को नियुक्त करना।
- **कार्यस्थल नवाचारः** आयु-अनुकूल और लचीले कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- **कौशल और शिक्षाः** पुनः कौशल और आजीवन सीखने के अवसर बनाना।
- **सामाजिक सुरक्षाः** अटल पेंशन योजना (**APY**) और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (**NPS**), प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (**PM-SYM**), **MGNREGA**, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (**PMRPY**), गरीब कल्याण रोजगार अभियान (**GKRA**) आदि को मजबूत करना।
- **उद्यमिताः** बुजुर्गों के नेतृत्व वाले छोटे व्यवसायों और सामुदायिक पहलों को प्रोत्साहित करना।
- **स्वास्थ्य सेवाः** निवारक स्वास्थ्य सेवा और एआई-आधारित चिकित्सा जांच में निवेश करना।
- **लैंगिक समानताः** रोजगार में लैंगिक समानता में सुधार करना।

संघर्ष के बाद के भारत में जनजातियाँ

सिलेबस मैपिंगः सामान्य अध्ययन पेपर-1, सामाजिक सशक्तिकरण और सामान्य अध्ययन पेपर-2, सुभेद्य वर्ग

सन्दर्भ

2005 में, लगभग 50,000 गोंड आदिवासियों को छत्तीसगढ़ से तत्कालीन अविभाजित आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना के कुछ हिस्से) में पलायन करने के लिए मजबूर किया गया था।

परिचय

अनुसूचित जनजातियाँ (STs) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत मान्यता प्राप्त स्वदेशी समुदाय हैं। ये समूह अक्सर भौगोलिक रूप से अलग-थलग होते हैं, एक अलग संस्कृति बनाए रखते हैं, और ऐतिहासिक रूप से सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित रहे हैं।

2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजातियाँ भारत की जनसंख्या का **लगभग 8.6% (लगभग 104 मिलियन लोग)** हैं, जो विभिन्न राज्यों में पायी जाती हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्वोत्तर राज्यों, ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में निवास करती हैं।

Classification of tribes in India



उद्धरण

डॉ. बी.आर. अंबेडकर	भारत के जनजातीय लोग सबसे कमजोर और हाशिए पर स्थित हैं, फिर भी वे अपने संस्कृति, कला और ज्ञान की समृद्ध विरासत के साथ रहते हैं।
महात्मा गांधी	भारत के आदिवासी सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहते आए हैं। वे भारत के जंगलों, नदियों और पहाड़ों के वास्तविक संरक्षक हैं।
रामचंद्र गुहा (इतिहासकार)	आदिवासी भारत के मूल पर्यावरणविद हैं। 'सतत विकास' की अवधारणा के हमारे शब्दकोश में आने से बहुत पहले, जनजातीय समुदाय अपने दैनिक जीवन में ये पद्धतियाँ अपनाते थे।

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष को आकार देने वाले आदिवासी नेता

बिरसा मुंडा: झारखंड के प्रतिष्ठित जनजातीय नेता, जिन्होंने 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश सेना के खिलाफ **मुंडा विद्रोह या महान विद्रोह** का नेतृत्व किया था।

टंट्या भील: आदिवासियों के **रॉबिन हुड** के रूप में भी जाने जाते हैं, क्योंकि उन्होंने 19वीं शताब्दी के दौरान मध्य भारत में आदिवासी समुदायों के ब्रिटिश शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

रानी गाइदिन्ल्यू: एक नागा गांव में जन्मी, 13 वर्ष की आयु में वह **हेराका धार्मिक आंदोलन** में शामिल हो गई और ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध करना शुरू कर दिया। उनके विद्रोह के कारण 1932 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्होंने 14 साल जेल में बिताए। अपने साहस के लिए जवाहरलाल नेहरू से "रानी" की उपाधि प्राप्त की।

सिद्धू और कान्हू मुर्मू: अनुचित कराधान और भूमि नीतियों के लिए **EIC** और स्थानीय जमींदारों के खिलाफ **1855-56** में संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया।

जनजातीय लोगों के विस्थापन के कारण

- **माओवादियों से निपटने के लिए रणनीतिक बस्ती (2005):** भारत सरकार ने माओवादियों की मौजूदगी को समाप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ में **''रणनीतिक बस्ती''कार्यक्रम (वियतनाम युद्ध मॉडल से प्रेरित)** शुरू किया।
  - सुरक्षा और निगरानी के लिए आदिवासियों को जबरन उनके जंगल के घरों से सड़क किनारे शिविरों में **स्थानांतरित किया गया,** जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।
- **माओवादियों का डर: माओवादियों के प्रतिशोध के डर से कुछ आदिवासी घर वापस नहीं लौटे।**
  - माओवादी अक्सर उन आदिवासियों को धमकाते या निशाना बनाते थे, जिन्हें सरकारी बलों का समर्थन या सहयोग करते देखा जाता था।
- **बस्तर क्षेत्र में जारी हिंसा:** शुरुआती बस्ती बसाने के बाद भी **माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसा जारी** रही।
  - बस्तर क्षेत्र में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के कारण लगातार विस्थापन हुआ, विशेषकर सीमावर्ती इलाकों में।
- **पुनर्वास की उपेक्षा और इनकार: छत्तीसगढ़ सरकार ने विस्थापन से इनकार किया,** दावा किया कि हिंसा के कारण कोई भी आदिवासी पलायन नहीं किया है।
  - आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों (IDPs) का उचित सर्वेक्षण या मान्यता नहीं दी गई थी, जिससे पुनर्वास या पुनर्स्थापन में देरी हुई।

जनजातियों से जुड़ी चुनौतियाँ

- **कानूनी सुरक्षा का अभाव:** भारत में **आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (IDPs)** के अधिकारों के संरक्षण के लिए एक **व्यापक राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानूनी ढाँचे का अभाव** है।
  - जन्म प्रमाण पत्र न होने के कारण इनके पास आधार कार्ड नहीं होता है, जिससे बच्चे सरकारी कल्याण योजनाओं और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय **(EMRS)** और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय **(KGBV)** स्कूलों में प्रवेश के लिए अयोग्य हो जाते हैं।

- **नई बस्तियों में शत्रुतापूर्ण व्यवहार:** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, उन्हें **''अतिक्रमणकारी''** या प्रवासी के रूप में देखा जाता है।
  - उनके घरों को ध्वस्त/नष्ट कर दिया जाता है, और उन्हें **जनजाति का दर्जा नहीं** दिया जाता है, भले ही उनमें से कई **20** साल बाद वहाँ पैदा हुए हों।
- **स्वास्थ्य सुविधाओं तक उचित पहुँच नहीं:** दूरदराज के **पहाड़ी इलाकों में बस्तियों में** सड़कों और एम्बुलेंस की पहुँच का अभाव है।
  - घर में **जन्म (गैर-संस्थागत प्रसव) का अधिक** प्रचलन।
  - चिकित्सा सहायता के अभाव के कारण **मातृ और शिशु स्वास्थ्य** के लिए जोखिम।
- **रोजगार की कमी:** भौगोलिक अलगाव और आधार या जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों की कमी से रोजगार के अवसरों और मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं तक पहुँच में बाधा आती है।

आगे की राह

- **मोबाइल डॉक्यूमेंटेशन अभियान: एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियां (ITDAs)** विस्थापित जनजातीय परिवारों के लिए लंबी यात्रा के बोझ को कम करने के लिए **मोबाइल आधार केंद्र** स्थापित करती हैं।
  - **महिला एवं बाल विकास अधिकारी और आशा कार्यकर्ता** परिवारों को जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने में मदद करने में सक्रिय रूप से शामिल हैं।
- **कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम: दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (DDU-GKY)** जैसी योजनाओं के अंतर्गत जनजातीय-केंद्रित आजीविका और कौशल विकास पहल शुरू करना।
- **स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच:** प्रसवपूर्व, प्रसवोत्तर और बाल देखभाल सेवाओं के साथ गतिशील स्वास्थ्य इकाइयाँ (**MHUs**) स्थापित करना।
  - मातृत्व लाभ और एम्बुलेंस कनेक्टिविटी के साथ **संस्थागत प्रसव** को प्रोत्साहित करना।
  - सांस्कृतिक अंतर को पाटने और विश्वास में सुधार करने के लिए **स्थानीय जनजातीय महिलाओं को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में प्रशिक्षित** करना।
- **सांस्कृतिक और सामाजिक एकीकरण: स्थानीय शासन (पेसा अधिनियम) और वन संरक्षण (FRA** अधिनियम) में जनजातियों को शामिल करना।
  - **जागरूकता और संवेदनशीलता अभियान** के माध्यम से भेदभाव और बहिष्कार को समाप्त करना।

अनुसूचित जनजातियों के लिए सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए तंत्र

संवैधानिक तंत्र

अनुच्छेद	प्रावधान
अनुच्छेद 46	उनके शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के प्रावधान करता है।
अनुच्छेद 330 और 332	लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण
अनुच्छेद 244	पांचवीं और छठी अनुसूची के प्रावधानों के माध्यम से अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के विशेष प्रशासन की अनुमति देता है।
अनुच्छेद 338।	89वें संशोधन अधिनियम, 2003 के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग **(NCST)** की स्थापना की गई।
अनुच्छेद 342	राज्यपाल के परामर्श के बाद राष्ट्रपति ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में **STs** मानी जाने वाली जनजातियों को निर्दिष्ट किया।
अनुच्छेद 366	**STs** को जनजातियों या जनजातीय समुदायों के रूप में परिभाषित करता है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत माना जाता है।

विधिक/कानूनी तंत्र

- **वन अधिकार अधिनियम, 2006:** वन में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों के वन अधिकारों और वन भूमि पर अधिकार को मान्यता देने के लिए लागू किया गया।
- **नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम,** 1955: अस्पृश्यता संबंधी गतिविधियों के लिए दंड का प्रावधान।
- **एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम 1989:** अपराधों की सुनवाई और ऐसे अपराधों के पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए विशेष न्यायालयों का प्रावधान करता है।

- **पेसा अधिनियम, 1996:** आदिवासी समुदायों को अपने संसाधनों का प्रबंधन करने और पारंपरिक पद्धतियों के अनुसार शासन करने का अधिकार देता है। यह ग्राम सभाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत शासन को बढ़ावा देता है।
- **बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, 1976:** अनुच्छेद 23 के अनुरूप, कमजोर वर्गों (STs) के आर्थिक-शारीरिक शोषण को रोकने के लिए बंधुआ मजदूरी को समाप्त करता है।

संस्थागत तंत्र

- **NCST: अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय आयोग** एक संवैधानिक निकाय है जो **STs** के लिए सुरक्षा उपायों के मामलों की निगरानी करता है और उल्लंघनों की शिकायतों की जांच करता है।
  - आयोग राष्ट्रपति को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है और **STs** के सामाजिक-आर्थिक विकास पर भारत सरकार को सलाह देता है।
- **जनजातीय उप योजना (TSP) रणनीति:** भारत सरकार की इस पहल का उद्देश्य जनजातियों का तेजी से सामाजिक-आर्थिक विकास करना है। यह निधि प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की एसटी आबादी के बराबर अनुपात में है।
  - जनजातीय उप योजना निधि अपरिवर्तनीय और गैर-व्यपगत है।
- **ट्राइफेड:** जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन, जिसका प्रमुख उद्देश्य आदिवासी उत्पादों के विपणन की सुविधा प्रदान करके भारत के आदिवासी समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिले।
  - **उदाहरण: #वोकलफॉरलोकल और आदि महोत्सव ने दिल्ली हाट में आदिवासी कलाओं का प्रदर्शन किया।**
- **जनजातीय कार्य मंत्रालय:** 1999 में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए नोडल एजेंसी के रूप में स्थापित तथा वनबंधु कल्याण योजना, वन अधिकार अधिनियम आदि के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है।

समितियों की सिफारिशें

- **ढेबर आयोग:** 50% से अधिक लोगों के आदिवासी होने पर उस क्षेत्र को आदिवासी घोषित करने की सिफारिश की।
- **लोकुर समिति: STs** को परिभाषित करने के लिए पांच मानदंड सुझाए, अर्थात् आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति, भौगोलिक अलगाव, समुदाय के साथ संपर्क में संकोच और पिछड़ापन।
- **भूरिया आयोग:** 5वीं अनुसूची से लेकर आदिवासी भूमि और जंगल, स्वास्थ्य और शिक्षा, पंचायतों के कामकाज और आदिवासी महिलाओं की स्थिति जैसे कई मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया।
- **प्रोफेसर वर्जिनियस शाशा:** उच्च स्तरीय समिति ने आदिवासी समुदायों से संबंधित मुद्दों जैसे आजीविका और रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, अनैच्छिक विस्थापन और प्रवास, कानूनी और संवैधानिक मामलों का अध्ययन किया।

भारत के उच्च शिक्षण संस्थान (HEIS)

सिलेबस मैपिंग: सामान्य अध्ययन पेपर-2, शिक्षा

सन्दर्भ

भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में, शिक्षा के सन्दर्भ में पारंपरिक से परिवर्तनकारी सामाजिक न्याय की ओर बदलाव देखा जा रहा है।

परिचय

भारत में उच्च शिक्षा क्षेत्र में विश्वविद्यालय, कॉलेज और पाठ्यक्रमों की तीन-स्तरीय संरचना शामिल है, जो इस क्षेत्र में गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखने में नियामक संरचना के साथ एक महत्वपूर्ण कड़ी बनाती है। भारत में अनुमानतः 800 से अधिक विश्वविद्यालय (उनसे संबद्ध 40,000 कॉलेज) हैं और उनके विनियमन में सुधार की आवश्यकता है।.

भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए वर्तमान नियामक संरचना

- **UGC:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, सामान्य विषयों को पढ़ाने वाले विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का विनियमन करता है। यह अनुदानों के वितरण के साथ-साथ मानकों को निर्धारित और बनाए रखता है।
- **AICTE:** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, तकनीकी शिक्षा जैसे इंजीनियरिंग, प्रबंधन और वास्तुकला का विनियमन करती है।
  - **उदाहरण: राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NBA)** की स्थापना **AICTE** द्वारा की गई थी।

- **अन्य नियामक:** चिकित्सा, कानूनी, नर्सिंग या शिक्षक शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम/डिग्री प्रदान करने वाले संस्थानों को **14** पेशेवर परिषदों द्वारा विनियमित किया जाता है।
  - **उदाहरण: बार काउंसिल, मेडिकल काउंसिल और नर्सिंग काउंसिल।**

उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए नियामक प्रणाली को एक छत्र निकाय के अंतर्गत पुनर्गठित करने की आवश्यकता–

- **समिति की सिफारिशें: राष्ट्रीय ज्ञान आयोग** (2009), **यशपाल समिति** (2010) **और** NEP **के विकास के लिए समिति (2016)** जैसे विशेषज्ञ निकायों ने पहुँच, गुणवत्ता, वित्त पोषण और शासन से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए उच्च शिक्षा में सुधार का सुझाव दिया।
  - **उदाहरण: उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए सभी मौजूदा नियामकों को एक स्वतंत्र नियामक के तहत समेकित करने की आवश्यकता की सिफारिश की।**
- **UGC: UGC** की स्थापना **1948** में **एस राधाकृष्णन** ने की थी, हालाँकि आज यह अन्य नियामकों के साथ समन्वय की कमी के साथ एक तदर्थ संरचना में काम करता है। यह उच्च शिक्षा में छात्र गतिशीलता और अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ाने के लिए नए उपायों को अपनाने में पिछड़ रहा है।
  - **उदाहरण: UGC** अधिनियम, **1956** के अनुसार कोई भी संस्थान आयोग की मंजूरी के बिना **''विश्वविद्यालय'' शब्द का उपयोग नहीं** कर सकता है, हालाँकि फर्जी विश्वविद्यालयों और घोस्ट संस्थानों का मुद्दा अभी भी प्रचलित है।
- **AICTE:** यह एक **वैधानिक निकाय** है और तकनीकी शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की परिषद है, हालाँकि इस पर संदिग्ध साख वाले संस्थानों को मान्यता देने का आरोप लगाया गया है। गैर-पारदर्शी मान्यता प्रक्रियाओं का पालन करने और उद्योग के साथ सीमित जुड़ाव के लिए भी इसकी आलोचना की जाती है।
  - **उदाहरण:** स्नातकों की रोजगार क्षमता सीमित है क्योंकि उद्योग की आवश्यकताओं और कॉलेजों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम के बीच एक व्यापक अंतर मौजूद है।
- **NBA: AICTE** अधिनियम, **1994** द्वारा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड की स्थापना शैक्षणिक संस्थानों द्वारा पेश किए जाने वाले कार्यक्रमों की गुणात्मक क्षमता का आकलन करने के लिए की गई थी। हालाँकि, वित्त पोषण की कमी के कारण उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार पर इसका सीमित प्रभाव पड़ा है।
  - **उदाहरण: सीमित मान्यता के कारण बड़ी संख्या में बैकलॉग होते हैं।**

भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता संबंधी समस्याएँ

- **शिक्षक: छात्र अनुपात:** बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए, **21वीं** सदी की जरूरतों के अनुसार शिक्षा जगत को फिर से तैयार करने की जरूरत है।
  - **उदाहरण: अमेरिका के विश्वविद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात 12.5:1 है, जबकि भारत में यह अनुपात 19.5:1 है।**
विलंबता (Latency)	अति न्यून विलंबता प्रदान करते हैं (मिलीसेकंड में)	उच्च विलंबता (विशेष रूप से उच्च-कक्षा उपग्रहों के लिए)
विश्वसनीयता	लंबी अवधि तक कार्यशील रहते हैं (~25 वर्ष)	अंतरिक्षीय मौसम स्थितियों (अंतरिक्ष मलबा, सौर तूफान आदि) के प्रति संवेदनशील
लागत संबंधी पहलू	प्रति उपयोगकर्ता सस्ता और स्थिर बैंडविड्थ	प्रति उपयोगकर्ता उच्च लागत (विशेष रूप से उच्च गति डेटा संचरण के लिए)

3D प्रिंटेड रेलवे स्टेशन

संदर्भ

हाल ही में जापान ने छह घंटे में 3D प्रिंटेड रेलवे स्टेशन बनाया।

3D प्रिंटिंग के बारे में

- यह डिजिटल मॉडल से परत दर परत सामग्री जोड़कर त्रि-आयामी वस्तुएँ बनाने की प्रक्रिया है। इसे एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग के नाम से भी जाना जाता है।
- यह एक योगात्मक प्रक्रिया है, जिसमें प्लास्टिक, कंपोजिट या जैव-सामग्री जैसी सामग्री की परतों को विभिन्न आकार, माप, कठोरता और रंग वाली वस्तुओं के निर्माण के लिए तैयार किया जाता है।
- यह अत्यंत सटीकता के साथ जटिल संरचनाओं और आकृतियों के निर्माण को संभव बनाता है।

3D प्रिंटिंग कैसे की जाती है?

- 3क प्रिंटिंग का मूल सिद्धांत किसी वस्तु को परत दर परत बनाना है।
- इसकी शुरुआत एक **डिजिटल मॉडल या कंप्यूटर एडेड डिजाइन** (CAD) फाइल से होती है, जिसे पतली अनुप्रस्थ काट वाली परतों में विभाजित किया जाता है।
- **3डी प्रिंटर इन स्लाइस को पढ़ता है** और एक बार में एक परत सामग्री जमा करता या जमाता है, धीरे-धीरे अंतिम वस्तु का निर्माण करता है।
- **विभिन्न 3डी प्रिंटिंग तकनीकें:** फ्यूज्ड डिपोजिशन मॉडलिंग (FDM), स्टीरियोलिथोग्राफी (SLA), सिलेक्टिव लेजर सिंटरिंग (SLS), बाइंडर जेटिंग आदि।

बायोमास उपग्रह

संदर्भ

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) 29 अप्रैल, 2025 को वेगा सी रॉकेट के जरिए अपना बायोमास मिशन लॉन्च करेगी।

बायोमास उपग्रह के बारे में

- बायोमास एक यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।
- **बायोमास मिशन के मुख्य उद्देश्य:**
  – भूमि के ऊपर वन बायोमास का आकलन।
  – विस्तृत त्रिविमीय (3D) वन संरचना मानचित्र तैयार करना।
  – कार्बन भंडारण में वनों की भूमिका को समझना।
  – सटीक जैवमात्रा/बायोमास आंकड़ों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के पूर्वानुमानों को सुधारना।
  – अंटार्कटिका **में हिम-पट्टी/चादर की गति पर** नजर रखना।
- **उपग्रह पेलोड:**
  – सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) जो पृथ्वी की सतह का मानचित्रण करेगा।
  – इसमें 12 मीटर का विशाल एँटीना संलग्न है।
  – यह P-बैंड SAR (दीर्घ-तरंग रडार) का उपयोग करने वाला प्रथम उपग्रह है:
    - दीर्घ तरंगदैर्घ्य घने वन वितानों में प्रवेश कर सकती है, जिससे वितान से लेकर जड़ों तक जैवभार का पता लगाना संभव हो जाता है।
    - P-बैंड SAR घने पर्णावरण के आर-पार 'देख' सकता है और शाखाओं, तनों एवं भूमि की जैवमात्रा में संग्रहित कार्बन को माप सकता है।
- बायोमास मिशन ESA के 'अर्थ एक्सप्लोरर कार्यक्रम' के अंतर्गत सातवाँ मिशन है।

अर्थ एक्सप्लोरर्स कार्यक्रम में उपग्रहों की एक श्रृंखला शामिल है, जिनका साझा लक्ष्य पृथ्वी की प्रमुख प्रणालियों के अवलोकन के माध्यम से प्रमुख वैज्ञानिक प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता करके पृथ्वी विज्ञान को आगे बढ़ाना है।

सिलिकॉन फोटोनिक्स

सन्दर्भ

हाल ही में वैज्ञानिकों ने सिलिकॉन चिप पर सीधे काम करने वाला पहला लघु लेजर बनाया है, जो सिलिकॉन फोटोनिक्स में एक महत्वपूर्ण सफलता है।

सिलिकॉन फोटोनिक्स के बारे में

- **सिलिकॉन फोटोनिक्स** एक ऐसी तकनीक है जो सिलिकॉन-आधारित माइक्रोचिप्स पर सूचना ले जाने और संसाधित करने के लिए बिजली (इलेक्ट्रॉन) के बजाय प्रकाश (फोटॉन) का उपयोग करती है।
- यह **पारंपरिक सिलिकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ ऑप्टिकल** घटकों को जोड़ता है, जिससे चिप्स के बीच और उनके भीतर तीव्र और अधिक ऊर्जा-कुशल संचार संभव हो पाता है।
- **इलेक्ट्रॉनों की तुलना में फोटॉनों का लाभ:**
  – फोटॉन अधिक गति से गति करते हैं और एक साथ अधिक मात्रा में डेटा वहन कर सकते हैं **(उच्च बैंडविड्थ)।**
  – वे संचार के दौरान कम ऊष्मा उत्पन्न करते हैं और ऊर्जा की हानि भी कम होती है।
  – इस कारण फोटोनिक चिप्स उच्च गति वाले डेटा संचरण के लिए, विशेषत: सर्वरों या चिप्स के बीच की छोटी दूरी पर, अत्यंत उपयुक्त होते हैं।

फोटॉन के उपयोग में चुनौती

- एक प्रमुख चुनौती **प्रकाश स्रोत (लेजर)** को सीधे सिलिकॉन चिप में एकीकृत करना था, क्योंकि सिलिकॉन स्वाभाविक रूप से प्रकाश उत्सर्जित नहीं करता है।
- सिलिकॉन में अप्रत्यक्ष बैंडगैप होता है, जिसका अर्थ है कि **सिलिकॉन में इलेक्ट्रॉनों को ऊर्जा स्तर को कम करने और प्रकाश उत्सर्जित करने के लिए सहायता (कंपन ऊर्जा की तरह)** की आवश्यकता होती है।
- आदर्श समाधान यह है कि लेजर को सीधे सिलिकॉन चिप पर बनाया जाए, लेकिन यह कठिन है क्योंकि:
  – गैलियम आर्सेनाइड और सिलिकॉन जैसी सामग्रियों की क्रिस्टल संरचना अलग-अलग होती है
  – इससे एक के ऊपर दूसरे को विकसित करने पर दोष उत्पन्न होते हैं, जिससे कार्यकुशलता कम हो जाती है।
- **हाल ही में शोधकर्ताओं ने इस एकीकरण समस्या का समाधान किया:**
  – उन्होंने 300 मिमी सिलिकॉन वेफर में नैनोमीटर-चौड़े खांचे बनाए और इन खांचों के तल पर गैलियम आर्सेनाइड विकसित किया, जहाँ दोष रुक गए।
  – इससे शीर्ष पर **उच्च-गुणवत्ता वाली लेजर सामग्री का विकास संभव हुआ।**
  – इस प्रकार की प्रत्यक्ष एकीकरण विधि लागत को कम करती है और इस तकनीक को बड़े पैमाने पर उत्पादन योग्य बनाती है।

वाहन से ग्रिड (V2G) प्रौद्योगिकी

संदर्भ

हाल ही में केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) और आईआईटी बॉम्बे ने केरल में वाहन-से-ग्रिड (V2G) प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन की संभावना तलाशने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की है।

V2G टेक्नोलॉजी के बारे में

- यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) न केवल ग्रिड से बिजली ले सकते हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर उसे वापस भी भेज सकते हैं।
- इलेक्ट्रिक वाहन विकेन्द्रीकृत चलायमान ऊर्जा भंडारण इकाइयों के रूप में कार्य करते हैं।
- V2G दो-तरफा ऊर्जा प्रवाह को सक्षम बनाता है:

G2V (ग्रिड से वाहन): जब वाहन चार्ज होता है।

V2G (वाहन से ग्रिड): जब वाहन से विद्युत वापस ग्रिड में प्रवाहित की जाती है।

V2G प्रौद्योगिकी के लाभ

- **ग्रिड स्थिरता:** यह आपूर्ति और मांग को संतुलित करने में मदद करती है, विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा स्रोतों के मामले में।
- **नवीकरणीय ऊर्जा का संवर्धित उपयोग:** यह कम मांग के दौरान अतिरिक्त सौर/पवन ऊर्जा का भंडारण करता है तथा नवीकरणीय उत्पादन कम होने या मांग अधिक होने पर इसका निर्वहन करता है।
- **पीक लोड के समय दबाव में कमी:** EVs, उच्च मांग के समय ऊर्जा प्रदान कर उत्पादन एवं वितरण प्रणाली पर दबाव को कम कर सकते हैं।
- **आपातकालीन ऊर्जा स्रोत:** आपात स्थितियों या आपूर्ति बाधाओं के समय EVs बैकअप ऊर्जा स्रोत बन सकते हैं।
- EV मालिकों के लिए आर्थिक लाभ: EV मालिक अपनी अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड को बेचकर धन या क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं।

एनीमिया के खिलाफ भारत की लड़ाई

संदर्भ

राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (NFHS-5) के अनुसार, भारत में 67.1% बच्चे एवं 59.1% किशोरियाँ एनीमिक (रक्ताल्पता से ग्रस्त) हैं।

Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

Status of Anemia in India as per the National Health Survey – 5 (2019-2021)

Groups	Anaemia Rate (%)
Men (15–49 years)	25%
Women (15–49 years)	57%
Adolescent boys (15–19 years)	31.1%
Adolescent girls (15–19 years)	59.1%
Pregnant women (15–49 years)	52.2%
Children (6–59 months)	67.1%

/MIB_India /MIB_Hindi /inbministry /inbministry /mib_india /mib_india /MIB_India

एनीमिया के बारे में

- यह एक रक्त विकार है जो तब होता है जब शरीर में पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कणिकाएँ या हीमोग्लोबिन नहीं होता।
- इससे शरीर के अंगों और ऊतकों तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुँचने में बाधा उत्पन्न होती है।
- अति-संवेदनशील जनसंख्या: 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, मासिक धर्म वाली किशोरियाँ, महिलाएँ, तथा गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाएँ।

एनीमिया के कारण

- **लौह-अल्पता से होने वाला एनीमिया:** केवल 9% एनीमिया के मामले लौह की कमी के कारण होते हैं।
- **अज्ञात कारण: 22% मामले अज्ञात या अज्ञात कारणों** से जुड़े थे, जिनमें शामिल हो सकते हैं: विटामिन बी 12 या फोलेट की कमी, हीमोग्लोबिनोपैथी (हीमोग्लोबिन को प्रभावित करने वाले आनुवंशिक विकार), पता न चलने वाली रक्त हानि और अस्वच्छ परिवेश या वायु प्रदूषण

एनीमिया मुक्त भारत

- इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी।
- यह एक 6×6×6 रणनीति पर आधारित कार्यक्रम है, जिसमें छह विभिन्न आयु-वर्गों के लिए छह हस्तक्षेप (interventions) निर्धारित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य **पोषणात्मक एवं गैर-पोषणात्मक** कारणों से होने वाले एनीमिया की व्यापक रोकथाम करना है।



पेरोव्स्काइट सौर सेल

संदर्भ

शोधकर्ताओं ने पेरोव्स्काइट सौर सेल के लिए एक जल-आधारित पुनर्चक्रण विधि विकसित की है।

पेरोव्स्काइट सौर सेल (PSC) के बारे में

- PSC एक प्रकार के फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल हैं, वे अपनी संरचना में पेरोव्स्काइट सामग्री का उपयोग करते हैं, जो पारंपरिक सिलिकॉन-आधारित पीवी कोशिकाओं से भिन्न है।
- इन्हें **पेरोव्स्काइट क्रिस्टल का उपयोग करके बनाया** जाता है। वे सिलिकॉन सौर पैनलों की तुलना में एक सस्ता और अधिक कुशल विकल्प प्रदान करते हैं।
- इन्हें सरल एवं कम लागत वाली प्रक्रियाओं का उपयोग करके निर्मित किया जा सकता है।
- **पेरोव्स्काइट सौर सेल की संरचना:** यह कई परतों से बना होता है- पेरोव्स्काइट क्रिस्टल परत, प्रचार्ज ट्रांसपोर्ट (वाहक) पदार्थ, धातु इलेक्ट्रोड और ग्लास शीट।
- शोधकर्ताओं ने पेरोव्स्काइट सौर सेल के लिए **जल-आधारित पुनर्चक्रण विधि विकसित** की है जो सुनिश्चित करती है:
  - प्रयुक्त पेरोव्स्काइट सामग्री का कुशल अपघटन और पुनर्चक्रण।
  - उच्च गुणवत्ता वाले पेरोव्स्काइट क्रिस्टल की प्राप्ति, जो नए सौर सेल के लिए पुन: प्रयोज्य होंगे।
  - यह कार्बनिक विलायकों से बचाता है, जिससे प्रक्रिया अधिक हरित और सतत हो जाती है।

पेरोव्स्काइट सौर सेलों से संबंधित चुनौतियाँ:

- **विषाक्तता संबंधी चिंताएँ:** इसमें सीसा होता है, जो एक खतरनाक तत्व है, जिसका विनिर्माण और निपटान के दौरान सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया जाना चाहिए।
- **पुनर्चक्रण संबंधी मुद्दे:** पारंपरिक पुनर्चक्रण विधियाँ डाइमिथाइलफॉर्मामाइड (DMF) जैसे विषैले कार्बनिक विलायकों पर निर्भर करती हैं। ये विलायक हानिकारक हैं और चक्रीय अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण के लिए अनुपयुक्त हैं।

हालांकि वर्तमान में सौर ऊर्जा बाजार पर सिलिकॉन आधारित सौर पैनलों का प्रभुत्व है, किंतु उनमें निम्न समस्याएँ पाई जाती हैं:

- विनिर्माण की उच्च ऊर्जा लागत.
- उपयोग की समाप्ति के पश्चात नष्ट करने की समस्या, क्योंकि सिलिकॉन गैर-जैव-अपघटनीय (non-biodegradable) है।

भारत में सौर ऊर्जा की स्थिति

- **स्थापित सौर क्षमता:** वर्तमान में भारत में कुल 92 गीगावाट (GW) सौर क्षमता स्थापित है।
- **निर्माण क्षमता:** भारत की सौर-मॉड्यूल निर्माण क्षमता 63 गीगावाट है, जबकि सौर सेल निर्माण क्षमता लगभग 5.8 गीगावाट है।
- **भारत का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र:** भड़ला सौर ऊर्जा संयंत्र (राजस्थान) - 2,245 मेगावाट क्षमता।

घातक कृषि वायरस के लिए एँटीवायरल

संदर्भ

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) के अनुसार, पौधों में लगने वाले कीट और रोग विश्व की वार्षिक फसलों का लगभग 40% नष्ट कर देते हैं, जिससे वैश्विक कृषि अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष 220 अरब डॉलर से अधिक की हानि होती है।

ककम्बर मोजेक वायरस (CMV) के बारे में

- **CMV सबसे विनाशकारी पादप विषाणुओं** में से एक है, जो 1,200 से अधिक पादप प्रजातियों को प्रभावित करता है, जिनमें खीरे, स्क्वैश, अनाज और औषधीय पौधे जैसी खाद्य फसलें शामिल हैं।
- यह विशेष रूप से केले के बागानों (25-30%) और कद्दू, खीरे और खरबूजे (70% तक) में महत्वपूर्ण उपज हानि के लिए जिम्मेदार है।
- **फसलों पर CMV का प्रभाव**
- भारत में, CMV केले के बागानों और कई अन्य फसलों में उपज हानि का एक प्रमुख कारण है।

फसल सुरक्षा के लिए RNA-आधारित प्रौद्योगिकी

- **RNA साइलेंसिंग और पौधों की प्रतिरक्षा:**
  - पौधों में एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है जिसे RNA साइलेंसिंग के रूप में जाना जाता है, जो तब सक्रिय होती है जब कोई वायरस पौधे में द्वि-रज्जुक RNA (dsRNA) प्रविष्ट कराता है।
  - पौधा डाइसर-लाइक एन्जाइम्स (DCLs) का उपयोग करके dsRNA को स्मॉल इंटरफेरिंग RNA (siRNA) में परिवर्तित करता है।
  - ये siRNAs पौधे की प्रतिरक्षा प्रणाली को वायरल RNA को पहचानने और नष्ट करने में मार्गदर्शन करते हैं, जिससे संक्रमण का प्रसार रुक जाता है।
  - **पौधों की प्राकृतिक सुरक्षा में समस्या:** कभी-कभी, पौधों की प्राकृतिक सुरक्षा पूरी तरह से काम नहीं करती है और कुछ वायरस, जैसे CMV, तेजी से बदलते हैं और पौधे की सुरक्षा से बच निकलते हैं।

पौधों की प्राकृतिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा आविष्कृत तकनीकें

- **होस्ट-इंड्यूस्ड जीन साइलेंसिंग (HIGS):** वैज्ञानिक पौधों को संशोधित करते हैं ताकि वे अपनी कोशिकाओं के अंदर विशेष RNA बना सकें। यह RNA पौधे को वायरस से बचाता है। हालाँकि, इस विधि के लिए आनुवंशिक संशोधन की आवश्यकता होती है और यह महंगी हो सकती है।

- **स्प्रे-इंड्यूस्ड जीन साइलेंसिंग (SIGS):** इस विधि में, किसान पौधों की पत्तियों पर सीधे RNA का छिड़काव करते हैं। RNA पौधे के जीन को बदले बिना वायरस से लड़ने में पौधे की मदद करता है। यह आनुवंशिक संशोधन की तुलना में सस्ता और आसान है।
- **नवाचार:**
  - शोधकर्ताओं ने एक बेहतर RNA बनाया है जिसे 'प्रभावी dsRNA' कहा जाता है। यह विशेष रूप से डिजाइन किया गया RNA है जो पौधों की सुरक्षा में बेहतर काम करता है।
  - केवल यादृच्छिक RNA का उपयोग करने के बजाय, वे अत्यधिक प्रभावी RNA का उपयोग करते हैं जो वायरस को अधिक सटीक रूप से लक्षित करता है। इसका मतलब है कि पौधा वायरस से अधिक मजबूती से और अधिक प्रभावी ढंग से लड़ सकता है।
  - यह नवाचार अधिक लक्षित, अधिक सशक्त रक्षा प्रणाली प्रदान करता है।

टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट

संदर्भ

गूगल ने हाल ही में अपनी सातवीं पीढ़ी की टेन्सर प्रोसेसिंग यूनिट (TPU) आयरनवुड लॉन्च की है।

TPU के बारे में

- TPU अनुप्रयोग-विशिष्ट एकीकृत सर्किट (ASIC) हैं, जिन्हें विशेष रूप से मशीन लर्निंग (एमएल) कार्यों, जैसे डीप लर्निंग, को गति देने के लिए डिजाइन किया गया है।
- इन्हें विशेष रूप से टेंसर (**बहु-आयामी सरणियों**) के साथ किए जाने वाले गणनात्मक कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है।

TPU की मुख्य विशेषताएँ

- **मशीन लर्निंग हेतु डिजाइन:** TPUs को विशेष रूप से टेंसर ऑपरेशनों के लिए अनुकूलित किया गया है, जो न्यूरल नेटवर्क्स की आधारशिला हैं।
- **उच्च प्रदर्शन:** TPUs मशीन लर्निंग कार्यों हेतु CPU व GPU की तुलना में काफी तेज गणना प्रदान करते हैं।

जहाँ GPU पर प्रशिक्षण में सप्ताह लगते हैं, वहीं TPU पर यह कार्य कुछ घंटों में संपन्न हो सकता है।

- समानांतरता: GPU की तरह, TPU भी समानांतर प्रसंस्करण का उपयोग करते हैं, लेकिन वे और भी अधिक विशिष्ट होते हैं। वे एक साथ लाखों टेंसर ऑपरेशन को संभाल सकते हैं।
- ऊर्जा दक्षता: AI कार्यभार चलाते समय GPU और CPU की तुलना में अधिक ऊर्जा कुशल।

CPU, GPU और TPU के बीच प्रमुख अंतर

विशेषता	सेंट्रा प्रोसेसिंग यूनिट	ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट	टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट
उद्देश्य	सामान्य कंप्यूटिंग	ग्राफिक्स और समानांतर कंप्यूटिंग	AI और ML-विशिष्ट कार्य
प्रसंस्करण प्रकार	क्रमबद्ध	समानांतर	टेंसर-आधारित, समानांतर
AI दक्षता	निम्न	उच्च	अत्यधिक उच्च

शनि के चंद्रमाओं की संख्या 274 तक पहुँची

सन्दर्भ

हाल ही में खगोलविदों ने शनि की परिक्रमा करते हुए **128 नए चंद्रमाओं की खोज** की है, जिससे शनि के कुल चंद्रमाओं की संख्या 274 हो गई है।

शनि के बारे में

- शनि सूर्य से छठा ग्रह है और हमारे सौरमंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है।
- यह हाइड्रोजन और हीलियम से बना एक गैसीय विशाल ग्रह है।
- यह हमारे सौरमंडल का सबसे कम घनत्व वाला ग्रह है।
- हमारे सौरमंडल में शनि के सबसे अधिक चंद्रमा हैं (146)
- इसका चंद्रमा, टाइटन, बृहस्पति के गैनीमीड के बाद हमारे सौरमंडल का दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है।
- शनि का तेज घूर्णन इसे चपटा आकार देता है। यह ध्रुवों पर चपटा है और भूमध्य रेखा पर उभरा हुआ है।

खोज प्रक्रिया एवं प्रयुक्त तकनीकें

- यह खोज कनाडा-फ्रांस-हवाई टेलीस्कोप से प्राप्त पूर्व अवलोकनों पर आधारित थी।
- **प्रयुक्त तकनीक:** 'शिफ्ट और स्टैक' विधि
  - प्रत्येक चंद्रमा की गति पर नजर रखने के लिए आकाश के क्रमिक चित्र लिये गए।
  - इन चित्रों को चमक बढ़ाने के लिए संयोजित किया गया, जिससे चंद्रमा दिखाई देने लगे।



पार्कर सोलर प्रोब

संदर्भ

नासा का पार्कर सोलर प्रोब सौर अन्वेषण में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है; हाल ही में इसने सूर्य के निकट अपनी 23वीं उड़ान पूरी की है।

पार्कर प्रोब के बारे में

- पार्कर प्रोब, NASA के लिविंग विद ए स्टार प्रोग्राम का हिस्सा है।
- **मिशन के वैज्ञानिक उद्देश्य:** सौर रहस्यों को सामने लाना
  - **कोरोना का तापमान:** इस तथ्य की जांच करना कि, सूर्य का कोरोना उसकी सतह (5,500 °C) की तुलना में अधिक गर्म (1-2 मिलियन °C) क्यों है।
  - **सौर पवन की उत्पत्ति:** यह समझना कि, आवेशित कणों का निरंतर प्रवाह किस प्रकार बनता एवं विकसित होता है।
  - **कोरोनल मास इजेक्शन (CME):** अंतरिक्ष के मौसम को प्रभावित करने वाले प्लाज्मा बादलों (plasma clouds) के निर्माण का अध्ययन करना।



- **मिशन समयरेखा:**
  - **लॉन्च:** 12 अगस्त, 2018, डेल्टा IV हेवी रॉकेट द्वारा।
  - **अवधि:** सात वर्षों की योजना, जिसमें प्रत्येक कक्षा सूर्य के और निकट जाती है।
- यह यान सूर्य के सबसे निकट जाने वाला अब तक का कृत्रिम पिंड बन चुका है। यह क्रमशः सूर्य की ओर बढ़ती हुई कक्षा में घूमता रहा है और शुक्र ग्रह के समीप से उड़ान भरकर उसके गुरुत्वाकर्षण का उपयोग अपनी कक्षा को और संकीर्ण करने हेतु करता है।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - **गति:** 6,90,000 किमी/घंटा तक (नई दिल्ली से चेन्नई तक लगभग 10 सेकंड में यात्रा करने के लिए पर्याप्त गति)।
  - **हीट शील्ड:** 4.5 इंच मोटी कार्बन-कम्पोजिट शील्ड, इसके उपकरणों को 1,377 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान से बचाती है, जिससे वे 29 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहते हैं। सोलर शील्ड को अंतरिक्ष यान के सूर्य की ओर वाले भाग पर रखा गया है।
  - **शीतलन प्रणाली:** ऊष्मा को अवशोषित करने और विकीर्ण करने के लिए, एक गैलन जल का परिसंचरण करता है।

मंगल ग्रह की धूल

सन्दर्भ

हाल ही में किए गए एक अध्ययन में इस तथ्य को उजागर किया गया है कि मंगल ग्रह की धूल से अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है, विशेषकर ऐसे समय में जब NASA और चीनी मानव अंतरिक्ष एजेंसी (CMS) अगले दशक में मंगल मिशनों की तैयारी कर रहे हैं।



विशेषताएँ और जोखिम

- **मंगल ग्रह के धूल कणों का आकार:**
  - **अत्यंत सूक्ष्म,** जो मानव बाल की चौड़ाई का केवल 4% है।
  - ये कण इतने छोटे होते हैं कि फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे ये बड़े कणों की तुलना में अधिक खतरनाक हो जाते हैं।
  - मंगल ग्रह पर धूल के कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि उन्हें मानव फेफड़ों में मौजूद श्लेष्म (mucus) बाहर नहीं निकाल सकता, जिससे फेफड़ों के रोगों का जोखिम बढ़ जाता है।
- **मंगल ग्रह की धूल में विषैले घटक:**
  - **सिलिका धूल:** यह सिलिकोसिस नामक फेफड़ों की बीमारी का कारण बनती है, जो कोयला खनिकों में आम है।
  - **लौह धूल:** ऑक्सीडेटिव तनाव और फेफड़ों को क्षति पहुँचा सकती है।
  - **परक्लोरेट्स:** अत्यधिक विषैले रसायन जो थायरॉइड के कार्य को प्रभावित करते हैं।
  - **जिप्सम:** एक कैल्शियम सल्फेट खनिज जो श्वसन संबंधी जलन पैदा कर सकता है।
  - **भारी धातुएँ:**
    - **क्रोमियम (Cr):** फेफड़ों की बीमारियों और विषाक्तता का कारण बन सकता है।
    - **आर्सेनिक (As):** विषाक्तता और अंग क्षति का कारण माना जाता है।
- **विकिरण जोखिम:** मंगल ग्रह पर कोई सुरक्षात्मक चुंबकीय क्षेत्र नहीं है, जिससे विकिरण जोखिम बढ़ जाता है।
- **बार-बार आने वाले धूल के तूफान:** मंगल ग्रह पर प्रत्येक मंगल वर्ष (जो पृथ्वी के 686.98 दिनों के बराबर होते हैं) में क्षेत्रीय धूल के तूफान आते हैं।

डार्क एनर्जी

संदर्भ

डार्क एनर्जी स्पेक्ट्रोस्कोपिक इंस्ट्रूमेंट (DESI) और डार्क एनर्जी सर्वे (DES) से प्राप्त हालिया आंकड़ों से संकेत मिलता है कि डार्क एनर्जी समय के साथ क्षीण हो सकती है।

डार्क एनर्जी के बारे में

- डार्क एनर्जी एक **अदृश्य, रहस्यमयी शक्ति है जो ब्रह्मांड की ऊर्जा का लगभग 70%** हिस्सा बनाती है।
- इसकी पहली बार पहचान **1990 के दशक के अंत में हुई थी,** जब खगोलविदों ने देखा कि आकाशगंगाएँ तीव्र गति से एक दूसरे

से दूर जा रही हैं, जो गुरुत्वाकर्षण पर आधारित भविष्यवाणियों के विपरीत था।

- इस त्वरण को समझाने के लिए, वैज्ञानिकों ने एक **'ब्रह्माण्ड संबंधी स्थिरांक'** के अस्तित्व का प्रस्ताव रखा, जो एक निश्चित, अपरिवर्तनीय ऊर्जा है जो स्वयं अंतरिक्ष की संरचना में अन्तर्निहित है।

नई खोज: डार्क एनर्जी में बदलाव हो सकता है।

- एक नए प्रकार का कण: हो सकता है कि कोई अज्ञात बल या कण डार्क एनर्जी को प्रभावित कर रहा हो, जो समय के साथ इसकी शक्ति में परिवर्तन कर रहा हो।
- **आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत पर पुनर्विचार:** यदि गुरुत्वाकर्षण पहले सोचे गए तरीके से भिन्न तरीके से कार्य करता है, तो यह डार्क एनर्जी में होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या कर सकता है।
- **भौतिकी का एक पूर्णतः नया सिद्धांत:** यह खोज भौतिकी में एक नए ढाँचे की आवश्यकता की ओर संकेत कर सकती है जो ब्रह्मांड के बारे में हमारी वर्तमान समझ से परे है।

ब्रह्माण्ड के लिए संभावित परिणाम:

- **विस्तार की गति में मंदता:** यदि डार्क एनर्जी कमजोर होती रही तो ब्रह्मांड का त्वरित विस्तार धीमा हो सकता है।
- **रुकना या उलट जाना:** यदि डार्क एनर्जी अत्यधिक कमजोर हो जाए, तो विस्तार रुक सकता है — और चरम स्थिति में, ब्रह्मांड "बिग क्रंच" में संकुचित हो सकता है।
- **अप्रत्याशित परिदृश्य:** गुप्त ऊर्जा में उतार-चढ़ाव अन्य अप्रत्याशित परिणामों को भी जन्म दे सकता है, जैसे कि ब्रह्मांड का अचानक अंत।

दुनिया का सबसे बड़ा टेलीस्कोप

संदर्भ

चिली के अटाकामा रेगिस्तान में, यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला (ESO) अत्यंत विशाल दूरबीन (ELT) का निर्माण कर रही है।

दूरबीन के बारे में

- ELT अब तक **निर्मित सबसे बड़ा ऑप्टिकल टेलीस्कोप** होगा।
- इसकी 80 मीटर ऊँची गुंबदाकार संरचना 'बिग बेन' की ऊँचाई के समकक्ष है।
- पृथ्वी पर मौजूद किसी भी मौजूदा दूरबीन की तुलना में अधिक प्रकाश एकत्र करने के लिए डिजाइन किया गया।
- **अटाकामा रेगिस्तान में निर्मित,** यह अपने साफ आसमान के लिए प्रसिद्ध है।
- दूरबीन का गुंबद अत्यंत संवेदनशील प्रकाशीय तंत्र को धूल और तेज हवाओं से सुरक्षित रखेगा।
- यह **दूरस्थ एक्सोप्लैनेट्स (गैर-सौर ग्रहों) के वायुमंडल** और आकाशगंगाओं की उत्पत्ति का अन्वेषण करने में सहायक होगी।
- ऐसी खोजों को संभव बनाता है जो पहले मानव पहुँच से परे थीं।
- प्राचीन तारों के अवलोकन को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ मिश्रित किया गया है।
- यह ब्रह्मांड के प्रति मानवता की चिरस्थायी जिज्ञासा को दर्शाता है।
- हमारे पिछले प्रश्नों और भविष्य के उत्तरों के बीच एक सेतु का काम करता है।

ब्लैक होल बम

संदर्भ

साउथैम्पटन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दशकों पुराने 'ब्लैक होल बम' सिद्धांत का प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक अनुकरण (simulation) किया है।

ब्लैक होल बम सिद्धांत

- यह सिद्धांत 1970 के दशक में प्रस्तुत किया गया था और यह घूर्णनशील (स्पिनिंग) ब्लैक होल्स की घूर्णन ऊर्जा पर आधारित है।
- इसमें सुझाव दिया गया था कि यदि किसी प्रणाली द्वारा बार-बार ऊर्जा निकाली जाए तो यह ऊर्जा संचयित होकर एक अत्यंत विशाल विस्फोट का कारण बन सकती है- इसी कारण इसे "बम" की संज्ञा दी गई।

प्रयोगात्मक संरचना:

- वैज्ञानिकों ने एक घूर्णनशील एल्युमीनियम सिलेंडर को घूर्णनशील चुम्बकीय क्षेत्रों के भीतर रखा।
- इसने ब्लैक होल के इवेंट होराइजन के चारों ओर की ऊर्जा परिस्थितियों का अनुकरण किया।

प्रेक्षण:

- जब सिलेंडर चुम्बकीय क्षेत्र की गति से अधिक तेजी से घूमा, तो ऊर्जा स्तरों में वृद्धि देखी गई।
- जब चुम्बकीय क्षेत्र की गति सिलेंडर से अधिक थी, तो ऊर्जा स्तरों में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई।
- इसने ऊर्जा अंतरण की उन प्रक्रियाओं की पुष्टि की जो घूर्णनशील ब्लैक होल्स के निकट घटित होती हैं।

फ्रेम ड्रैगिंग

- एक घूर्णनशील ब्लैक होल अपने चारों ओर के दिक्-काल को विकृत करता है, जिससे वह समीपवर्ती कणों को अपने घूर्णन की दिशा में खींचता है।
- इस प्रभाव को "फ्रेम ड्रैगिंग" कहा जाता है और यह ब्लैक होल के समीप स्थित कणों की ऊर्जा को बढ़ाता है।

सिद्धांत से साक्ष्य तक

- इससे पहले, यह सिद्धांत कभी भी प्रयोगात्मक रूप से सिद्ध नहीं हुआ था।

- इस सफल प्रयोग ने इसे सैद्धांतिक से व्यावहारिक जगत में स्थानांतरित कर दिया है।

अनुसंधान के निहितार्थ

- यह ब्लैक होल और खगोल भौतिकी अनुसंधान में एक बड़ी सफलता है।
- यह शोधकर्ताओं को वास्तविक ब्लैक होल का अवलोकन किए बिना ब्लैक होल के व्यवहार का अध्ययन करने की सुविधा देता है।
- यह एर्गोस्फीयर (ब्लैक होल के घटना क्षितिज के ठीक बाहर का क्षेत्र) के आसपास की स्थितियों का अनुकरण करने में सहायता करता है।
- दिक्-काल, ऊर्जा गतिशीलता और ब्लैक होल भौतिकी के बारे में हमारी समझ को बढ़ाता है।
- इसका तात्पर्य यह नहीं है कि ब्लैक होल का उपयोग हथियार या प्रौद्योगिकी के लिए ऊर्जा स्रोत के रूप में किया जा सकता है।

गैलेक्सी जू

संदर्भ

नासा की गैलेक्सी जू परियोजना स्वयंसेवकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की छवियों/चित्रों का वर्गीकरण करने के लिए आमंत्रित करती है, जिससे वैज्ञानिकों को आकाशगंगाओं के विकास को समझने में सहायता मिलती है।

गैलेक्सी जू के बारे में

- गैलेक्सी जू 2007 में शुरू की गई एक नागरिक विज्ञान परियोजना है।
- यह जनता को दूरबीन चित्रों का उपयोग करके आकाशगंगाओं को वर्गीकृत करने में सहायता प्रदान करता है।
- **प्रमुख दूरबीनों से डेटा का उपयोग किया गया है जैसे:**
  - स्लोन डिजिटल स्काई सर्वे
  - नासा की हबल स्पेस टेलीस्कोप
  - जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप

- इसने दूरस्थ आकाशगंगाओं की 500,000 से अधिक चित्र तैयार की है।
- ये चित्र अरबों वर्ष पुरानी आकाशगंगाओं को दर्शाते हैं, जो प्रारंभिक ब्रह्मांड के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।
- **वैज्ञानिक आकाशगंगाओं के आकार और विशेषताओं का उपयोग यह समझने के लिए करते हैं:**
  - आकाशगंगा का निर्माण एवं विकास
  - तारों की उत्पत्ति
  - आकाशगंगाओं के आपसी अंत:क्रियाएँ

मानव एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समन्वय

गैलेक्सी जू परियोजना में ZooBot नामक एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली (AI) का उपयोग किया जाता है, जो:

- सरल छवियों की स्वत: समीक्षा और वर्गीकरण करती है।
- जटिल या अस्पष्ट छवियों को मानव स्वयंसेवकों के पास भेजती है।
- यह एआई-मानव सहयोग प्रणाली भारी मात्रा में प्राप्त डाटा को दक्षतापूर्वक संसाधित करने में सहायक सिद्ध होती है।

परमाणु ऊर्जा संचालित रॉकेट

संदर्भ

ब्रिटिश कंपनी पल्सर फ्यूजन 'सनबर्ड' नामक एक न्यूक्लियर फ्यूजन (संलयन)-संचालित रॉकेट का विकास कर रही है, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रा की अवधि को काफी हद तक कम करना है, जिसमें मंगल ग्रह की यात्रा को भी आधा किया जा सकता है।

सनबर्ड के बारे में

- ब्रिटिश फर्म पल्सर फ्यूजन द्वारा डिजाइन किया गया एक **परमाणु संलयन आधारित रॉकेट।**
- इसमें **डुअल डायरेक्ट फ्यूजन ड्राइव** (Dual Direct Fusion Drive – DDFD) तकनीक का उपयोग किया गया है। पारंपरिक फ्यूजन के विपरीत, DDFD तकनीक सीधे आवेशित कणों को उत्सर्जित करके प्रणोदन (propulsion) प्रदान करती है, जिसमें ऊर्जा रूपांतरण की आवश्यकता नहीं होती।
- **हीलियम-3** और ड्यूटेरियम संलयन द्वारा संचालित।
- इसका लक्ष्य 2027 तक अंतरिक्ष-उपयुक्त परमाणु संलयन प्रणोदन प्राप्त करना है।

प्रक्षेपण और संचालन रणनीति

- यह रॉकेट पृथ्वी से सीधे प्रक्षेपित किए जाने के लिए अत्यधिक शक्तिशाली है।
- अत: इसे **निम्न-पृथ्वी कक्षा** (Low-Earth Orbit) में स्थापित किया जाएगा, जहाँ से यह गहन अंतरिक्ष अभियानों को गति प्रदान करेगा।

अंतरिक्ष मिशनों पर प्रभाव

- प्लूटो तक यात्रा का समय 4 वर्ष तक कम हो सकता है।
- इससे मंगल ग्रह की यात्रा में 50% की कटौती हो सकती है।
- लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष मिशनों का समर्थन करता है।
- अंतरिक्ष में तेज रसद के लिए कार्गो परिवहन उपग्रहों का संचालन किया जा सकेगा।
- यद्यपि ये सभी दावे सैद्धांतिक हैं और अभी वास्तविक परीक्षण की प्रतीक्षा में हैं।

आल्प्स में अगली पीढ़ी का कोलाइडर

संदर्भ

सर्न ने फ्यूचर सर्कुलर कोलाइडर (FCC) का प्रस्ताव रखा है- जो ब्रह्मांड के रहस्यों की और अधिक जांच करने के लिए 70 साल की परियोजना है।

FCC के बारे में

- **प्रस्तावक संस्था:** CERN (यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन)
- **स्थान:** जेनेवा बेसिन, जो जुरा पर्वत श्रृंखला और आल्प्स के बीच स्थित है
- **आकार:** 91 किमी परिधि (तुलनात्मक रूप से LHC की परिधि 27 किमी)
- **कालावधि:** यह एक बहु-चरणीय परियोजना है जो सन् 2100 तक विस्तारित होगी
- **अनुमानित लागत:** प्रथम चरण – 15 अरब स्विस फ्रैंक, द्वितीय चरण – 19 अरब स्विस फ्रैंक

संरचना:

- **प्रथम चरण:** इलेक्ट्रॉन-पॉजिट्रॉन कोलाइडर – हिग्स बोसॉन का सटीक अध्ययन करने हेतु
- **द्वितीय चरण:** प्रोटॉन-प्रोटॉन कोलाइडर – LHC की तुलना में सात गुना अधिक ऊर्जा, जिससे नए कणों की संभावित खोज संभव

वैज्ञानिक महत्व:

- हल्के कणों के द्रव्यमान की जांच करना तथा यह भी पता लगाएँ कि क्या हिग्स स्वयं को द्रव्यमान देता है।
- भारी क्वार्क अंत:क्रियाओं के माध्यम से पदार्थ-प्रतिपदार्थ विषमता का अन्वेषण करना।
- मानक मॉडल से परे डार्क मैटर के संभावित कणों और बलों की खोज।
- यह प्रश्न सुलझाने में सहायक हो सकता है कि ब्रह्मांड में पदार्थ का वर्चस्व क्यों है जबकि प्रतिपदार्थ का अभाव है

वैश्विक संदर्भ

- **प्रतिस्पर्धी परियोजनाएँ:**
- **CEPC (चीन):** 100 किमी का कोलाइडर
- **इंटरनेशनल लीनियर कोलाइडर (जापान):** 20 किमी
- **संयुक्त राज्य अमेरिका:** डिटेक्टर प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर केंद्रित

भौतिकी से परे प्रभाव:

- चिकित्सा इमेजिंग, पदार्थ विज्ञान, तथा संगणन में अनुप्रयोग
- वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग को सुदृढ़ करना और उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग नवाचार को प्रोत्साहन देना

AMR से निपटने में भारत की भूमिका

संदर्भ

भारत उन्नत निगरानी, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रभावी सार्वजनिक संचार के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व करने की अच्छी स्थिति में है।

परिचय

- AMR एक बढ़ता हुआ वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, जिसके कारण 2025 और 2050 के बीच अनुमानत: 39 मिलियन लोगों की मृत्यु हो सकती है।
- भारत को उच्च जनसंख्या घनत्व, संक्रामक रोगों की व्यापकता तथा बिना पर्ची के मिलने वाली एंटीबायोटिक दवाओं की आसान उपलब्धता के कारण विशेष रूप से भारी बोझ का सामना करना पड़ रहा है।

AMR पर भारत की राष्ट्रीय कार्य योजना (NAP)

- 2017 में शुरू की गई भारत की NAP का उद्देश्य छह-आयामी दृष्टिकोण के साथ AMR से मुकाबला करना है:
  1. जागरूकता में सुधार
  2. संक्रमण को कम करना
  3. रोगाणुरोधी उपयोग का इष्टतमीकरण करना
  4. निगरानी को मजबूत करना
  5. निवेश में वृद्धि
  6. AMR में नेतृत्व को बढ़ाना

जीनोमिक निगरानी और नवाचार

- AMR रोगजनकों के विकास पर नजर रखने में जीनोमिक अनुक्रमण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)** जीनोमिक निगरानी प्रयासों का नेतृत्व करते हैं।
- उदाहरण: साल्मोनेला एन्टेरिका अनुसंधान से लक्षित आणविक निदान का विकास हुआ है, जिससे प्रतिरोधी प्रजातियों की पहचान और उपचार में सुधार हुआ है।

नये एँटीबायोटिक्स की आवश्यकता

- नई दवाओं का विकास अत्यावश्यक है, क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं की आपूर्ति कम होती जा रही है।
- भारत का जैव प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र बहुऔषधि प्रतिरोधी रोगाणुओं को लक्षित करते हुए सेफेपाइम-एनमेटाजोबैक्टम और नेफिथ्रोमाइसिन जैसे नवीन एँटीबायोटिक्स विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

S8 तनाव/टेंशन: ब्रह्मांडीय संरचना को लेकर विसंगति

संदर्भ

ब्रह्मांड विज्ञानी CMB और आकाशगंगा सर्वेक्षणों से प्राप्त S8 मानों में भिन्नता को लेकर उलझन में हैं, जिससे ब्रह्मांड की संरचना को समझने में नई भौतिकी या मापन त्रुटियों पर बहस छिड़ गई है।

परिचय

- **बिग बैंग के बाद, ब्रह्मांड शुरू में एकसमान और समरूप था।**
- अरबों वर्षों में इस एकरूपता ने आकाशगंगाओं, आकाशगंगाओं के समूहों और **डार्क मैटर को जन्म दिया।**
- ब्रह्माण्ड विज्ञानी ब्रह्माण्ड में पदार्थ के 'समूहीकरण' को मापने के लिए पैरामीटर S8 का उपयोग करते हैं, जो समूहीकरण की मात्रा को निर्धारित करता है।
- S8 एक पैरामीटर है जो ब्रह्मांड में पदार्थ समूहन के स्तर को इंगित करता है।
- उच्च S8 मान पदार्थ के अधिक समूहन को इंगित करता है, जबकि निम्न मान पदार्थ के अधिक समान वितरण को इंगित करता है।

S8 तनाव

- **कॉस्मिक माइक्रोवेव बैकग्राउंड (CMB) डेटा:** S8 के लिए 0.8 का मान प्रदान करता है, जो प्रारंभिक ब्रह्मांड में पदार्थ के अपेक्षाकृत समान वितरण का सुझाव देता है।
- **ब्रह्मांडीय अपरूपण सर्वेक्षण:** गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग का उपयोग करके आकाशगंगा वितरण को मापने और S8 का मान 0.747 प्राप्त करते हैं, जो पदार्थ के अधिक समूहन को दर्शाता है।

S8 तनाव के संभावित कारण

- माप विसंगतियाँ: S8 को मापने के लिए प्रयुक्त तरीकों में अंतर तनाव के लिए जिम्मेदार हो सकता है।
- ΛCDM मॉडल: चल रही विसंगति मानक ब्रह्माण्ड संबंधी मॉडल (ΛCDM) की पर्याप्तता के बारे में प्रश्न उठाती है, जिसमें डार्क मैटर और डार्क एनर्जी शामिल हैं।
- **डार्क मैटर और डार्क एनर्जी:** यह तनाव ब्रह्मांड को आकार देने में डार्क मैटर और डार्क एनर्जी की भूमिका को समझने में अंतर को दर्शा सकता है।

ब्रह्माण्ड विज्ञान के लिए निहितार्थ

- ΛCDM मॉडल पर पुनर्विचार: S8 तनाव ΛCDM मॉडल को चुनौती देता है, जो ब्रह्मांड के विकास का वर्णन करता है।
- भावी अनुसंधान: रुबिन लेगेसी सर्वे ऑफ स्पेस एँड टाइम (LSST) जैसे चल रहे सर्वेक्षणों और गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग तकनीकों में प्रगति से इस विसंगति को हल करने और ब्रह्मांड की संरचना की स्पष्ट तस्वीर उपलब्ध कराने में मदद मिलने की उम्मीद है।

K2-18B पर जीवन के संभावित संकेत

संदर्भ

हालिया अनुसंधान यह संकेत देते हैं कि बहिर्ग्रह K2- पर जीवन की अनुकूल परिस्थितियाँ विद्यमान हो सकती हैं, किन्तु इसकी वास्तविक जीवन-संभाव्यता को लेकर अभी भी कई अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं।

परिचय: K2-18b, जो सिंह (Leo) नक्षत्रमण्डल में स्थित है और पृथ्वी से 124 प्रकाश-वर्ष की दूरी पर स्थित है, अपनी संभावित जीवनधारण क्षमता के कारण वैज्ञानिकों की उत्सुकता का केंद्र बन गया है। वर्ष 2015 में खोजा गया यह ग्रह आकार में पृथ्वी से कहीं अधिक विशाल है और संभवतः हाइड्रोजन-समृद्ध वायुमंडल रखता है, जिससे इस पर जीवनोपयोगी परिस्थितियों की संभावना प्रबल होती है।

ग्रह की विशेषताएँ

- **आकार और वायुमंडल:** K2-18b का विशाल आकार यह संकेत देता है कि यह एक "हायसीयन" (Hycean) ग्रह हो सकता है, जिसकी सतह पर एक महासागर विद्यमान हो और जो हाइड्रोजन-समृद्ध वायुमंडल से आच्छादित हो।
- **जलवायु: इसकी सतह की स्थितियाँ सम्भवतः** 'अनियंत्रित (रनअवे) ग्रीनहाउस प्रभाव' के निकट हों, जैसा कि शुक्र ग्रह (Venus) पर देखा जाता है।
- **डाइमिथाइल सल्फाइड (DMS):** K2-18b के वायुमंडल में DMS या उसका परिवर्तित रूप डाइमिथाइल डाइसुल्फाइड (DMDS) का पता चलना विशेष महत्व रखता है। पृथ्वी पर DMS मुख्यतः समुद्री जीवन द्वारा उत्पन्न होता है, जिससे यह जीवन के संभावित संकेतक (biomarker) के रूप में देखा जा रहा है।
- **पूर्ववर्ती खोजें:** हबल अंतरिक्ष दूरबीन (Hubble) और जेम्स वेब अंतरिक्ष दूरबीन (JWST) द्वारा इस ग्रह के वायुमंडल में जलवाष्प, मीथेन तथा कार्बन डाइऑक्साइड की उपस्थिति दर्ज की गई है, जो इसकी संभावित जीवनधारण क्षमता को और पुष्ट करती है।

चुनौतियाँ और सीमाएँ

- **अजैविक स्रोत:** यह संभावना भी मौजूद है कि DMS जैविक नहीं बल्कि अजैविक स्रोतों से उत्पन्न हुआ हो, जिससे इसके विश्लेषण की जटिलता बढ़ जाती है।
- **पता लगाने की सीमाएँ:** वर्तमान उपकरणों की संवेदनशीलता सीमित है, जिससे कुछ यौगिकों का पता नहीं चल सकता। साथ ही, उपलब्ध आंकड़ों के वैकल्पिक व्याख्या भी संभव हैं – जैसे कि K2-18b एक गैस-समृद्ध 'मिनी-नेपच्यून' ग्रह हो सकता है।

पार्किंसंस रोग के लिए स्टेम सेल थेरेपी की सुरक्षा

संदर्भ

हाल की चिकित्सीय परीक्षणों से यह पुष्टि हुई है कि पार्किंसन रोग के लिए स्टेम सेल आधारित उपचार सुरक्षित हैं, यद्यपि मोटर/प्रेरक क्रियाशीलता में सुधार की मात्रा भिन्न-भिन्न रही है।

परिचय: इस अध्ययन में दो प्रकार की स्टेम सेल का उपयोग किया गया– मानव प्रेरित प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (iPSCs) और मानव भ्रूणीय स्टेम सेल।

पार्किंसंस रोग और स्टेम सेल थेरेपी

- **पार्किंसंस रोग:** प्रगतिशील न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार, जिसमें डोपामाइन उत्पादक न्यूरॉन्स की क्षति होती है।
- **स्टेम सेल थेरेपी:** इसका उद्देश्य खोए हुए डोपामिनर्जिक न्यूरॉन्स को प्रतिस्थापित करना है, जो पारंपरिक उपचारों की तुलना में कम दुष्प्रभावों के साथ एक संभावित दीर्घकालिक समाधान प्रदान करता है।

परीक्षण 1: मानव प्रेरित प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (iPSCs)

- **अध्ययन:** क्योटो विश्वविद्यालय, जापान द्वारा चरण I/II परीक्षण।
- **प्रतिभागी:** सात रोगियों को iPSCs से डोपामिनर्जिक प्रोजेनिटर कोशिकाएँ प्राप्त हुई।
- **निष्कर्ष:**
  - कोई गंभीर प्रतिकूल घटना नहीं हुई।
  - कोशिकाओं ने अतिवृद्धि या ट्यूमर उत्पन्न किए बिना डोपामाइन का उत्पादन किया।
  - कुछ रोगियों में परिवर्तनशील मोटर/प्रेरक कार्य में सुधार।

परीक्षण 2: मानव भ्रूण स्टेम सेल

- **अध्ययन:** मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर, न्यूयॉर्क द्वारा चरण I परीक्षण।
- **प्रतिभागी:** बारह रोगियों को डोपामिनर्जिक प्रोजेनिटर कोशिकाएँ (बेमडेनप्रोसेल) दी गई।
- **निष्कर्ष:**
  - 18 महीने के अनुवर्ती परीक्षण के दौरान कोई गंभीर प्रतिकूल घटना नहीं हुई।
  - कम खुराक और उच्च खुराक दोनों समूहों में **मोटर/प्रेरक कार्य में** सुधार देखा गया।
  - विभिन्न रोगियों में सुधार की मात्रा भिन्न-भिन्न थी।

निष्कर्ष

- दोनों परीक्षणों ने **पार्किंसंस रोग के लिए स्टेम सेल चिकित्सा की सुरक्षा की पुष्टि की।**
- कुछ मोटर/प्रेरक सुधार देखे गए, यद्यपि परिणाम परिवर्तनशील थे।
- दीर्घकालिक प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए आगे अनुसंधान की आवश्यकता है।

संक्षिप्त समाचार (न्यूज इन शॉर्ट्स)

विषय	विवरण
भाषानेट पोर्टल	• कई केंद्र सरकार की वेबसाइटों ने हिंदी वेब एड्रेस का उपयोग करना शुरू कर दिया है। • यह एक वैश्विक आंदोलन है जिसका उद्देश्य अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में भी इंटरनेट को अधिक सुलभ बनाना है। • यह निम्नलिखित की वकालत करता है: – इंटरनेशनलाइज्ड डोमेन नेम्स (IDNs) – गैर-अंग्रेजी लिपियों में वेब एड्रेस का प्रयोग। – इंटरनेशनलाइज्ड ईमेल पतों का उपयोग – क्षेत्रीय भाषाओं में ईमेल एड्रेस। • डोमेन नेम सिस्टम (DNS) पारंपरिक रूप से केवल ASCII (अंग्रेजी आधारित वर्णमाला समूह) का ही समर्थन करता था। • यह एक सरकारी पहल है जो सार्वभौमिक स्वीकृति (यूए) और बहुभाषी इंटरनेट पहुँच के सिद्धांतों के अनुरूप भारतीय भाषा डोमेन नाम और ईमेल एड्रेस के उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। • इसका उद्देश्य एक ऐसा बहुभाषिक इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है जिसमें उपयोगकर्ता अपनी स्थानीय भाषाओं में ऑनलाइन सामग्री तक सरलता से पहुँच सकें और संवाद कर सकें। • इसका संचालन MeitY और नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NIXI) द्वारा किया जाता है।
सिग्नेट रिंग सेल कार्सिनोमा (SRCC)	• SRCC कोलोरेक्टल कैंसर (CRC) का एक दुर्लभ और आक्रामक उपप्रकार है। • **मुख्य विशेषताएँ:** – अत्यधिक आक्रामक और तेजी से फैलने वाला, विशेष रूप से पेरिटोनियम (उदर गुहा की परत) तक। – पारंपरिक कीमोथेरेपी के प्रति प्रतिरोधी। – खराब रोग निदान, आमतौर पर उन्नत अवस्था में निदान किया जाता है। • इसका नाम इसके विशिष्ट सूक्ष्मदर्शीय स्वरूप के कारण पड़ा है, जो एक सिग्नेट रिंग (अंगूठी में लगे रत्न) के समान दिखाई देता है। • **भारत में प्रसार:** – वैश्विक स्तर पर कोलोरेक्टल कैंसर के कुल मामलों में से लगभग 1% मामले SRCC के होते हैं। – भारत में यह वैश्विक औसत की तुलना में दस गुना अधिक सामान्य है और यह अपेक्षाकृत कम उम्र के लोगों को अधिक प्रभावित करता है। – भारत के मध्य एवं उत्तरी क्षेत्र SRCC मामलों की सर्वाधिक संख्या की रिपोर्ट करते हैं।

विषय	विवरण
साइबर दासता (Cyber Slavery)	• हाल ही में महाराष्ट्र साइबर पुलिस द्वारा म्याँमार से 'साइबर दासता' में फँसे 60 से अधिक भारतीय नागरिकों को मुक्त कराया गया। • साइबर दासता से अभिप्राय ऐसे साइबर अपराधों में व्यक्तियों की जबरन अथवा प्रलोभन द्वारा की गई संलिप्तता से है, जो धोखाधड़ीपूर्ण या शोषणकारी परिस्थितियों में कराई जाती है, जैसे: – मानव तस्करी। – धमकी देकर बंधक बनाना। – स्वतंत्र आवागमन के अधिकार से वंचित करना। – वैध रोजगार स्थिति का अभाव। • यह आधुनिक काल की उभरती हुई मानव तस्करी की एक नई प्रवृत्ति है। • पीड़ितों को नकली रोजगार प्रस्तावों के माध्यम से बहलाया-फुसलाया जाता है। गंतव्य स्थान पर पहुँचने के बाद उनके यात्रा दस्तावेज जब्त कर लिए जाते हैं और उन्हें धमकी देकर साइबर अपराधों में कार्य करने को विवश किया जाता है। • उदाहरणस्वरूप: डिजिटल गिरफ्तारी घोटाला, क्रिप्टो घोटाले, फिशिंग आदि।
भारत का पहला फुल-स्टैक क्वांटम कंप्यूटर	• हाल ही में बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप QpiAI ने 25 क्यूबिट वाला फुल-स्टैक क्वांटम कंप्यूटर लॉन्च किया है। • यह भारत का पहला फुल-स्टैक क्वांटम सिस्टम है, जो क्वांटम हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और एआई-संवर्धित हाइब्रिड कंप्यूटिंग को एकीकृत करता है। • तकनीकी निर्देश: – क्यूबिट गणना: 25 अतिचालक क्यूबिट. – आर्किटेक्चर: एकीकृत फुल-स्टैक क्वांटम प्रणाली, जिसमें शामिल हैं: उन्नत क्वांटम हार्डवेयर स्केलेबल नियंत्रण प्रणालियाँ अनुकूलित सॉफ्टवेयर स्टैक – यह हाइब्रिड कंप्यूटिंग (क्वांटम + क्लासिकल) का समर्थन करता है। – इसमें सुपरकंडक्टिंग क्वांटम प्रोसेसर का उपयोग किया गया है।
टाइप-5 मधुमेह	• अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ (IDF) ने टाइप-5 मधुमेह को उस प्रकार के रूप में मान्यता दी है, जो अधिक चीनी के सेवन से नहीं, बल्कि कुपोषण से प्रेरित होता है। • यह कुपोषण-सम्बंधी मधुमेह है, जो सामान्यत: निम्न और मध्यम आय वाले देशों के दुर्बल एवं कुपोषित किशोरों तथा युवा वयस्कों को प्रभावित करता है। • इसकी शुरुआत गर्भावस्था के दौरान ही होती है, जिसके परिणामस्वरूप अग्न्याशय का समुचित विकास नहीं हो पाता। • अग्न्याशय पर प्रभाव: अग्न्याशय की बीटा कोशिकाएँ बहुत कम इंसुलिन का उत्पादन करती हैं - ऐसा स्वप्रतिरक्षा (जैसा कि टाइप 1 में होता है) या इंसुलिन प्रतिरोध (जैसा कि टाइप 2 में होता है) के कारण नहीं होता है, बल्कि इसलिए क्योंकि अग्न्याशय दीर्घकालिक कुपोषण के कारण कभी पूरी तरह विकसित नहीं हो पाता है। • इसकी पहचान सबसे पहले जमैका (1955) में जे-टाइप मधुमेह के रूप में की गई थी।
आरटी-लैम्प जांच (rt-LAMP Assay)	• भारतीय शोधकर्ताओं ने तपेदिक (टीबी) के शीघ्र निदान हेतु एक स्वदेशी, किफायती और रीयल-टाइम लैम्प (rt-LAMP) एसे विकसित किया है। • आरटी-लैम्प जांच तपेदिक (टीबी) के लिए एक आणविक नैदानिक परीक्षण है। – rt-LAMP का तात्पर्य है रियल-टाइम लूप-मीडिएटेड आइसोथर्मल एम्प्लीफिकेशन। • इसका उपयोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्युलोसिस बैक्टीरिया की पहचान हेतु किया जा सकता है। • लाभ: – तीव्र परिणाम: यह एक घंटे के भीतर परिणाम प्रदान कर सकता है। – उच्च संवेदनशीलता और विशिष्टता: अध्ययनों से पता चला है कि स्मीयर माइक्रोस्कोपी जैसी पारंपरिक विधियों की तुलना में rt-LAMP में उच्च संवेदनशीलता और विशिष्टता है। – **लागत प्रभावशीलता:** rt-LAMP अन्य आणविक परीक्षणों जैसे कि जीनएक्सपर्ट की तुलना में कम महंगा है और इसके लिए परिष्कृत उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती है, जिससे यह सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी उपयुक्त बन जाता है।

विषय	विवरण
स्टेलर मॉडल (STELLAR Model)	• हाल ही में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने विद्युत पारेषण क्षेत्र में दक्षता लाने के लिए STELLAR मॉडल लॉन्च किया। • यह विद्युत उत्पादन, पारेषण, भंडारण और मांग प्रतिक्रिया की एकीकृत योजना के लिए अगली पीढ़ी का स्वदेशी रूप से विकसित संसाधन पर्याप्तता मॉडल है। – स्टेलर - अत्याधुनिक, पूर्णतः स्वदेशी रूप से विकसित संसाधन पर्याप्तता मॉडल। • केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा द लांताऊ ग्रुप (टीएलजी) के सहयोग से विकसित तथा एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा समर्थित। • उद्देश्य: राज्यों और विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को वार्षिक गतिशील संसाधन पर्याप्तता योजना तैयार करने में सहायता करना, ताकि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। • इसे सभी राज्यों, डिस्कॉम और लोड डिस्पैचर्स को निःशुल्क वितरित किया जाएगा।
क्यू-शील्ड प्लेटफॉर्म	• हाल ही में क्यूएनयू लैब्स (QNu Labs) ने क्वांटम-सुरक्षित कूटलेखन प्रबंधन के लिए विश्व का पहला एकीकृत प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। • क्यू-शील्ड (Q-Shield) विश्व का प्रथम अनूठा प्लेटफॉर्म है जिसे महत्वपूर्ण अवसंरचना (critical infrastructure) की सुरक्षा हेतु क्वांटम-सुरक्षित साइबर सुरक्षा समाधान के रूप में डिजाइन किया गया है। • इसका शुभारंभ क्यूएनयू लैब्स द्वारा किया गया, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के अंतर्गत समर्थित एक स्टार्टअप है। • क्यूओस्मोस (Qosmos) - क्वांटम कुंजी निर्माण: – यह प्लेटफॉर्म क्वांटम-यादृच्छिक कुंजियाँ उत्पन्न करता है एवं एन्क्रिप्शन की आधारभूत संरचना को अप्रत्याशित व अत्यंत सुरक्षित बनाता है। • क्यूकनेक्ट (QConnect) - सुरक्षित संपर्क: – यह क्वांटम-संरक्षित संचार लिंक प्रदान करता है तथा नेटवर्क और प्रणालियों के माध्यम से संचरित डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। • क्यूवर्स (QVerse) - सुरक्षित सहयोग: – यह प्लेटफॉर्म डिजिटल सहयोग व डेटा के आदान-प्रदान को अत्यंत सुरक्षित बनाता है।
वाइब कोडिंग	• 'वाइब कोडिंग' को **कोड लेखन (कोड राइटिंग) की** एक नवीन पद्धति के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें उपयोगकर्ता कोड की संरचना या तकनीकी विवरण में गहराई से शामिल हुए बिना पूर्णतः लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (LLMs) पर निर्भर रहते हैं। • उपयोगकर्ता केवल उस प्रकार के कोड का वर्णन करते हैं जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है, और उसे एक पाठ संकेत (text prompt) के रूप में एआई को प्रदान करते हैं। • आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आवश्यक कोड को उत्पन्न करता है। • उपयोगकर्ता उस कोड को कॉपी-पेस्ट कर उसे निष्पादित कर लेते हैं, बिना उसके मूल तर्क या संरचना को समझे। • यदि कोड में कोई त्रुटि होती है, तो उसे पुनः एआई में डालकर सुधार प्राप्त किया जाता है।
फ्यूचर सर्कुलर कोलाइडर (FCC)	• FCC, यूरोपियन न्यूक्लियर रिसर्च संगठन (CERN) द्वारा प्रस्तावित अगली पीढ़ी का कण त्वरक है। यह स्विस-फ्रांसीसी सीमा के नीचे 91 किलोमीटर लंबी एक परिक्रमण सुरंग के रूप में योजना बद्ध है। • इस परियोजना के वर्ष 2035 तक पूर्ण होने की संभावना है, और यह पूर्ववर्ती कोलाइडरों की तुलना में कहीं अधिक ऊर्जा क्षमता से युक्त होगा। • यह लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) का उत्तराधिकारी होगा, जिसने वर्ष 2012 में हिग्स बोसॉन कण की खोज की थी। • **वैज्ञानिक उद्देश्य:** – हिग्स बोसॉन के गुणधर्मों की अधिक विस्तृत समझ विकसित करना। – मौलिक बलों तथा पदार्थ की प्रकृति का अध्ययन करना। – डार्क मैटर और एँटीमैटर असममिति जैसे रहस्यों का अन्वेषण करना। – LHC द्वारा 2012 में हिग्स बोसॉन की खोज के पश्चात् प्राप्त उपलब्धियों से आगे बढ़ना।

विषय	विवरण
फीनोम इंडिया परियोजना	• फीनोम इंडिया – CSIR हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस (PI-CheCK) परियोजना का शुभारंभ वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) द्वारा दिसंबर 2023 में किया गया। • उद्देश्य: भारतीय जनसंख्या के विशिष्ट आनुवंशिक, जीवनशैली और आहार पैटर्न को स्वीकार करते हुए कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों के लिए भारत-विशिष्ट जोखिम पूर्वानुमान मॉडल विकसित करना। • **प्रतिदर्श आकार:** लगभग 10,000 प्रतिभागी, जिनमें सीएसआईआर के कर्मचारी, पेंशनभोगी तथा उनके जीवनसाथी सम्मिलित हैं।
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)	• यह भारत का सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (आर एँड डी) संगठन है, जिसकी स्थापना सितंबर 1942 में हुई थी। (मुख्यालय – नई दिल्ली)। • यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है। • भारत के प्रधानमंत्री वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के पदेन अध्यक्ष होते हैं।
भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (BSMR)	• भारत ने भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (**BSMR**-200 मेगावाट) की संकल्पना अभिकल्पन (कॉन्सेप्ट डिजाइन) पूरी कर ली है। • इसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र **(BSMR)** और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (NPCIL) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। • तकनीकी विशिष्टताएँ: – प्रकार: प्रेसराइज्ड वॉटर रिएक्टर (PWR) – विद्युत उत्पादन क्षमता: 200 मेगावाट विद्युत (MWe) – ईंधन: अल्प संवर्धित यूरेनियम (Slightly Enriched Uranium) • इसका उद्देश्य ऊर्जा-गहन उद्योगों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लिए स्वदेशी रूप से अभिकल्पित स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों की तैनाती करना है।
प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025	• हाल ही में UNCTAD (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) ने प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025 जारी की है। • यह मूल्यांकन करता है कि देश किस प्रकार एआई, रोबोटिक्स, आईओटी आदि सहित अग्रणी प्रौद्योगिकियों के लिए तैयार हैं और उनमें निवेश कर रहे हैं। भारत के प्रदर्शन के बारे में • निजी कृत्रिम बुद्धिमत्ता निवेश में भारत विश्वभर में 10वें स्थान पर है। • इसे 2023 में AI फंडिंग में 1.4 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए। • भारत और चीन दो ऐसे विकासशील देश हैं, जिनमें एआई में महत्वपूर्ण निवेश हुआ है। • **फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज रेडीनेस इंडेक्स (2024):** भारत 170 देशों में से 36वें स्थान पर है, जो 2022 में 48वें स्थान से सुधर कर 2022 में 48वें स्थान पर है।
वेट बल्ब तापमान (WBT)	• व्यापक रूप से स्वीकृत 35°C का वेट बल्ब तापमान जीवित रहने की सीमा अब पुनर्विचारित की जा रही है, क्योंकि हाल की शरीर-क्रियात्मक शोधों से संकेत मिलता है कि वास्तविक सीमा संभवत: 31°C के आसपास है। WBT के बारे में • वेट बल्ब तापमान वह न्यूनतम तापमान होता है, जिस तक वायु को एक स्थिर दाब पर उसमें जल वाष्पित कर ठंडा किया जा सकता है। • इसे इस प्रकार मापा जाता है कि तापमापी (थर्मामीटर) के बल्ब को गीले कपड़े से ढक दिया जाता है और जल को वाष्पित होने दिया जाता है। • जैसे ही जल वाष्पित होता है, वह तापमापी को ठंडा करता है, जिससे वेट बल्ब तापमान ज्ञात होता है। • यह तापमान आर्द्रता को मापने में सहायक होता है और यह समझने में मदद करता है कि वायु में कितना जल वाष्पित हो सकता है, जिससे मानव सुविधा, कृषि, और मौसमीय प्रतिरूपों पर प्रभाव पड़ता है।
टोपोलॉजिकल पदार्थ	• टोपोलॉजिकल पदार्थ ऐसे विशेष पदार्थ होते हैं जो अपने आंतरिक भाग में एक अवरोधक की भाँति व्यवहार करते हैं, किंतु सतह अथवा किनारों पर धातु (metal) की तरह विद्युत का संचालन करते हैं। अर्थात् – – **भीतर:** विद्युत प्रवाह नहीं हो सकता (प्लास्टिक या रबर की तरह)। – सतह या किनारों पर: विद्युत सरलता से प्रवाहित हो सकती है (धातु तार के समान)। • यह असामान्य गुण उनके 'टोपोलॉजिकल' गुणों के कारण होता है जिसका तात्पर्य यह है कि उनकी विद्युत चालकता केवल रासायनिक संघटन पर नहीं, बल्कि उनके ज्यामितीय (geometric) और क्वांटम गुणधर्मों पर आधारित होती है।

विषय	विवरण
